इस अधिनियम मे उपरोक्त उद्देश्यों को प्राप्त करने तथा राज्यों सरकारों की निर्णायक भूमिका को निर्वाहित करने के उद्देश्य से उन्नीस सदस्यों वाला विशेष आर्थिक क्षेत्र अनुमोदन बोर्ड (एकल खिड़की) को बनाया गया। जो सरकारों द्वारा प्रस्तुत किये हुए आवेदन पर विचार कर स्वीकृति प्रदान करता है।

इस अधिनियम में इन क्षेत्रों के विकास हेतु समय–समय पर निम्न परिवर्तन किये गये है।

1. अलग– अलग क्षेत्र के एस.ई.जेड. के लिए न्यूनतम भूमि सीमा कम से कम पॉच हजार हेक्टर का प्रावधान किया गया।
2. प्रत्येक एस.ई.जेड. में विभिन्न प्रकार के उद्यम हेतु क्षेत्र का विभाजन।
3. क्षेत्र का प्रकमण (उत्पादन क्षेत्र) एवं अप्रक्रमण क्षेत्र (गैर उत्पादन क्षेत्र) में विभाजन।
4. प्रत्येक एस.ई.जेड. में फ्री वेयर हाउसिंग जोन की निर्माण व्यवस्था का ध्यान रखना।

इन उपरोक्त बिन्दूओं को समय–समय पर बोर्ड द्वारा संशोधित किया जाता रहा है। 20 जून 2014 तक 20 राज्यों तथा 3 केन्द्र शासित प्रदेश में 566 एस.ई.जेड. की औपचारिक स्वीकृति प्रदान की गई है। इनमें से 44 की अनुमोदन स्वीकृति हो चुकी है तथा 388 का नोटिफेकेशन (अधिसूचना जारी) हो चुका है। उपरोक्त 566 एस.ई.जेड. मे से 185 निर्यात प्रक्षेत्र के रूप मे कार्य कर रहे है। विशेष आर्थिक क्षेत्र जिसका राज्य का ब्योरा निम्न तालिका संख्या क्रमांक 1 में है।

तालिका क्रमांक–1 (देखे अगले पृष्ठ पर)

तालिका क्रमांक 1 के विशलेषण से स्पष्ट है की यदि भौगोलिक क्षेत्र के अनुसार देखा जाए तो 92 प्रतिशत विशेष आर्थिक क्षेत्र भारत के 6 राज्यों आंध्र प्रदेश, महाराष्ट्र, गुजरात, तमिलनाडु, केरल और कर्नाटक में स्थापित है इस प्रकार का क्षेत्रीय असन्तुलन भूमि की अनुउपलब्धता के कारण बना हुआ है। अधिसूचित एस.ई.जेड.क्षेत्र के अब तक 7 विशेष क्षेत्रों में 1–खढ अथवा खढएड में 55% 2–हार्डवेयर में 3% ,3–टेक्सटाईल एडं अपैरल में 3%, 4–फार्मा एण्ड केमिकल में 6%, 5–बायोटेक में 1% 6–,इंजीनियरिगं 6 % तथा 7–मल्टी प्रोडक्ट प्रोडक्शन में 10 %एवं अन्य क्षेत्रों में 19 % क्षेत्रों में संलग्नता पाई गई है। सेज अधिनियम के लागू होने के पश्चात से 20.06.14 की स्थिति में इन क्षेत्रों द्वारा 1283309 व्यक्तियों को प्रत्यक्ष रूप से रोजगार मुहैया कराया गया है। जिनमें से 1148605 व्यक्तियों को रोजगार, वेतन–वृद्धि आधारित रोजगार प्रदान किये है। इन क्षेत्रों की वार्षिक रिपोर्ट 2013–14 के ऑकडों के आधार पर पिछले सात वर्षो के दौरान निर्यात में भारी वृद्धि दर्ज की गई जो तालिका क्रमांक 2 में दिखाई देती है।

तालिका क्रमांक–2

पिछले सात वर्षो में सेज के माध्यम से निर्यात ब्योरा

Year	Value	Increase (%) (Over previous year)
2007–2008	66,638	93
2008–2009	99,689	50
2009–2010	2,20,711	121
2010–2011	3,15,868	43
2011–2012	3,64,478	15
2012–2013	476159	31
2013–2014	494077	4

स्त्रोत – वाणिज्य विभाग नई दिल्ली

उपरोक्त तालिका से स्पष्ट है कि इन विशेष आर्थिक क्षेत्रों के द्वारा किये जाने वाले निर्यात मे प्रति वर्ष वृद्धि दर्ज हो रही है। साथ ही यदि यह कहॉ जाये कि

* प्राध्यापक (वाणिज्य) श.भी.ना.शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, बड़वानी (म.प्र.) भारत

इन 185 निर्यातन्मुखी आर्थिक प्रक्षेत्रों ने विदेशी प्रत्यक्ष निवेश को भारत लाने में अहम भूमिका निभाई है तो अतिश्योक्ति नहीं होगी। इनमें से 102 ख.ढ. के क्षेत्र मे ,19 मल्टी प्रोडक्ट प्रोडक्शन के क्षेत्र में तथा 64 अन्य विशेष क्षेत्र में निर्यात कर देश के आर्थिक विकास में अपना योगदान दे रहे है।

इन विशेष आर्थिक क्षेत्र में निवेश को आकर्षित करने के लिए दी जाने वाली सुविधाएँ एवं प्रोत्साहन इस प्रकार है।

1. कम लीज दर पर भूमि की उपलब्धता कराना।
2. ऋणों पर अनुदान एवं ब्याज की छुट देना।
3. आयकर कानून की धारा 10 एए के अंतर्गत पहले पांच वर्ष के लिए आयकर में 100 प्रतिशत छूट, उसके बाद अगले पांच वर्ष के लिए 50 प्रतिशत की कर छूट और उससे आगे के पांच वर्ष तक निर्यात से लाभ का 50 प्रतिशत वापस अपनी इकाइयों में लगाना।
4. आयकर अधिनियम की धारा 115 जेबी के अंतर्गत न्यूनतम वैकल्पिक कर (एमएटी) से छूट। 5- अभिस्वीकृत बैंकिंग संस्थाओं के माध्यम से एस.ई.जेड. इकाइयों को बिना किसी परिपक्वता प्रतिबंध के विदेशों से 50 करोड़ अमरीकी डॉलर तक ऋण लेने की सुविधा।
6. केंद्रीय विक्रय कर से छूट।
7. सेवा कर से छूट।
8. केंद्र और राज्य स्तर की मंजूरी के लिए एकल खिड़की।
9. संबंधित राज्य सरकारो द्वारा दी जाने वाली विक्रय कर और अन्य शुल्कों में छूट। एसईजेड का विकास करने वालों(डेवलपर्स) को दी जाने वाली प्रमुख सुविधाओं और प्रोत्साहनों में शामिल है।
10. बी ओ ए द्वारा अनुमोदित अधिकृत कार्यो के लिए एस.ई.जेड. के विकास हेतु सीमा शुल्क/ उत्पाद कर में छूट।
11. आयकर अधिनियम की धारा 80-आईएबी के अंतर्गत एसईजेड के विकास के व्यवसाय से होने वाली आय पर 10 वर्ष तक आयकर में छूट।
12. आयकर अधिनियम की धारा 115 ओ के तहत लाभांश वितरण कर से छूट।

इस प्रकार विशेष आर्थिक क्षेत्र देश के आर्थिक विकास में अपना महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वाह कर रहे है।

संदर्भ ग्रंथ सूची :-

1. वार्षिक रिर्पोट 2013-14।
2. योजना पत्रिका।
3. भारतीय वाणिज्य मंत्रालय वेबसाईट।
4. आर्थिक सर्वेक्षण रिपोर्ट।

तालिका क्रमांक-1

राज्य अनुसार विशेष आर्थिक क्षेत्र का वितरण

State	Formal Approvals	In-principle approvals	Notified SEZs	Exporting SEZs (Central Govt. + notified SEZs under the SEZ Act,2005)
Andhra Pradesh	108	4	78	42
Chandigarh	2	0	2	2
Chhattisgarh	2	1	1	1
Delhi	3	0	0	0
Dadra&Nagar Haveli	2	0	1	0
Goa	7	0	3	0
Gujarat	42	6	29	18
Haryana	40	3	29	5
Jharkhand	1	0	1	0
Karnataka	61	0	40	25
Kerala	30	0	24	11
Madhya Pradesh	19	1	9	2
Maharashtra	100	14	66	22
Manipur	1	0	1	0
Nagaland	2	0	2	0
Odisha	10	1	5	1
Puducherry	1	1	0	0
Punjab	8	0	2	2
Rajasthan	10	1	10	5
Tamil Nadu	66	5	53	34
Uttar Pradesh	32	1	22	9
Uttarakhand	2	0	1	0
West Bengal	17	3	9	6
GRAND TOTAL	**566**	**41**	**388**	**185**

स्त्रोत :- वाणिज्य विभाग नई दिल्ली

मध्यप्रदेश शासन की गांव की बेटी योजना - उच्च शिक्षा में शैक्षणिक अवसर

डॉ. अमर कुमार जैन *

प्रस्तावना – उच्च शिक्षा के क्षेत्र में भारत आज वैश्विक स्तर पर निरन्तर प्रतिष्ठा अर्जित करता जा रहा है। इसका प्रत्यक्ष उदाहरण है अमेरिकी राष्ट्रपति बराक ओबामा का वह वक्तव्य जिसमें उन्होंने अपने देश के युवाओं से आव्हान किया कि भारतीय नौजवानों के शैक्षिक प्रतिरूपण से सबक ले। विश्व के प्रथम शक्ति सम्पन्न राष्ट्र के राष्ट्रपति यदि शिक्षा के क्षेत्र में भारत की चुनौती को गंभीरता से ले रहे है तो निश्चित ही यह हमारे लिए गौरव की बात है। शिक्षा के क्षेत्र में विशेषकर उच्च शिक्षा के क्षेत्र में सरकार की बड़ी अहम् भूमिका रही है। विगत दो दशकों से निजीकरण की नीति के विस्तार के बावजूद भी सरकारी तंत्र उल्लेखनीय कार्य कर रहा है। सरकारी तंत्र की तमाम कमजोरियों के बाद भी नीतिनिर्धारण से लेकर उसके क्रियान्वयन तक जो बदलाव की बयार बही है उसने सबसे बड़ा काम ग्रामीण क्षेत्र में शिक्षा के प्रति एक अनूठी जागृति पैदा कर दी है, अब वे माता पिता जो गांव में रहकर स्वंय शिक्षा ग्रहण नहीं कर सके और जिनकी आर्थिक स्थिति भी अच्छी नहीं है वे अपनी भावी पीढ़ी को पहले शिक्षित करने की बात स्वीकार कर रहे हैं। इस सकारात्मक बदलाव में सरकारी योजनाओं की महत्वपूर्ण भूमिका से कोई कैसे इंकार कर सकता है।

सरकारी योजनाओं को लेकर सामान्यत: यह भ्रम पैदा होता है कि सरकार योजनाओं के मकड़ जाल से मतदाताओं को लुभाती है और उनका लचर क्रियान्वयन सफल नहीं होता। परन्तु सरकार के हर प्रयत्न में सकारात्मकता का ऐसा बीज छिपा होता है जो समय के साथ अपनी जड़ों को मजबूती से जमा लेता है। उच्च शिक्षा के क्षेत्र में मध्यप्रदेश सरकार द्वारा चलायी जा रही गांव की बेटी योजना भी सरकारी दृढ़ इच्छाशक्ति का प्रत्यक्ष उदाहरण है। आंकड़े इस बात का गवाह रहे हैं कि ग्रामीण अंचलों की ऐसी हजारो मेघावी छात्राओं ने अर्थाभाव के कारण उच्च शिक्षा में अपना पंजीयन नहीं कराया जो अपने अव्वल होने का डंका बजा सकती थी। मध्यप्रदेश सरकार ने इस समस्या के मूल को समझकर गंभीरतापूर्वक विचार किया तथा योजनाकारो ने इस समस्या के समाधान के लिए गांव की बेटी योजना को साकार रूप प्रदान कर अपने ईमानदार प्रयासों को दर्शाया है। मध्यप्रदेश शासन द्वारा यह योजना वर्ष 2005 से प्रारंभ की गई। प्रारम्भिक वर्ष में 12वीं कक्षा ग्रामीण क्षेत्र से प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण करने वाली छात्राओं में से सर्वोच्च अंक प्राप्त छात्रा को सामान्य आधारभूत विषयों से स्नातक करने पर 10 माह तक 500रू. प्रति माह तथा तकनीकी शिक्षा के लिए प्रति माह 750रू. 10 माह तक प्रदान किया जायेगा। इस योजना के अंतर्गत पंजीकृत प्रत्येक छात्रा को सम्पूर्ण स्नातक अवधि में यह लाभ प्राप्त होगा। योजना के प्रारंभिक वर्ष 2005 में प्रत्येक गांव से सर्वोच्य अंक प्राप्त केवल एक ही छात्रा को इस योजना का लाभ मिलना था अत: प्रदेश में ऐसी प्रतिभावान छात्राओं की संख्या काफी कम आई। योजना के कर्णधारों ने अगले वर्ष 2006-07 में इस योजना में संशोधन कर स्पष्ट किया कि यदि एक गांव की पाठशाला में एक से अधिक गांव में निवास करने वाली छात्राएं अध्ययनरत हैं तो मेरिट रिहायशी गांव के आधार पर बनायी जाए न कि पाठशाला के आधार पर अतएव इस संशोधन के पश्चात अगले दो वर्षों में 'गांव की बेटी योजना' की संख्या में वृद्धि हुई लेकिन जनसंख्या के आधार पर यह अभी भी अपेक्षित नहीं थी। वर्ष 2008 इस योजना के लिए मील का पत्थर साबित हुआ जब प्रदेश सरकार ने अपनी इस महत्वाकांक्षी योजना में उन सभी छात्राओं को शामिल करने का आदेश प्रसारित किया जिन्होंने ग्रामीण क्षेत्र के विद्यालय से 12वीं कक्षा प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण की हो तथा जो छात्राएं अपना प्रवेश उच्च शिक्षा के शासकीय, अनुदान प्राप्त अशासकीय, अशासकीय अथवा विश्वविद्यालय में से किसी एक में लिया हो। नवोदय विद्यालय में पढ़ने वाली छात्राओं के साथ वे छात्राएं भी इस योजना के लिए पात्र मानी गयीं हैं जिन्होंने 12वीं कक्षा प्रथम श्रेणी पूरक परीक्षा में उत्तीर्ण की है। म0प्र0सरकार की इस अभिनव योजना का एक सुखद पहलू यह भी है कि उच्च शिक्षा के समस्त विभागो जैसे-इंजीनियरिंग एवं पॉलीटेक्निक शिक्षा, आई.टी.आई. तथा चिकित्सा शिक्षा को इसके अंतर्गत शामिल किया गया है। वास्तव में इस योजना ने ग्रामीण क्षेत्र की ऐसी छात्राओं को उच्च शिक्षा के नए अवसर प्रदान किए हैं जो अर्थाभाव के कारण स्कूल शिक्षा को ही पूर्ण शिक्षा या अपनी नियति मान बैठती थी। वर्ष 2008 के पश्चात् तो इस योजना में विस्तार की ऐसी बयार आई जिससे योजना के लक्ष्य फलीभूत होते दिखाई दे रहे हैं।

मध्यप्रदेश में गांव की बेटी योजना की अद्यतन स्थिति (दिसम्बर 2012 तक)

क्रमांक	वर्ष	हितग्राही संख्या	प्रस्तावित राशि
1	2009-10	28141	1400.00
2	2010-11	32226	1742.43
3	2011-12	33532	2350.00
4	2012-13	32695	3100.00

स्रोत-विभागीय प्रशासकीय प्रतिवेदन-उच्च शिक्षा विभाग, 2012-13 पृ.31

मध्यप्रदेश में गांव की बेटी योजना की अद्यतन स्थिति (दिसम्बर 2012 तक) (ग्राफ देखे)

उपरोक्त तालिका से स्पष्ट है कि वर्ष 2009-10 से 2012-13 तक कुल 1 लाख 26 हजार 594 छात्राओं को इस योजना का लाभ मिला है जो अपने आप में इस योजना की सफलता के आंकड़े प्रस्तुत करता है। प्रदेश सरकार ने इन चार वर्षों में कुल 8592.43 लाख रू. का प्रावधान किया जो

* सहायक प्राध्यापक (वाणिज्य) शासकीय कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय, सागर (म.प्र.) भारत

अभूतपूर्व है। प्रदेश शासन की इस योजना में प्रत्येक वर्ष छात्राओं की संख्या में वृद्धि हो रही है जो इस योजना के प्रति छात्राओं के विश्वास को प्रदर्शित कर रहा है।

'गांव की बेटी योजना' को यदि समीक्षात्मक रूप में तटस्थ होकर देखा जाए तो निम्न बिन्दु/सुझाव उभरकर सामने आते है।

- ग्रामीण बेटियों की उच्च शिक्षा में अर्थाभाव से अधिक बड़ी समस्या है उनके अभिभावकों का उच्च शिक्षा के प्रति सीमित सोच की। इस सोच में भी इस योजना के आने के बाद परिवर्तन दिखाई दे रहा है और प्रदेश में 2012 में पंजीकृत छात्रों की तुलना में छात्राओं की संख्या 34177 अधिक है अर्थात् छात्र-छात्रा अनुपात 45:55 है।
- इस योजना का प्रारंभ वर्ष 2005 में किया गया था तब भी इसमें 5000 तथा 7500 रू. का वितरण क्रमश: आधार पाठ्यक्रम तथा तकनीकी पाठ्यक्रम में स्नातक करने के लिए किया जाता था। योजना के 8 वर्ष पश्चात् इस राशि में कोई वृद्धि नहीं की गयी है अत: इस राशि को बढ़ाकर क्रमश: 7500 तथा 10000 करने की आवश्यकता है।
- महाविद्यालय से 5 किलोमीटर दूर से आने वाली छात्राओं के 180 दिन के लिए आवागमन योजना शासन द्वारा चलायी जा रही है। इस योजना का लाभ भी संयुक्त रूप से इस योजना के हितग्राहियों को दिया जाए। गांव की बेटी योजना का लाभ स्नातक स्तर पर ही दिया जाता है अत: इसे विस्तार देकर स्नातकोत्तर स्तर भी दिया जाए।
- आने वाले समय में अन्य राज्य भी म0प्र0 की इस महत्त्वाकांक्षी योजना को अपने-अपने राज्यों में लागू करने की पहल करे।

इस योजना का यदि हम ईमानदारी से मूल्यांकन करें तो महत्वपूर्ण तथ्य स्पष्ट होता है, वह यह है कि इन्हें तैयार करते समय भारतीय समाज और उसके ग्रामीण परिवेश की समस्याओं को विशेष महत्व दिया गया है। यही कारण है कि इन योजनाओं के माध्यम से बेटी सशक्तिकरण का जो कार्य हो रहा है उससे होने वाले बदलाव के परिणाम प्रदेश समाज में व्यापक बदलाव लाने वाले निरूपित हो रहे हैं। एक दूसरी विशेषता प्रतिभा प्रोत्साहन की है जो इन योजनाओं में सहज ही परिलक्षित हो रही है। प्रदेश के दूर दराज के ग्रामीण अंचलों से प्रतिभाओं को उच्च शिक्षा के अवसर देकर उन्हें तराशने का काम बखूबी हो रहा है। हाँलाकि यह कहना भी अतिरंजना ही होगी कि सरकारी तंत्र की खामियों से यह योजना बिल्कुल भी अछूति हैं। योजनाओं के क्रियान्वयान के साथ जो प्रशासनिक कमियां या बाबू संस्कृति का प्रभाव है उससे इन योजनाओं के दो-चार होने के बावजूद भी यह कहना गलत नहीं होगा कि इन योजनाओं जैसे गांव की बेटी, प्रतिभा किरण, उच्च शिक्षा गारंण्टी विक्रमादित्य तथा छात्रों के आवागमन की सुविधा जैसी योजनाएं बदलाव की बयार की वाहक है। सरकारी तंत्र की दुरावस्था में भी लगातार सुधारात्मक प्रयत्न दिखाई पड़ते हैं जो मिशन को सफल होने की आशा का संचार करते हैं। मौद्रिक व अमौद्रिक दोनों तरह की प्रेरणाएं किस तरह से दूरदराज में छिपी प्रतिभाओं को मुक्ताकाश प्रदान करती हैं इसका प्रत्यक्ष उदाहरण गांव से निकली हुई वो बेटियां हैं जिन्होंने राष्ट्रीय एवं अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर ये साबित किया कि प्रतिभाएं व सरकारी योजनाएं मिलकर इतिहास रच सकते हैं। उच्च शिक्षा में योजनाएं सकारात्मक परिणाम दे रही है जो हमारी आशा को बहुगणित करने वाली हैं और यही साबित भी करती हैं कि बराक ओबामा की चिन्ता बेमानी नहीं है।



****

प्रधानमंत्री रोजगार योजना के अन्तर्गत जातिगत आधार पर हितग्राहियों को प्रदत्त वित्तीय सहायता का विश्लेषणात्मक अध्ययन

डॉ. बी.एस. सिसोदिया *

प्रस्तावना – व्यावसायिक सफलता का मूलमंत्र, आवश्यकतानुसार वित्त की व्यवस्था करना होता है। किसी भी व्यापार एवं उद्योग को चाहे वह बड़े पैमाने पर हो या छोटे पैमाने पर, प्रांरभ एवं उसके भावी विस्तार के लिए पर्याप्त वित्त की आवश्यकता होती है। वर्तमान समय में देश की औद्योगिक उन्नति वित्त प्रबंध पर ही निर्भर है। वित्त प्रबंध की उचित व्यवस्था के अभाव में अनेक औद्योगिक विकास की योजनाएं मात्र कागजी योजनाएँ बनकर रह जाती है। जिस प्रकार एक इंजिन को चलाने के लिये कोयले की आवश्यकता होती है, उसी प्रकार प्रत्येक व्यापार एवं उद्योग को स्थापित करने तथा चलाने के लिए वित्त की आवश्यकता होती है।

प्रधानमंत्री रोजगार योजना के अन्तर्गत शिक्षित बेरोजगार युवाओं को अपना स्वरोजगार स्थापित करने में सहायता प्रदान करने के उद्देश्य से शासन द्वारा 15 अगस्त 1993 को एक अति महत्वाकांक्षी योजना घोषित की गई जो 2 अक्टूम्बर 1993 से सम्पूर्ण देश में लागू की गई है।

इस योजना में चयनित हितग्राहियों को कुल परियोजना लागत का 15 प्रतिशत भाग या अधिकतम 12,500/– रू. सरकार द्वारा अनुदान के रूप में प्रदान किया जाता है। चयनित हितग्राहियों को इस राशि का 5 प्रतिशत से 16.25 प्रतिशत तक अंश स्वयं लगाना होता है तथा परियोजना की शेष राशि लागत का वित्त पोषण बैंक ऋण द्वारा किया जाता है। इन लघुत्तर इकाईयों के साहसियों को 15 व 20 दिवसीय प्रशिक्षण दिया जाता है, आवश्यकता होने पर कच्चामाल व विपणन सहायता भी दी जाती हैं।

अध्ययन का उद्देश्य – प्रस्तुत शोध पत्र धार जिले में प्रधानमंत्री रोजगार योजना के अन्तर्गत जातिगत आधार पर हितग्राहियों को प्रदत्त वित्तीय सहायता उपलब्ध करवाने में नोडल एजेन्सी, जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र एवं वाणिज्य बैंकों की विभिन्न शाखाओं द्वारा किये गये प्रयासों की सार्थकता का अध्ययन किया गया है। मुख्य रूप से यह अध्ययन निम्न उद्देश्यों की पूर्ति के लिए किया गया है–

- प्रधानमंत्री रोजगार योजना के अन्तर्गत अध्ययन अवधि में जातिगत आधार पर कुल कितने ऋण प्रकरण स्वीकृत एवं वितरित किये गये?
- प्रधानमंत्री रोजगार योजना के अन्तर्गत अध्ययन अवधि में जातिगत आधार पर कुल कितनी ऋण राशियाँ स्वीकृत एवं वितरित की गई?

समंक संकलन – प्रस्तुत शोध पत्र प्रधानमंत्री रोजगार योजना के अन्तर्गत जातिगत आधार पर हितग्राहियों को प्रदत्त वित्तीय सहायता का विश्लेषणात्मक अध्ययन (म.प्र. के धार जिले के संदर्भ में) पर आधारित है। यह द्वितीयक स्त्रोतों से प्राप्त समंकों पर आधारित है। उक्त अध्ययन हेतु विभिन्न वर्षो (2000–01 से 2007–08) के समंको का संकलन जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र, धार से किया गया है। प्राप्त समंको का विस्तृत विवरण अग्रतालिका में प्रस्तुत किया गया हैं।

तालिका क्रमांक–1

तालिका क्रमांक–01 (सारणी देखे)

विश्लेषण – तालिका का निरीक्षण करने से स्पष्ट होता है कि जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र, धार के अन्तर्गत निर्धारित लक्ष्य के विरूद्ध 3867 प्रकरण स्वीकृत किए गए जिनमें 1419 सामान्य वर्ग, 1809 पिछड़ा वर्ग तथा 639 अनुसूचित जाति एवं जनजाति वर्ग के है। स्वीकृति के विरूद्ध लाभान्वित हितग्राहियों की स्थिति का अध्ययन करने से स्पष्ट होता है कि सामान्य वर्ग के 1149 हितग्राही लाभान्वित हुए जिन्हें रूपये 718.81 लाख का ऋण वितरित किया गया जबकि अन्य पिछड़ा वर्ग तथा अनुसूचित जाति/जनजाति के क्रमश: 1495 एवं 471 हितग्राहियों को योजना का लाभ प्राप्त हुआ है जिन्हें क्रमश: रू. 929.12 लाख एवं रू. 290.22 लाख की ऋण राशि वितरित की गयी।

निष्कर्ष – इस प्रकार जातिवार विश्लेषण से स्पष्ट होता है कि स्वीकृति के विरूद्ध सामान्य वर्ग के 80,97 प्रतिशत, अन्य पिछड़ा वर्ग के 82.64 प्रतिशत तथा अनुसूचित जाति / जनजाति वर्ग के 73.71 प्रतिशत हितग्राही लाभान्वित हुए है जो योजना को प्रभावी सिद्ध करता है।

संदर्भ ग्रंथ सूची :–

1. जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र धार (म.प्र.)।
2. योजना आयोग – आर्थिक सर्वेक्षण, योजना आयोग, म.प्र. भारत सरकार।
3. गुप्ता, सुरेश आगे आये लाभ उठाये (एस.के. जोशी) – आयुक्त, जनसम्पर्क, भोपाल।
4. बैंक ऋण एवं वसूली प्रक्रिया जिला सहकारी बैंक जिला–धार।
5. पन्त डॉ. डी.सी. भारत में ग्रामिण विकास, कॉलेज बुक डिपो जबलपुर, 2009
6. मिश्रा ललित कुमार– भारत में छोटे उद्यमी और रोजगार।

****

* सहायक प्राध्यापक (वाणिज्य) महाराजा भोज शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, धार (म.प्र.) भारत

तालिका कमांक–01

जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र धार में प्रधानमंत्री रोजगार योजना के अन्तर्गत लाभान्वित हितग्राहियों की जातिवार स्थिति

(राशि लाख रू. में)

वर्ष	लक्ष्य	बैंको द्वारा स्वीकृत प्रकरण								बैंकों द्वारा वितरित प्रकरण							
		सामान्य		पिछड़ा वर्ग		अ.ज.जा./अ.जा		कुल		सामान्य		पिछड़ा वर्ग		अ.ज.जा./अ.जा		कुल	
		संख्या	राशि	संख्या	राशि	संख्या	राशि	संख्या	राशि	संख्या	राशि	संख्या	राशि	संख्या	राशि	संख्या	राशि
2000–01	405	162	113.22	183	127.90	60	41.93	405	283.05	104	78.14	118	68.17	39	23.34	261	169.65
2001–02	430	197	177.30	169	152.10	73	65.70	439	395.10	194	97.00	166	83.00	70	35.00	430	215.00
2002–03	442	186	148.80	194	155.20	72	57.60	452	361.60	186	111.60	184	110.40	72	43.20	442	265.20
2003–04	364	174	130.50	177	132.75	68	51.00	419	314.25	142	92.30	174	113.10	68	44.20	384	249.60
2004–05	474	197	147.75	256	192.00	63	47.25	516	387.00	137	89.05	203	131.95	42	27.30	382	248.30
2005–06	596	218	185.30	290	246.50	97	82.45	605	514.25	177	114.87	236	153.40	79	51.53	492	319.80
2006–07	585	151	128.35	322	273.70	128	108.80	601	510.85	106	68.90	252	163.80	45	29.25	403	261.95
2007–08	290	134	113.90	218	185.30	78	66.30	430	365.50	103	66.95	162	105.30	56	36.40	321	208.65
योग –	3559	1419	1145.12	1809	1465.45	639	521.03	3867	3131.60	1149	718.81	1495	929.12	471	290.22	3115	1938.15

स्त्रोत – जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र, धार (म.प्र.)

उच्च शिक्षा में निजी महाविद्यालयों का महत्व एंव प्रभाव

डॉ. एस.सी. जैन * डॉ. राजेन्द्र परमार **

प्रस्तावना – एक सामाजिक प्राणी के रूप में विख्यात बुद्धिधारी, विवेकशील व प्रगति पथगामी 'मानव' निरंतर बौद्धिक एवं क्रमिक विकास के परिणामस्वरूप नई नई विशेषताओं से अंलकृत होता गया, उक्त क्रमिक विकास ने मानव व समाज को नई दिशा व आधार प्रदान किया और मानव ने हजारों वर्षो का ज्ञान एकत्र कर एक श्रेष्ठ जीवन निर्मित करते हेतु आगे बढ़ने का मार्ग निर्मित किया। जो विश्व परिदृश्य में 'शिक्षा' के रूप में विख्यात हुआ और वर्तमान में 'शिक्षा' से उच्च शिक्षा के रूप में परिणीत कर उत्कर्षता की ओर जा रहा हैं जो मानवीय समाज के लिए शुभ संकेत है।

भारतीय अर्थव्यवस्था में जब से उदारीकरण, वैश्वीकरण एवं निजीकरण का प्रादुर्भाव हुआ है तब से ही भारत और मध्य प्रदेश की उच्च शिक्षा में अमूलचूल परिर्वतन आया हैं मध्य प्रदेश की उच्च शिक्षा में वैश्वीकरण और निजीकरण के परिणामस्वरूप निजी संस्थानों का आगमन हुआ हैं। जो उच्च शिक्षा को एक अलग मुकाम पर ले जा रहे है। वर्तमान में स्कूली शिक्षा हो या उच्च शिक्षा, निम्न स्तर के लोगों की छोड़ दे तो उच्च और मध्य वर्ग परिवार उच्च शिक्षा के लिए निजी संस्थानों का रूख करते हैं जो भारत तथा मध्य प्रदेश में निजी संस्थानों के महत्व को उजागर करता हैं वर्तमान व्यवस्था को सुक्ष्म रूप से देखा जाय तो प्रत्येक व्यक्ति का विश्वास सरकारी व्यवस्था में उठ चुका हैं परन्तु प्रत्येक व्यक्ति सरकारी नौकरी चाहता है ताकि वह पूरी उम्र आराम से गुजार सके।

भारत का उच्च शिक्षा तंत्र विश्व का तीसरा सबसे बड़ा उच्च शिक्षा तंत्र है विगत 50 वर्षो में देश के विश्वविद्यालयों की संख्या में 11.6 गुना, महाविद्यालयों की संख्या में 12.5 गुना, विद्यार्थियों की संख्या में 60 गुना और शिक्षकों की संख्या में 25 गुना वृद्धि हुई हैं सभी को उच्च शिक्षा के समान अवसर सुलभ कराने की नीति के अंतर्गत सम्पूर्ण देश में महाविद्यालयों एवं विश्वविद्यालयों की संख्या में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है और साथ ही उच्च शिक्षा की अवस्थापना सुविधाओं पर विनियोग भी तदनुरूप बढ़ा है।

स्वतंत्रा प्राप्ति के पश्चात पिछले पाँच दशको में देश में उच्च शिक्षा में उल्लेखनीय प्रगति हुई। स्वतंत्रता के पूर्व देश में मात्र तीन विश्वविद्यालय थे, जो अब 250 के लगभग हो चुके हैं। वर्तमान में उच्च शिक्षा के निर्मित समर्पित इन संस्थानों में 18 भाषाओं में विज्ञान, कला, वाणिज्य, चिकित्सा, प्रौद्योगिकी, प्रबंधन, साहित्य, शिक्षक प्रशिक्षण एवं अनेक व्यावसायिक महत्व के पाठयक्रमों की शिक्षा की व्यवस्था हैं। इन संस्थानों में प्रतिवर्ष लगभग 75 लाख विधार्थी प्रवेश पाते हैं फिर भी कई युवक युवतियाँ उच्च शिक्षा से वंचित रह जाते हैं। अत: अभी भी काफी मात्रा में नए सस्थानों को स्थापित करने की आवश्यकता है।

आज समय के साथ उच्च शिक्षा को बदलने की एक बहस ही छिड़ गई है। इस बदलाव तथा अनेक नए संस्थानों की स्थापना के लिए सरकार को बहूत बढ़ी पूँजी की आवश्यकता है। जो वर्तमान समय में संम्भव नहीं दिखती हैं। अत: उच्च शिक्षा का निजीकरण ही दुसरा विकल्प बचता है।

यदि उच्च शिक्षा की गुणवता और उसकी व्यवहारिकता पर विचार किया जाए तो वर्तमान शिक्षा प्रणाली शिक्षित बेरोजगारों की एक बहुत बडी संख्या प्रतिवर्ष तैयार कर रही है, प्रतिवर्ष 3–4 लाख बेरोजगारो के नाम रोजगार कार्यालयों में दर्ज हो रहे हैं इसके अलावा बहुत से ऐसे बेरोजगार भी हैं जो कार्यालयों में अपना नाम दर्ज नहीं करते है। बेरोजगारी के कारण कई युवक दिशाहीन होकर गैर कानूनी कार्यो की ओर उन्मुख हो रहें है।

उच्च शिक्षा का अर्थ है सामान्य रूप से सबको दी जाने वाली शिक्षा से ऊपर किसी विशेष विषय या विषयों में विशेष विशद तथा सुक्ष्म शिक्षा। यह शिक्षा उस स्तर का नाम हैं जो विश्वविद्यालयों, व्यवसायिक विश्वविद्यालयों, कम्युनिटी महाविद्यालयों, लिबरल आर्ट कॉलेजों एवं प्रौद्योगिकी संस्थानों आदि के द्वारा दी जाती है। प्राथमिक एवं माध्यमिक के बाद यह शिक्षा का तृतीय स्तर है। जो प्राय: ऐच्छिक होता हैं इसके अंतर्गत स्नातक, परास्नातक एवं व्यवसायिक शिक्षा एवं प्रशिक्षण आदि आते है।

निजीकरण का आशय किसी व्यवसाय, उधम, एजेन्सी या सार्वजनिक सेवा के स्वामित्व को सार्वजनिक क्षेत्र (राज्य या सरकार) से निजी क्षेत्र की ओर बढ़ना है। निजी लाभ के लिए संचालित व्यवसाय या निजी गैर लाभ संगठनों के पास स्थानांतरित होने की घटना या प्रक्रिया है। सामान्य अर्थ में निजीकरण से आशय किसी भी व्यवसाय या सेवा या कार्य को सरकारी हाथों से निजी हाथों में आंशिक या पूर्ण रूप से सोपना है।

प्रस्तुत शोध पत्र में मध्य प्रदेश में उच्च शिक्षा पर शासकीय महाविद्यालयों की व्यवस्था का या निजी महाविद्यालयों या निजी संस्थानों का क्या प्रभाव पड़ रहा हैं यह बताया गया है। तथा साथ ही उच्च शिक्षा में निजीकरण के गुण एंव दोषो की समीक्षा कर सुझााव को प्रस्तुत किया गया हैं। जो मध्य प्रदेश में उपलब्ध उच्च शिक्षा के जमीनी स्तर को स्पष्ट करता है।

उच्च शिक्षा में निजी महाविद्यालयों का प्रभाव –

1 म. प्र. में उच्च शिक्षा के निजीकरण के परिणामस्वरूप चारो ओर विकास हो रहा हैं तथा विद्यार्थियों में अनुशासन, चरित्र निर्माण तथा निर्णयन क्षमता का विकास किया जा रहा है। जो विकसित मध्य प्रदेश के सपने को साकार करने की ओर अग्रसर है।

2 म.प्र. में निजी महाविद्यालयों के आगमन से उच्च शिक्षा में गुणवता का स्तर बढ़ा है तो विद्यार्थियों में कुशलता भी बढ़ी है।

* प्राध्यापक (वाणिज्य) शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, झाबुआ (म.प्र.) भारत
** प्राध्यापक (वाणिज्य) शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, झाबुआ (म.प्र.) भारत

3 उच्च शिक्षा में व्यवसायिकरण से जहाँ महाविद्यालयों का विस्तार और साधन सुविधाए बढ़ी है तो विधार्थी द्वारा अपने अथक प्रयास के बल पर उच्च प्राप्तांक प्राप्त किये जा रहे है।

4 म.प्र. में निजी महाविद्यालयों में नियमित कक्षा अध्यापन तथा शोधार्थी को शोध कार्य हेतु प्रोत्साहित कर जमीनी समस्याओं का समाधान खोजा जा रहा है तथा शोधार्थी द्वारा शोध कार्यो को वर्तमान समस्याओं को ध्यान में रखकर किया जा रहा है।

5 उचित शिक्षा और प्रोत्साहन द्वारा बड़ी कंपनियों तथा व्यवसाय जगत के लिए उपयोगी कर्मचारी तैयार किये जा रहे है।

6 निजी महाविद्यालयों में प्लेंसमेट के चलन से महाविद्यालयो में ही पाठयक्रम पुरा करने पर विद्यार्थियों को तुरंत नौकरी मिल जाती है। जो आधुनिक सामाजिक व्यवस्था के लिए शुभ है।

7 निजी महाविद्यालयों में पुरे देश और आवश्यकता होने पर विदेशों से भी प्राध्यापक नियुक्त किये जाते हैं जो पढ़ाई और शोध दोनो ही कार्यो के लिए उपयोगी होते है।

उच्च शिक्षा में निजी महाविद्यालयों की भूमिका –

1 वर्तमान संदर्भ में विधार्थी के समग्र विकास के लिए निजी महाविद्यालयों की महत्वपूर्ण भूमिका होती है।

2 वर्तमान समय में आर्थिक और तकनीकी विकास के कारण होने वाले लाभों से समाज के प्रत्येक वर्ग को जोड़ने के लिए एक सुनियोजित और समन्वित प्रयास की जरूरत है।

3 तेजी से बदल रही दुनिया के साथ ही शैक्षणिक जगत में भी परिवर्तन की लहर हैं नयी आवश्यकताओं के परिप्रेक्ष्य में नये नये पाठयक्रमो की मांग बढ़ रही है।

4 वैश्विक चुनौतियों से निपटने के लिए संधारणीय विकास के साथ-साथ हमारी चेतना में गुणात्मक विकास की भी आवश्यकता है।

5 छात्रों में राष्ट्र, समाज और देश के प्रति सवेंदनशीलता जाग्रत करने के साथ साथ छात्रों में राष्ट्रीय एवं सामाजिक आवश्यकताओं हेतु शोध कार्य को बढ़ाने की भी आवश्यकता है।

6 उच्च स्तर में गुणवत्ता लाने के लिए हमे अपनी अच्छाइयों को और अधिक कुशलता के मजबूत करना, कमजोर पक्षो पर ध्यान देंना, सुअवसरों का लाभ उठाना, स्वयं में मानसिक दृढ़ता लाना अपेक्षित है। इस तरह स्वयं में और संस्था में गुणवत्ता संस्कृति यानि 'क्वालिटी कल्चर' को विकसित करने में निजी महाविद्यालयों का महत्वपूर्ण योगदान होता है।

7 उच्च शिक्षा के पाठ्यक्रम अध्यापन और अध्यापन के तरीके, विद्यार्थियों के मूल्यांकन के तरीके और अपनायी जा रही मूल्यांकन पद्धतिया, अनुसंधान और विस्तार गतिविधियाँ, अधोसंरचना और उसके समुचित उपयोग की व्यवस्था छात्रों के लिए सहायता तथा प्रगति की देखरेख आदि के लिए निजी महाविद्यालयों की महती भूमिका है।

8 विभिन्न गतिविधियों के लिए संचालन व्यवस्था, प्रबंध एवं प्रशासन के तौर तरीके, नेतृत्व क्षमता, नवाचारी प्रयोग, सभी हितग्राहियों के बीच समन्वय तथा गुणवता प्रेरक और सृजनशीलता के निर्माण में इनकी महत्वपूर्ण भूमिका होती है।

उच्च शिक्षा में निजी महाविद्यालयों की सीमाएं –

उच्च शिक्षा में निजी महाविद्यालयों के आगमन से आँकड़ों में विस्तार और विकास हुआ है किन्तु वास्तविकता में तथा गुणवत्ता में कोई खास फर्क नहीं आया है। वर्तमान संदर्भ में प्रत्येक प्रकार की शिक्षा का व्यवसायिकरण हो चुका हैं और उच्च शिक्षा पूरी तरह से निजी संस्थानों की गिरफ्त में और निजी संस्थान दिंनोदिन अपनी पकड़ मजबूत करते जा रहे है। उच्च शिक्षा में निजी महाविद्यालयों की सीमाएं निम्नलिखित प्रकार स्पष्ट है –

1 निजी महाविद्यालयों के आगमन से दिखावटी सुविधाएं बढ़ी है तो भ्रष्टाचार और प्रवेश शुल्क और अन्य शुल्को में भारी इजाफा हुआ है।

2 निजी महाविद्यालयों में शोधार्थीयों सें शोध कार्य न करवाकर, औपचारिकताए पूरी कर, गलत तरीके से और अनुचित शोध पर भी भ्रष्टाचार से शोध उपाधि (डिग्री) प्रदान कर दी जाती है।

3 निजी महाविद्यालयों से कुछ सकारात्मक परिणाम आये है किन्तु इस उच्च शिक्षा के लाभ से निम्न स्तर वर्ग वंचित है। जो देश में असमानता को बढ़ा रहा है।

4 उच्च शिक्षा का पुरी तरह व्यवसायिकरण हो चुका है तो वर्चस्ववादी और शोषण प्रवृतिया दिनोंदिन बढ़ती जा रही है।

5 निजी महाविद्यालय, छात्रों के लिए अंको को प्राप्त करने का साधन मात्र बन कर रह गये है। जिससे बेरोजगारों की भीड़ बढ़ रही है।

6 वर्तमान आधुनिकता की होड़ में विद्यार्थियों में चरित्रहीनता, अनुशासनहीनता और कुसंस्कृति का विकास हो रहा हैं जो प्रगति की आड़ में कुछ भी करने को तैयार है।

7 मानवीय मुल्य और राष्ट्रीय एवं सामाजिक भावना का हनन हो रहा है। जो वर्तमान युवाओं में अपराध की प्रवृत्तियो को जन्म दे रहा है।

8 लाभ के लिए कम वेतन पर प्राध्यापक की व्यवस्था नें पाठ्यक्रम और अध्यापन गतिविधियों का बंटाडार कर दिया है और उनमें प्रशिक्षण का भी अभाव है।

म. प्र. उच्च शिक्षा में सुधार हेतु सुझाव –

1 वर्तमान समय में उपलब्ध समस्याओं पर ही शोधार्थियों को शोध कार्य करवाया जाए तथा नवीन खोज एवं आविष्कारों को प्रोत्साहन दे कर, नई नई तकनीको एंव प्रौद्यौगिकी का विकास किया जाए ताकि मानवीय जीवन ओर सुखमय हो सके।

2 महाविद्यालयों में उपलब्ध पाठ्यक्रमों को इस प्रकार संचालित किया जाए कि उससे छात्रों को रोजगार प्राप्त हो सके तथा गरीब एवं पिछडे छात्रों को निजी महाविद्यालयों में भी छात्रवृति की सुविधा दी जाए तथा प्रतिभावना छात्र को प्रोत्साहन राशि को प्रतिवर्ष आंबटित किया जाए।

3 सभी छात्रों में अनुशासन और चरित्र निर्माण तथा निर्णयन क्षमता के विकास हेतु नैतिक शिक्षा का एक पेपर सभी पाठ्यक्रमों में शामिल किया जाए।

4 म.प्र. के निजी महाविद्यालयों को सरकार द्वारा नियंत्रित सहभागिता की आवश्यकता है ताकि महाविद्यालयों में भ्रष्टाचार न पनपे तथा शोषण प्रवृतियों पर लगाम लगाई जा सके।

5 म.प्र. के सभी महाविद्यालयों में प्रत्येक पाठ्यक्रम के लिए एक निश्चित शुल्क का निर्धारण सरकार द्वारा किया जाए और अधिक शुल्क लेने वालों पर कड़ी कार्यवाही की जाए।

6 शोध और व्यवसाय संचालन हेतु सभी महाविद्यालयों में अलग से प्रायोगिक कक्षाओं का आयोजन किया जाए ताकि छात्र शोध गतिविधियों में शामिल होने के साथ साथ व्यवसाय संचालन और उसमें उपलब्ध जोखिमों को बारीकीयों से समझ सके।

7 महाविद्यालयो में प्राध्यापक पद पर योग्य व्यक्ति को नियुक्ति किया जाए तथा इसके लिए उसके शैक्षणिक रूपरेखा तथा अनुभव को प्राथमिकता दी जाए और साथ ही साथ वह व्यक्ति उस पद के उचित मापदंडों को पुरा करता हो तथा शैक्षिक कार्य में नवीनता के लिए उसे प्रतिवर्ष प्रशिक्षण दिया जाए ताकि छात्रों की रूचि अध्यापन कार्य में बनी रहे।

8 शोध कार्य को उच्च कोटि का बनाने के लिए निश्चित विधियों और मापदण्डों के आधार पर शोध किया जाए तथा गलत तरीके से शोध और अनुचित शोध पर अंकुश लगाया जाए तथा भ्रष्टाचार से शोध उपाधि (डिग्री) प्राप्त करने वालो पर कड़ी कार्यवाही की जाए।

9 महाविद्यालयों में पाठयक्रम के लिए प्रवेश प्रक्रियाओं को सरल बनाया जाए ताकि इसकी जानकारी और सहभागिता में ग्रामीण जनता का अधिकतम योगदान हो।

10 समय में परिवर्तन तथा सामाजिक विचारधारा में बदलाव हेतु आम जनता को 'उच्च शिक्षा' जैसे शब्दों से पूरी तरह अवगत करना होगा।

11 महाविद्यालयों मे व्याप्त अतिथि विद्धान व्यवस्था को समाप्त किया जाए तथा महाविद्यालयो में प्राध्यापक पदो पर शीघ्र योग्य व्यक्ति को नियुक्ति किया जाए।

12 महाविद्यालयों मे पदस्थ सभी प्राध्यापको को अनुभव तथा प्रति पाँच वर्ष मे संबधित विषय की परीक्षा आयोजित कर, परीक्षा के उर्तीण करने पर पदोन्नति दी जाए।

अत: निष्कर्ष के रूप में कहा जा सकता है कि उच्च शिक्षा के विकास और विस्तार में वैश्वीकरण का प्रभाव निजी महाविद्यालयों के रूप में देखा जा सकता है और भारत एवं म.प्र. उच्च शिक्षा के क्षेत्र में स्वतंत्रता प्राप्ति के पश्चात काफी परिवर्तन आया है। एक तरफ जहां निजी महाविद्यालयों से उच्च शिक्षा में गुणवता एवं छात्रों का मानसिक विकास हुआ है तो दुसरी तरफ विकास और प्रगति की होड़ में अपराधी प्रवृतियों में भी तेजी आई हैं जो विकृत सामाजिक विकास का परिचायक है।

उच्च शिक्षा में निजी महाविद्यालयों के प्रभाव से स्पष्ट है कि इसने प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष रूप से समाज के सभी वर्गो को प्रभावित किया है तो वर्तमान में व्याप्त चुनौतियो के लिए निजी महाविद्यालयों की महत्वपूर्ण भूमिका है। निजी महाविद्यालयों की सीमाएं इनमें व्याप्त कमी का परिचायक है तथा सुझावों के माध्यम से इसमें सुधार और विकास की अपार संभावनाए है जो म. प्र. के उज्ज्वल भविष्य के लिए आवश्यक है।

संदर्भ ग्रंथ सूची :–

1. प्रतियोगिता दर्पण, जनवरी 2014 पृष्ट 1156
2. Higher education in,www.google.com
3. Higher education essay in,www.google.com
4. Higher education wikipedia
5. Privatization wikipedia
6. M.p.higher education

****

सूक्ष्म, लघु मध्यम उद्यमों का कार्य निष्पादन स्थिति - एक अध्ययन

डॉ. सपना सोनी *

प्रस्तावना – भारतीय अर्थव्यवस्था के पिछले पॉच दशक में सुक्ष्म,लघु एवं मध्यम उद्यम क्षेत्र एक गतिशील क्षेत्र के रूप में परिलक्षित हुआ है। इन उद्यम ने बड़े उद्योग की तुलना में न्यूनतम पूंजी पर अधिक रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के साथ ग्रामीण एवं पिछड़े क्षेत्र के उद्यौगीकरण एवं क्षेत्रीय असंतुलन की खाई को दूर करने में भी अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया है। इन उद्यमों के संवर्धन विकास और प्रतिस्पर्धा को बढ़ाने के लिये शासकीय स्तर पर अनेक कार्यक्रमों का आयोजन, क्रेडिट नीतियों का निर्माण तथा उत्पादों और सेवाओं के लिए प्रभावशाली कार्यतंत्रो का आयोजन किया जाता रहा है।

देश में लघु सुक्ष्म एवं मध्य उद्यमों की आवधिक गणना अखिल भारतीय गणना परिषद द्वारा होती रही है। इन उद्यमों की नवीनतम गणना (चौथी गणना) 2009 में सम्पादित की गई जिसका प्रकाशन 2011-12 में हुआ। चौथी गणना के अनुसार सुक्ष्म लघु और मध्यम उद्यम विकास अधिनियम 2006 को भी काफी व्यापक किया गया जिसमें विनिर्माण के साथ सेवा उद्यमों की संकल्पना को भी जोडा गया। इस गणनान्तर्गत इन उद्यमों का कार्य निष्पादन मूल्याकन दो तरह से (पंजीकृत एवं अपंजीकृत) के माध्यम से किया गया। पंजीकृत अर्थात औपचारिक क्षेत्र की सम्पूर्ण गणना की गई तथा अपंजीकृत क्षेत्र की क्षेत्र की गणना नमूना सर्वेक्षण के माध्यम की गई है। उद्योग विकास एवं विनिमय अधिनियम सन् 1951 की प्रथम अनुसूचि में विनिर्दिष्ट, किसी उद्योग से संबंधित वस्तुओं के उत्पादन में लगा ऐसा उद्यम्, चाहे वह एकल स्वामित्व, हिन्दू अविभाजित परिवार, व्यक्तियों का समूह, सहकारी सोसाइटी, पार्टनरशिप अथवा उपक्रम के नाम से जाना जाता हो तथा विनिर्माण क्षेत्र में संलग्न हो, ऐसे उद्यमों में संयंत्र अथवा मशीनरी में किये गये निवेश में आधार पर सुक्ष्म उद्यमों में 25 लाख तक, लघु उद्यमों में 25 लाख से 5 करोड तक, एवं मध्यम उद्यमों में 5 से 10 करोड तक निवेश को सुक्ष्म लघु एवं मध्यम उद्यम् माना जाता है। इसी प्रकार उद्यम यदि सेवा क्षेत्र में संलग्न हो तो किये गये निवेश में 10 लाख तक सुक्ष्म , 10 लाख से 2 करोड तक लघु उद्यम् 2 करोड से 5 करोड तक मध्यम उद्यम परिभाषित किया गया है। देश में सुक्ष्म लघु एवं मध्यम उद्यमों की चौथी अखिल भारतीय गणना के दौरान पाई गई वृद्धि को निम्न तालिका क्रमांक 1 से पुष्ट किया जा सकता है।

तालिका क्रमांक - 1 (देखे अगले पृष्ठ पर)

तालिका से स्पष्ट है की देश में सुक्ष्म लघु एवं मध्यम उद्यमों की इकाईयों में रोजगार निवेश एवं सकल उत्पाद की दृष्टि से वृद्धि दर कायम है।

कार्य निष्पादन स्थिति –

1. सकल घरेलु उत्पाद (जी डी पी) से इन इकाइयो की वृद्धि को मिलान किया जाये तो यह वृद्धि 2006-07 की तुलना में 2011-12 में 1198817 करोड़ रूपये बढकर 1790804 करोड़ रूपये अर्थात लगभग 37.52 प्रतिशत वृद्धि दर्ज होकर जी.डी.पी. में 7.28 प्रतिशत की भुमिका सेवा क्षेत्र से अधिक विनिमार्ण क्षेत्र में निभा रही है। देश में कुल सुक्ष्म लघु एवं मध्यम उद्यम क्षेत्र में 40 प्रतिशत खुदरा व्यापार,8.75 प्रतिशत रेडिमेड, 6.94 खाद्य एवं पेय पदार्थो होटल रेस्टोरेन्ट एवं अन्य सेवा क्षेत्र में 13.61 प्रतिशत , आटोमोटिव 3.57 , विनिमार्ण 27.19 प्रतिशत इकाईया संलग्न है।
2. सुक्ष्म लघु एवं मध्यम उद्यमों में सेवा क्षेत्र की तुलना में विनिमार्ण क्षेत्र में अधिक प्रगति परिलक्षित हुई।
3. सुक्ष्म लघु एवं मध्यम उद्यमों की संख्या की विकास दर विनिमार्ण क्षेत्र में 22.46 , सेवा क्षेत्र में 40.60 , की दर से वृद्धि हुई।
4. सुक्ष्म लघु एवं मध्यम उद्यमों की रोजगार की विकास दर विनिमार्ण क्षेत्र में 18.49 जब की सेवा क्षेत्र में 44.12 प्रतिशत की वृद्धि परिलक्षित हुई।
5. महिला उद्यमियों की संख्या में पंजीकृत क्षेत्र में 13.72 प्रतिशत जब कि अपंजीकृत क्षेत्र में 9.9 प्रतिक्षत की गणना परिलक्षित है।
6. उद्यमों के संबंध में 10 अग्रणी राज्यो में उतर प्रदेश (44.03 लाख), पश्चिम बंगाल(36.64 लाख) , तमिलनाडु (33.13 लाख), महाराष्ट्र (30.63), आंध्र प्रदेश(25.96 लाख), केरल(22.12 लाख), गुजरात (21.78 लाख), कर्नाटक (20.19 लाख), मध्य प्रदेश (19.33 लाख), राजस्थान (16.64 लाख) रहे है।
7. रोजगार के संबंध में 10 अग्रणी राज्यों में उतर प्रदेश (92.36 लाख), पश्चिम बंगाल (85.78 लाख), तमिलनाडु (80.98 लाख), आन्ध्र प्रदेश(70.69 लाख), महाराष्ट्र (70.04 लाख), केरल (49.62 लाख), गुजरात (47.73 लाख), कर्नाटक (46.72 लाख), मध्य प्रदेश (33.66 लाख) और उड़ीसा (33.24 लाख) रहे है।
8. सुक्ष्म लघु मध्यम उद्यम क्षेत्र में ग्रामीण क्षेत्र में 200.19 लाख सुक्ष्म लघु एवं मध्यम उद्यम कार्यरत है जो कुल संख्या का 55.34 प्रतिशत है जब की शहरी क्षेत्रों में 161.57 लाख उद्यम कार्यरत है जो कुल उद्यमों की संख्या का 44.66 प्रतिशत है।
9. कार्यकलाप की प्रगति के अन्तर्गत 31.79 प्रतिशत उद्यम विनिमार्ण क्षेत्र में जबकि 68.21 सेवा क्षेत्र में संलग्न है।

उपरोक्त विश्लेषण से स्पष्ट है कि सुक्ष्म लघु एवं मध्यम उद्यम क्षेत्र में पंजीकृत (औपचारिक) क्षेत्र के साथ अपंजीकृत (औनोपचारिक) दोनों की क्षेत्र सकल घरेलू उत्पाद में बराबरी हिस्सेदारी रखते है। लेकिन जब बात नीतियों के क्रियान्वयन की आती है तो जितनी सक्रियता औपचारिक या

* प्राध्यापक (वाणिज्य) श.भी.ना.शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, बड़वानी (म.प्र.) भारत

पंजीकृत क्षेत्र में दिखती है दुसरे क्षेत्र के लिए नहीं दिखाई देती है। सबसे ज्यादा आवश्यकता वित्तीय सुविधा और सुरक्षा मुहैया करने के सबन्ध में होती है। यह समस्या पूर्ववर्ती सरकार द्धारा गठित रंगराजन समिति 2008 ने भी अपनी रिर्पोट में असुरक्षित समूहों को कम लागत पर वित्तीय सेवा में और समय से पर्याप्त ऋण पहुचॉने को सुनिश्चित करने की बात कही थी। इस चौथी गणना में रिजर्व बैक के डिप्टी गवर्नर आर गांधी के अनुसार महज 5.2 प्रतिशत ईकाइयों को संस्थागत स्त्रोत से पैसा मिला है जबकि 94 प्रतिशत इकाइयों को खुद ही इंतजाम करना पड़ता है

सुक्ष्म लघु मध्यम उद्यम क्षेत्र बड़ी औद्योगिक इकाइयों के लिए सहयोगी का भी काम करता है लेकिन कई बार बडी इकाइयाँ समय पर भूगतान नहीं करती है नतीजा ऊँची ब्याज दर पर इन्हें ऋण लेने के लिए विवश होना पड़ता है इस हेतु सुक्ष्म,लघु एवं मध्यम उद्यम विकास अधिनियम 2006 बनाया गया है, इन उद्यमों को बड़े उद्योगों देरी से मिलने वाले भुगतान की दशा में दंडात्मक ब्याज का भी प्रावधान है किन्तु अब आवश्यकता इस बात की है कि इन उद्यमियों को इस कानून की समुचित जानकारी तथा कदम उठाने की हिम्मत हो।

हाल ही में वित्त मंत्री ने 10 जूलाई 2014 को अपने बजट भाषण में सुक्ष्म लघु और मझोले उद्यम के लिए औपचारिक वित्त प्रवाह को बढाने के लिए विशेष समिति प्राप्त कर सुझाव देने (रिपोर्ट) हेतु कहा गया था। इन ही सब आधारों पर नई योजना प्रधानमंत्री जन धन योजना मिशन के रूप में लागू हुई जिसमें 26 जनवरी 2015 तक 7.5 करोड लोगों के खाते खुलवाये गये ताकि इन परिवारो को दुर्घटना बीमा सुविधा साथ साथ ऋण लेने में आसानी होगी इस योजना से बड़े पैमाने पर अपंजीकृत / औनोपचारिक क्षेत्र को फायदा मिलेया।

सन्दर्भ ग्रंथ सूची :-

1. सुक्ष्म लघु एवं मध्यम उद्योग विकास वार्षिक रिर्पोट 2013-13
2. योजना पत्रिका - अक्टूम्बर 2014
3. भारतीय वाणिज्य मंत्रालय वेबसाईट
4. आर्थिक सर्वेक्षण रिपोर्ट 2005-06

तालिका क्रमांक - 1

सूलम उद्यम इकाइयों का कार्य निशपादन रोजगार निवेश की स्थिति

क्र.	वर्ष	कुल कार्यरत उद्यम (लाख) में	रोजगार (लाख) में	नियत परिसम्पतियों का बाजार मूल्य (करोड़ रू. में)
1	2001-02	105	249	154,349
2	2002-03	109	260	162,317
3	2003-04	113	271	170,219
4	2004-05	118	282	178,699
5	2005-06	123	294	188,113
6	2006-07	361	805	868,543
7	2007-08 #	377	842	920,459
8	2008-09 #	393	880	977,114
9	2009-10 #	410	921	1,038,546
10	2010-11 #	428	965	1,105,934
11	2011-12 #	447	1011	1,183,332
12	2012-13 #	467	1061	1,269,338

स्त्रोत -

1. आर्थिक गणना 2005 केन्द्रीय सांख्यिकी कार्यालय नई दिल्ली।
2. सुक्ष्म लघु एवं मध्यम उद्यमों की चौथी अखिल भारतीय नमूना सर्वोक्षण 2006 से प्राप्त।
3. # अनुमानित रूप से प्रकाशित चौथी अखिल भारतीय गणना रिपोर्ट 2013-14।

****

विश्व व्यापार संगठन का भारतीय उद्योगों पर पड़ने वाले प्रभावों का अध्ययन एवं विश्लेषण

राखी कुशवाह * राजेश्वरी बागौरे **

प्रस्तावना – विश्व व्यापार संगठन का भारतीय उद्योगों पर जो प्रभाव पडे है उससे देश में रोजगार के अवसर बढ़ने की बजाय घट रहें है। हांलाकि विदेशी माल के बाधा रहित आयात कम्प्युटरीकरण, देशी उद्योग धंधों के पतन एवं कार्यरत श्रमिकों एवं कर्मचारियों को ऐच्छिक सेवानिवृति (VRS) के कारण आज भी भारतीय उद्योगों में कमी महसुस हो रही है। लेकिन भारत में भारतीय उद्योगों का निर्यात व्यापार बढ़ रहा है। विश्व व्यापार संगठन के उद्देश्यों को स्पष्ट किया गया जो है –

1. भारतीय उद्योगों का सर्वप्रथम उद्देश्यों देश में रोजगार की कमी का पता कर विश्लेषण करना है।
2. विश्व व्यापार संगठन का भारतीय उद्योगों में निरंतर विकास की अवधारणाओं को स्वीकार कर उसका क्रियान्वयन करना।
3. भारतीय उद्योगों में उत्पादन एवं व्यापार में वृध्दि के लिए वस्तुओं के उत्पादन एवं व्यापार का प्रसार करना ताकि विश्व का प्रत्येक राष्ट्र अधिक प्रगति कर सकें।
4. आयात शुल्कों में सरकार को बहुत कमी करना पड़ी है। आयात शुल्क की सामान्य दर घटाकर 10% कर दी गयी है, इससें भारतीय उद्योगों के उद्योग-धंधों पर प्रतिकुल प्रभाव पड़ रहा है।
5. विश्व व्यापार संगठन का देश की प्रत्येक अनुकुलतम साधनों का उपयोग करना।

विश्व व्यापार संगठन का उद्योगों पर विश्लेषण – भारत के विदेशी व्यापार का विश्लेषण करते हुए हमने विश्व व्यापार संगठन की इस रिपोर्ट में यह बताया है, कि अप्रैल – सितम्बर 2008 के दौरान भारत में भारतीय बाजार में विदेशी माल का वर्चस्व बढ़ता जा रहा है। जिससें एक तरफ लोगों का श्रेष्ठ विदेशी वस्तुओं का उपयोग करने का अवसर मिल रहा है। हालाकि भारत के वस्तुगत निर्यात 94.98 अरब डॉलर के रहें है। लेकिन विश्व के 30 बड़े निर्यातकों कि सूची में भारत का नाम शामिल नही है।

व्यापार निष्पादन

वर्ष	निर्यात वृद्धि दर (%) में	आयात वृद्धि दर (%) में
2002-03	20.3	19.4
2003-04	21.1	27.3
2004-05	30.8	42.7
2005-06	23.4	33.8
2006-07	22.6	24.5
2007-08	29.0	35.5
2008-09	13.6	20.7
2009-10	(-) 3.5	(-) 5.0
2010-11 (अप्रैल-दिसम्बर)	29.5	19.01

ताजा उपलब्ध आंकडों के अनुसार (2010-11) की पहले 9 महिनों में डॉलर मुल्यों में वस्तुगत निर्यातों में 29.5 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई है जबकि आयातों में वृद्धि 19.01 प्रतिशत कि रही है।

विश्व व्यापार संगठन का उद्योगों पर प्रभाव – भारत विश्व व्यापार संगठन का संस्थापक सदस्य होने के साथ भारत इसके समझौतों को लागू करने के लिए वचनबध्द है। संगठन के समझौतों एवं प्रावधानों को लागू करने के फलस्वरूप भारतीय अर्थव्यवस्था के विभिन्न क्षेत्रों पर इसका जो प्रभाव पड़ा है अथवा पड़ेगा, विश्व व्यापार संगठन के नियम कानुन भारतीय अर्थव्यव्स्था के समक्ष किस तरह कि चुनौतियाँ उत्पन्न कर रहें है, या करेंगे उसका परिक्षण करना आवश्यक होगा।

अंतर्राष्ट्रीय व्यापार को बढ़ावा देने हेतु व्यापार अवरोधों को कम करने तथा मात्रात्मक प्रतिबंधों को हतोत्साहित किये जाने कि परिप्रेक्ष्य में विश्व व्यापार संगठन भारत पर यह दबाव डालता रहा है, कि वह आयात शुल्कों को कम करे, उपभोग वस्तुओं के आयात पर लगाई जाने वाली पाबंदियों को हटाए तथा मात्रात्मक प्रतिबंध कम करे। विश्व व्यापार संगठन के प्रस्तावों के अनुरूप भारत सीमा शुल्कों को साल-दर-साल घटाता गया। आयात शुल्कों द्वारा किये गये संरक्षण को हटायें जाने के फल स्वरूप भारतीय उद्योगों को विदेशी वस्तुओं के साथ बढ़ती हुई प्रतिस्पर्धा का सामना करना पड़ रहा है।

लघु-आकार की इकाईयों पर प्रभाव – उदारीकरण, वैष्वीकरण, और निजीकरण पर आधारित आर्थिक सुधारों की अनवरत प्रक्रिया तथा विश्व व्यापार संगठन के आगमन के साथ अंतर्राष्ट्रीय आर्थिक परिदृष्य के परिवर्तनों ने देश के लघु क्षेत्र के लिए नई चुनौतिया एवं अवसर उत्पन्न किए है, अब तक देश के लघु उद्योग क्षेत्र को शुल्कों कि दिवारों और आरक्षण नीति से आमतौर पर संरक्षण दिया गया था। परंतु शुल्कों का घटायें जाने के बाद लघु उद्योग क्षेत्र को सस्ते आयातो रूप में विदेशी प्रतियोगिता का सामना करना पड़ रहा है। इस क्षेत्र के साथ 'बलिष्ठ- अतिजीविता का नियम लागू होने से बहुत सी लघुस्तर इकाईया बन्द होती जा रही है। लघुस्तर क्षेत्र की वास्तविक कठिनाई यह है कि उसके पास डम्पिंग विरोधी मामला तैयार करने के लिये पर्याप्त साधन नहीं है। इसके फल स्वरूप भारत का लघुउद्योग क्षेत्र जो विनिर्माण उत्पादन का 39 प्रतिशत उपलब्ध कराता है, 50 प्रतिशत रोजगार जुटाता है तथा 33 प्रतिशत निर्यात करता है, कृषि के बाद यह क्षेत्र 312.52 लाख लोगों को रोजगार दिलाता है।

* शोधार्थी, श्री अटल बिहारी वाजपेयी शासकीय कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय, इन्दौर (म.प्र.) भारत
** शोधार्थी, श्री अटल बिहारी वाजपेयी शासकीय कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय, इन्दौर (म.प्र.) भारत

विश्व व्यापार संगठन एवं भारत का विदेशी व्यापार – वर्ष 1995 में विश्व व्यापार संगठन में शामिल होने के उपरान्त भारत द्वारा भूमण्डलीय करण की नीतियों का अनुपालन करने के परिणाम स्वरूप विश्व निर्यात व्यापार में भारत का भाग जो 1990 में 0.5 प्रतिशत था, वह बढ़ कर 2005 में 1.0 प्रतिशत तक पॅहुच गया है।

औषधि व्यवसाय पर प्रभाव – बौध्दिक सम्पदा, अधिकार सम्बन्धी समझौतें का भारत के औषधी व्यवसाय पर भारी प्रभाव पड़ेगा ऐसा अनुमान है कि लगभग 70 प्रतिशत दवॉए इसके अंतर्गत आ जाएंगी इससें भारत में दवाईयों की किमतें 5 से 10 गुना तक बढ़ जाएंगी इसका भारत सहित विकासशील देश विरोध कर रहे है क्योंकि इससे इनके उद्योग एवं व्यापार बुरी तरह प्रभावित होंगे।

पुरानी कारों के आयात पर प्रभाव –भारत में पुरानी कारों के आयात की अनुमति नही दिये जाने से भारत के ऑटोमाबाईल उद्योग पर गहरी चोट लगी है आज पूरे विश्व में यह अनुभव किया जा रहा है कि जहॉ कहीं भी पुरानी कारों के आयात की अनुमति दी गई, उसका स्वदेशी कार उद्योग पर भारी असर पड़ा। फोर्ड इण्डिया के प्रबंध निदेशक फिल स्पेन्डर ने भारत में प्रयुक्त कारों के आयात नीति पर अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा है कि – 'दि सरकार हमसें पुछे कि पुरानी कारों के बारे में क्या करना चाहिए तो में सबसे पहले पुरानी कारों को भारत से बाहर रखने का परामर्श दुंगा' इसी तरह रिचर्ड स्वानों, प्रबंध निदेशक, जनरल मोटर्स का मत है कि पुरानी कारों पर 40–50 प्रतिशत की अपेक्षा 100 प्रतिशत आयात शुल्क होना चाहिए।

चीनी वस्तुओं का आयात – चूंकि चीन विश्व व्यापार संगठन का सदस्य है अत: चीनी डम्पिंग के विरूध्द् कार्यवाही विश्व व्यापार संगठन के प्रावधानों के तहत ही कि जा सकती है चीनी वस्तुंए ना केवल व्यापार के सामान्य मार्ग से आ रही है बल्कि इनका आयात नेपाल के रास्ते बिना शुल्क के गैर–कानुनी ढंग से भी किया जा रहा है, जिसके फलस्वरूप देश के उपभोक्ता वस्तु उद्योगों पर काफी दुष्प्रभाव पड़ा।

भारतीय कृषि पर प्रभाव – कृषि के क्षेत्र में विश्व व्यापार संगठन के प्रावधानों को लागू किये जाने के फलस्वरूप कृषि एवं सम्बध्द् क्षेत्र में आयात पर से मात्रात्मक प्रतिबंध हटा कर विदेशी उत्पादों के लिए दरवाजे पुरी तरह से खोल दिये गए है। वर्तमान में कृषि एवं संबंधित वस्तुओं का देश के कुल निर्यात में अंशदान 10.5 प्रतिशत है वह पर्याप्त मात्रा में घट जाएगा।

उपसंहार –विश्व व्यापार संगठन (WTO) के देशों के बीच व्यापार की सुविधा है जो एक नियम आधारित बहुपक्षीय व्यापार संगठन है जो विश्व व्यापार संगठन के समझौतों पर बातचीत की है और दुनिया के व्यापारिक राष्ट्रों के थोंक द्वारा हस्ताक्षर किये और उनके संसदों में पुष्टि कर रहे है। विश्व व्यापार संगठन के इस प्रकार माना जाता है कि आर्थिक वृद्धि और विकास के लिए योगदान दें। इसका मुख्य समारोह में व्यापार से संबंधित नीतियों और सदस्य सरकारों के लिए आचार संहिता के निर्माण पर अंतर्राष्ट्रीय सहयोग के लिए इक मंच के रूप में कार्य करने के लिए, इसके अलावा यह भी कुछ बुद्धिमानी समस्याओं की सुक्ष्म, लघु, और मध्यम उद्यम चेहरें पर प्रकाश डाला गया है।

संदर्भ ग्रंथ सूची :–

1. ग्लोबसयन प्रबन्धन सम्मेलन 6 जून 2014 google .com
2. Wikipedia.com
3. Economic servey of india
4. Ugc upkar of commerce from "Manu Prakash Srivastav"

****

भारतीय अर्थव्यवस्था में गरीबी के कारण एवं प्रभाव का अध्ययन

डॉ. एस.सी. जैन * डॉ. राजेन्द्र परमार **

प्रस्तावना – भारत ही नहीं विश्व के सभी अल्प–विकसित या विकासशील देशों में जहाँ प्रति व्यक्ति आय बहुत कम है आय की असमानताओं और बेरोजगारी ने कई बुराईयों को जन्म दिया है जिनमें से सर्वाधिक गंभीर बुराई निर्धनता या गरीबी हैं तात्पर्य यह है कि गरीबी असमानता और बेरोजगारी के मध्य बहुत नजदीकी संबंध हैं वैश्वीकरण की ओर तीव्रता से बढ़ते हुए भारत की सबसे बड़ी आर्थिक–सामाजिक चुनौती गरीबी की है। भारत में गरीबी हमेशा से ही एक मुलभूत समस्या रही है और समय समय सरकारो द्वारा गरीबी दूर करने के उपाय भी किये है। भारत की लगभग 60 फीसदी आबादी अभी भी भरपेट खाना नहीं खा पाती है। यह गरीबी लोकतंत्र एवं शान्ति तथा सुरक्षा के लिए चुनौती है। भुख का अपना व्याकरण होता है और उसमें अधिकारो के अलंकरण की कोई जगह नहीं होती हैं। देश में आर्थिक विकास के साथ् आर्थिक असमानताएं बढ़ती जा रहीं है।

भारत में गरीबी तय करने के लिए बनाये गये अनेक मापदण्ड विवादित बने हुए है। गरीबों की सख्या को लेकर योजना आयोग एवं विभिन्न संगठनो के संमकों में काफी अंतर हैं। योजना आयोग के अनुसार ग्रामीण क्षेत्रों के लिए 2400 कैलोरी व शहरी क्षेत्रों के लिए 2100 कैलोरी भोजन प्रतिदिन जिन्हें नहीं मिलता है वह गरीब माना जाता हैं। पौष्टिकता को मौद्रिक रूप में देख जाए तो यह 107 रू. प्रति व्यक्ति प्रतिमाह गॉवों में तथा 122 रू प्रति व्यक्ति प्रतिमाह शहरी क्षेत्रों में आता हैं। वह गरीब माना जाता हैं। इसके बाद ग्रामीण क्षेत्रों में 11060 रू एवं शहरी क्षेत्रों में 11850 रू प्रतिगृह वार्षिक उपभोग ठ का मापदण्ड निर्धारित किया गया। योजना आयोग के नवीनतम आंकडों के अनुसार शहरी क्षेत्रों में 26 रू प्रतिदिन एवं ग्रामीण क्षेत्रों में 21 रू प्रतिदिन से कम मजदूरी पाने वाले व्यक्ति गरीबी रेखा के नीचे माने जाते हैं। संयुक्त राष्ट्र द्वारा गरीबी व भूख पर आयेजित सम्मेलन में कहा गया कि विश्व में हर 03 सेकण्ड में एक आदमी भूख से मर रहा हैं एन. एस. एस. के अनुसार 'देश में गरीबी रेखा के नीचे जीवन यापन करने वालों की कुल जनसंख्या में 19.7 प्रतिशत अनुमानित हैं। यह सामान्य धारणा हैं कि जब किसी देश का विकास होता हैं तो वहां गरीबी कम होती हैं विकास एवं गरीबी में धनात्मक सहसंबंध माना जाता हैं लेकिन कुछ विद्धानों के मतानुसार देश में विकास के साथ–साथ गरीबी कम होने के स्थान पर बढ़ रही है। सरकारी आंकडों के विपरीत सुरेश तेन्दुलकर समिति की रिर्पोट के अनुसार भारत में गरीबी रेखा के नीचे जीवन यापन करने वालो लोगों का कुल आबादी पर 37.2 प्रतिशत है तथा छठी पंचवर्षीय योजना में भी यह बात कही गई की हमारे देश में लगभग 50 प्रतिशत जनसंख्या गरीबी रेखा के नीचे जीवन यापन कर रही है। विश्व बैंक के अनुसार भारत में अत्यंत गरीबी से जीवन गुजारने वाले लोगों का प्रतिशत वर्ष 1990 में 51.3 प्रतिशत तथा वर्ष 2005 में 41.6 प्रतिशत था जो वर्ष 2015 में 31.5 करोड (25.4 प्रतिशत) रहने का अनुमान है।

सामान्यत: जीवन, स्वास्थ्य तथा दक्षता के लिए न्यूनतम उपभोग की आवश्यकताओं को प्राप्त करने की असमर्थता को गरीबी कहते है। जब समाज का बहुत बड़ा भाग न्यूनतम जीवन स्तर को भी प्राप्त नहीं कर पाता हैं अर्थात केवल निर्वाह स्तर पर ही गुजारा करता हैं तो इसे समाज में व्यापक निर्धनता की संज्ञा दी जाती है। गरीबी की अवधारणा को सापेक्ष एवं निरपेक्ष दोनों रूप में देखा जा सकता हैं। सापेक्ष गरीबी से अर्थ आय की असमानताओं से होता है जब दो देशो की प्रति व्यक्ति आय की तुलना करते है तो उसमें भारी अन्तर पाया जाता है, इस अन्तर के आधार पर हम गरीब अमीर देश की तुलना करते है, जिसे सापेक्षिक गरीबी कहते है। निरपेक्ष गरीबी को सामान्यत: जीवन की आवश्यकताओं को जुटानें के लिए पर्याप्त धन के अभाव के रूप में परिभाषित किया जाता हैं। इसमें गरीबी से अर्थ मानव की आधारभूत आवश्यकताओं जैसे खाना, कपड़ा, स्वास्थ्य सहायता आदि की पुर्ति हेतु पर्याप्त वस्तुओं व सेवाओं को जुटा पाने में असमर्थता से होता है। अमेरिका जैसे राष्ट्रो में गरीबी की माप निरपेक्ष आधार पर की जाती है। इसकें अंतर्गत गरीबी की माप वार्षिक आय के स्तर पर की जाती है।

देश में निर्धनता अनुपात एंव निर्धनों की संख्या के संबंध में ताजा आँकड़ें जुलाई 2013 को योजना आयोग द्वारा जारी किये गये। तेंदुलकर समिति द्वारा सुझाए गए नए फॉमूले के आधार पर वर्ष 2009–10 के लिए 19 मार्च 2012 को जारी किए गऐ थे। इस फाँमूले के अनुसार निर्धनता रेखा का आंकलन भोजन में कैलोरी की मात्रा के बजाय, प्रत्येक राज्य में निर्धनता रेखा के लिए शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों में प्रति व्यक्ति मासिक उपभोग व्यय के आधार पर अलग–अलग निर्धारित किया गया है। अखिल भारतीय स्तर पर ग्रामीण क्षेत्रों में 816.8 रू प्रतिमाह व शहरी क्षेत्रों में 1000 रू प्रतिमाह के उपभोग व्यय को जहाँ वर्ष 2011–12 में निर्धनता रेखा की पहचान की गई। ग्रामीण क्षेत्रों में ओडिशा में जहाँ यह 695 रू न्यूनतम हैं वहीं नागालैण्ड में यह सर्वोच्च 1270 रू है। शहरी क्षेत्रों में छतीसगढ़ में 849 रू न्युनतम है। तथा नागालैण्ड 1302 रू सर्वोच्च है। योजना आयोग के वर्ष 2011–12 के अनुसार देश में निर्धनों की सर्वाधिक सख्या वाले राज्य क्रमश: उत्तर प्रदेश, बिहार, महाराष्ट्र है। जबकि निर्धनता अनुपात की दृष्टि से पहले तीन राज्य क्रमश: छतीसगढ़, झारखंण्ड, मणिपुर है। राज्यों में न्युनतम निर्धनता अनुपात क्रमश: गोवा (5.9%) केरल (7.05%) हिमाचल प्रदेश(8.0%) है। प्रस्तुत शोध पत्र में भारतीय अर्थव्यवस्था में व्याप्त गरीबी के कारण एवं प्रभाव, सुझावों को प्रस्तुत किया गया है।

*प्राध्यापक (वाणिज्य) शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, झाबुआ (म.प्र.) भारत
**प्राध्यापक (वाणिज्य) शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, झाबुआ (म.प्र.) भारत

गरीबी के कारण –

1. अवसरो में असमानता और भ्रष्टाचार के करण योग्य व्यक्ति को योग्य स्थान नहीं मिल पाता है, जिससे वह पिछड़ जाता है और समाज में गरीब और गरीब होता चला जाता हैं।
2. भारत में ज्यादातर जनता निम्न और मध्यम वर्ग की है और यहां प्रत्येक व्यक्ति शिक्षा प्राप्त कर उद्योग लगाने के बजाए नौकरी करना पसंद करता है। जिससे उद्योग में पिछड़ापन पाया जाता है।
3. भारत में राजनैतिक चेतना का अभाव है। यहां ज्यादातर व्यक्ति जाति, भाई भतीजावाद और भ्रष्टाचार में लिप्त होकर मतदान करते है तथा भारत में सभी राजनितिक पार्टीयों कों चुनाव के समय ही गरीबों का दर्द दिखाई देता है। जो भारतीय समाज में गरीबी का बड़ा कारण है।
4. भारतीय समाज में व्याप्त जातिगत व्यवस्था तथा कई सामाजिक कुप्रथाएं जैसे साहूकारी प्रथा, जमीदारी प्रथा, मृत्युभोज देने की प्रथा, विवाह में आय से अधिक खर्च करना, जादु टोना, झुठी प्रतिष्ठा आदि देश की आर्थिक प्रगति में बाधक है। जिससे गरीबी का स्तर बना हुआ है।
5. भारत मे बढ़ती जनसंख्या, पुँजी की कमी, अविकसित व्यवसाय, रोजगार प्रधान शिक्षा प्रणाली का अभाव, मानवीय एवं प्राकृतिक संसाधनों का अपूर्ण दोहन, बढ़ती बेरोजगारी और खासकर ग्रामीण क्षेत्रों में बढ़ती बेरोजगारी आदि गरीबी के बड़े कारण है।
6. शिक्षा और जागरूकता कमी से प्रत्येक व्यक्ति अपना आर्थिक विकास नहीं कर पाता है और उसमें गरीबी के कारण स्वस्थ मानसिकता का विकास नहीं हो पाता है और वह हमेशा परंपरागत तरीके से चलता है।

गरीबी का प्रभाव –

1. भ्रष्टाचार और अवसरों में असमानता के कारण समाज में अपराधी प्रवृतिया बढ़ रही है।
2. गरीबी के कारण बच्चों में कुपोषण एंव व्यक्तियों में निम्न जीवन स्तर पाया जाता हैं जिससे उनकी मानसिक सोच और शारीरिक स्वास्थ पर विपरीत प्रभाव पड़ता है।
3. भारत में निर्धनता के कारण अशिक्षा एवं जागरूकता के अभाव के कारण परिवार नियोजन न अपनाने के कारण जनसंख्या वृद्धि हो रही है।
4. भारत में व्याप्त जाति व्यवस्था एवं कुप्रथाओं के कारण उद्योगों में पिछड़ापन पाया जाता है। तथा निष्क्रियता एवं भाग्यवादीता से भिक्षावृति में वृद्धि हो रही है।
5. गरीबी से त्रस्त लोगों द्वारा गॉवों से शहरों की तरफ रूख किया जाता हैं जिससे शहरी क्षेत्रों में गंदी बस्तियों का निर्माण हो रहा हैं और कई समस्याए उत्पन्न हो रही है।
6. गरीबी के कारण व्यक्तियों की आय कम होती है तो व्यय कम होता और इस व्यय से बाजार, उद्योग, प्रति व्यक्ति आय, राष्ट्रीय आय, पुँजी निर्माण आदि पर इसका विपरित प्रभाव पड़ता है और इसका प्रभाव संम्पूर्ण अर्थव्यवस्था पर प्रभाव पड़ता है।

गरीबी निवारण केसुझाव –

1. गरीब वर्ग के लिए शिक्षा एवं जागरूकता के लिए अलग से नीतियों का निर्माण करना होगा तथा उन्हें उद्योग के लिए प्रोत्साहित करना होगा।
2. सरकारों द्वारा चलाई जा रही योजनाओं का सही तरह से क्रियान्वयन करना होगा ताकि योजनाओं का लाभ सही हाथों में पहुच सके।
3. ग्रामीण क्षेत्रों में लघु एवं कुटीर उद्योगों को बढ़ाने के साथ-साथ पशुपालन, वानिकी व सहायक उद्योगों को भी बढ़ाना होगा।
4. सरकार को भारतीय परिस्थितियों और जमीनी स्तर पर मुलभूत समस्याओं को ध्याान में रख कर नीतियों का निर्माण करना होगा ताकि संम्पूर्ण अर्थव्यवस्था का विकास हो सके।
5. ग्रामीण क्षेत्रों में विकास हेतु सार्वजनिक कार्य तेजी से शुरू कर पुरा किया जाना चाहिए इसके लिए सड़के, नहरे, कुएं ग्रामीण मकान, बिजली, पानी की व्यवस्था आदि कार्य किये जा सकते है जिससे बेरोजगारी और निर्धनता दोनों कम होगी।
6. जनशक्ति नियोजन, कृषि आधारित उद्योग धंधों का विकास, प्राकृतिक संसाधनों का उचित दोहन, पुँजी निर्माण में वृद्धि, मुद्रा स्फीर्ति पर नियंत्रण, समान अवसरों की उपल्ब्धता, आर्थिक विकास में तेजी, ग्रामीण औधोगीकरण, सामाजिक सेवाओं का विस्तार आदि उपाय कर गरीबी पर नियंत्रण किया जा सकता है।

अत: निष्कर्ष के रूप में कहा जा सकता है कि गरीबी एक गंभीर समस्या है किन्तु सही दिशा में प्रयास और उचित संचालन तथा वास्तविक क्रियान्वयन से इसका निदान संभव है, इसमें कोई दो राय नहीं है कि विकास में अनेक बाधाए होती है, लेकिन इन बाधाओं को धीरे धीरे दूर किया जा सकता है यदि ऐसा होना सम्भव न होता तो कोई भी अर्द्ध विकसित देश विकसित नही हो सकता था।

अत: अन्त में यही कहा जा सकता है कि अल्प विकसित व अर्द्ध विकसित देशो में गरीबी का कुचक्र तो चलता है, लेकिन उसको धीरे धीरे तोड़ा जा सकता है और देश का विकास किया जा सकता है।

संदर्भ ग्रंथ सूची :-

1. सामान्य अध्ययन, आंनद कुमार पाण्डेय एंव श्रीमती अर्चना पाण्डेय, मध्यप्रदेश हिन्दी ग्रंथ आकादमी, भोपाल, तृतीय(संशोधित परिवर्द्धित) 2013
2. योजना आयोग, नौवीं पंचवर्षीय योजना (1997-2002)
3. राजस्थान पत्रिका, 11 फरवरी 2007 (रविवारीय)
4. भारत का आर्थिक और सामाजिक विकास, मैगबुक, भारतीय अर्थव्यवस्था, अरिहंत पब्लिकेशन्स इंडिया लिमिटेड, वर्ष 2013
5. सामान्य अध्ययन, आंनद कुमार पाण्डेय एंव श्रीमती अर्चना पाण्डेय, मध्यप्रदेश हिन्दी ग्रंथ आकादमी, भोपाल, तृतीय(संशोधित परिवर्द्धित) 2013
6. व्यष्टि अर्थशास्त्र, डॉ. जे.सी. पंन्त, डॉ. जे.पी. मिश्रा, साहित्य भावन पब्लिकेशन्स, वर्ष 2013,
7. प्रतियोगिता दर्पण (लघु अतिरिक्ताक) सामान्य अध्ययन अर्थव्यवस्था एक दृष्टि में, द्वितीय संशोधित एंव परिवर्द्धित सस्करण 2013-14ब
8. भारतीय आर्थिक नीति, डॉ. पी.डी. महेश्वरी, डॉ. शीलचंद गुप्त, कैलाश पुस्तक सदन भोपाल, वर्ष 2013

****

रतलाम के दो बत्ती क्षेत्र में विज्ञापन माध्यमों का अध्ययन

प्रो. विनोद जैन *

शोध सारांश – सौंदर्य मानव के मन मस्तिष्क के लिए एक आवश्यक तत्व है क्योंकि वह उसे सुकून देता है। यह कहा जाए कि सौंदर्य मानव मस्तिष्क के लिए भोज्य पदार्थ है तो अतिश्योक्ति न होगी। सौंदर्य प्रेमी–प्रेमिका के रूप से आरम्भ होकर दिव्य सौंदर्य के अनुभव हेतु आध्यात्मिक आरोहरण की ओर प्रेरित करता है और यही आत्मा के उत्कर्ष का साधन बनता है। अखोरी गंगाप्रसाद जी ने पद्माकर को 'सौंदर्य का कवि माना है। सौंदर्य भाव क्षेत्र का सामंजस्य है। भावों के इस सामंजस्य में आकर्षण उत्पन्न होता है। और संवेदनशीलता जागृत होती है और प्रेम का संयोग होता है।

शब्द कुंजी – सौंदर्य, प्रेमी–प्रेमिका, अलौकिक आनन्द, संवेदनशीलत ।

प्रस्तावना – रतलाम मध्यप्रदेश के मालवा क्षेत्र का प्रमुख व्यवसायिक शहरो में से एक है, रतलाम की अपनी पहचान तीन कारणो से है– रतलामी सेवं, स्वर्णनगरी, एंव पश्चिमी रेलवे का प्रमुख रेलवे स्टेशन। रतलाम का पुराना व्यवसायिक क्षेत्र पुराने शहर में स्थित है लेकिन बाद में धीरे–धीरे रतलाम का दो बत्ती क्षेत्र भी व्यवसायिक क्षेत्र के रूप में विकसित होगया है। दोबत्ती क्षेत्र के बाजार का स्वरूप आधुनिक एंव परम्परागत का मिश्रित रूप है अत: यह जानने की जिज्ञासा हुई कि क्षेत्र में विज्ञापन के कौन – कौन से माध्यमो एंव साधनो का उपयोग किस तरह से हो रहा है।

विज्ञापन के माध्यम से आशय– विज्ञापनकर्ता जिन साधनो के माध्यम से अपनी वस्तुओ, सेवाओ, या विचारो के संबंध में वाछितं बाजारो तक पंहुँचते है उन्हें विज्ञापन माध्यम कहा जाता हैं। वस्तुत: विज्ञापन माध्यम ऐसा भौतिक साधन है जिसके द्वारा एक निर्माता अथवा वितरक अपनी वस्तुओ या सेवाओ के संबंध में उपभोक्ताओ को जानकारी देता है और उनके व्यवहारो को प्रभावित करता है।

समाचार पत्रीय विज्ञापन– समाचार पत्रीय विज्ञापन आधुनिक युग का सार्वाधिक प्रचलित, लोकप्रिय, एंव महत्वपूर्ण साधन है जिसके द्वारा जन सामान्य को सूचित किया जाता है। इलेक्ट्रानिक उत्पाद, कृषि उपकरण विक्रेता एंव मोबाईल विकेता द्वारा इस माध्यम का प्रयोग तीन प्रकार से किया जाता है– अ. स्थानीय समाचार पत्र में स्वयं की फर्म का विज्ञापन ब. समाचार के वर्गीकर्त विज्ञापन में विज्ञापन करते है जो साज सज्जा रहित एंव मितव्ययी होता है स. उत्पादक द्वारा राष्ट्रीय एंव प्रादेशिक समाचार पत्रो में उत्पादक के साथ विक्रेता का नाम, साज सज्जा विज्ञापन जो आकर्षक रंगो चित्रो आदि के माध्यम से सुसज्जित होता है । पत्रिकाओ में इस क्षेत्र में इस माध्यम के विज्ञापन नहीं होते है।

जर्नलस् एंव निर्देशिकाए– इस माध्यम का उपयोग कृषि उपकरण विक्रताओ द्वारा किया जाता है। स्थानिय टेलिफोन डायरेक्टरी में विक्रेताओ द्वारा अपना विज्ञापन दिया जाता है।

बाहय विज्ञापन–

पोस्टर्स – पोस्टर्स से आशय लिखित एंव मुद्रित एंव चित्रित विज्ञापनो से है जिन्हें कागज, कार्डबोर्ड, धातु की प्लेटो,फ्लेक्स, एक्रेलिक शीटो के माध्यम से दीवारों, सार्वजनिक चौराहो, सडको के किनारे, कार्यालयो के अंदर एंव बहार चिपकाया एंव लगाया जाता है जिससे ग्राहक आकर्षित हो इस माध्यम का क्षेत्र में बहुतायात उपयोग होता है।

यातायात विज्ञापन– यह क्षेत्र का लोकप्रिय विज्ञापन का साधन है जो कि शहर में भ्रमण करने वाले आटो पर फ्लेक्स बैनर लगाकर किया जाता है। होटल व्यवसायियो द्वारा बसो के अंदर स्टीकर लगाकर इस तरह का विज्ञापन किया जाता है।

विज्ञापन बोर्डो – विज्ञापन बोर्ड ये आकार में बडे होकर किसी एक उत्पाद या एक निर्माता की वस्तु की जानकारी प्रदान करते है जिसमें प्राय: शब्दो का प्रयोग कम होकर चित्र द्वारा सरल तरीके से जानकारी देने का प्रयास किया जाता है यह माध्यम क्षेत्र के चौराहो पर तथा सडक के किनारो पर हो रहा है।

सेंडविच विज्ञापन– इस तरह के विज्ञापन क्षेत्र की फर्मो द्वारा तीन पहिया साईकिल के माध्यम से दोनों साईडो में तथा पीछे फ्लेक्स के बोर्ड लगाकर किया जाता है पुरे शहर में इस साईकिलो का भ्रमण करवाया जाता है।

आकाशलेखन विज्ञापन – कभी कभी या विशेष अवसर पर जैसे त्यौहार आदि पर गुब्बारो के माध्यम से क्षेत्र में चौराहो या भवन के ऊपर के हिस्सो पर इस माध्यम का उपयोग किया जाता है।

विद्युत सजावट द्वारा– आजकल फर्म के नाम को आधुनिक तरीको द्वारा लाईटिंग ट्यूब से रात्रि में आकर्षक कलर में विज्ञापन कर ग्राहको को आकर्षित किया जाता है। त्यौहारो के अवसर पर विषेश लाईटिगं भी की जाती है।

* सहायक प्राध्यापक (वाणिज्य) शासकीय कन्या महाविद्यालय, रतलाम (म.प्र.) भारत

आजकल एल.ई.डी. का प्रयोग भी काफी बढ गया है।

डाक द्वारा विज्ञापन – इस माध्यम का उपयोग कृषि उपकरणो के व्यवसायी नये माल की सुचना देने,मूल्य परिवर्तन की जानकारी देने आदि के लिये करते है।

मनोरंजन विज्ञापन–

रेडियो – दोबत्ती क्षेत्र में आकाशवाणी का विविधभारती केन्द्र का प्रसारण स्थानीय स्तर पर होता है

टेलिविजन– टेलिविजन एक ऐसा उपकरण है जो शब्दो एंव दृश्यो को दर्शको के समक्ष प्रस्तुत करता है जो विज्ञापन का एक प्रभावी माध्यम है। लोकल केबल आपरेटर द्वारा इस प्रकार के विज्ञापन किये जाते है।

सिनेमा स्लाइड – बाइक एंव कार विक्रताओ द्वारा अपने विभिन्न माडलो की जानकारी अपने शोरूम में स्थापित बडे टी.वी. स्क्रीन पर दी जाती है एंव सिनेमा हाल में स्लाइड द्वारा किया जाता है।

मेला एंव प्रदर्शिनियो – मेलो का चलन हमारे देश में प्राचीन काल से है षहर में समय समय पर तीन मेंले लगते है – नवरात्री मेंला, त्रिवेणी मेला, तेजाजी का मेंला इन मेलो में उत्पादको एंव स्थानीय फर्मो द्वारा विज्ञापन किया जाता है।

क्रय केन्द्र विज्ञापन–

काउटंर सजावट – इस माध्यम को क्षेत्र में अधिकांश रिटेल व्यापारी उपयोग करते है तथा दुकान पर आये ग्राहको को प्रभावित करने के लिए है जो कि इस माध्यम का निम्न प्रकार से प्रयोग करते है– दुकान के प्रवेश पर कांच की दिवार बनाकर जिससे की दुकान का आंतरिक दृष्य सम्पूर्ण रूप से बाहर से ग्राहक को दृष्टिकोचर होता है। रेडिमेंड व्यवसायी कांच की दीवार का उपयोग वस्त्रो को आकर्शक रूप से लगाकर करते है एंव कहीं – कहीं चित्र वाले फ्लेक्स लगाकर प्रदर्शन किया जाता है।

कांच के काउंटर – ये पारदर्शि काउंटर मिठाई एंव नमकीन के विक्रेता तथा मोबाईल शॉपो द्वारा अपनी वस्तुओ को आकर्षक ढंग से प्रस्तुत करने के लिए करते है इसी तरह से कुछ विक्रेता अपनी सम्पूर्ण फर्नीचर में कांच के दरवाजे का प्रयोग करते है जिससे उसकी दुकान का सम्पूर्ण माल कि जानकारी आकर्षक ढंग के साथ सरलता से ग्राहको को हो सके।

दुकानो में विस्तृत दिखावट– क्षेत्र के कुछ विक्रेता मालो की तरह प्रत्येक छोटी और बडी वस्तु को वर्गीकृत करके दृश्य रूप में व्यक्त करते है जिससे ग्राहक अपनी आवश्यकता अनुसार वस्तुओ को लेकर काउंटर पर बिलिंग करवाता है।

दुकान के अंदर वस्तु को कार्य रूप में प्रदर्शित करना– इस माध्यम का उपयोग इलेक्ट्रानिक उपकरणो के विक्रेता द्वारा वस्तुओ का डेमो देकर किया जाता है जिससे क्रेता वस्तुओ की जानकारी प्रत्यक्ष लेकर अपनी आवष्यकतानुसार वस्तु खरीदने में सुविधा होती है।

वातायन सजावट– यह माध्यम राह चलते व्यक्ति को अपनी और आकर्षित करता है इसका उपयोग क्षेत्र में निम्न तरीको से दृश्टिकोचर होता है – वस्तुओ को बहार प्रदर्शित करना, वस्तुओ की खाली पैकिगं बहार प्रदर्शित करना, प्लास्टिक के माँडल पर वस्तु को बहार टागंकर प्रदर्शन करते है। क्षेत्र में एकरेलिक शीट कागज की प्रिंटेड, फ्लेक्स आदि पर ब्राण्ड नेम के विज्ञापनो का प्रयोग बहुतायात में होता है, फर्मो के नाम के साइन बोर्ड, फ्लेक्स, धातु, एक्रेलिक शीट आदि में होता है।

अन्य माध्यम–

लाउड स्पीकर– यह क्षेत्र में लोकप्रिय विज्ञापन का साधन है इसके अंतर्गत स्थानीय तौर पर तांगो, रिक्शा, एंव मोटरगाडी पर वस्तु की जानकारी, विशेष आफर, नई वस्तुओ की जानकारी, सरकारी योजनाओ की जानकारी के लिये किया जाता है।

विशिष्ट एंव अभिनव विज्ञापन– यह तरीका संभावित ग्राहको को आकर्षित करने के लिये किया जाता है जिसमें उनहे कोई उपहार देकर जानकारी की प्रिटंडे साम्रगी भी दी जाती है इसका उपयोग सीए परीक्षा के दौरान कोचिगं की जानकारी, एंव अन्य परीक्षाओ में प्रोफेशनल कोर्स की जानकारी देने के लिए होता है।

प्रदर्शन द्वारा– किसी वस्तु का प्रदर्शन उसकी प्रयोग विधि के साथ किया जाता है जिससे ग्राहक उसकी उपयोगिता जान सकता है इस तरह का प्रदर्शन कटलरी एवं वाटर फील्टर आदि के लिये किया जाता है।

इंटरनेट पर विज्ञापन– कुछ विक्रेताओ द्वारा नेट पर अपनी साइड बनाकर इस माध्यम का उपयोग किया जाता है।

निष्कर्ष– क्षेत्र में विज्ञापन का स्वरूप, आकार, एंव रीति आदि को देखकर प्रतीत होता है कि छोटे बडे सभी व्यवसायि विज्ञापनो के किसी न किसी माध्यम का प्रयोग कर रहे है अर्थात विज्ञापन का महत्व बड रहा है।

संदर्भग्रंथ सूची:–

1. विपणन के सिद्धांत डॉ एस. के. भारल।
2. विपणन के सिद्धांत प्रो. भदभदा।
3. दैनिक भास्कर 2014–15
4. नईदुनिया 2014–15

****

उच्च शिक्षा में परीक्षा पद्धति एवं मूल्यांकन

डॉ. आर. के. वर्मा *

प्रस्तावना – महाविद्यालयों और विश्वविद्यालयों में दी जाती रही, उच्च शिक्षा का पांरपरिक अर्थ कला, विज्ञान और वाणिज्य की शिक्षा से रहा है। 20वी सदीं के अंतिम दो दशको में उसका प्रारूप बदलने लगा। और 21वीं सदी में आकर पारंपरिक विषय सिकुड गये तथा उच्च शिक्षा का अर्थ हो गया तकनीकी शिक्षा, प्रौद्योगिकी शिक्षा, नक्षत्र विज्ञान, कास्मोलॉजी और रोबाटिक्स की शिक्षा। वर्ष 1964-66 में भारत सरकार द्वारा गठित कोठारी आयोग ने जब अपनी रिपोर्ट दी तो प्रारंभ में ही कहा था कि उच्च शिक्षा उत्कृष्टता की शिक्षा हो, उत्पादकता की शिक्षा हो, राष्ट्रीय चरित्र निर्माण की शिक्षा हो आत्म निर्भर बनाने के हूनर की शिक्षा हो। आज देश में 659 विश्वविद्यालय और तीस हजार से अधिक महाविद्यालय है। जिसमें से 17 विश्वविद्यालय व 405 महाविद्यालय म.प्र. में है। इसके बावजूद देश व प्रदेश में शिक्षा को वह मुकाम नहीं मिल पाया हैं जिसका सपना स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों ने देखा था।

परीक्षा ज्ञानार्जन की गहनता और गुणवत्ता का निष्पक्षता पूर्वक मूल्यांकन की प्रक्रिया है। इसे शिक्षा की सफलता का मापदण्ड माना जाता है। यह किसी न किसी रूप में हर युग में रही है। प्राचीनकाल में गुरू अपने विषयों के अतिरिक्त उनके सम्पूर्ण व्यवहार, आचरण, चरित्र, संस्कार, व गुरू निष्ठा की परीक्षा लिया करते थे। आरूणि, उपमन्यु, अर्जुन, युधिष्ठिर, एकलव्य एवं कर्ण इसके उदाहरण है।

उच्च शिक्षा में वर्तमान परीक्षा पद्धति में परीक्षा की शुचिता, विश्वसनीयता, वैधता, गोपनीयता, उसकी सार्थकता एवं औचित्य पर प्रश्नचिन्ह उपस्थित हो रहे है। सम्पूर्ण परीक्षा तंत्र की कमियॉ एवं दुर्बलताएं उच्च शिक्षा जगत में एक बहुत बडी चुनौती के रूप में उभरती जा रही है। आजादी के बाद भारत में पहली बार राधाकृष्णन आयोग, मुदालियर और कोठारी, राममूर्ति, यशपाल समिति एवं भारतीय ज्ञान आयोगो ने भी परीक्षा प्रणाली पर कई सुझाव दिये। **राधाकृष्णन आयोग के शब्दो में 'उच्च शिक्षा में अगर कोई सुधार करना हो तो परीक्षा प्रणाली में करना होगा।'** इस आयोग ने यह भी चेतावनी दी थी कि इस बारे में शीघ्र कदम न उठाये गये तो हमारा शिक्षा का ढॉचा ही चरमरा जायेगा। आयोग की यह टिप्पणी समयानुकूल प्रतीत होती हैं

परीक्षा सफलता की प्रथम सीढ़ी है यह विद्यार्थी को उसकी सफलता और असफलता का बोध कराती है। यह विद्यार्थी की मानसिक योग्यता, रूचियों, अभिरूचियों, अभिवृत्ति एवं व्यक्तित्व विकास के विभिन्न पक्षों की जॉच का माध्यम है। इसके द्वारा न केवल विद्यार्थियों की उपलब्धियों का पता चलता है। वरन कक्षाओं में प्रदान की जाने वाली शिक्षा एवं पाठ्यक्रमों की गुणवत्ता, अध्यापन स्तर, शिक्षण की प्रभावशीलता आदि का मूल्यांकन भी आसानी से हो जाता है। यह किसी भी शिक्षा प्रणाली के मूल्यांकन का आधार होती है। **एन.सी.ई.आर.टी के अनुसार मूल्यांकन एक प्रक्रिया है, जिसके द्वारा यह ज्ञात किया जाता है कि किस सीमा तक उद्देश्य प्राप्त किये गये है? कक्षा में दिये गये अधिगम अनुभव कहा तक प्रभावशील सिद्ध हुए है और कहा तक शिक्षा के उद्देश्य पूर्ण किये गये है।'**

मूल्यांकन शैक्षणिक प्रक्रिया का अभिन्न अंग है। प्रयत्नों की सफलता,असफलता या आंशिक सफलता के कारणो का जिस कारण एवं जिस प्रकार पता लगाया जाता है, उसी का नाम मूल्यांकन है। विद्यार्थियों में बौद्धिक, मानसिक एवं व्यावहारिक परिवर्तन अपेक्षा अनुसार हुए या नहीं? यदि हुए है तो किस सीमा तक और नहीं हुए है तो क्यों? इसका पता परीक्षा माध्यम से ही लगाया जा सकता है। शिक्षण एक महत्वपूर्ण प्रक्रिया है जिसके निम्न पॉच आधारभूत तत्व होते है। -

1. शिक्षक 2. विद्यार्थी 3. पाठ्यक्रम
4. परीक्षा पद्धति 5 मूल्यांकन

1. शिक्षक- यह एक ऐसा स्त्रोत है जिससे विद्यार्थी अपने उद्देश्य की प्राप्ति में सफलता प्राप्त कर सकता है। शिक्षक शैक्षिक प्रक्रिया का आधारभूत तत्व है जिसके अभाव में शिक्षा प्रक्रिया पूरी नहीं हो सकती है।

2. विद्यार्थी/शिक्षार्थी – शिक्षण प्रक्रिया विद्यार्थी/शिक्षार्थी के बिना संभव नहीं है। शिक्षार्थी ही वह तत्व है जिसे शिक्षा प्राप्त करनी होती है।

3. पाठ्यक्रम- शिक्षण प्रक्रिया का एक महत्पपूर्ण एवं प्रमुख तत्व पाठ्यक्रम है। पाठ्यक्रम ही वह साधन है जिससे शिक्षक शिक्षार्थी को शिक्षा देता है तथा शिक्षण प्रक्रिया चलती है। शिक्षार्थी को क्या सिखाना है,यह निर्धारण ही पाठ्यक्रम है।

4. परीक्षा पद्धति – यह वह साक्ष्य है जो सफलता या असफलता का बोध कराती है।

5. मूल्यांकन – यह वह प्रक्रिया है जिसके बिना शैक्षणिक प्रक्रिया अधूरी रहती है। विद्यार्थी अपनी कमियों तथा सुधार के संबंध में इसके द्वारा विचार करते हैं तथा शिक्षक भी यह जान पाते है कि विद्यार्थी किस सीमा तक लाभान्वित हो रहे है। शासन भी परीक्षा परिणामों के आधार पर शिक्षा संबंधी नीति का निर्धारण करता है। अत: वर्तमान वैश्वीकरण,उदारीकरण एवं कम्प्युटरीकरण के युग में हमे **'उच्च शिक्षा में परीक्षा पद्धति एवं मूल्याकन'** षषिय पर पुन: विचार करना आवश्यक प्रतीत होता है। हमारी आज की परीक्षा प्रणाली दोषों से परिपूर्ण है। इसका समाज एवं विद्यार्थियों पर बहुत विपरीत प्रभाव पडा है। इसका सबसे बडा दोष है कि सम्पूर्ण शिक्षा परीक्षा पर ही केन्द्रित होती जा रही है। स्कूलों में मासिक,त्रैमासिक,अर्द्ध वार्षिक और

* सहायक प्राध्यापक (वाणिज्य) शासकीय कन्या महाविद्यालय, मन्दसौर (म.प्र.) भारत

वार्षिक परीक्षाएं तथा महाविद्यालयों एंव विश्वविद्यालयों में कही सेमेस्टर तो कही वार्षिक परीक्षाएं होती हैं । इसके कारण स्कूलों,महाविद्यालयों एवं विश्वविद्यालयों का अधिकांश समय परीक्षा संचालन में लगता हैं।

पूर्व राष्ट्रपति डॉ.राजेन्द्र प्रसाद ने कहा था कि–'परीक्षा पास करने के बाद विद्यार्थी अपने को नये युग की मांगो का सामना करने में असमर्थ पाते है। परीक्षा उत्तीर्ण होने के पश्चात प्राप्त उपाधि या प्रमाण पत्र के अनुरूप योग्यता हासिल नहीं रहती है।'

वर्तमान परीक्षा पद्धति के दोष– वर्तमान में लगभग सभी विभागों एवं क्षेत्रों में नौकरी एवं उच्च शिक्षा में प्रवेश आदि के लिये बाहरी परीक्षा ली जाती है अर्थात अलग से लिखित, मौखिक या ऑन लाईन परीक्षा आयोजित की जाती है और इन्हीं परीक्षाओं में उत्तीर्ण विद्यार्थियों का चयन किया जाता है। इससे यह सिद्ध होता है कि विद्यार्थी ने पूर्व में जो अध्ययन किया है वह ठीक नहीं है या जिन शिक्षकों ने अपने परिश्रम द्वारा विद्यार्थियों को तैयार किया है वह ठीक नहीं हैं। आज की सस्ती व लोकप्रिय परीक्षा प्रणाली ने विद्यार्थियों को आलसी एवं लोकप्रिय आर्ट नोट्स जिनमें गाईड,कुंजी,सरल अध्ययन माला,विद्या अध्ययनमाला,वन–डे सीरिज तथा 20 प्रश्न पुस्तिका प्रमुख है, से पढकर परीक्षा उत्तीर्ण करना सिखा दिया है। 3 घंटे की अवधी में निश्चित पाठ्यक्रम से पूछे गये प्रश्नों के उत्तर लिखकर सफलता मिल जाती है। परिणाम स्वरूप विद्यार्थी वर्ष भर पढ़ाई न करते हुये परीक्षा दिनो में सिर्फ परीक्षापयोगी पुस्तकों का ही अध्ययन करते हैं। यहां तक की कुछ प्राध्यापक भी उसी प्रकार की पुस्तके लिखने में व्यस्त हो गये है। प्रश्न पत्रों की रचना भी वन–डे सीरिज या 20 प्रश्न पुस्तिका के अनुरूप करने लगे है। यह उच्च शिक्षा के लिये अच्छा संकेत नहीं है। इसका ज्वलन्त उदाहरण जानना चाहे तो इस वर्ष विक्रमविश्वविद्यालय उज्जैन द्वारा नवंबर–दिसंबर, 2014 में आयोजित स्नातकोत्तर स्तर पर सेट किये गये विभिन्न विषयों के प्रश्न पत्रो का परीक्षण किया जा सकता हैं। जिनमें सभी प्रश्न 20, प्रश्न पुस्तिका के दिये है। इसी प्रकार पिछले 05 वर्षो के स्नातक व स्नातकोत्तर के विभिन्न विषयों के प्रश्न पत्रों का मिलान 20 प्रश्न पुस्तिका से किया जा सकता है। सरकार को इसे गंभीरता से लेकर ऐसे प्रश्न पत्र सेट करने वाले प्राध्यापको पर भी कार्यवाही की जानी चाहिए। इसके परिणाम स्वरूप आज विद्यार्थी भी कक्षाओ मे बैठना नहीं चाहता है तथा कक्षाओ मे भी उनके पास पाठ्यपुस्तकों के स्थान पर गाईड या 20 प्रश्न पुस्तिका बैग में पायी जाती है। इस प्रकार पाठ्यक्रम के लिये निर्धारित एवं अनुशंसित पुस्तकों के अध्ययन में विद्यार्थियों की अरूचि दृष्टिगत हो रही है एवं विद्यार्थियों ने पुस्तके खरीदना बंद कर दिया है। इस कार्य में कोचिंग कक्षाओं का भी बहुत योगदान रहा है, कोचिंग कक्षाओ के संचालको एवं शिक्षकों द्वारा तैयार नोट्स दिये जाते है तथा पुस्तको से अध्यापन नहीं कराया जाता है। केवल परीक्षा की दृष्टि से महत्वपूर्ण पाठ्यक्रम ही पढाते है फलस्वरूप कक्षाओं में भी विद्यार्थियों की प्राध्यापको से यही अपेक्षा रहती है कि वे भी उन्हे सम्पूर्ण पाठ्यक्रम का अध्यापन न कराकर केवल महत्वपूर्ण परीक्षापयोगी प्रश्नों का ही अध्यापन करावे। इस स्थिति में प्राध्यापको को भी विद्यार्थियों की मांग के आधार पर ही अपने ज्ञान को सीमित करना पडता है और जिन प्राध्यापको ने उनकी इन मांगो को नहीं माना है उनकी कक्षाओं में विद्यार्थी बैठना भी पसंद नहीं करते है। यही कारण है कि कक्षाओं में उपस्थिति भी घटती जा रही है लेकिन इससे विद्यार्थियों का ही नुकसान हो रहा है। वे केवल परीक्षा उत्तीर्ण करने मात्र ही ज्ञानार्जन करते है, मौलिकता या ज्ञान की गहनता से उनका कोई संबंध नहीं है। परिणाम स्वरूप विद्यार्थी जितनी शीघ्रता से विषय याद करता है,उतनी ही शीघ्रता से वह भूल भी जाता है। **आचार्य विनोबा भावे के अनुसार –'यदि किसी स्त्री को 100 रोटियां बनाने को कहा जाये और वह 33 रोटियां ठीक बनाये और 67 रोटियां जला दे तो क्या आप उसे रोटियां बनाने में कुशल मान लेगें।'** परन्तु हमारी परीक्षा पद्धति यही कह रही है। वर्तमान परीक्षा पद्धति में विद्यार्थियों की बुद्धि, रूचियों, प्रवृत्तियों व कुशलताओं एवं समझदारी को नहीं मापा जाता अपितु उनकी लेखन शक्ति एवं भाषा शैली को प्रधानता दी जाती है जिससे विद्यार्थियों में परीक्षा भय एवं तनाव उत्पन्न करती है। कई विद्यार्थियों द्वारा अपनी जीवन लीला भी समाप्त कर ली जाती है।

मूल्यांकन में दोष/कमियां –परीक्षा पद्धति के अंतर्गत उत्तर पुस्तिकाओं, सीसीई, प्रोजेक्ट कार्य, एवं प्रायोगिक कार्य के मूल्यांकन एवं मौखिकी पर विचार करते है तो यह भी दोष पूर्ण है। उत्तर पुस्तिकाएं जॉचने में समय कम मिलता है जिससे कई बार उचित मूल्यांकन नहीं हो पाता। कुछ उत्तर पुस्तिकाएं बण्डल के रूप में प्राध्यापकों के घरो पर मूल्यांकन हेतु भेजी जाती है तो कुछ का केन्द्रीय मूल्यांकन करा लिया जाता है जिसमें विषय सें संबंधित प्राध्यापकों एवं पेपर सेटर से मूल्यांकन न कराकर अन्य प्राध्यापको से मूल्यांकन कार्य सम्पन्न करा लिया जाता है। परिणाम स्वरूप अच्छे एवं योग्य विद्यार्थियों को भी कम अंक मिलने की शिकायते निरंतर बढती जा रही है। यदि विद्यार्थी पूर्ण:मूल्यांकन कराना चाहता है तो भी नहीं करा सकता क्योंकि सेमेस्टर पद्धति में पूर्ण:मूल्यांकन पर भी विश्वविद्यालयों ने प्रतिबंध लगा दिया है।

कक्षा अध्यापन के दौरान सीसीई, प्रोजेक्ट कार्य, आंतरिक मूल्यांकन, प्रायोगिक परीक्षा का आयोजन महाविद्यालय स्तर पर ही विश्वविद्यालय की अनुमति से कराया जाता है। चूंकि कक्षाओ में विद्यार्थियों की नियमित उपस्थिति नहीं रहती है। अत: उक्त कार्यो के मूल्यांकन के लिये अलग–अलग विधाओं का आयोजन अधिकांश महाविद्यालयों में नहीं किया जाता है प्रतिवर्ष कोई न कोई बहाना बनाकर घर से लिखकर लाने के लिये कुछ प्रश्नों के उत्तर लिखकर मंगवाकर मूल्यांकन कार्य की इतिश्री कर ली जाती है। विज्ञान विषयों में जहां महाविद्यालयों के निजी भवन भी नहीं है, न हीं नियमित प्राध्यापक है, अतिथि विद्धान अतिथि की तरह आते व चले जाते है वहां विद्यार्थियों को नियमित प्रायौगिक कार्य की सुविधा नहीं मिल पाती है। मजबूरीवश जो भी प्राध्यापक यह मूल्यांकन कार्य करता है प्राचार्यो की मंशानुसार विद्यार्थियों को अंक प्रदान कर अपना कार्य पूर्ण करता है।

सत्र 2008–09 से प्रत्येक सेमेस्टर में प्रत्येक कक्षा के विद्यार्थी से प्रोजेक्ट कार्य कराया जाता था। वर्तमान में यह कार्य अंतिम सेमेस्टर में कराया जाने लगा है अर्थात स्नातक के छठें सेमेस्टर व स्नातकोत्तर के चतुर्थ सेमेस्टर में प्रोजक्ट कार्य कराये जाने का प्रावधान है जिसके अंक भी निर्धारित है और परीक्षा परिणाम में भी जोड़े जाते है। उच्च शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार कला,विज्ञान एवं वाणिज्य संकाय के विद्यार्थियों को उनके विषयानुसार एवं रूचिनुसार रोजगार परक प्रोजेक्ट कार्य सौंपा जाकर, लिखित में प्रतिवेदन लेकर एवं मौखिक परीक्षा ओयोजित कर मूल्यांकन कार्य सम्पन्न कराना चाहिए किन्तु इस कार्य को शासन एवं प्राध्यापकों के निर्देशानुसार अधिकांश विद्यार्थियों द्वारा नहीं किया जाता है। बाजार में तैयार प्रोजेक्ट क्रय कर विद्यार्थी अपने शिक्षक निर्देशक के पास जमा करा देता हैं। यदि उसे मौलिक कार्य करने के निर्देश दिये जाते है तो प्राध्यापको पर अच्छे नंबर देने का दबाव बनाया जाता है किन्तु मौलिकता नहीं रहती हैं। इस प्रकार हमारी परीक्षा पद्धति तो दोष पूर्ण है हि साथ ही मूल्यांकन पद्धति भी दोषपूर्ण है।

इस प्रकार वर्तमान परीक्षा प्रणाली आधुनिक वैश्वीकरण, ज्ञान आधारित अर्थव्यवस्था कम्प्युटर एवं इंटरनेट, मशीनीकरण, नवीन गतिशील युग के अनुरूप विद्यार्थियों का मूल्यांकन करने में पूर्णत: सक्षम दृष्टिगत नहीं हो रही है। इसलिये आज सतत और व्यापक मूल्यांकन पद्धति की अधिक आवश्यकता है।

सुझाव– वर्तमान परीक्षा पद्धति एवं मूल्यांकन पद्धति में सुधार हेतु निम्न सुझाव दिये जा सकते हैं–

1. पाठ्यक्रमों में बार–बार परिवर्तन नहीं किये जाना चाहिए।
2. आवश्यक होने पर उच्च शिक्षा में रूचि रखने वाले विशेषज्ञ प्राध्यापको को ही समिति में रखा जाये तथा एक बार परिवर्तन के पश्चात न्यूनतम पॉच वर्ष तक पाठयक्रमों मे कोई परिवर्तन नहीं किये जाना चाहिए।
3. पाठ्यक्रम की विषय सामग्री को पोस्टर,चार्ट,मॉडल,एवं अन्य नवाचारो के माध्यम से किया जाना उचित होगा जिससे विद्यार्थी विभिन्न आयामों से विषय सामग्री समझ एवं आत्मसात कर सकें।
4. कोचिंग कक्षाओं पर महाविद्यालयीन समय में संबंधित विषय की कोचिंग करने पर प्रतिबंध लगाया जाना चाहिए।
5. सभी महाविद्यालयों एवं विश्वविद्यालयों की परीक्षा पद्धति एवं मूल्यांकन में एक रूपता लायी जानी चाहिए।
6. परीक्षा परिणाम पद्धति एवं अंको का निर्धारण एक जैसा हो कहीं अंकन पद्धति व कहीं ग्रेडिग पद्धति न हों।
7. स्नातक कक्षाओं में सेमेस्टर पद्धति को समाप्त किया जाना चाहिए ताकि विद्यार्थियों के व्यक्तित्व विकास एवं बौद्धिक क्षमता के विकास संबंधी गतिविधियों अधिकाधिक हो सकें।
8. वन–डे सीरिज, 20 प्रश्न पुस्तिका, गाईड पर पूर्ण प्रतिबंध लगाया जाना चाहिए इससे विद्यार्थियों में पाठ्य पुस्तकों एवं संदर्भ ग्रंथो से अध्ययन की आदत विकसित होगी।
9. प्रश्न पत्र रचना के निर्देशो का कड़ाई से पालन हो ताकि प्रश्न पत्र सम्पूर्ण पाठयक्रम का प्रतिनिधित्व करता हो।
10. प्रश्न पत्रों के मॉडरेशन एवं साल्यूशन की व्यवस्था की जानी चाहिए ताकि मूल्यांकन कार्य में एकरूपता आ सकें।
11. पुन: मूल्यांकन का प्रावधान कर ऐसे प्राध्यापकों के उत्तर पुस्तिकाओ के मूल्यांकन करने पर प्रतिबंध लगाया जावे जिनके द्वारा मूल्यांकित उत्तर पुस्तिकाओं के नंबरों में 10 प्रतिशत से ज्यादा परिवर्तन हो तथा आवश्यक व्यय की दण्डात्मक वसूली की जानी चाहिए।
12. शिक्षण शुल्क में उचित वृद्धि की जानी चाहिए ताकि विद्यार्थी उसका सही महत्व समझ सके और यह जान सके की उच्च शिक्षा इतनी सस्ती नहीं है जिसे आसानी से प्राप्त किया जा सके।
13. निर्धारित समय पर परीक्षाएं प्रारंभ की जाकर परीक्षा परिणाम एक माह के भीतर घोषित किया जाना चाहिए।
14. रिक्त पदो पर शीघ्र–अतिशीघ्र शिक्षकों को पदस्थ किया जावे तथा अतिथि विद्वानों की नियुक्ति प्रक्रिया सत्रारंभ के पूर्व जून माह में ही पूरी की जानी चाहिए ताकि जुलाई माह से नियमित अध्यापन कार्य प्रारंभ हो सकें।
15. एन.सी.सी.एवं योग को एक अतिरिक्त विषय के रूप में पाठयक्रम में शामिल किया जावे। ताकि विद्यार्थी को रक्षा सेवा के पदो के चयन में वरीयता मिल सके।
16. अनुत्तीर्ण या एटीकेटी प्राप्त विद्यार्थियों को अगली कक्षा से छात्रवृत्ति देना बंद किया जाना चाहिए तथा उन्ही विद्याार्थियों को छात्रवृत्ति की पात्रता दी जानी चाहिए जिन्होने न्यूनतम 50 प्रतिशत अंक अर्जित किये हो। इस प्रतिबंध के फलस्वरूप विद्यार्थियों की कक्षाओ में उपस्थिति में सुधार संभव हो सकेगा।
17. किसी भी महाविद्यालय के प्राचार्य द्वारा पहले अपने महाविद्यालय की परीक्षा संचालन व्यवस्था की जावे। अतिरिक्त स्टॉफ उपलब्ध होने पर ही अन्य प्रायवेट विश्वविद्यालयों की परीक्षाओं के संचालन की स्वीकृति दी जानी चाहिए इसके लिये शासन स्तर पर अनुमति भी प्राप्त की जानी चाहिए ताकि नियमित शिक्षकों को अध्यापन के दौरान परीक्षा कार्य में लगाये जाने से विद्याार्थियों का अध्यापन कार्य प्रभावित न हो।
18. प्रत्येक महाविद्यालय का वास्तविक निरीक्षण कर शिक्षको एवं उपलब्ध अध्ययन कक्षों के आधार पर प्रवेश संख्या का पुन:निर्धारण किया जाना चाहिए।
19. सभी महाविद्यालयों के अध्ययन कक्षों एवं परिसर में सीसीटीवी कैमरे लगाये लगाये जाने चाहिए।
20. महाविद्यालयों में परीक्षा के दौरान पिछले कुछ वर्षो से पुलिस बल उपलब्ध नहीं हो रहा है अत: पुलिस बल की उपलब्धता सुनिश्चित की जानी चाहिए ताकि परीक्षा के दौरान होने वाली अवांछित गतिविधियों एवं नकल प्रवृत्ति पर रोक लगायी जाने में मदद मिल सके।
21. परीक्षा में पूछे जाने वाले प्रश्नों में विविधता लानी होगी ताकि विद्यार्थी कुछ ही महत्वपूर्ण प्रश्नों पर आधारित न रहे।
22. अतिलघु उत्तरीय,लघुउत्तरीय एवं दीर्घ उत्तरीय प्रश्नों का निर्धारण करते समय शब्द सीमा का ध्यान रखा जाना चाहिए।
23. नकल प्रकरण बनने पर संबंधित विद्यार्थी को छात्रवृत्ति एवं अन्य सुविधाओं से वंचित रखा जाना चाहिए।

इस प्रकार परीक्षा पद्धति का उद्देश्य उपाधि न देकर विद्यार्थी के सम्पूर्ण व्यक्तित्व विकास पर आधारित होनी चाहिए। इसके लिये परीक्षा तंत्र का स्वॉट विश्लेषण कर परीक्षा एवं मूल्यांकन पद्धति को समुन्नत, उपयोगी ,एवं सार्थक बनाया जा सकता है। यद्यपि 'परीक्षा प्रबंध' एक जटिल एवं श्रमसाध्य कार्य है परन्तु समुचित योजना,प्रबंध एवं प्रयत्नो से इसमें सुधार कर इसे सक्षम एवं प्रभावशाली बनाया जा सकता है ताकि यह वर्तमान समय की आवश्यकता एवं अपेक्षाओं के अनुरूप खरी उतर सके। इस प्रकार विद्यार्थियों को कोर्स की किताबों और परीक्षाओं के अंको के दायरे तक सीमित नहीं रखा जाना चाहिए वरना वे बाहरी दुनिया का ज्ञान अर्जित नहीं कर पायेगें।

संदर्भ ग्रंथ सूची :–

1. मासिक पत्रिका 'रचना'
2. www.highereducation .mp.gov.in
3. www.mhrd.gov.in/highereduction
4. व्यक्तिगत अनुभव, अनुसंधान एवं प्रयोग

****

वित्त आयोग – प्रभाव, सिफारिशे तथा प्रासंगिकता

डॉ. धीरज शर्मा * डॉ. विशाल पुरोहित * *

प्रस्तावना – केन्द्र से राज्यों को वित्तीय हस्तांतरण हेतु दिशा–निर्देश सुझाने हेतु वित्त आयोग का गठन किया जाता है। संविधान के अनुच्छेद 280(1) में यह व्यवस्था है कि राष्ट्रपति द्वारा प्रत्येक वर्ष के पश्चात् या आवश्यकता पड़ने पर उससे पूर्व एक वित्त आयोग का गठन किया जाएगा जिसमें अध्यक्ष के अतिरिक्त चार अन्य सदस्य होंगे।

अनुच्छेद 280(1) के अनुसार आयोग का कर्त्तव्य होगा कि वह राष्ट्रपति को अग्रलिखित के संबंध में अपनी संस्तुतियाँ दे –

1. केन्द्र व राज्यों के बीच विभाजनीय करों से प्राप्त शुद्ध राजस्व का वितरण तथा इसमें विभिन्न राज्यों का हिस्सा।
2. भारत की संचित निधि में से राज्यों को दिए जाने वाले अनुदानों के लिए सिद्धांत।
3. सुदृढ़ वित्त के हित में राष्ट्रपति द्वारा आयोग को निर्दिष्ट किया गया अन्य कोई मामला।

उपर्युक्त संदर्भ में ही भारत में अब तक 13 वित्त आयोगों का गठन हो चुका है पहले वित्त आयोग का गठन 1951 में श्री के.सी. नियोगी की अध्यक्षता में किया गया था।

आयोग द्वारा दी गई सिफारिशों को तीन शीर्षकों के अन्तर्गत विभाजित किया जा सकता है –

a) आय कर तथा अन्य करों का विभाजन तथा वितरण
b) अनुदान
c) संघ द्वारा राज्यों को दिए गए ऋण

13 वां वित्त आयोग – केन्द्र और राज्यों के बीच राजस्व के बंटवारे के लिए मानक तय करने के लिए राष्ट्रपति (तत्कालीन) प्रतिभा पाटिल ने 13 वें वित्त आयोग का गठन 13 नवम्बर 2007 में किया था पूर्व वित्त सचिव डॉ. विजय दल. केलकर को इस आयोग का अध्यक्ष बनाया गया था। आयोग ने 30 दिसम्बर 2009 को अपनी रिपोर्ट राष्ट्रपति को सौंपी जिसमें निम्न सिफारिशें की गई –

1. विभिन्न केन्द्रीय करों की निबल प्राप्तियों में से राज्यों का हिस्सा संचार की अवधि के प्रत्येक वर्ष के लिए 32% होगा अब तक यह 30.5% था।
2. केन्द्र सरकार के विभिन्न करों की निबल प्राप्तियों में से 32% प्राप्तियाँ राज्यों को जाएगी।
3. केन्द्र अपने सकल कर राजस्व में अपना हिस्सा कम करने के उद्देश्य से उपकरों तथा अधिभारों के उद्गुदण की समीक्षा करें।
4. राजस्व खाते पर राज्यों को समग्र अंतरणों पर निर्दिष्टात्मक सीमा केन्द्र की सकल राजस्व प्राप्तियों के 39.5% पर नियत की जाए।
5. मध्यावर्धक राजकोषीय योजना एक आशय विवरण के बजाय प्रतिबद्धता का विवरण होना चाहिए।
6. वित्तीय विनियमन एवं बजट प्रबंध अधिनियम में उन प्रघातों के स्वरूप को निर्दिष्ट किया जाना आवश्यक है जिनके लिए उसके तहत लक्ष्यों में ढील दिया जाना आवश्यक होगा।
7. वर्ष 2011–12 से 2014–15 के चार वर्षों के लिए सड़कों व पुलों के अनुरक्षण अनुदान हेतु 19,930 करोड़ की राशि की अनुशंसा।
8. प्रारंभिक शिक्षा के लिए अनुदान राशि 27,945 करोड़ रू. की अनुशंसा।
9. वन अक्षय ऊर्जा तथा जल क्षेत्र प्रबंधन अनुदानों के रूप में 5000 करोड़ रू. अनुदान की अनुशंसा।
10. राज्यों को सहायता अनुदान के रूप में पंचार अवधि के लिए 3,18,581 करोड़ रू. की राशि अनुशंसित की गई।

इस तरह तेरहवें वित्त आयोग की सिफारिशों से 2010–11 से 2014–15 की पांच वर्षो की अवधि में राज्यों को केन्द्रीय करों व शुल्कों के हिस्से के रूप में कुल 14,48,096 करोड़ रू. तथा सहायता अनुदान के रूप में 2,58,581 करोड़ रू. प्राप्त होंगे। तेरहवें वित्त आयोग ने इस बात का विशेष ध्यान रखा है कि यदि किसी राज्य को केन्द्रीय करों व शुल्कों में छोटी–सी धनराशि प्राप्त हो रही है किंतु पर्यावरण संरक्षण सामाजिक क्षेत्रक–शिक्षा एवं स्वास्थ्य के विकास तथा सड़कों आदि के अनुसरण से जुड़ी आवश्यकताएँ अधिक है तो उसे अनुदान सहायता के रूप में अधिक धनराशि प्राप्त हो जाए, जैसे कि पूर्वोत्तर के राज्य तथा कश्मीर। तेरहवें वित्त आयोग की सिफारिशों से महाराष्ट्र, गुजरात, तमिलनाडु, कर्नाटक, हरियाणा व पंजाब जैसे विकसित राज्यों को अपेक्षाकृत कम धनराशि प्राप्त हो सकी है जबकि उत्तरप्रदेश, बिहार, पश्चिम बंगाल, मध्यप्रदेश, उड़ीसा और राजस्थान जैसे पिछड़े राज्य अधिक धनराशि प्राप्त करने में सफल रहे हैं।

14 वां वित्त आयोग – इस आयोग का गठन पूर्व रिजर्व बैंक गवर्नर श्री वाई वी. रेड्डी की अध्यक्षता में किया गया इसके अतिरिक्त इसमें निम्न सदस्य हैं –

1. प्रोफेसर अभिजित सेन
2. सुश्री सुषमा नाथ
3. डॉ. गोविन्द राव
4. डॉ. सुदीप्तो मुण्डले

अजय नारायण झा इस कमीशन के सचिव होंगे कमीशन अपनी रिपोर्ट 31 अक्टूबर 2014 को सौंपेगा। रिपोर्ट–सौंपने का समय 31 दिसम्बर तक बढ़ा दिया गया है।

* सहायक प्राध्यापक (वाणिज्य) एम.एल.बी. शासकीय कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय, इन्दौर (म.प्र.) भारत
* * सहायक प्राध्यापक (वाणिज्य) एम.एल.बी. शासकीय कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय, इन्दौर (म.प्र.) भारत

वित्त आयोग का प्रभाव और प्रासंगिकता –

1. केन्द्र व राज्य के मध्य वित्त संबंधों के सुधार हेतु वित्त आयोग आवश्यक है।
2. कर अंतरण के लिए मानदण्ड व भार निर्धारित किए जाने हेतु वित्त आयोग आवश्यक है।
3. संविधान के अनुसार इसका गठन अनिवार्य अत: यह सदैव प्रासंगिक है।
4. केन्द्र व राज्यों के बीच वित्त का बंटवारा उचित तरीके से करने हेतु यह प्रभावी आयोग है।
5. इसका अध्यक्ष गैर राजनैतिक और वित्त क्षेत्र का महत्वपूर्ण व्यक्ति होता है। अत: निर्णय में पक्षपात व राजनीति हावी नहीं रहती।
6. बजट बनाने के पूर्व इस आयोग द्वारा की गई वित्तीय सिफारिशें सहयोगी।
7. कम अविकसित राज्यों को अधिक सहायता व विकसित राज्यों को कम सहायता की सिफारिश देकर यह आयोग अपनी प्रासंगिकता बनाए हुए हैं।

इस प्रकार स्पष्ट है कि वित्त आयोग एक अनिवार्य संवैधानिक संस्था है जो केन्द्र व राज्यों के बीच वित्तीय बंटवारों संबंधी मामलों का निर्णय करता है तथा केन्द्र व विविध राज्यों के मध्य समुचित वित्त वितरण संबंधी सिफारिशें देता है यद्यपि इसकी सिफारिशें यथावत लागू हो यह आवश्यक नहीं किंतु फिर भी इनका प्रभाव बजट व अन्य आर्थिक समीक्षा में देखने को मिलता है। अत: यह संवैधानिक संस्था भारत जैसे प्रजातांत्रिक व बड़े देश के लिए अत्यंत अनिवार्य है।

निष्कर्ष – वित्त आयोग संघीय ढांचे को बनाने और बनाए रखने हेतु अत्यंत आवश्यक है राज्यों को वित्त का बंटवारा इसके द्वारा बनाए गए निर्देशों के अनुसार ही करना होता है अत: वर्तमान में यह अत्यंत प्रासंगिक है तथा इसे और अधिक पारदर्शी बनाने की आवश्यकता है।

संदर्भ ग्रंथ सूची :–

1. दैनिक भास्कर (दैनिक समाचार पत्र)
2. रोजगार और निर्माण (साप्ताहिक समाचार पत्र)
3. प्रतियोगिता दर्पण (मासिक और वार्षिक पत्रिका)
4. Fincomindia.nic.in
5. Reports of The Finance Commission of India
6. The Constitution of India

****

उच्च शिक्षा के गुणात्मक उन्नयन में सूचना प्रौद्योगिकी की भूमिका

डॉ. नीना गोयल *

प्रस्तावना – सूचना प्रौद्योगिकी का अर्थ अत्यन्त व्यापक है, इसमें सूचना प्रणालियाँ और सूचना प्रौद्योगिकी दोनों सम्मिलित है। कम्प्यूटर विज्ञान तथा दूरसंचार प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में हुए विकास को सम्मिलित रूप से अभिव्यक्त किया जाता है। बीसवीं शताब्दी के पूर्वार्द्ध में दूरसंचार प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में हुए विकास ने विश्वव्यापी टेलीफोन प्रणाली, रेडियो तथा टेलीविजन नेटवर्क को सम्भव बनाया। निरंतर शोध व अनुसंधान ने संचार प्रणाली को कुशल, विश्वसनीय और कम लागत वाली बनाकर अधिकाधिक लोगों तक पहुँचाया। कम्प्यूटर प्रौद्योगिकी में बीसवीं शताब्दी के उत्तरार्द्ध में विकास शुरू हुआ। कम्प्यूटर के विभिन्न उपकरण बनाने की प्रौद्योगिकी में हुए तीव्र विकास के कारण कम्प्यूटर प्रसंस्करण व्यापक रूप से उपलब्ध होने लगे एवं कम्प्यूटर प्रयोग क्षेत्र में क्रान्ति उत्पन्न हो गई।

उपरोक्त दोनों प्रौद्योगिकियों के एकीकरण (मेल) ने सूचना प्राप्ति संग्रहण तथा इसके प्रसंस्करण के अन्तर को कम कर दिया। सूचना को कहीं भी, किसी भी समय, तीव्र गति से सम्प्रेषित करने की क्रिया को सम्भव बनाया तथा भौगोलिक दूरियों को असंगत और महत्वहीन कर दिया।

सूचना प्रौद्योगिकी के महत्वपूर्ण घटक निम्नलिखित हैं –

1. कम्प्यूटर हार्डवेयर जिसमें एक सीपीयू, मेमोरी चिप्स, स्टोरेज डिस्क, विडियो डिस्प्ले यूनिट, प्रिंटर, आदि उपकरण सम्मिलित है।
2. डॉस, विन्डोस तथा यूनिक्सजन्य परिचालन प्रणालियां जो अनुप्रयोग प्रोग्राम तथा कम्प्यूटर हार्डवेयर के बीच इन्टरफेस के रूप में कार्य करती है।
3. सफ्टवेयर पैकेज तथा विकास उपकरण जो आंकड़ों का संग्रहण तथा उनके प्रसंस्करण में उपयोग में लाए जाते हैं। डेटाबेस प्रणालियां, फ्रन्ट एन्ड टूल्स, प्रोग्रामिंग भाषाऐं इसके कुछ उदाहरण हैं।
4. नेटवर्किंग प्रणालियां जिनके द्वारा कम्प्यूटर दूरस्थ स्थानों से आपस में संपर्क करके फाइलें स्थानांतरित करते हैं। संसाधनों का मिलकर उपयोग करते हैं। इससे सीमित क्षेत्र नेटवर्क से विश्वव्यापी नेटवर्क सम्मिलित हैं।
5. दृश्यमूलक तथा अंकीय नेटवर्क, सेटेलाइट नेटवर्क जैसी दूरसंचार प्रणालियां, जो आंकड़े प्रेषित करने का माध्यम तथा उपयोग करने एवं प्रसंस्करण (प्रोसेसिंग) करने के लिये नेटवर्किंग उपलब्ध कराता है।

सूचना प्रौद्योगिकी के प्रभाव की तुलना अठारहवीं शताब्दी में निर्माण और कृषि क्षेत्र में आई औद्योगिक क्रांति, उन्नीसवीं शताब्दी में भाप के इंजन का आविष्कार एवं थर्मल विद्युत उत्पादन, परिवहन की गति में आई तीव्रता से की जा सकती है। पिछले 10 वर्षों में कुल रोजगार का 40 प्रतिशत हिस्सा आईटी कम्पनियों ने उपलब्ध कराया है। आज रेलवे टिकट एवं आरक्षण का कम्प्यूटरीकरण, बैंकों का कोर बैंकिंग सिस्टम, एटीएम, ई–बैंकिंग, मोबाईल बैंकिंग, ऑनलाइन आयकर रिटर्न फाइलिंग, एफआईआर, पासपोर्ट, लाइसेंस, भू अभिलेख, सूचना के अधिकार के अंतर्गत जानकारी, शिकायतें, आय–जाति प्रमाणपत्र, न्यायालयीन निर्णय एवं जानकारी, सरकारी योजनाऐं, शिक्षा, चिकित्सा सम्बन्धी सभी जानकारी एवं सुविधा इंटरनेट पर उपलब्ध है। ऑनलाइन शॉपिंग सुविधा से ग्राहकों को क्रय–विक्रय की सुविधा सूचना क्रांति के द्वारा संभव हुई है।

सूचना प्रौद्योगिकी (सूचना क्रान्ति) सरकारी और सामाजिक सेवाओं, रक्षा सेवाओं, व्यापार, वाणिज्य, बैंकिंग, बीमा, व्यवसाय, यातायात, शिक्षा, चिकित्सा जैसे आधारभूत क्षेत्रों में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। इसका अत्याधिक प्रभाव शिक्षा एवं शोध पर पड़ा है। उच्च शिक्षा के गुणात्मक सुधार में भी महत्वपूर्ण भूमिका है।

सूचना प्रौद्योगिकी किसी विषय के सम्बन्ध में आँकड़े संकलित करने और उनके प्रसंस्करण का ही पर्याय है। अत: सीखने में प्रक्रिया और शिक्षा के अधिक निकट है। इसका प्रत्यक्ष सम्बन्ध उच्च शिक्षा तथा शोध से है। इंटरनेट का उपयोग उच्च शिक्षा एवं शोध का अभिन्न अंग बन चुका है। कम्प्यूटर आधारित प्रशिक्षण पैकेजों का उपयोग शिक्षा के क्षेत्र में, प्राथमिक शिक्षा से लेकर शोध तक, हो रहा है। उच्च शिक्षा का क्षेत्र इसमें अछूता नहीं है। मल्टीमीडिया जैसे विडियो उपकरण, उपयोगकर्ता को स्वयं अपना उपयोग करना सिखाते हैं तथा रेखाचित्र और ग्राफ द्वारा सीखने की प्रक्रिया को आसान बनाते हैं। शिक्षण तथा शोध नेटवर्क (ईआरएनईटी) के आने से विश्वविद्यालय शोध संस्थान कम्प्यूटर के माध्यम से एक–दूसरे से सम्पर्क स्थापित कर सकते हैं तथा विश्वभर में हो रहे शोध के सम्बन्ध में सूचनाओं का आदान–प्रदान कर सकते हैं। कम्प्यूटर का उपयोग जटिल गणितीय तथा सांख्यिकीय गणनाओं तथा संख्यात्मक निर्णय लेने की क्रिया को आसान बनाता है।

उच्च शिक्षा में गुणात्मक सुधार के लिये सूचना प्रौद्योगिकी की अहम् भूमिका है। विश्व के प्रत्येक विश्वविद्यालय, महाविद्यालय एक–दूसरे से जुड़ चुके हैं, जिसका अत्याधिक प्रभाव विद्यार्थी वर्ग के उन्नयन में हुआ है। आज विद्यार्थी इंटरनेट के माध्यम से ऑनलाइन शिक्षा विदेशों से प्राप्त कर रहा है, अपने ज्ञान को अद्यतन कर रहा है। प्रवेश से परीक्षा तक समस्त सूचनाऐं क्षणों में प्राप्त कर रहा है, नेट पर विषय विशेषज्ञों से सम्पर्क, संदर्भ ग्रंथ द्वारा समस्याओं का समाधान, संवाद, सम्प्रेषण द्वारा व्यक्तित्व विकास, प्रबंध निर्णयन नेतृत्व, अनुशासन, आत्मविश्वास आदि गुणात्मक पहलुओं का विकास कर रहा है। वैश्वीकरण की चुनौतियों का सामना करने में समर्थ है। उच्च प्रशासन की दृष्टि में योजनाओं व निर्णयों का क्रियान्वयन, आदेशों का तुरंत परिपालन, वीडियो कान्फ्रेसिंग द्वारा समस्याओं का समाधान, फीडबेक आदि शीर्ष नेतृत्व को अधिक सशक्त बनाते हैं। शीर्ष नेतृत्व और विद्यार्थी की दोनों के बीच की कड़ी के रूप में प्राध्यापक वर्ग भी सूचना प्रौद्योगिकी के उपयोग में गुणात्मक सुधार का हिस्सा है तथा अपने समय, श्रम व धन की बचत कर गुणात्मक सुधार की ओर अग्रसर हो रहा है।

संदर्भ सूची :–

1. व्यवसाय में कम्प्यूटर अनुप्रयोग – डॉ. अशोककुमार शर्मा, डॉ. अभय उपाध्याय।
2. सूचना प्रौद्योगिकी – ए.के. हिरवे, दीक्षित।
3. समाचार–पत्र।
4. इंटरनेट।

* सहायक प्राध्यापक (वाणिज्य) शासकीय कन्या महाविद्यालय, रतलाम (म.प्र.) भारत

'उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम' संशोधन व उद्देश्य वर्तमान परिप्रेक्ष्य में

डॉ. विशाल पुरोहित * डॉ. धीरज शर्मा * *

प्रस्तावना – देश जैसे-जैसे विकासशील से विकसित अवस्था की ओर बढ़ रहा है वैसे-वैसे बेईमानी और भ्रष्टाचार भी तेजी से बढ़ता जा रहा है। जिसके परिणामस्वरूप विभिन्न व्यक्ति संस्था व कंपनी ज्यादा लाभ कमाने हेतु ग्राहक के साथ धोखा करते हैं। अत: उपभोक्ताओं के हितों की रक्षा करना और अधिकारों का हनन होने पर उन्हें न्याय प्रदान करना यह उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम, 1986 के माध्यम से उचित प्रकार से किया जा रहा है।

वर्तमान युग उपभोग प्रधान युग है, वर्तमान में व्यक्ति केवल रोटी, कपड़ा व मकान जैसी अनिवार्य वस्तुओं को ही नहीं खरीदता बल्कि शिक्षा, स्वास्थ्य मनोरंजन, परिवहन आदि पर भी समुचित राशि खर्च करता है। कई बार विक्रेताओं या सेवा पूर्तिकर्ताओं द्वारा उपभोक्ता के साथ जानबूझकर धोखाधड़ी की जाती है या अज्ञानवश खराब माल की पूर्ति कर दी जाती है ऐसी स्थिति में क्षतिपूर्ति प्राप्त करने के लिए न्यायालय में वाद प्रस्तुत करना उपभोक्ता के लिए संभव नहीं होता। अत: उपभोक्ताओं के हितों की रक्षा के लिए भारत में उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम, 1986 बनाया गया।

24 दिसम्बर, 1986 को भारतीय संसद में यह अधिनियम लागू किया गया और 15 अप्रैल, 1987 से जम्मू कश्मीर को छोड़कर संपूर्ण भारत में, लागू किया गया प्रारंभ में इसमें 31 धाराएं और चार अध्याय थे।

अधिनियम के उद्देश्य –

1. खराब वस्तु, सेवा और अधिक मूल्य वसूल करने की दशा में उपभोक्ताओं के हितों का संरक्षण।
2. उपभोक्ताओं के अधिकारों का संवर्द्धन और संरक्षण –
   a) घातक माल के विपणन के प्रतिसुरक्षा
   b) माल की किस्म, मात्रा, शुद्धता, मूल्य स्तर आदि के बारे में सूचना प्राप्त करने का अधिकार
   c) अनुचित व्यापार, व्यवहार के विस्तृत शिकायत प्रस्तुत करने का अधिकार
   d) उपभोक्ता शिक्षा पाने का अधिकार
   e) विवाद की दशा में निपटारे व क्षतिपूर्ति प्राप्त करने का अधिकार
3. उपभोक्ताओं के हितों की रक्षा हेतु संस्थाओं की स्थापना।
4. उपभोक्ताओं को सस्ता व शीघ्र न्याय प्रदान करने का उद्देष्य।

शिकायत योग्य मामले –

1. व्यापारी का अनुचित व्यापार व्यवहार जिसके कारण ग्राहक को हानि हो।
2. शिकायत में वर्णित माल में एक या अधिक दोष।
3. किराये पर की गई सेवा में एक या अधिक दोष।
4. निर्धारित या निश्चित मूल्य से अधिक मूल्य वसूल किया हो।
5. जीवन एवं सुरक्षा के लिए खतरनाक माल बिक्री हेतु प्रस्तुत किया हो।

उपभोक्ता विवाद निवारण एजेंसी –

a) जिला मंच b) राज्य आयोग c) राष्ट्रीय आयोग

संशोधन – इस अधिनियम में सन् 1991,1993 और 2002 में संशोधन किए गए। उपभोक्ता अधिकारों के बेहतर संरक्षण के लिए नया उपभोक्ता संरक्षण (संशोधन) अधिनियम 2002, 15 मार्च 2003 को विश्व उपभोक्ता अधिकार दिवस के दिन से प्रभावी किया गया है। इसी क्रम में उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम, 1987 में भी संशोधन हुआ और उसे 5 मार्च 2004 को अधिसूचित किया गया।

अधिनियम के दायरे का विस्तार करते हुए नकली सामान व सेवाओं की बिक्री को भी इसके तहत लाया गया है। वादी अथवा प्रतिवादी के निधन के पश्चात् उसके उत्तराधिकारी अब संबंधित वाद को जारी रख सकेंगे। संशोधित् अधिनियम के तहत् जिला फोरम में 20 लाख रूपए तक के व राज्य स्तरीय फोरम में 1 करोड़ रू. तक के मामलों की सुनवाई हो सकेगी। राष्ट्रीय आयोग में अब 1 करोड़ से अधिक राशि के मामले दर्ज हो सकेगें। अभी तक जिला फोरम में 5,00,000 रू. तक व राज्य फोरम में 20 लाख रू. तक के मामले दर्ज किए जा सकते थे।

वर्तमान परिप्रेक्ष्य में उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम –

1. उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम उपभोक्ताओं के हितों की रक्षा करने में काफी हद तक सफल रहा है।
2. विज्ञापनों में जो विभिन्न समाचार पत्र और टेलीविजन के विभिन्न चैनलों पर दिखाए जाते हैं के प्रति उपभोक्ता सजग व सचेत हुआ है।
3. जिला, राज्य व राष्ट्रीय आयोग में मामलों की वृद्धि उपभोक्ता की सजगता और अधिनियम की सफलता को दर्शाते हैं।
4. उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम की नियुक्ति निकट भविष्य में की जाएगी।
5. UPSC से केन्द्र में और PSC से राज्यों में इन अधिकारियो की नियुक्ति होगी।
6. 23 July 2014 तक 41,69,564 वाद प्रस्तुत हुए जिनमें से 38,01,037 वादों का निपटारा हुआ जो कि 90% है।

उपरोक्त से स्पष्ट है कि उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम वर्तमान परिप्रेक्ष्य में अनिवार्य हो चुका है तथा इस अधिनियम को विस्तारित व संशोधित करने का कार्य सतत् लागू है जो उपभोक्ताओं के हितों की रक्षा हेतु अनिवार्य है।

निष्कर्ष – उपरोक्त से स्पष्ट है कि उपभोक्ता संरक्षण परिषद अधिनियम वर्तमान स्वरूप में प्रासंगिक हो चुका है और इसका क्षेत्र भी संषोधनों की उपरांत विस्तारित हो चुका है। उपभोक्ता विवादों से संबंधित मामलों का शीघ्र निराकरण इस अधिनियम को और सशक्त बनाता है।

संदर्भ ग्रंथ सूची :-

1. प्रतियोगिता दर्पण (मासिक और वार्षिक पत्रिका)
2. रोजगार और निर्माण (साप्ताहिक समाचार पत्र)
3. चाणक्य (प्रतियोगी परीक्षा हेतु)
4. दैनिक भास्कर (दैनिक समाचार पत्र)
5. Law of Consumer Protection in India (P.K. Majumdar) Othedition
6. Commentary on Consumer Protection Act (Sukhdev Agrawal) 2nd Addition

* सहायक प्राध्यापक (वाणिज्य) एम.एल.बी. शासकीय कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय, इन्दौर (म.प्र.) भारत
* * सहायक प्राध्यापक (वाणिज्य) एम.एल.बी. शासकीय कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय, इन्दौर (म.प्र.) भारत

Continuous Auditing Through The Use Of Technology And Automation

Dr. Pournima Patel * Dr. Vandana Jain ** Dr. Anu Mehta ***

Abstract - **Continuous auditing** is an automatic method used to perform auditing activities, such as control and risk assessments on a more frequent basis. Technology plays a key role in continuous audit activities by helping to automate the identification of exceptions or anomalies, analyze patterns within the digits of key numeric fields, review trends, and test controls, among other activities. The "continuous" aspect of continuous auditing and reporting refers to the real-time or near real-time capability for financial information to be checked and shared. Not only does it indicate that the integrity of information can be evaluated at any given point of time, it also means that the information is able to be verified constantly for errors, fraud, and inefficiencies. It is the most detailed audit. Each instance of continuous auditing has its own pulse. The time frame selected for evaluation depends largely on the frequency of updates within the accounting information systems. Analysis of the data may be performed continuously, hourly, daily, weekly, monthly, etc. depending on the nature of the underlying business cycle for a given assertion.

Introduction - The objective of financial reporting is to provide information that is useful to management and stakeholders for resource allocation decisions. For financial information to be useful, it should be timely and free from material errors, omissions, and fraud. In the real time economy, timely and reliable financial information is critical for day-to-day business decisions regarding strategic planning, capital acquisition, credit decisions, supplier partnerships, and so forth. Advances in accounting information systems such as the advent of enterprise resource planning (ERP) systems have enabled the generation of real time information. However, the practice of traditional auditing has not kept pace with the real time economy. Traditional manual audit procedures are labour and time intensive, which limits audit frequency to a periodic basis, such as annually. These time and effort constraints can be alleviated through the use of technology and automation. Continuous auditing enhances the delivery of auditing services by making the audit process more efficient and effective through the use of technology and automation. The increased efficiency and effectiveness of the audit process enables more frequent or real time audits and hence enhances the reliability of the underlying information

Components of continuous auditing - Continuous auditing is made up of three main parts: continuous data assurance (CDA), continuous controls monitoring (CCM), and continuous risk monitoring and assessment (CRMA)

Continuous Data Assurance - Continuous data assurance verifies the integrity of data flowing through the information systems. Continuous data assurance uses software to extract data from IT systems for analysis at the transactional level to provide more detailed assurance. CDA systems provide the ability to design expectation models for analytical procedure at the business-process level, as opposed to the current practice of relying on ratio or trend analysis at higher levels of data aggregation. CDA software can continuously and automatically monitor transactions, comparing their generic characteristics with predetermined benchmarks, thereby identifying anomalous situations. When significant discrepancies occur, alarms are triggered and routed to appropriate stakeholders and auditors.

Continuous Controls Monitoring - Continuous controls monitoring consists of a set of procedures used for monitoring the functionality of internal controls. CCM relies on automatic procedures, presuming that both the controls themselves and the monitoring procedures are formal or able to be formalized. CCM can be used for monitoring access control and authorizations, system configurations, and business process settings. CDA and CCM are complementary processes. Neither process is self-sufficient or comprehensive. Even if no data faults are found it cannot be concluded that controls are fail-safe. Further, even if controls are being implemented, data integrity cannot be assumed. When combined, however, these monitoring approaches present a more complete reliance picture.

Continuous Risk Monitoring and Assessment -Continuous risk monitoring and assessment is used to dynamically measure risk and provide input for audit planning. CRMA is a real-time integrated risk assessment approach, aggregating data across different functional tasks in organizations to assess risk exposures and provide reasonable assurance

*Associate Profesor, SJHS Gujarati Innovative College of Commerce & Science, Indore (M.P.) INDIA
** Profesor, SJHS Gujarati Innovative College of Commerce & Science, Indore (M.P.) INDIA
*** Associate Profesor, SJHS Gujarati Innovative College of Commerce & Science, Indore (M.P.) INDIA

on the firms' risk assessments. Continuous reporting is the release of financial and non-financial information on a real-time or near real-time basis. The purpose of continuous reporting is to allow external parties access to information as underlying events take place, rather than waiting for end of period reports. The adoption of XBRL by companies makes the release of continuous reporting information more feasible. Continuous reporting also benefits users under Regulation Fair Disclosure. Continuous reporting is a point of constant debate. Some parties, including analysts and investors, are interested in knowing how a company is doing at a given point in time. They argue that near real-time information would provide them with the ability to take advantage of important business moves as they happen. However, opponents are skeptical of how the raw information can be useful and fear information overload, or that there would be too much irrelevant information out there. Additionally, some companies are fearful that continuously reported financial information would give away important strategic moves and undermine competitive advantage.

Implementation of continuous auditing - Generally, the implementation of continuous auditing consists of six procedural steps, which are usually administered by a continuous audit manager. Knowing about these steps will enable auditors to better monitor the continuous audit process and provide recommendations for its improvement, if needed These steps include:

- **Establishing priority areas.** This entails choosing which organizational areas to audit. When performing the actions listed above, auditors need to consider the key objectives from each audit procedure. Objectives can be classified as one of four types: detective, deterrent (also known as preventive), financial, and compliance. A particular audit priority area may satisfy any one of these four objectives.
दृष्टि से समानता के स्तर पर आ सकेंगी एवं मध्यप्रदेश का मानवीय विकास सूचकांक ऊपर आ सकेगा।

संदर्भ ग्रंथ सूची :-

1. भारतीय अर्थव्यवस्था - रूद्र, दत्त एवं सुन्दरम - एस. चन्द एण्ड कम्पनी लि., नई दिल्ली
2. भारतीय अर्थव्यवस्था - डॉ. जे.सी. पंत, डॉ. जे.पी. मिश्रा - साहित्य भवन पब्लिकेशन्स, आगरा
3. अर्थशास्त्र - अनुपम अग्रवाल, शिवलाल अग्रवाल एण्ड कम्पनी, इंदौर
4. जनांकिकी - डॉ. जयप्रकाश मिश्रा, साहित्य भवन पब्लिकेशन्स, आगरा
5. कृषि अर्थशास्त्र - डॉ. जे.पी. मिश्रा, साहित्य भवन पब्लिकेशन्स, आगरा
6. भारतीय आर्थिक नीति - माहेश्वरी एवं गुप्ता, कैलाश पुस्तक सदन, भोपाल
7. Ministry of Health and Family Welfare, Govt of India.
8. Census of India 2011
9. wwww.registrargeneralofindia.com
10. wwww.censusindia.net

भारत व मध्यप्रदेश में महिला जनसंख्या

भारत			मध्यप्रदेश		
लिंग	2001	2011	लिंग	2001	2011
कुल	1027015247	1210193422	कुल	60385118	72597565
पुरूष	531277078	623724248	पुरूष	31456873	37611370
महिला	495738169	586469174	महिला	28928245	34984645

Source : Census of India 2011

जनसंख्या में दशकीय परिवर्तन
(वर्ष 2001 से 2011)

देश/राज्य	सकल वृद्धि (करोड़ में)	पुरूष वृद्धि (करोड़ में)	% वृद्धि पुरूष	पुरूष वृद्धि (करोड़ में)	% वृद्धि महिला
भारत	18.20	9.10	17.1%	9.10	18.3%
मध्यप्रदेश	01.13	0.62	19.6%	0.61	21.1%

Source : Registrar General of India

****

रोजगार सृजन एवं आर्थिक विकास में पर्यटन की भूमिका

राजू बघेल *

शोध सारांश – पर्यटन को आर्थिक विकास और रोजगार सृजन का एक सशक्त माध्यम माना जाता है। पर्यटन क्षेत्र देश का सबसे बड़ा सेवा उद्योग है। वर्ष 2007-08 में पर्यटन का देश के सकल घरेलू उत्पादन में 5.92 फीसदी और नौकरियों में 9.24 फीसदी का योगदान रहा। पर्यटन भारत की सामाजिक-आर्थिक विकास का रीढ़ रहा है क्योंकि यह राष्ट्रीय स्तर पर ही नहीं बल्कि स्थानीय स्तर पर भी रोजगार के असीमित अवसर प्रदान करता है। यह सुदूरवर्ती और अल्प विकसित इलाकों के विकास के साथ-साथ रोजगार सृजन का भी बहुत ही महत्वपूर्ण उपकरण है। परन्तु भारत में पर्यटकों की जरूरतों की पूर्ति के लिए सत्कार से प्रशिक्षित लोगों की कमी है, विभिन्न पर्यटन स्थलों में समन्वय और सामंजस्य का अभाव है। देश में पर्यटन के धारणीय विकास का प्रश्न है- ऐसा विकास जो पर्यावरण के साथ सहकार स्थापित कर सके और बगैर उसे नुकसान पहुंचाऐं आगे बढ़ सकें।

शब्द कुंजी – पर्यटन, रोजगार, आर्थिक विकास, धारणीय विकास, सेवा उद्योग, आय ।

प्रस्तावना – पर्यटन भारत की सामाजिक-आर्थिक विकास का रीढ़ रहा है क्योंकि यह राष्ट्रीय स्तर पर ही नहीं बल्कि स्थानीय स्तर पर भी रोजगार के असीमित अवसर प्रदान करता है। भारत में तीर्थस्थलों की यात्रा का इतिहास सदियों पुराना है।[1] देश के आर्थिक विकास में जिस प्रकार कृषि की अहम भूमिका है ठीक उसी प्रकार वर्तमान में परिवर्तन की बेला में प्रकृति व सांस्कृतिक धरोहर (पर्यटन) आर्थिक विकास में अहम भूमिका निभा रहा है।

पर्यटन को आर्थिक विकास और रोजगार सृजन का एक सशक्त माध्यम माना जाता है। पर्यटन क्षेत्र देश का सबसे बड़ा सेवा उद्योग है। वर्ष 2007-08 में पर्यटन का देश के सकल घरेलू उत्पादन में 5.92 फीसदी और नौकरियों में 9.24 फीसदी का योगदान रहा। पर्यटन क्षेत्र के वर्तमान विकास में वृद्धि या 12वीं योजना अवधि में इसे बरकरार रखने की चुनौतियों में होटल, सड़कें, वाहन, रास्ते की सुविधाएँ सुगम बनाने वाले केन्द्र जैसी अतिरिक्त पर्यटन अवसंरचना सुविधाओं का सृजन करना शामिल है। देश में पर्यटन के विकास हेतु अक्टूबर 1966 में भारतीय पर्यटन विकास निगम की स्थापना की गई थी, निगम ने समूचे देश में एक वृहद होटल श्रेणी बनाने में सफलता प्राप्त की है। महलों, हवेलियों, दुर्गो, किलों के अलावा 1950 से पहले बने आवासीय भवनों में चल रहे होटलों के लिए 'हेरिटेज' नाम का नया वर्ग बनाया गया, यह पर्यटनों को अत्यन्त प्रिय भी है।[2] पर्यटन निर्यातोन्मुखी सेवा क्षेत्र है। जिसमें विशेष रूप से अकुशल और अर्द्धकुशल श्रमिकों के लिए पर्याप्त रोजगार के अवसर पैदा करने की क्षमता है। यह उद्योग गरीबी उन्मूलन, पर्यावरण संरक्षण, रोजगार सृजन, महिलाओं एवं अन्य वंचित समूहों के विकास के द्वारा सतत मानवीय विकास का प्रमुख साधन बन रहा है।

उद्देश्य –

1. रोजगार सृजन एवं आर्थिक-सामाजिक विकास में पर्यटन की भूमिका का अध्ययन करना।
2. भारत में विदेशी पर्यटक एवं मुद्रा आय का अध्ययन करना।

शोध प्रविधि – प्रस्तुत शोध पत्र द्वितीयक समंकों पर आधारित है। द्वितीयक समंको का संकलन पर्यटन मंत्रालय भारत सरकार, की रिपोर्ट, संबंधित पुस्तकों एवं शोध पत्रिकाओं से किया गया है। शोध पत्र के उद्देश्य प्राप्ति के लिए मुख्य रुप से द्वितीयक समंकों का सहारा लिया गया है। तथा विश्लेषणात्मक विधि के माध्यम से निष्कर्ष निकाला गया है।

रोजगार सृजन में पर्यटन – पर्यटन एक ऐसा व्यवसाय है, जो किसी रूप में पूरे समूह को प्रभावित करता है। ऐसे में पर्यटन समूचे गाँव के लोगों को प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष रूप से रोजगार उपलब्ध कराएगा। यदि गाँव में ही वाहन, खानपान व अन्य तरह के स्टॉल खुलेंगे और पर्यटन उसे खरीदेंगे तो हमें रोजगार मिलेगा। इसके अलावा भी ग्रामीण एवं परंपरागत रोजगार को भी बढ़ावा मिलेगा। क्योंकि गाँवों से तमाम परंपरागत रोजगार सिर्फ इसलिए खत्म होते जा रहे है कि उनके खरीदने वाले न के बराबर है। दूसरा कारण यह भी सामने आता है कि लागत और बाजार तक पहुंचाने में जो खर्च आता है, वह काफी अधिक हो जाता है। लेकिन जब पर्यटन गाँव में ही आएंगे तो संबंधित गाँव में बनने वाली चीजें खरीदने में पीछे नहीं रहेंगे। ऐसे में ग्रमीण विकास को बढ़ावा मिलेगा[3] और नये रोजगार का सृजन होगा। पर्यटन देश का सबसे बड़ा सेवा क्षेत्र है। यह सुदूरवर्ती और अल्प विकसित इलाकों के विकास के साथ-साथ रोजगार सृजन का भी बहुत ही महत्वपूर्ण उपकरण है।

आर्थिक-सामाजिक विकास में पर्यटन – पर्यटन स्थलों के विस्तार एवं विकास का उन क्षेत्रों के आर्थिक-सामाजिक विकास में बड़ा गहरा प्रभाव पड़ता है। इससे रोजगार के व्यापक अवसर मिलने के साथ घरेलू उद्योगों को भी बढ़वा मिलता है। वहां की कला और संस्कृति तथा हस्तशिल्प को पहचान मिलती है और उन क्षेत्रों कर समृद्ध विरासत को राष्ट्रीय अंतर्राष्ट्रीय ख्याति मिलती है।

यात्रा मार्गो के बीच एक नया बाजारवाद प्रचलित हुआ है। जिनमें वहां की स्थानीय वस्तुएं जगह-जगह बिक्री के लिए उपलब्ध होती है इससे लघु उद्योगों के पनपने के अवसर बढ़ रहे हैं पहाड़ी क्षेत्रों में तरह-तरह के फलों के जूस, आचार-मुरब्बें, चाय से लेकर हस्तशिल्प की वस्तुऐं स्मृति चिह्न के रूप में उन यात्राओं की स्मृति को तरोताजा बनाएं रखती हैं। रेगिस्तानी क्षेत्र में जहां कलात्मक वस्तुऐं उपलब्ध होती है। वहीं स्थानीय साड़ी, चादरों एवं खानपान की वस्तुओं को बाजार मिलता है। समुद्र तटीय क्षेत्रों में नारियल से बनी कलात्मक वस्तुओं, शंख-सीपी तथा वहां परंपरागत साड़ियों आदि को

* सहायक प्राध्यापक (अर्थशास्त्र) श. च. आ. शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, झाबुआ (म.प्र.) भारत

सुदूर तक जाने का अवसर मिलता है। भारत अनेकता में एकता का सबसे बड़ा प्रतीक है। इसको समृद्ध करने में पर्यटन को सबसे बड़ा योगदान है। बिना किसी निवेश के छोटी-छोटी चीजें पर्यटकों को बेचने के काम में सैंकड़ों परिवार लगे हैं और वहीं उनकी रोजी-रोटी भी है।[4] मौसम के अनुसार फल एवं उनके जूस आदि को बेचकर वे अपना गुजारा करते हैं।

तालिका क्रमांक -1 (अगले पृष्ठ पर देखे)

तालिका क्रमांक -1 के अनुसार वर्ष 2008 में विदेशी पर्यटकों की कुल संख्या 5.28 मिलियन थी जो 2009 मे 5.17 हो गई थी। वर्ष 2011 के दौरान भारत की यात्रा पर आने वाले विदेशी पर्यटकों की कुल संख्या 6.31 मिलियन थी, जो एक वर्ष पूर्व 2010 में 5.78 मिलियन रही थी। रूपयें के अर्थ में 2010 में पर्यटन से प्राप्त विदेशी मुद्रा अर्जन 2009 के दौरान 53700 करोड़ की तुलना में 20.8 प्रतिशत की वृद्धि दर के साथ 64889 करोड़ थी। वर्ष 2011 में विदेशी मुद्रा अर्जन की राशि बढ़कर 77591 करोड़ थी एवं 2012 में 94487 करोड़ हो गई। मंत्रालय के इन आकड़ो के अनुसार 2012 में भारत की यात्रा पर आने वाले विदेशी पर्यटकों में सर्वाधिक संख्या अमरीकियों की थी। जबकी ब्रिटेन व बांग्लादेश का इस मामले में दूसरा व तीसरा स्थान था। 2011 की तुलना में 2012 में भारत आने वाले अमरीकी पर्यटकों की संख्या में जहाँ वृद्धि हुई, वहीं ब्रिटेन व बांग्लादेश से भारत आने वाले पर्यटकों की संख्या में कुछ कमी दर्ज की गई थी।

तालिका क्रमांक -2 (अगले पृष्ठ पर देखे)

तालिका क्रमांक -2 के आँकड़ों के अनुसार 2008 में देश में घरेलू पर्यटकों की संख्या 563.03 मिलियन थी जो बढ़कर 2009 में 668.80 मिलियन तथा 2010 में 747.70 मिलियन रही थी। इस प्रकार घरेलू पर्यटकों की संख्या में 11.8 तथा 15.6 प्रतिशत की वृद्धि 2010 तथा 2011 में दर्ज की गई थी एवं 2012 में 20.9 प्रतिशत की वृद्धि हुई। पर्यटन मंत्रालय के इन आँकड़ों के अनुसार 2010 में सर्वाधिक 15.58 करोड़ घरेलू पर्यटन आन्ध्रप्रदेश में गए, जबकि 14.48 करोड़ पर्यटकों के साथ उत्तरप्रदेश का दूसरा तथा 11.16 करोड़ पर्यटको के साथ तमिलनाडु का इस मामले में तीसरा स्थान रहा।[6]

भारत में पर्यटन उद्योग को प्रोत्साहित करने के लिए वर्तमान में सरकार द्वारा चालु की गई कुछ महत्वपुर्ण स्कीमें निम्न प्रकार है-

1. एक्सपोर्ट प्रोमोशन केपीटल गुड्स स्कीम
2. सर्वड फ्राम इंडिया स्कीम
3. निर्यात गृह योजना
4. विदेशी निवेश

घरेलू पर्यटकों की बढ़ती इच्छा, जिज्ञासा, कमाई में बढ़ोतरी और घुमक्कड़ी के ताजा शौक को भी शामिल कर लें तो हमारे सम्मुख जिस पर्यटन उद्योग की तस्वीर तैयार होती है। वह संभवत: दुनियाभर में सबसे तेज गति से बढ़ रहे पर्यटन उद्योग की तस्वीर है।

निष्कर्ष एवं सुझाव - पर्यटन उद्योग भारतीय अर्थव्यवस्था के तीव्र विकास में बहुमूल्य योगदान कर रहा है। यह अन्य उद्योगों को भी बढ़ावा देता है एवं रोजगार के लाखों अवसर उत्पन्न करता है। इससे विदेशी मुद्रा की आय होती है। पर्यटन अर्थव्यवस्था के अन्य क्षेत्रों जैसे हस्तशिल्प, परिवहन, बागवानी, कुक्कुट पालन, निर्माण आदि क्षेत्रों के अप्रत्यक्ष रूप से विकास में सहायक है। भारतीय पर्यटन क्षेत्र में अभी काफी कुछ किये जाने की दराकार है। हालांकि हमारे पास पर्यटन की बढ़ोतरी के लिए अपेक्षित संसाधन मौजूद हैं, लेकिन अधिकांश जगहों पर बुनियादी सुविधाए बेहद नगण्य और प्राथमिक है। पर्यटन स्थलों तक पहुंच की समस्या है, आधुनिक सुविधायुक्त ठहरने की जगह की समस्या है। पर्यटकों की जरूरतों की पूर्ति के लिए सत्कार से प्रशिक्षित लोगों की कमी है, विभिन्न पर्यटन स्थलों में समन्वय और संमजस का अभाव है। देश में पर्यटन के धारणीय विकास का प्रश्न है- ऐसा विकास जो पर्यावरण के साथ सहकार स्थापित कर सके और बगैर उसे नुकसान पहुंचाएं आगे बढ़ सके ऐसे पर्यटन विकास की आवश्यकता है।

सन्दर्भ ग्रंथ सूची :-

1. कुरूक्षेत्र (मई 2010) ग्रामीण विकास मंत्रालय नई दिल्ली 110011 पृ. 10।
2. कुरूक्षेत्र (मई 2012) ग्रामीण विकास मंत्रालय नई दिल्ली 110011 पृ. 17।
3. कुरूक्षेत्र (मई 2012) ग्रामीण विकास मंत्रालय नई दिल्ली 110011 पृ. 21।
4. कुरूक्षेत्र (मई 2010) ग्रामीण विकास मंत्रालय नई दिल्ली 110011 पृ. 11।
5. भारतीय पर्यटन आंकड़े एक झलक (जुलाई - 2014) 'मार्केट अनुसंधान प्रभाग' पर्यटन मंत्रालय, भारत सरकार नई दिल्ली।
6. भारतीय अर्थव्यवस्था (प्रतियोगिता दर्पण 2014) उपकार प्रकाशन 2/ए स्वदेशी बीमा नगर आगरा - 282002 पृ. 136।
7. माहेश्वरी पी.डी. एवं गुप्ता शीलचन्द (2007) 'भारत में आर्थिक पर्यावरण' कैलाश पुस्तक सदन भौपाल।
8. Rathore, devendra And Sharma, L.N. And Sharma Ashish "Contribution of truism industry in employment growth in India" Naveen shodh sansar (An International Refereed Journal) May 2014 Online Edition. pp18-20.
9. hhttp://turism.gov.in/
10. http://en.wikipedia.org/wiki/turism_in_india.

तालिका क्रमांक -1- 2 (अगले पृष्ठ पर देखे)

तालिका क्रमांक –1
भारत में विदेशी पर्यटकों का आगमन एवं मुद्रा आय

वर्ष	भारत में विदेशी पर्यटक आगमन(मिलियन में)	पिछले वर्ष की तुलना में प्रतिशत बदलाव	भारत में पर्यटन से विदेशी मुद्रा आय (करोड़ रूपयों में)	पिछले वर्ष की तुलना में प्रतिशत बदलाव
2008	5.28	4.0	51294	15.6
2009	5.17	–2.2	53700	4.7
2010	5.78	11.8	64889	20.8
2011	6.31	9.2	77591	19.6
2012	6.97	4.3	94487	21.8

स्त्रोत – भारतीय पर्यटन आंकड़े एक झलक (जुलाई–2014) पर्यटन मंत्रालय, भारत सरकार 5

तालिका क्रमांक –2
भारत में सभी राज्यों/ संघ राज्य क्षेत्रों में घरेलू पर्यटक यात्राओं की संख्या

वर्ष	**सभी राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों में घरेलू पर्यटक यात्राओं की संख्या (मिलियन में)**	**पिछले वर्ष की तुलना में प्रतिशत बदलाव**
2008	563.03	6.9
2009	668.80	18.8
2010	747.70	11.8
2011	864.53	15.6
2012	1045.05	20.9

स्त्रोत – भारतीय पर्यटन आंकड़े एक झलक (जुलाई–2014) पर्यटन मंत्रालय, भारत सरकार

****

प्रत्यक्ष विदेशी निवेश और भारतीय अर्थव्यवस्था

डॉ. विवेक पटेल * डॉ. आरती मिश्रा ** डॉ. रामजी गर्ग ***

प्रस्तावना – भारतीय अर्थव्यवस्था में सरकार चाहे किसी भी दल की हो उसकी विकास की अवधारणा विदेशी निवेश से होकर गुजरती है। अर्थव्यवस्था को विकसित करने के लिए वर्तमान आर्थिक व्यवस्था में सुधार की आवश्यकता है। आर्थिक सुधार देश की अर्थव्यवस्था को पटरी में लाने के लिए किये जाने वाले प्रयासों से है। लेकिन सबसे बड़ी बात है कि यह आर्थिक सुधार है क्या और वे क्यों होने चाहिए।लेकिन इसकी वास्तविकता पर कभी ध्यान नहीं दिया गया। ऐसा मान लिया कि विदेशी पूंजी को खुले तौर पर देश में आने दिया जाये और विदेशी निवेदकों को आकर्षित करने के लिए उन्हें सुविधाएं दी जाये अर्थात ऐसा मान लिया जाये कि विदेशो से आने वाले आयातो पर टैरिक की बाधाएं दूर हो जाये। वर्तमान सरकार भी आर्थिक सुधारों को इसी प्रकार परिभाषित करने का काम कर रही है। विदेशी निवेश आधारित अवसंरचना खासतौर पर बुलेट ट्रेन इंडस्ट्रीयल कॉरिडोर एयरपोर्ट इत्यादी इस विकास मॉडल के महत्वपूर्ण घटक माने जा रहे है।

देश में विदेशी निवेदकों को बढ़ावा देने के लिए मेक इन इंडिया का आहवान भी विदेशी निवेश की तरफ सरकार के रूझान को दिखाता है। परिस्थिति ये बन गई की जिन क्षेत्रों में विदेशी निवेशकों की अनुमति ही नहीं थी या थी तो कम थी उसे भी और आगे बढ़ाने की सरकार के प्रयास जारी है। प्रतिरक्षा जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्रों में निवेश की सीमा 26 प्रतिशत से बढ़ाकर 49 प्रतिशत ,इसी तरह अन्य क्षेत्रों में जैसे बीमा पेंशन फंडों में शून्य से 49 प्रतिशत और कुछ क्षेत्रों में तो 100 प्रतिशत विदेशी निवेश की अनुमति सरकार की विदेशी निवेश के प्रति झुकाव का परिचालक है।

भारत जैसे अल्पविकसित देश में पूंजी की कमी रही है। विकास की गति तीव्र करने के लिए पूंजी की आवश्यकता में वृद्धि हुई है,लेकिन बचत में तदनुरूप वृद्धि नहीं होती इसलिए सैद्धांतिक रूप से कह सकते है,कि विदेशी पूंजी इस कमी की पूर्ति कर सकती है। इस कमी को पूरा करने के लिए विदेशी ऋण अनुदान और निवेश लेना आवश्यक हो जाता है।

एफ.डी.आई. में एक देश की कंपनी दूसरे देश में कई तरीकों से एफ.डी.आई. कर रही है। वह दूसरे देश में या तो खुद अपनी एक सहायक कंपनी खोल सकती है,और उसके माध्यम से पूजी लगा सकती है,या वह देश किसी अन्य कंपनी की इक्विटी में निवेश कर सकती है।

उदारीकरण के साथ बढ़ा विदेशी निवेश का चलन – भारत में विदेशी निवेश की गति आर्थिक उदारीकरण का दौर शूरू होने के साथ साथ ही बढ़ी, अस्सी के दशक तक भारतीय अर्थव्यवस्था विकास के लिए आवश्यक विदेशी पूंजी लाने के मामले में द्विपक्षीय और बहुपक्षीय ऋण समझोतों पर ज्यादा निर्भरता थी। वर्ष1991 में आर्थिक सुधार कार्यक्रम के अंतर्गत देश में उदारीकरण प्रारंभ होने से एफ.डी.आई. की अनुमति गिने चुने क्षेत्रों में प्रदान किया गया था लेकिन उसमें भी कई प्रतिबंधों के साथ।इनमें साझेदारी उधम में स्थानीय हिस्सेदारी स्थानीय सामग्री की अनिर्वायता एवं निर्यात दाखिल जैसी शर्ते शामिल थी। वर्ष 1991 के बाद आने वाली विभिन्न सरकारों ने एफ.डी.आई.की नीतियों को और उदार बनाया। वर्ष1991 में सरकार ने एफ.डी.आई. में इंडीग्रेटेड टाउनशिप,रक्षा उधोग एवं टी प्लांटेशन जैसे कई नये क्षेत्रों में एफ.डी.आई.की अधिकतम सीमा को बढाया गया, विदेशी कम्पनियों को भारत में पूर्ण स्वामित्व वाली कम्पनियां खोलने की अनुमति दी गयी। इस प्रक्रिया से विदेशी कंपनियों को भारत में संयुक्त उधम वाली कंपनियों में बदलने की छूट प्रदान की गयी। वर्ष 1991 में 35 क्षेत्रों को प्राथमिकता प्रदान करते हुए उनमें 51 प्रतिशत तक एफ.डी.आई. की अनुमति प्रदान की गयी। इसके बाद आने वाले वर्षो में वर्ष 1997 में कुछ क्षेत्रों में तो शत–प्रतिशत एफ.डी.आई. की अनुमति दी गयी। लेकिन बाद के वर्षो में 111 क्षेत्रों में 74–51–50 प्रतिशत तक एफ.डी.आई में छूट की अनुमति दी गयी।

साल 2000 में एफ.डी.आई. नीति में और उदारता लाते हुए कुछ विशेष क्षेत्रों को छोड़कर लगभग सभी क्षेत्रों में 100प्रतिशत तक एफ.डी.आई. की अनुमति सरकार द्वारा प्रदान कर दी गयी।

भारत में विदेशी निवेश की वर्तमान स्थिति– अंकटाड की वर्ल्ड इन्वेस्टमेन्ट रिपोर्ट 2014 के अनुसार बीते वर्ष 2013 में भारत में एफ.डी.आर.का व्यापार 28.20 अरब डालर का रहा। पहले के वर्षो में वर्ष 2012 में यह 24.20 आब डालर और वर्ष 2011 में 36.19 अरब और वर्ष 2010 में 27.43 अरब डालर था। याने बीते वर्षो के दौरान इसमें उतार–चढाव आता रहा है।

विदेश निवेश पर भारी अनिवासी भारतीयो की बचतें – जिनता गुणगान विदेशी निवेश(F.D.I) का किया जाता है उतना अनिवासी भारतीय द्वारा भेजे गये धन पर नहीं होता है लेकिन भारत से विदेश में जाकर बसे अथवा काम के लिए गए भारतीयों द्वारा भेजी गई राशियों पर नजर डाले तो पता चलता है कि अनिवासी भारतीय निवेशी निवेश से कहीं अधिक विदेशी मुद्रा देश के लिए जुटा रहे है। गौरतलब है कि वर्ष 2001–2002 में 15.4 अरब डालर हो अनिवासी भारतीयों ने देश में भेजे जो अब बढकर 2013–14 में 65.4 अरब हो गया है।

अनिवासी भारतीयों की बचत और सॉफ्टवेयर निर्यात– विदेशी निवेशकों द्वारा निवेश से होने वाली आप का एक बड़ा हिस्सा बाहर ले जाने वाले आकडों के आधार से स्पष्ट है कि बढ़ते आयातों और निर्यात की धीमी गति के कारण बढ़ते हुए व्यापार घाटा को कम करना संभव हो पा रहा है तो

* सहायक प्राध्यापक शासकीय महाविद्यालय, कोतमा, जिला – अनूपपूर (म.प्र.) भारत
** अतिथि विद्वान, शासकीय महाविद्यालय, गुढ़रीवा (म.प्र.) भारत
*** अतिथि विद्वान, शासकीय महाविद्यालय, तेन्दूखेड़ा (म.प्र.) भारत

वह है अनिवासी भारतीयो द्धारा देश में भेजी जाने वाली राशियां और सॉफ्टवेयर निर्यातों से होने वली आमदानी है आंकडों के आाधार पर वर्ष 2012-13 में जबकि हमारा व्यापार घाटा 195.7 अरब डालर था,इस घाटे को कम करने के लिए अनिवासी भारतीयो का योगदान 55.6 अरब डालर और सॉफ्टवेयर निर्यातो का योगदान 55.6 अरब डालर था। यदि ये दोनों प्राप्त न हुई होती तो हमारे देश को विदेशी मुद्रा का कितना भारी संकट का सामना करना पड़ता। सामान्यत: अनिवासी भारतीयों की बचतों पर कोई विशेष देनदारियां नहीं बढ़ती है लेकिन इसके विपरीत विदेशी निवेश के कारण देनदारियां बढती ही जाती है।

सही आर्थिक नीतियों की आवश्यकता – गत वर्षो से कीमतों में वृद्धि लगातार जारी है। प्रारंभ में मुद्रा स्फीति बढने के लिए खाद्ध पदार्थो की ज्यादा जिम्मेदारी रही और वह है खाद्य मुद्रा स्फीति। कृषि की लगातार अनदेखी और बढती आमदानियों के कारण खाद्य वस्तुओं की मांग एवं पूर्ति में असंतुलन बढ़ता गया है। कीमतों में तेजी से वृद्धि होने लगी,और यह वृद्धि 7 प्रतिशत से 11 प्रतिशत तक बढ़ गयी।पिछले कुछ समय पहले तक रूपये के कमजोर होने पसे आयातित वस्तुओं विशेषतौर पर पेट्रोलियम उत्पादों,धातुओं और अन्य प्रकार के कच्चे माल की कीमतों में वृद्धि में मुद्रा स्फीति और अधिक भयंकर स्तर पर पहुंच चुकी थी।इन सब के बावजूद सरकार कीमतों को थामने में लगाकर असमर्थ दिखाई दे रही थी। कीमतों के बढ़ने से ब्याज की दर भी ऊँची बनी हुई है। जिससे एक और निवेश प्रभावित हो रही है तो दूसरी और मांग में भी वृद्धि नहीं हो पा रही है।,नतीजा यह है कि विकास दर घटता जा रहा है।आयतों मे वृद्धि और निर्यातों में कमी के कारण हमारा व्यापार घाटा लगातार बढता जा रहा है। देश में आर्थिक विकास की दर घटने का सबसे प्रमुख कारण औधोगिक विकास में धीमी गति है, इसके दो प्रमुख कारण एक कच्चे माल और ईधन की कीमतों में वृद्धि और दूसरा कारण ब्याज दरों में लगातार वृद्धि।

कच्चे तेल और ईधन की कीमतों में वृद्धि रूपये की कमजोरी के कारण ज्यादा हुई, जरूरत इस बात की है रूपये को मजबूत बनाया जाये और इसके लिए आवश्यक है कि भुगतान शेष को कम रखा जायें,उसका एक मात्र तरीका की गैर जरूरी वस्तुओं के आयातों पर अंकुश। ब्याज दरें कम करते हुए हम उत्पादन निवेश और अन्य क्षेत्रों में निवेश को प्रोत्साहित करते हुए अर्थव्यवस्था को गति प्रदान किया जा सकता है।

चाहे मुद्रा स्फीति हो या घटता हुआ औधौगिक उत्पादन या अवसंरचना के विकास में धीमापन,यह सब इसलिए है कि सरकार कीमतों में अंकुश नहीं लगा पा रही है ऐसी स्थितियों में सरकार नीतियों में परिवर्तन करते हुए कृषि विकास को प्रोत्साहित कर,उधोगों के लिए ब्याज दर में कमी और आयातों विशेषतौर पर गैर जरूरी वस्तुओं सोने चांदी और चीन से चीजों के आयातों पर अंकुश जारी रख रूपये को मजबूती प्रदान करें। तभी भारतीय अर्थव्यवस्था विकास की पट्टी पर आ पाएगा।

देश में उन्नत प्रौद्योगिकी युक्त उद्योगों के लिए विदेशी निवेश जरूरी है, लेकिन आंकडों को देखा जाए तो अनिवासी भारतीय की बचत वास्तव में बेहतर हैं इसलिए सरकार को अनिवासी भारतीय बचतों को प्राथमिकता दी जानी चाहिए और उन्हें पर्याप्त सुविधाएं उपलब्ध कराते हुए अनिवासी भारतीयों के धन को देश के आर्थिक विकास हेतु उपयोग में लगाया जाना चाहिए।

निष्कर्ष – भारतीय अर्थव्यवस्था में सरकार चाहे किसी भी दल की हो उसकी विकास की अवधारणा विदेशी निवेश से होकर गुजरती है। लेकिन अर्थव्यवस्था को विकसित करने के लिए वर्तमान आर्थिक व्यवस्था में सुधार की आवश्कता है। भारतीय अर्थव्यवस्था में पूंजी की कमी हमेशा रही है विकास की गति को तीव्र करने के लिए कहीं न कहीं पूंजी की आवश्यकता होती है इसके लिए सरकार विदेशी ऋण या विदेशी निवेश पर अधिक निर्भर रही। 1991 के आर्थिक सुधार कार्यक्रम के अंतर्गत् सरकार ने विदेशी निवेश को बढाावा देने के लिए विभिन्न प्रकार की छूट प्रदान की गयी। विदेशी निवेश को बढ़ावा देने के पक्ष में यह तर्क दिया जाता है कि इससे देश का आर्थिक विकास होगा, रोजगार में वृद्धि होगी लेकिन वर्तमान में इस पर ज्यादा ध्यान नहीं दिया जाता है प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (F.D.I) का मतलब विदेशी निवेशको द्धारा किसी अन्य अर्थव्यवस्था में पूंजी निवेश करने से है। इस तरह के पूँजी निवेश का सीधा संबंध लगायी गयी पूँजी पर लाभ हासिल करना है देश में उदारीकरण के बाद विदेशी निवेश प्रतिवर्ष बढ़ता ही गया। आने वाली प्रत्येक सरकार विदेशी निवेश के प्रति झुकाव अधिक दिखता गया। लेकिन यदि वास्तविकता पर ध्यान दे तो (F.D.I) की अपेक्षा अनिवासी भारतीयों की द्धारा वतन को भेजी जाने वाली राशि और सॉफ्टवेयर निर्यात से देश को विदेशी पूंजी अधिक प्राप्त हो रही है। सरकार को अनिवासी भारतीयों की बचत को प्रोत्साहित करने के लिए विभिन्न सुविधाएं प्रदान करनी चाहिए। सरकार को आर्थिक विकास के लिए सही आर्थिक नीतियों पर विशेष ध्यान देना चाहिए, इसके लिए कृषि की उत्पादक को बढ़ाना चाहिए। औधोगिक क्षेत्रों को विशेष मदद करना, और अन्य क्षेत्रों में निवेश करना जिससे भारतीय अर्थव्यवस्था को पटरी पर लाया जा सके।

संदर्भ ग्रंथ सूची :–

1. योजना पत्रिका।
2. प्रत्यक्ष विदेशी निवेश एवं अंतर्राष्ट्रीय व्यापार।
3. दैनिक भास्कर।
4. पत्रिका।
5. इंडिया टुडे।

****

हिन्दी भाषा विकास एवं वैश्वीकरण

डॉ. अंजना चतुर्वेदी *

प्रस्तावना – प्रत्येक भाषा मात्र भाषा ही नहीं वरन वह इतिहास, समाज, संस्कृति,देश , काल की अस्मिता एवं उसके भविष्य के उद्देश्यों को अभिव्यक्त करने का साधन भी होती है। हमारी राष्ट्र भाषा हिन्दी भी मात्र एक भाषा नहीं है वह भारतीय संस्कृति की सशक्त,समर्थ एवं सबल संवाहिका है।

श्री नरमदेश्वर चतुर्वेदी जी का कहना है – 'कि हिन्दी वास्तव में किसी एक भाषा या बोली का नाम नहीं, अपितु एक सामाजिक भाषा परम्परा की संज्ञा है, जिसका आकार प्रकार हिन्दी की विभिन्न उपभाषाओं, बोलियों के ताने – बाने द्वारा निर्मित हुआ है। इस प्रकार हिंदी अपनी बोलियों और उपभाषाओं का समष्टि रूप ही है।' [1]

हमारी हिंदी भाषा ऐसी भाषा है जिसके बारे में कहा जाता है कि पिछले सवा सौ सालों में जितनी प्रगति इस भाषा ने की है उतनी शायद ही किसी और भाषा ने की होगी और वह भी इन परिस्थितीयों में जब किसी क्षेत्र के लोगों ने अपनी क्षेत्रीयता से जोड़ा नहीं। 'हिन्दी शब्द की व्युत्पत्ति 'सिंधु' शब्द से मानी जाती है। प्राचीन समय मे सिंधु नदी के आसपास का क्षेत्र सिंधु देश कहलाता था। मुसलमान आक्रमणकारी रूप में जब हिन्दु कुश पहाड़ियों से भारत में प्रविष्ट हुए तो सबसे पहले उन्होंने सिंधु देश को जाना और चूँकी ईरानी (फारसी) भाषा में 'स' ध्वनि के स्थान पर 'ह' ध्वनि है अत: 'सिंधु ' उन लोगों के द्वारा 'हिन्दु' बोला जाने लगा, और हिन्द देश की बोली जाने वाली भाषा को 'हिन्दवी' या हिन्दी कहा जाने लगा। [2]

हिन्दी साहित्य का उद्भव दसवी शताब्दी से माना जाता है एवं हिन्दी को अपभ्रंश की उत्तराधिकारिणी कहा गया है।[3]

किसी भाषा का सार्वभौमिक रूप से व्यवहार प्रचार –प्रसार व विकास तभी संभव है जब वह भाषा राजकाज और साहित्य के अलावा ज्ञान विज्ञान और व्यवसाय की भाषा बन जाए अर्थात् उसका उपयोग प्रयोजन मूलक हो। हिन्दी के प्रारंभिक रूपो का आभास आचार्य हेमचंद के 'शब्दानुशासन में दिए उदाहरणों द्वारा होता है।' कुछ विद्धान हिन्दी का उद्भव सातवीं सदी से एवं कुछ इसका विक्रास क्रम ग्यारवीं शती के उतरार्ध को मानते है।'[4]

हिन्दी भाषा के विकास समय की अपेक्षा उसका विस्तार अधिक प्रभावित करता है। भाषा में निहित सुदूर तक विस्तृत क्षेत्र की शब्दावली में परस्पर बहुत विभन्नता देखने को मिलती है, क्योंकि इस हिन्दी क्षेत्र में लगभग अठाहर बोलियॉ आती है। ये बोलियां अलग –अलग उपभ्रंशो से विकसित हुई और वृहत्तर हिन्दी में समाहित हो गई । हिन्दी की विकास यात्रा का चरण बद्ध वर्गीकरण करने का श्रेय आचार्य रामचंद शुक्ल जी को जाता है। उन्होने विभिन्न समयों पर रचित साहित्य के आधार पर यथोचित काल विभाजन प्रस्तुत किया –

1. वीरगाथा काल	–	(संवत् 1050– 1375 वि.)
2. भक्ति काल	–	(संवत् 1375 से 1700 वि.)
3. रीति काल	–	(संवत् 1700 से 1900 वि.)
4. गद्यकाल	–	(संवत् 1900– 1948 वि.) [5]

इस विकास काल विश्लेषण का आगामी काल आधुनिक काल कहलाया। आधुनिक हिन्दी के मानक स्वरूप और शैली को स्थिरत प्रदान करने में सिद्ध सरहपा, गुरू गोरखनाथ, अब्दुल रहमान ,खुसरो, बनारसी दास आदि अनेक संत महात्माओं एवं मनीषियो ने योगदान दिया। [6]

हिन्दी भाषा ही सम्पूर्ण भारत में संचार का आधार रही है। समस्त दिशाओं एवं सभी धर्मो एवं मतो ने हिन्दी के वृहद स्वरूप को स्वीकार किया है। अंग्रेज , इसाईयों ने अपने मिशनरी प्रचार के लिए हिन्दी भाषा का सहारा लिया। उन्होंने हमारी भाषा के मूल पर अपनी शब्दों को बनाया भी है।

'शैम्पू शब्द का मूल रूप हिन्दी का चम्पी शब्द है। इस चम्पी (सिर की मालिश) शब्द से बना शैम्पू अब अंग्रेजी के अलावा विश्व की अनेक भाषाओं मे जरा–जरा से उच्चारण भेद के साथ मौजूद है।' [7] यही हिन्दी दक्षिण के संतो की भाषा रही। पश्चिम बंगाल का साहित्य का माध्यम हुई एवं मिथिला के चैतन्य एवं विद्यापति की बोली बनी। सिख समाज के दसवें गुरू गोविंद सिंह जी ने हिन्दी में काव्य रचा। देश के राष्ट्र पिता गांधी जी ने जो मूलत: गुजरात के थे, मुक्तहृदय से हिन्दी को राष्ट्रभाषा के रूप में स्वीकार किया। इसके पूर्व पं.हजारी प्रसाद द्विवेदी जी सहित समस्त बुद्धिजीवियों को इस बात का अहसास होने लगा था कि बिना किसी राष्ट्रभाषा के बिना राष्ट्रवाद की परिकल्पना संभव नहीं हो पाएगी। भारत में अन्य देशो की तुलना में स्थिति सर्वथा भिन्न थी क्योंकि यह अनेक भाषा एवं बोलियों वाला देश था। हिन्दी ही सबसे ज्यादा लोगों द्वारा बोली जाने वाली भाषा थी। अत: हिन्दी को खड़ा कर राष्ट्र भाषा का दावा प्रस्तुत करने हेतु खड़ी हिन्दी का स्वरूप प्रदान किया गया, एवं ''ऐसी हिन्दी की परिकल्पना की गई जिसमें हिन्दी के विविध रूपों और कथित जनपदीय भाषाओं बोलियों के लिए कोई जगह न बचे।' [8]

राष्ट्र भाषा बनने एवं नया स्वरूप धारण करने के पश्चात् हिन्दी भाषा हमारे देश के विभिन्न क्षेत्रों के साथ ही अन्य देशों के साथ भी संचार के माध्यम के रूप में विकसित होती गई। विकास यात्रा में नए स्वरूप का इतिहास भी सृजन होने लगा आचार्य शुक्ल ने इतिहास को परिभाषित करते हुए अपने ग्रंथ में लिखा – 'प्रत्येक देश का साहित्य वहॉ की जनता की चित्रवृत्ति के परिवर्तन के साथ –साथ साहित्य के स्वरूप में भी परिवर्तन होता चला जाता है। आदि से अंत तक इन्हीं चित्रवृन्तियों की परम्परा को परखते हुए साहित्य परम्परा के साथ उनका सामंजस्य दिखाना ही साहित्य का इतिहास कहलाता है।' [9]

हिन्दी ने जहॉ जन जीवन के सामान्य व्यवहार की समर्थ भाषा बनकर राष्ट्र को एक संगठित इकाई बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है, साहित्य अभिव्यक्ति के लिए भी एक सशक्त माध्यम बनकर सामने आई है। 'मणिपुर में प्रथम मौलिक हिन्दी पुस्तक 1951 में प्रकाशित हुई और अनुदित पुस्तक 1962 में।' [10]

हमारी राष्ट्र भाषा का महत्व देश की सीमाओं को पार कर के दूसरे देशो द्वारा भी स्वीकार किया जा रहा है। फिजी,कनाडा एवं बुलगारिया में भी हिन्दी भाषा एवं साहित्य का अध्ययन अध्यापन किया जाता है। 'फिजी में

* प्राध्यापक (अर्थशास्त्र) शासकीय स्वशासी कन्या स्नातकोत्तर उत्कृष्टता महाविद्यालय, सागर (म.प्र.) भारत

हिन्दी को संवैधानिक संसदीय मान्यता प्राप्त है और वहॉ देश का कोई भी सांसद हिन्दी भाषा में अपने विचारों को रख सकता है।' [11]

हिन्दी में अपार क्षमता है भाषा विज्ञान की दृष्टि से हिन्दी संप्रेषण शीलता और सरलता में विश्व की श्रेष्ठतम् भाषा है। अपनी संश्लेषणात्मक प्रवृति की क्षमता के कारण यह उच्च स्तर के कार्य व्यवहार विचार-विमर्श और अभिव्यक्ति का श्रेष्ठ माध्यम है। किसी भाषा का मानवीकरण ही उसके विस्तार में वृद्धि करता है। भाषा में ज्ञान विज्ञान की अभिव्यक्ति देने की प्रक्रिया में किया जाने वाला भाषिक परिवर्तन ही भाषा का आधुनिकीकरण है। बदलते हुए जीवन मूल्यों मान्यताओं व आवश्यकता के साथ -साथ प्रयोजन मूलक हिन्दी के स्वरूप में भी प्रगति संगत परिवर्तन हो रहे है। प्रयोजन मूलक भाषा का तात्पर्य उस भाषा से है जो किसी विशिष्ठ प्रयोजन परक हेतु से प्रयुक्त होती है। प्रयोजनपरक हिन्दी को हम -1. कार्यालयीन/ प्रशासनिक 2. वाणिज्यक/व्यावसायिक 3. वैज्ञानिक /तकनीकी 4. विधि हिन्दी 5. जनसंचारी 6. सामाजिक 7. शास्त्रीय हिन्दी में विभक्त कर सकते है।

वर्तमान समय में हिन्दी न केवल राजभाषा के रूप में केन्द्रीय एवं सरकारी कार्यालयों तक ही सीमित बल्कि वैश्वीकरण के इस दौर में प्रयोजनमूलक हिन्दी में व्यवसाय के क्षेत्र में अपनी एक विशिष्ठ पहचान स्थापित की हैं। सम्पूर्ण विश्व बाजार की खोज में भारत की ओर निहार रहा है एवं अपनी वस्तुओं की पहचान स्थापित करने के लिए हिन्दी का सहारा प्राप्त कर रहा। सभी विकसित देश अपने पाठ्यक्रम में हिन्दी का समावेश अपनी भविष्य की व्यावसायिक पूर्ति के लिए कर रहे है। सोशलमिडिया पर भी संचार की भाषा के रूप में हिन्दी ने प्रतिष्ठा प्राप्त की है। बहुराष्ट्रीय कंपनिया अपने उत्पाद के विक्रय के लिए विज्ञापनों में हिन्दी का सहारा ले रही है। इन सभी प्रक्रियाओं में हिन्दी के स्वरूप में कुछ परिवर्तन हो रहा है। परंतु यह चिंता का विषय नहीं है। हिन्दी भाषा स्वरूप पर आयोजित संगोष्ठी में साहित्यकार डॉ. सुरेश आचार्य जी ने कहा - हिन्दी भाषा तो कल्प वृक्ष के समान है। भारतीय चिकित्सा पद्धति हिन्दी में ही प्रचलित है। हिन्दी की पाचन शक्ति गजब की है, सारी भाषाओं में हिन्दी का प्रवेश हो रहा है यह हिन्दी का परकाया प्रवेश का समय है।[12] भाषा अपनी संप्रेषणीय क्षमता से मनुष्य को मनुष्य से,धर्म को धर्म से,संप्रदाय को संप्रदाय से,व्यवसाय को व्यवसाय से, संस्कृति को संस्कृति से,क्षेत्र को क्षेत्र से ,राष्ट्र को राष्ट्र से जोड़कर 'वसुधैव कुटुम्बकम्' की कल्पना को साकार करती है। हिन्दी विश्व के सबसे बडे लोकतंत्र की भाषा ही नहीं अपितु जनगणना के अनुसार उसे विश्व की सर्वाधिक सृजनशीलता सहनशीलता सरलता एवं उदारता के कारण उसमें 'अन्तर्राष्ट्रीय भाषा के प्राय: सभी गुण है विद्यमान है।' [14]

हिन्दी को वैश्विक पटल लाने में कम्प्यूटर का उल्लेखनीय योगदान है। कम्प्यूटर में हिन्दी में कार्य करना बहुत सुगम एवं सहज है। प्रशासनिक कार्योंमें हिन्दी पूर्णत: समर्थ भाषा है। भारतीय रेल आरक्षण ,बैक ,चुनाव कार्य एवं अन्य कार्यो में हिन्दी का प्रयोग उसकी बढ़ती लोकप्रियता का परिचालक है।

वैश्विक परिदृश्य में सूचना एवं प्रोद्योगिकी के पटल पर शीर्ष में लाने के लिए देश प्रेमियों एवं भाषा प्रेमियों, प्रर्वतकों को हिन्दी के मार्ग में आने वाले अवरोधो एवं चुनौतियों को दूर करने का हल निकलना होगा। यह अच्छे भाषाविद् एवं सूचना प्रोद्योगिकी विशेषज्ञों के प्रयासों एवं संकल्प द्वारा किया जा सकता है।

संदर्भ ग्रंथ सूची :-

1. लेख - डॉ. पांचाल परमानंद ,राष्ट्र भाषा पत्रिका मई 2012 पृ. 05
2. हिन्दी साहित्य का सुबोध इतिहास -बाबू गुलाब राय प्रकाशक लक्ष्मी नारायण अग्रवाल आगरा 2005 पृ. 01
3. लेख -हिन्दी के उद्भव विकास में अपभ्रंश का योगदान - हरिदास राम जी शेण्डे, मध्यभारती - 63,2011 पृ. 119
4. हिन्दी साहित्य का सुबोध इतिहास -बाबू गुलाब राय प्रकाशक लक्ष्मी नारायण अग्रवाल आगरा 2005 पृ. 02
5. प्रतियोगिता दर्पण अतिरिक्तांक हिन्दी भाषा 2014 स्वदेशी बीमा नगर आगरा पृ. 144
6. हिन्दी साहित्य का सुबोध इतिहास -बाबू गुलाब राय प्रकाशक लक्ष्मी नारायण अग्रवाल आगरा 2005 पृ. 03
7. ज्ञानोदय- भारतीय ज्ञान पीठ दिल्ली सितम्बर 2013 पृ. 13
8. नया ज्ञानोदय - भारतीय ज्ञान पीठ दिल्ली जनवरी 2014 पृ. 08
9. मध्य भारती - डॉ. हरिसिंह गौर वि.वि. प्रकाशन मार्च - सितम्बर 2006 पृ. 09
10. भाषा - सितम्बर-अक्टूबर 2001-केन्द्रीय हिन्दी निदेशालय नई दिल्ली पृ. 59
11. भाषा - सितम्बर-अक्टूबर 2001-केन्द्रीय हिन्दी निदेशालय नई दिल्ली पृ. 201
12. बुन्देली दुनिया मासिक समाचार पत्र- सागर 26 जनवरी 2014 पृ. 06
13. मध्यभारती 62 डॉ. हरिसिंह गौर वि.वि. प्रकाशन 2010 पृ. 31
14. विज्ञान गरिमा सिंधु (संयुक्तांक 34-35) 2000, वैज्ञानिक तथा तकनीकी शब्दावली आयोग नई दिल्ली पृ. 66

****

ई-बैंकिंग के प्रति ग्राहकों की अविश्वसनीयता एवं भय के कारणों का विश्लेषणात्मक अध्ययन

डॉ. राजीव कुमार झालानी * कार्तिका गुप्ता मेहता * *

शोध सारांश – आधुनिक युग तकनीक का युग है जहां एक क्लीक के माध्यम से सम्पुर्ण संसार की गतिविधियों का ज्ञान प्राप्त किया जा सकता है। व्यक्ति घर बैठे अपनी पसंदीदा वस्तु को क्रय कर सकता है तथा उसका भुगतान भी घर बैठे ही कर सकता है। इन प्रकार की सभी सुविधाओं का लाभ प्राप्त करने की एक ही कुंजी है वो है इन्टरनेट। इसी के कारण बैंक की कार्यप्रणाली में बहुत बडा परिवर्तन आया है। समस्त बैंकों द्वारा विभिन्न स्थानों पर एटीएम मशीनों को स्थापित कर विभिन्न ग्राहकों और बैंकिंग संस्थाओं को परस्पर जोडा गया है ताकि ग्राहकों को नगद की जोखिम न उठानी पडे। इसे ई-बैंकिंग सुविधा के अंतर्गत सम्मिलित किया जाता है जिसने सम्पुर्ण संसार के धन संबंधित लेनदेनों को सरल बना दिया है। ई-बैंकिंग के कई लाभ होने के बावजुद भी इसे हमारे देश में पर्याप्त मात्रा में उपयोग में नहीं लिया जाता है। शिक्षा का इतना अधिक विकास होने के बाद भी इसे हमारे देश में भुगतान का एक अविश्वसनीय साधन माना जाता है। प्रस्तुत शोधपत्र में ई-बैंकिंग के प्रति जनता के अविश्वास एवं भय के कारणों को ज्ञात कर उनका विश्लेषण किया गया है।

प्रस्तावना – अधिकांश विकासशील देशों में मौद्रिक लेनदेनों का माध्यम प्राय: चैक, बैंक नोट व सिक्के ही हुआ करते थे।जिसमें प्रमुख समस्या इनके गलत हाथों में लग जाने या चोरी चले जाने की हुआ करती थी। चैक, नोट व सिक्कों का स्थान आधुनिक युग में डाटा ने ले लिया है। धन का हस्तांतरण टेलीफोन लाईनों और सेटेलाइट के माध्यम से किया जाने लगा है। यह गतिशील तकनीकी पद्धति और विकास के कारण ही संभव हो पाया है। ई-बैंकिंग के अंतर्गत ग्राहक अपने बैंक खातों को इंटरनेट से जोड़ते है तथा इसके माध्यम से ही अपने समस्त लेनदेन करते हैं। सामान्य रूप से यह कहा जा सकता है कि ई-बैंकिंग, बैंकों द्वारा अपने वेब पेज का निर्माण करना है जिस पर समय-समय पर बैंक ग्राहकों को अपनी विभिन्न योजनाओं से अवगत करवाता है। विशिष्ट रूप से यह कहा जा सकता है कि इसमें विभिन्न प्रकार की सुविधाओं का समायोजन होता है जैसे - खातों का संचालन, कोषों का हस्तांतरण और ऑनलाइन वस्तुओं और सेवाओं का क्रय। 1990 के बाद से बैंकों की कार्यप्रणाली में एक अभुतपुर्व परिवर्तन आया हैं जब बैंकों ने इलेक्ट्रोनिक संचार माध्यमों का उपयोग प्रारम्भ किया। हमारे देश में भी ई-बैंकिंग का विस्तार होता जा रहा है जो सामान्य व्यक्तियों के जीवन को सरल बना रहा हैं। चाहे रेल्वे का टिकिट हो या किसी बिल का भुगतान, विद्यालय या महाविद्यालय की शुल्क हो या वेतन का भुगतान आज अधिकतम संस्थाएं ऑनलाइन भुगतानों को बढावा दे रही हैं।

लेकिन कहीं न कहीं आज भी ई-बैंकिंग को लेकर ग्राहकों के मन में अविश्वसनीयता एवं भय बना हुआ है इस ही कारण बैंकों में आज भी विभिन्न कार्यो के लिए ग्राहकों की भीड लगी रहती हैं।

2. विषय का चयन – प्रस्तुत शोधपत्र के विषय का चयन पूर्व में किए गए कुछ शोधों को ध्यान में रखते हुए किया गया हैं। विभिन्न शोधपत्रों में ई-बैंकिंग के कार्य, क्षेत्र, इसकी बढती हुई लोकप्रियता, इसके लाभ-हानि आदि का वर्णन किया गया है।

E-Banking:Status, Trends, Challenges and Policy Issues(November 2003) के शोध में यह ज्ञात हुआ कि ई-बैंकिंग की सुविधा को बढाना ही पर्याप्त नहीं है बल्कि इसके लिए लोगों को सचेत करना और सुरक्षा की भावना जागृत करना भी आवश्यक है।

सन् 2006 में दुबई में Diffusion of internet banking amongst educated consumers in a high income non-OECD country पर किए गए शोध में यह पाया गया कि ई-बैंकिंग कि कार्यप्रणाली में शीथिलता लाई जानी चाहिए, इसकी सेवाओं में सुधार किया जाना चाहिए तथा लागत को कम करने के प्रयास किए जाने चाहिए।

Consumers and Mobile Financial Services 2014 कि रिपोर्ट में यह पाया गया कि आधुनिक युग में औसतन प्रत्येक व्यक्ति के पास मोबाइल फोन है फिर भी लोग ई-बैंकिंग का लाभ नहीं लेते क्योंकि उनके मन में सुरक्षा की भावना का अभाव है।

इरान में A General View on the E-banking पर किए गए शोध में यह ज्ञात हुआ कि अपर्याप्त ज्ञान और विश्वास के अभाव के कारण लोग ई-बैंकिंग का उपयोग नहीं करते है। इसमें सुधार के लिए सरकार और बैंकों को जनता की सुविधा के अनुसार परिवर्तन करने होगें ताकि इसके प्रचलन में वृद्धि की जा सके।

3. अध्ययन के उद्देश्य –प्रस्तुत शोधपत्र का प्रमुख उद्देश्य ई-बैंकिंग के प्रति जनता की अविश्वसनीयता एवं भय के कारणों का विश्लेषणात्मक अध्ययन करना है।

4. अध्ययन का महत्व – इस अध्ययन की महत्ता उन बैंकों के लिए है जो अपने ग्राहकों को ई-बैंकिंग की सुविधा उपलब्ध करवाते हैं। इस अध्ययन से यह ज्ञात होगा कि वर्तमान में किन कारणों से ग्राहक ई-बैंकिंग का उपयोग नहीं करते हैं। वर्तमान में उन्हें कौन-सी असुविधाओं का सामना करना पड़ रहा है ताकि बैंक अपनी ई-बैंकिंग सुविधाओं में सुधार कर सके तथा इस

* प्राचार्य, रू. प. ल. माहेश्वरी महाविद्यालय, इन्दौर (म.प्र.) भारत
** सहायक प्राध्यापक, रू. प. ल. माहेश्वरी महाविद्यालय, इन्दौर (म.प्र.) भारत

सुविधा का लाभ ग्राहक निसंकोच उठा सके फलस्वरूप बैंकों के कार्य ओर कम हो जाएंगें तथा ग्राहकों के मौद्रिक लेनदेन और अधिक सुविधाजनक।

5. अध्ययन की परिकल्पना – ई-बैंकिंग के प्रति ग्राहकों की अविश्वसनीयता एवं भय में वृद्धि हो रही है।

6. अध्ययन पद्धति – प्रस्तुत शोधकार्य हेतु प्राथमिक संमको को साक्षात्कार व प्रश्नावली विधि के द्वारा प्राप्त किया गया है, जबकि द्वितीयक समंको हेतु मुख्यत: लेख, पुस्तिका, पत्र-पत्रिका, वार्षिक प्रतिवेदनों इत्यादि का प्रयोग किया गया है।

7. विश्लेषण – ई-बैंकिंग – प्राय: सभी बैंकों द्वारा अपने ग्राहकों के लिए इलेक्ट्रानिक बैंकिंग सेवाएं प्रारंभ की गई हैं। IDBI, UTI, ICICI, SBI, BOB आदि ऐसे बैंकों के कुछ उदाहरण हैं। ये कोषों के हस्तांतरण एवं बहुत से कार्यों के लिए कम्प्यूटरों एवं उपग्रहों का प्रयोग करते हैं। ई-बैंकिंग के अंतर्गत व्यक्तियों एवं व्यावसायिक फर्मो को इंटरनेट के माध्यम से अपने कम्प्यूटरों एवं मोबाइल फोन पर व्यावसायिक लेनदेन करने की सुविधा प्रदान की जाती है। इस प्रकार एक बैंक ग्राहक अपनी शेष राशि की जांच कर सकता है, बिलों का भुगतान कर सकता हैं, दुसरों को धन का हस्तांतरण कर सकता है तथा ई-बैंकिंग सुविधाओं के प्रयोग द्वारा नगदी निकलवा सकता हैं।

ई-बैंकिंग के प्रति अविश्वास एवं भय के कारण –

1. व्यक्तिगत जानकारियों की चोरी का भय – ई-बैंकिंग के उपयोग में सबसे बडा बाधक तत्व व्यक्तिगत सुचनाओं की चोरी का है। जब ऑनलाइन लेनदेन के विकल्प का चयन किया जाता है तब सर्वप्रथम ग्राहक को अपनी व्यक्तिगत जानकारियों को रिक्त स्थानों पर भरना होता है। जब उन्हें भरा जाता है तब ही ग्राहक बैंकिंग लेनदेन कर सकता है। इन जानकारियों के गलत उपयोग का भय सदैव बना रहता है फलस्वरूप ग्राहकों को परेशानियों का सामना करना पडता है।

2. गोपनीयता का अभाव – ग्राहकों से संबंधित समस्त सुचनाएं बैंकर के पास उपलब्ध रहती है, यदि इन सुचनाओं को बैंकर किसी ओर से साझा कर ले या गलती से ऐसा हो जाए तो ग्राहकों के खाते हैक होने का भय बना रहता है। जो उनके खातों पर विपरित प्रभाव डालता है।

3. धोखे की स्थिति में जिम्मेदारियों का अभाव – ई-बैंकिंग की विभिन्न सेवाओं को करने के दौरान कई बार ग्राहकों को धोखे का सामना करना पड सकता है। उदाहरण के लिए ए.टी.एम. से धन निकालते समय यदि धनराशि कम प्राप्त होती है तो इसके लिए ग्राहक किसे जिम्मेदार ठहराए तथा उसकी भरपाई करना भी कठिन कार्य होता है।

4. पारम्परिक बैंकिंग प्रणाली के प्रति विश्वास – आधुनिक युग में भी ग्राहक ई-बैंकिंग प्रणाली का उपयोग करना पसंद नहीं करते है। परिवर्तनों को अपनाना तथा नवीन तकनीक का उपयोग करने में ग्राहक सकुचाते हैं उन्हें जिस प्रकार वे आजतक बैंकिंग लेनदेन करते आए है वो तरीका सुरक्षित लगता है। जिसमें धन जिसे दिया जाए उसके हस्ताक्षर व रसीद प्राप्त की जाए, पासबुक में समय-समय पर होने वाले लेनदेनो कि प्रविष्टि करवाना आदि सम्मिलित है।

5. मशीनों की अपेक्षा मानवीय व्यवहार में विश्वास – ग्राहक बैंक में अपनी पहचान बनाने के लिए ऐसा करते हैं उनकी सोच यह होती है कि जितना अधिक धन बैंक में जमा करवाया जाएगा उसकी ख्याति में उतनी ही अधिक वृद्धि होगी।बैंक द्वारा उन्हें नई-नई बचत एवं विनियोग योजनाओं के संबंध में जानकारी समय-समय पर उपलब्ध करवाई जाएगी।

6. ई-बैंकिंग की जानकारी का अभाव – न केवल अशिक्षित वर्ग बल्कि शिक्षित वर्ग भी ई-बैंकिंग की सुविधा की जानकारी प्राप्त करने में रूचि रखता हैं।आज सभी व्यक्ति अच्छा मोबाइल जिसमें इंटरनेट की सुविधाओं का उपयोग करते है लेकिन फिर भी ई-बैंकिंग का उपयोग नहीं करते हैं। बैंकों में ई-बैंकिंग की जानकारी देने के लिए एक कमर्चारी उपलब्ध होने पर भी ग्राहक उसके सुझावों पर ध्यान नहीं देते हैं।क्योंकि यह सब सिखना ग्राहकों को समय की बर्बादी लगती है तथा वे इसे एक उलझन भरा कार्य लगता है।वे अधुरे ज्ञान के आधार पर ई-बैंकिंग करना हानिकारक मानते है।

7. धन हस्तांतरण में धन के गुम होने का भय –जब ग्राहक ई-बैंकिंग के माध्यम से धन का हस्तांतरण करते हैं तब एक गलत क्लीक के कारण धन किसी ओर व्यक्ति या संस्था के खाते में जमा होने, एक नम्बर की गलती होने पर धनराशि के नुकसान होने का भय बना रहता है। ऐसे धन हस्तांतरण में प्राप्तकर्ता के प्रति उत्तर प्राप्त न होने तक भय बना रहता है। यदि धनराशि उस तक न पहुचे तो यह पता लगाना कठिन होता है कि राशि कहां गुम हो गई या प्राप्तकर्ता गलत बोल रहा है या सही।

8. ए.टी.एम. से संबंधित समस्याएं – ए.टी.एम. से धन निकालते समय ग्राहकों को कई परेशानियां अनायास ही झेलनी पड़ती है। जैसे-एक ए.टी.एम. में रूपये न होने पर अन्य ए.टी.एम. से धन निकालने के लिए भटकना, ए.टी.एम. से धनराशि कम निकलना या न प्राप्त होने पर भी खाते का षेष कम होना, एक निश्चित सीमा तक ही धनराषि निकाल पाना, ए.टी.एम. में रूपये फंस जाना, गार्ड न होने की स्थिति में महिलाओं के साथ छेड़छाड़ होना आदि। इन छल-कपटों की क्षतिपूर्ति करना भी बहुत कठिन कार्य होता है। जो प्राय: ग्राहकों को प्राप्त नहीं होती है।

9. सुरक्षा का अभाव – सुरक्षा के अभाव में ग्राहक ई-बैंकिंग का उपयोग नहीं करते है। जैसे- ग्राहक की व्यक्तिगत सुचनाओं का चोरी हो जाना तथा उसका गलत उपयोग होना, हैकर द्वारा ग्राहक के खाते को नुकसान पहुँचाना, इंटरनेट के माध्यम से विभिन्न सेटिंग्स को बदल कर ग्राहकों के खाते से धनराशि को किसी ओर के खाते में हस्तांतरित करना। इन सभी कारणों से ग्राहक ई-बैंकिंग का उपयोग नहीं करते है।

10. संचालन संबंधित जोखिमें – ग्राहकों को ई-बैंकिंग के संचालन के अधूरे ज्ञान से संबंधित जोखिमों को वहन करने का सामना करना पड़ता है। लेनदेन की प्रक्रिया में गलती, अनुबन्ध की अस्पष्टता, सुचनाओं के एकत्रीकरण, सुचनाओं की गोपनीयता, बैंकिंग प्रणाली का अनाधिकृत संचालन और लेनदेन के कारण यह जोखिम वहन करनी पड़ती है। जब बैकिंग सुचना प्रणाली का आकार कमजोर हो, उसे उचित रूप से लागू न किया गया हो तथा उसका निरीक्षण समय-समय पर न किया जाता हो।

11. सर्वर डाउन होने का भय – हमारे देष में सर्वर डाउन होने की समस्या प्राय: देखने को मिल जाती है। ऐसी स्थिति में लेनदेन की प्रविष्टियां अधूरी रह जाती है। कई बार ग्राहको के खाते से राशि कम हो जाती है तथा सर्वर डाउन होने पर प्राप्तकर्ता के खाते में जमा नहीं होती है। इस कारण भी ग्राहक ई-बैंकिंग का उपयोग नहीं करते है।

12. चैक व नगद जमा करने में असहाय – ग्राहक के पास उपस्थित चैक व नगद धनराशि को ग्राहक ई-बैंकिंग के माध्यम से बैंक में जमा नहीं करवा सकता है और न ही वह उसे किसी अन्य व्यक्ति के खाते में जमा करवा सकता है।

13. एक ही बैंक की शाखा के लिए उपयोगी – यदि लेनदेन एक ही बैंक की अन्य शाखा से करना हो तो ई-बैंकिंग के माध्यम से करना लाभदायक

होता है क्योंकि वह उसी दिन हस्तांतरित हो जाता है लेकिन किसी ओर बैंक में धन हस्तांतरण करने पर वह एक से दो दिन में हस्तांतरित होता है जो ग्राहकों के लिए नुकसानदायक सिद्ध होता है। ऐसी स्थिति में ग्राहकों को मानसिक अशांति का सामना करना पड़ता है।

14. समस्याओं का समाधान शीघ्र न होना – ई–बैंकिंग में आई हुई समस्याओं का समाधान ग्राहकों को तुरन्त प्रभाव से नहीं मिलता है। उन्हें अपनी शिकायतों को दर्ज करवाने में भी कई समस्याओं का सामना करना पड़ता है। ग्राहकों मशीनों की गलती, इंटरनेट की गड़बड़ जैसी समस्याओं से हानि वहन करनी पड़ती है। कहां शिकायत की जाए तथा शिकायत दर्ज होने के बाद भी असंतुष्ट उत्तरों से ही काम चलाना पड़ता है।

निष्कर्ष– उपर्युक्त वर्णन से यह सिद्ध होता है कि आधुनिक युग मे जहां ई–बैंकिंग के उपयोग में वृद्धि हो रही है वही इसके अनुपयोग के कई कारण भी है जो इसके प्रति अविश्वास में वृद्धि उत्पन्न कर रहे हैं। हमारे देश में ई–बैंकिंग के अप्रचलन का कारण भी यही है क्योंकि ग्राहक अपनी गाढी कमाई को इस प्रकार नहीं गवा सकता। एक छोटी सी गलती से बहुत अधिक धन की हानि होने की संभावना रहती है। बैंक खाते की जानकारी आज भी ग्राहक पासबुक की प्रविष्टियों को देख कर करते है। ई–बैंकिंग सेवाओं में ग्राहक सर्वाधिक उपयोग ए. टी. एम. का करता है क्योंकि वह अधिक धनराशि नगद साथ में लेकर नहीं चल सकता। अत: परिकल्पना सत्य सिद्ध होती कि ई–बैंकिंग के प्रति ग्राहकों की अविश्वसनीयता एवं भय में वृद्धि हो रही है । केवल वे ही ग्राहक ई–बैंकिंग का उपयोग करते है जो इंटरनेट का संपूर्ण ज्ञान रखते हैं तथा जिन्हें ई–बैंकिंग का सुरक्षित उपयोग करना आता हो । ई–बैंकिंग सामान्य ग्राहकों की पहुँच व समझ से बहुत दूर है।विभिन्न प्रकार की धोखेबाजी से बचने के लिए ग्राहक आज भी व्यक्तिगत रूप से लेनदेन में विश्वास रखते है। एक क्लीक की प्रकिया ग्राहकों के लिए परेशानियों का कारण बन जाती है। ग्राहकों के पास इस तकनीक को सीखने के लिए समय नहीं होता है तथा अधूरे ज्ञान की स्थिति में वे ई–बैंकिंग का उपयोग नहीं कर पाते है। बैंको को ग्राहकों को ई–बैंकिंग से संबंधित सूचनाएं प्रदान करनी चाहिए तथा ग्राहकों की शिकायतों के निपटारे के लिए उचित व्यवस्था करनी चाहिए । हमारे देश में आज भी ई–बैंकिंग से संबंधित तकनीक का विकास करने की आवश्यकता है।

संदर्भ ग्रंथ सूची :–

1. E-banking:Status, Trends, Challenges and Policy
2. Implications(CBRC Seminar), Report of Consumers and Mobile Financial Services 2014,
3. www.financialexpress.com,
4. ijcrb.webs.com,
5. www.garph.co.uk,
6. www.tyk.ut.ee,
7. Simon S M Ho and Victor T F Ng (1994), "Customers' Risk Perceptions of Electronic Payment Systems",International Journal of Bank Marketing, Vol. 12, No. 8, pp. 26-38, www.ccsenet.org/jms,
8. Diffusion of internet banking amongst educated consumers in a high income non-OECD country', Journal of Internet Banking and Commerce, vol. 11, no. 3, pp. 1-17,
9. International Journal of Research in Business Management (IJRBM) Vol. 1, Issue 1, June 2013, 19-26.
10. E- Banking & security transactions (Agrawal, Jain, Bhargava),
11. Banking services operations (Jain, Rathi, Sharma).

****

गाँधीजी के सामाजिक , आर्थिक विचार

डॉ. पंकज माहेश्वरी *

प्रस्तावना – गांधीजी का जीवन दर्शन ही गांधीवाद था। उन्होंने जो सोचा, मनन किया, वह किया। उनकी अंतरात्मा ही उनकी पथप्रदर्शक थी। भारत की आत्मा का प्रतीक गांधीवादी दर्शन ही था। गांधीजी के विचारों का आशय यह है कि व्यक्ति के जीवन और समाज की संरचना को फिर से नैतिक ऊँचाई की ओर ले जाया जाय। गांधीजी एक नए सामाजिक चेतना युक्त मानव की रचना करना चाहते थे। उनका लक्ष्य एक सामाजिक मानव का निर्माण करना था। सामाजिक मानव से तात्पर्य एक ऐसे मानव से है जो समाज की समस्याओं के प्रति सजग हो और उन्हें हल करने में स्वैच्छिक तौर से अपनी भूमिका निभाता हो।

गांधीजी का मानना था कि सनातन धर्म और भारतीय संस्कृति ही भारतीय समाज की मुख्य विशेषता है। गांधीजी के अनुसार सामाजिक एकता ही भारत का लक्ष्य है। इसके लिए समाज के अन्दर व्याप्त भेदभावों को दूर करना होगा। गांधीजी के अनुसार अस्पृश्यता भारतीय समाज की सबसे बड़ी बुराई है जिसे जड़ से समाप्त करना अति आवश्यक है। गांधीजी के सपनों का भारत ऐसा नहीं था, जहाँ गोरे साहबों की जगह काले साहब आकर बैठ जाए। गांधीजी कहते थे ''अंग्रेजियत चली जाए भले ही अंग्रेज रह जाएँ।'' पर स्वतंत्रता के पश्चात् अंग्रेज तो चले गये पर हमने अंग्रेजियत को गले लगा लिया।

गांधीजी ऐसा व्यक्ति और समाज चाहते थे जो मौजूदा शोषण आधारित व्यवस्था को बदल कर उसे असमानता तथा एक वर्ग पर दूसरे के हावी होने की प्रकृति से मुक्त कराए मानव में हृदय परिवर्तन लाने के लिए गुणात्मक स्तर पर एक ऐसा मानवीय तरीका अपनाना होगा जिसमें जीवंत आचरण का आदर्श सामने रखकर मन से मन पर विजय प्राप्त की जा सकती है। इसी को गांधीजी ने अहिंसा का तरीका कहा था। वह प्रेम की ही ताकत है जो समस्त मानवता और सृष्टि को जीवंत बना टिकाए रखती है। गाँधीजी ने अपने सत्य और प्रेम के सतत् प्रयोगों के माध्यम से इस सनातन शक्ति की खोज की थी और उसी का उपयोग मानव और समाज को बदलने के लिए किया।

गांधीजी के विचार से भारत की मूलभूत इकाई गाँव होना चाहिए, जो अपनी मूलभूत आवश्यकताओं के लिए आत्मनिर्भर हो और अपनी स्थानीय समस्याओं का हल पंचायतों द्वारा करें एवं किसी बाहरी ताकतों पर निर्भर न करें। संविधान का प्रारूप जब गांधीजी को दिखाया गया तो उन्होंने कहा था कि संविधान में पंचायतों का प्रावधान नहीं है। आजादी के बाद बिनोबा, लोहिया, जयप्रकाश नारायण ने भी एक विकेन्द्रित व्यवस्था की ओर ध्यान दिलाया था। बाद में संविधान में संशोधन करके पंचायतों का प्रावधान किया गया आज का विकास उपभोक्तावाद को बढ़ावा देता है और आम आदमी को और छोटी इकाईयों को आश्रित और कमजोर बनाता है एवं साथ ही सामाजिक मूल्यों में गिरावट भी लाता है।

गांधीजी मशीनों को व्यर्थ का महत्व देने के लिए तैयार नहीं थे। गांधीजी बेलगाम मशीनीकरण और औद्योगिकीकरण के पक्षधर नहीं थे। वह विकेन्द्रित अर्थव्यवस्था के पक्षधर थे। आज अंधाधुंध मशीनीकरण और औद्योगीकीकरण के दुष्परिणाम सबके सामने है। देश के गाँव का शोषण कम होना तो दूर रहा बल्कि बढ़ ही रहा है। ये धारणा गलत है कि गांधीजी टेक्नोलॉजी के विरोधी थे, उनकी टेक्नोलॉजी आदमी प्रधान थी जो व्यक्ति एवं छोटे समूहों को सशक्त करे और उन्हें आत्मनिर्भर बनाये।

गांधीजी के मतानुसार औद्योगीकरण से हम आवश्यक वस्तुओं की उपेक्षा करके अनावश्यक वस्तुओं का प्रचुर मात्रा में निर्माण करते है। इससे अनेक सामाजिक, राजनीतिक और आर्थिक समस्याएँ उत्पन्न होती है। औद्योगीकरण तथा मशीनीकरण से लोक-जीवन का सामाजिक और आर्थिक स्वावलम्बन नष्ट हो जाता है और सम्पत्ति का केन्द्रीकरण हो जाता है। इस केन्द्रीकरण के कारण सारा आर्थिक जीवन अस्त-व्यस्त हो जाता है। गांधीजी के अनुसार सम्पत्ति के केन्द्रीकरण से सुरक्षा के कारण सेना तथा शस्त्रीकरण की वृद्धि होती है और उससे युद्ध वृत्ति को प्रोत्साहन मिलता है। गांधीजी आर्थिक जीवन में स्वावलम्बन और साझेदारी का समर्थन करते है। वह सहयोगी समाज चाहते है और इस सहयोगी समाज की प्रतिष्ठा के लिए नैतिक गुण स्वयं ही अनिवार्य हो जाते हैं।

गांधीजी ने स्वराज्य के लिए संघर्ष इसलिए नहीं किया था कि वह गोरी चमड़ी से सत्ता लेकर काली चमड़ी को दे दें। वह तो यह कहा करते थे कि उनका अंग्रेजों से कोई विरोध नहीं है, उनका विरोध तो अंग्रेजी शासन पद्धति से है। उस शासन पद्धति से, जिसने कि उन्हें भारत का मालिक और भारतीय जनता को उनका दास बना दिया। आज अंग्रेज चले गये, लेकिन क्या शासन की पद्धति बदल गयी। क्या आज जनता की सेवा हो रही है ? क्या भ्रष्टाचार कम हुआ है ? क्या लोगों की शिकायतें सरकार सुनती है ? तहसील, थाना एवं कोर्ट जनता के लिए पहले से अधिक सुलभ हैं ? आज आम आदमी का जीवन कष्टो से भरा है एवं गरीब वर्ग की कहीं कोई सुनवाई नहीं है। आम आदमी महज एक वोटर है जिसकी जरूरत नेताओं को पांच वर्ष में एक बार लगती है। सारा राजकीय और प्रशासनिक ढ़ाँचा बोझिल और भ्रष्ट है एवं देश में वह सब कुछ चल रहा है जिसका गांधीजी विरोध किया करते थे। वही अशिक्षा है, बेरोजगारी है, भुखमरी है, गरीबी है और परवक्षता है। गांधीजी की इच्छा थी – सच्चा स्वराज्य हासिल करने की, जिसमें हमारी अपनी भाषा होती, हमारी अपनी राष्ट्रीय शिक्षा नीति होती, हमारी अर्थ नीति होती और होती हमारी राजनीति परन्तु दुर्भाग्य से ऐसा कुछ नहीं है। गांधीजी का कहना था कि सुधार कार्य अपने से ही शुरु करना चाहिए। इसलिए हमारा यह व्रत होना चाहिए कि हम अपने को सुधारें, अपने को अनुशासित करें। उसके बाद अपने घर को सुधारें और तदुपरांत अपने समाज को।

भारत गांधीजी द्वारा प्रतिपादित आर्थिक, सामाजिक, राजनीतिक व्यवस्था द्वारा ही आगे बढ़ सकता है। पूंजीवाद और साम्यवादी व्यवस्था का खोखलापन स्पष्ट है। आज गांधीजी के विचार 'सर्वधर्म समान्तव पूरी दुनिया को अपनाना होगा तथा इसकी शुरुआत भारत को ही करनी है।

संदर्भ ग्रन्थ सूची :-

1. वेद प्रकाश सोनी, राष्ट्रीय एकता : महात्मा गांधी, एक्सल पब्लिकेशन, दिल्ली, वर्ष 2005
2. सुधासिंह, भारत के मसीहा महात्मा गांधी, सन फ्लावर बुक्स, नई दिल्ली, वर्ष 2008
3. पी. के. अग्रवाल एवं शिखा अग्रवाल, गांधी-विचार और हम, प्रतिभा प्रतिष्ठान, नई दिल्ली, वर्ष 2012
4. राजेन्द्र टोकी, गांधी जीवन और दर्शन, सुमित बुक्स दिल्ली, वर्ष 2012

* सहायक प्राध्यापक (अर्थशास्त्र) शासकीय महाविद्यालय, तराना, जिला – उज्जैन (म.प्र.) भारत

मध्यप्रदेश में सुशासन की पहल - विकास की कुँजी

डॉ. रवीन्द्र कुमार सोहोनी * प्रो. शांतिलाल ईरवार **

प्रस्तावना – शासन करने के प्रचलित तरीकों में प्रजातांत्रिक तरीकों की श्रेष्ठता निर्विवाद है। प्रजातांत्रिक व्यवस्था के लागू होने के बावजूद भी हमारे समाज में मूलभूत सुविधाओं से वंचित रहना, भेदभाव, ऊँच-नीच मौजूद हैं। शिक्षा के विकास और जागरूकता के परिणामस्वरूप पहले की तुलना में इनमें पर्याप्त कमी आई है। यद्यपि आदर्श स्थिति की कल्पना करें तो हमें अपनी प्रजातांत्रिक प्रणाली में बहुत कमियां नजर आती है। वर्तमान कमियों के बावजूद भी हम राजतंत्र या निरकुंश तंत्र की वकालत नहीं करते।

प्रजातांत्रिक प्रणाली की कमजोरियों का इलाज हम अधिक प्रजातांत्रिकरण में ढूँढते है। स्पष्ट है कि प्रजातंत्र प्रणाली का कोई बेहतर विकल्प नहीं है जो इससे बेहतर हो। प्रजातांत्रिक प्रणाली भी केन्द्रीकृत और विकेन्द्रीकृत हो सकती है। दोनों के अपने-अपने लाभ-हानियां है किन्तु फिर भी विकेन्द्रीयकरण का पलड़ा भारी दिखाई पड़ता है। प्रजातंत्र को जब जनता का शासन, जनता के लिए, जनता द्वारा होने की बात कहीं जाती है तो विकेन्द्रीकृत प्रणाली इसके ज्यादा नजदीक खड़ी दिखलाई पड़ती है। संभवत: यही कारण कि भारत की राजनीतिक व्यवस्था प्रजातांत्रिक विकेन्द्रीयकरण की ओर सत्त अग्रसर होती चली गयी।

01 नवंबर, 1956 को भाषाई आधार पर प्रांतों के पुनर्गठन के फलस्वरूप मध्यप्रदेश का जन्म हुआ।[1] प्रदेश की राजधानी भोपाल रखी गयी तथा पं. रविशंकर शुक्ल प्रदेश के प्रथम मुख्यमंत्री बने। 1 नवंबर, 2000 को देश में 26 वें राज्य छत्तीसगढ़ के गठन के फलस्वरूप मध्यप्रदेश का विभाजन हुआ। मध्यप्रदेश का वर्तमान स्वरूप 31 अक्टूम्बर 2000 का प्रतिनिधित्व करता है। देश की पंद्रहवीं जनगणना 2011 के आँकड़ों के अनुसार प्रदेश की कुल जनसंख्या 7 करोड़, 25 लाख, 97 हजार, 565 है। 476 शहरों और 54903 गाँवों में बिखरी यह विशाल जनसंख्या अपने विशिष्ठ, सामाजिक, सांस्कृतिक सौष्ठव के कारण अलहदा पहचान रखती है। 2011 के अनुसार ग्रामीण और शहरी जनसंख्या का अनुपात क्रमश: 72.4 तथा 27.6 है।[2]

1956 से 56 वर्ष तक की तस्वीर देखें तो मध्यप्रदेश की झोली में अनेक उपलब्धियाँ हैं। इन 56 वर्षों में विकास तो हुआ है, जो 2012 में नजर भी आता है। विभिन्न सरकारों ने इस विकास को अपने-अपने तरीकों और अपनी-अपनी योजनाओं के माध्यम से गति प्रदान की। निश्चित् ही 1956 के मध्यप्रदेश और आज के मध्यप्रदेश में बहुत कुछ बदल गया है। मध्यप्रदेश की तुलना जब हम अन्य राज्यों से करते हैं तो हम पाते हैं कि समस्त संसाधनों से लैस, भारत का हृदय कहे जाने वाले इस राज्य के विकास की धड़कन और उसकी रफ्तार अपेक्षाकृत कम है। जी.डी.पी. के ताजा आँकड़ों के हिसाब से विकास की गति 12 प्रतिशत दिखलाई देती है किन्तु जब हम इसी आधार पर अन्य राज्यों से इसकी तुलना करते हैं तो मध्यप्रदेश हमें ग्यारहवीं पायदान पर खड़ा नजर आता है।[3]

भारतवर्ष के शीर्ष पाँच राज्यों में स्थान बनाने का संकल्प सुशासन के माध्यम से साकार हो सकता है। सुशासन की पहल हेतु सुनियोजित लक्ष्य, साफ सुथरी नौकरशाही और दृढ़ राजनैतिक एवं प्रशासनिक इच्छा शक्ति की आवश्यकता है जिसके अभाव में यह सपना साकार और मूर्तस्वरूप ग्रहण नहीं कर सकता। 73 वें और 74 वें संविधान संशोधन के पश्चात् सुशासन एवं विकेन्द्रीयकरण की दिशा में जो कदम उठाएं गये वे निश्चित् तौर पर मील के पत्थर कहे जा सकते हैं। सन् 2005 में पारित सूचना के अधिकार अधिनियम ने सुशासन का न केवल मार्ग प्रशस्त किया अपितु लोकहित की दृष्टि से शासन में पारदर्शिता एवं जवाबदेही तथा भ्रष्ट आचरण को नियंत्रित करने के उद्देश्य से यह कानून अधिनियमित भी किया गया।

मध्यप्रदेश की वर्तमान सरकार ने सुशासन को एक नयी दृष्टि से फलीभूत करने के उद्देश्य से '**मध्यप्रदेश लोक सेवाओं के प्रदान की गारंटी अधिनियम 2010**' को पारित कर न केवल सकारात्मक अपितु प्रशासन की दृष्टि से क्रांतिकारी नवाचार को प्रतिष्ठित किया है। इसमें तनिक भी संदेह नहीं है।

लोक कल्याणकारी राज्य की अवधारणा सही अर्थों में तभी अर्थ पा सकती है जबकि प्रशासन की चाल, चरित्र और चेहरा वास्तव में उजला हो। भय, भूख और भ्रष्टाचार से मुक्त सभ्य तथा सुसंस्कृत समाज की स्थापना में, लोक सेवाओं के प्रदान गारंटी अधिनियम राज्य का अस्त्र और शस्त्र साबित हो सकता है।

21वीं शताब्दी के इस दूसरे दशक में विकास और सुशासन सभी सराकारो की कार्यसूची में सर्वोच्च स्थान पर विराजित है। विसेन्ट आसट्रम प्रशासनिक ढाँचें को चुनौती देते हुए अपनी विवादास्पद पुस्तक 'The Intellectual crisis in American Public Administration' में तीन मान्यताओं का प्रमुखता से खण्डन करते हुए वे लोकतांत्रिक प्रशासन के लिए तीन मूलभूत सिद्धांतों की वकालत करते हैं –

1. निर्णय निर्माण के विभिन्न प्रजातांत्रिक केन्द्र (Diverse Democratic Decision Making Centres)
2. प्रशासन में जनसहभागिता (People's Participation in Administration)
3. प्रशासनिक सत्ता का विकेन्द्रीकरण (Decentralisation of Administrative Authority)

सुशासन की दृष्टि से लोकतांत्रिक प्रशासन के संगठनात्मक और व्यावहारिक लक्षणों को फ्रांसीसी लेखक (Ordway Tead) 'आर्डवें टीड' ने भी वर्गीकृत किया है –

* प्राध्यापक (राजनीति विज्ञान) शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, मन्दसौर (म.प्र.) भारत
** सहायक प्राध्यापक (भूगोल) शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, मन्दसौर (म.प्र.) भारत

(A) राजनीतिक निर्देशन और उत्तरदायित्व (Political Direction and Accountability)
(B) प्रशासन का न्यायिक पुनर्निरीक्षण (Judicial Review of Administration)
(C) जनता के प्रति उत्तरदायित्व (Responsibility towards the people)
(D) प्रशासन में जनसहभागिता (People's Participation in Administration)
(E) सहकारी प्रशासन (Co-operative Administration)
(F) खुला प्रशासन (Unsecretive Administration)

इनके अतिरिक्त टीड ने मानवीय सम्बंध दृष्टिकोण, शक्तियों का विकेन्द्रीकरण, पारस्परिक परामर्श, भर्ती की व्यापक प्रणाली, समितियों की स्थापना जैसे अनेक लक्षणों पर प्रकाश डाला हैं।

21 वीं सदी के दूसरे दशक में मध्यप्रदेश जैसे अल्पविकसित राज्य के लिए विकास और सुशासन एक प्रमुख चुनौती के रूप में मुँह-बाएँ खड़ा है। बाधाओं में बवंडर में प्रगति के पाँव न लड़खड़ाएं इसके लिए जरूरी है कि जनआकांक्षाओं की जमीन पर सुशासन का हल चलाकार दृष्टि (Vision) और दृष्टिकोण (Approch) को अमली जामा पहनाया जाय।

संयुक्त राष्ट्र संघ और विश्व बैंक के द्वारा समय-समय पर जारी किए गए आँकड़ों का यदि सूक्ष्म अध्ययन किया जाय तो हम पाते हैं कि सुशासन और मानव विकास की दृष्टि से म.प्र. ही नहीं भारतवर्ष भी अत्यंत पिछड़ा राष्ट्र है। हमें खुले हृदय से यह स्वीकारना होगा कि न केवल विश्व में अपितु **कई एशियाई देशों की तुलना में भी भारत पीछे है।** विकास की पायदान की दृष्टि से **भारत स्वतंत्र राष्ट्रों में 138 वीं पायदान पर खड़ा है।** आज भी भारत तीसरी दुनिया के विकासशील राष्ट्रों की पंक्ति में खड़ा है और चमकीले विकास की लम्बी डगर अभी बाकी है। विकासशील समाजों में सुशासन का प्रश्न उठना अनुचित न होकर समसामयिक और प्रासंगिक भी हैं।

सैद्धांतिक अवधारणाओं के क्रम में तीसरी दुनिया की विशिष्टताओं को समझना समीचीन होगा। विकासशील समाज की विशिष्टताओं में गरीबी, पिछड़ापन, भ्रष्टाचार, जनसहभागिता का अभाव, प्रभावशील दक्षता का अभाव, उत्तरदायित्व की भावना की कमी जैसे कई अन्यान्य बिंदु पर्याप्त गंभीर विमर्श की अपेक्षा रखते हैं। भारत के 64 वर्षों के सफल प्रजातंत्र के बाद भी राजनैतिक व्यवस्था बेहद लचर और कमजोर दिखलाई पड़ती है। बहुलवादी समाज होने के कारण जाति, भाषा, धर्म, प्रांत और क्षेत्र जैसे तत्व सुशासन तथा विकास का मार्ग अवरूद्ध करते हैं। सामाजिक विघटन और आर्थिक वंचनाओं के फलस्वरूप सामाजिक न्याय का सपना आज भी अधूरा है। हाल ही के वर्षो में नवधनाड्य रूप से संभ्रात एवं कुलीन कहे जाने वाले तबके का तेजी से उद्भव व विकास हुआ है जो एक नए प्रकार चुनौती है। 15 अगस्त, 1947 की मध्यरात्रि को प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू का लाल किले की प्राचीर से दिया गया ऐतिहासिक उद्बोधन धन सुशासन की दिशा और सुशासन के मार्ग का चार्टर निरूपित किया जा सकता है, किंतु वास्तविकता के जमीन पर उगने वाली फसल बेहद कमजोर और पीली पड़ गयी प्रतीत होती है। बहुमत पर अल्पमत की तानाशाही और दलों के दलदल में फंसे प्रजातंत्र में विकास और सुशासन की सांसे फूल रही हैं।

सुशासन और विकास एक-दूसरे के परिपूरक है। जहाँ सुशासन विकास का मार्ग प्रशस्त करता है वहीं विकास सुशासन के अवसर उपलब्ध कराता है। 64 वर्षो के सफल प्रजातांत्रिक अनुभवों के पश्चात् भी भारतवर्ष और विशेषकर मध्यप्रदेश सुशासन की दृष्टि से शैशव अवस्था में है।

नागरिकों में अपने अधिकारों के प्रति चेतना और जवाबदेह प्रशासनतंत्र दोनों मिलकर कल्याणकारी राज्य की अवधारणा का निर्माण करते हैं। नागरिकों को निर्बाध सेवाओं का मिलना, न केवल उनकी अपेक्षा है बल्कि उनका अधिकार भी हैं। मध्यप्रदेश लोक सेवाओं के प्रदान की गारंटी अधिनियम के माध्यम से नागरिकों को और अधिकार सम्पन्न बनाने का सपना मूर्त रूप लेगा वहीं दूसरी तरफ लोकसेवाओं के अधिक जवाबदेही और संवेदनशील भी बनायेगा

सुशासन के लिए स्मार्ट (SMART) होना अपेक्षित है -

Strategies for making government "SMART" (The new Governance model)

S	-	Sympathetic	संवेदनशील
M	-	Moralistic	नैतिक
A	-	Accountable	जवाबदेह
R	-	Responsive	उत्तरदायी
T	-	Transparent	पारदर्शी

आम आदमी राजनीतिक प्रणाली से नहीं, बल्कि प्रशासनिक व्यवस्था और गवर्नेंस की निष्ठुरता का शिकार है। गवर्नेंस के जन विरोधी चरित्र को दुरूस्त करने की महती आवश्यकता है। आम आदमी को थोड़ी बहुत राहत यदि कहीं मिलती है तो राजनीतिक प्रणाली से ही मिलती है। इस प्रणाली को अपनी वैधता हासिल करने के लिए समय-समय पर आम आदमी के पास जाना पड़ता है। जबकि प्रशासन चलाने वालों के लिए ऐसा करना जरूरी नहीं है। प्रशासन चलाने वालों को जन-वैधता नहीं सत्तारूढ़ दल के नेताओं के विश्वास और शाबाशी की दरकार होती है। मध्यप्रदेश लोकसेवाओं के प्रदान की गारंटी अधिनियम को 25 सितम्बर 2010 से प्रवृत्त होने के फलस्वरूप सुशासन के उपर्युक्त लक्ष्यों को प्राप्त करना सहज एवं सरल होगा। यह अधिनियम अधिसूचित सेवाओं को समय-सीमा में नागरिकों को उपलब्ध कराएगा जिससे प्रशासन में समय सीमा का पालन होगा तथा भ्रष्टाचार मुक्त, पारदर्शी, जवाबदेह एवं संवेदनशील प्रशासन का प्रस्फुटन होगा, यही प्रस्फुटन सुशासन को पुष्पित, पल्लवित और सुवासित करेगा।

सार्वजनिक महत्त्व के विषयों के सम्बंध में उचित और तर्कपूर्ण सार्वजनिक नीतियों द्वारा समुचित कदम उठाना सरकार का दायित्व है। आज आधुनिक समाजो में लोक कल्याणकारी राज्य की स्थापना के सम्बंध में एक आम सहमति पायी जाती है। जिसका लक्ष्य है- सामान्य सामाजिक सेवाएँ उपलब्ध कराना और निरंतर विकास को गतिशीलता प्रदान करना। सार्वजनिक नीतियां न केवल विकास के लक्ष्यों एवं मूल्यों को निर्धारित करती है अपितु अल्पकालिक एवं दीर्घकालिक उद्देश्यों को प्रतिस्थापित करते हुए उनकी प्राथमिकताओं का निर्धारण भी करती है। विकास चूँकि बहुविध, बहुमुखी एवं बहुस्तरीय होता है। अत: उसे प्राप्त करने के लिए एक समेकित (Integrated) सुशासन की नितान्त आवश्यकता है।

यह कहना गलत होगा कि राजनीति का विकास से कोई संबंध नहीं हैं। हमें यह नहीं भूलना चाहिए कि लोकतंत्र राजनीति से चलता है और राजनीति का विकास से गहरा सम्बंध है। क्योंकि लोकतंत्र और मानव विकास एक दूसरे के पूरक हैं। जो लोग सत्ता में नहीं होते उन्हें अपने दिल की बात सुनने और अपने विचारों के अनुसार काम करने की स्वतंत्रता लोकतांत्रितक व्यवस्था की अपूर्व देन है, लेकिन सत्ता चलाने वालों और न्याय देने वालों के लिए यह आवश्यक है कि वे दिल से नहीं दिमाग से लिए गये निर्णयों के अनुसार

सुशासन की व्यवस्था स्थापित करे। यदि पंडित जवाहरलाल नेहरू की परम्परा को आदर्श माना जाये तो सुशासन के लिए आवश्यक है कि आम जनता से जुड़े राजनेताओं और प्रशासन से जुड़े अधिकारियों के बीच सम्बंधों की लक्ष्मण रेखा तय हो। निहित स्वार्थो और राजनीतिक पूर्वाग्रहों से बचने और बचाने के लिए पंडितजी ने मंत्रियों, सचिवों और अधिकारियों के बीच दूरी को आवश्यक माना था, वे किसी गिरोह की तरह काम नहीं करते थे। मंत्रालयों के सचिव, संयुक्त सचिव केवल मंत्रियों की इच्छा और कृपा पर तैनात नहीं होते थे। कैबिनेट सचिव, प्रधानमंत्री, गृह और कार्मिक मंत्री के साथ पर्याप्त विचार विमर्श कर हर मंत्रालय या विभाग में अधिकारियों को तैनात करते थे।

सत्तर के दशक के उत्तरार्द्ध में सुशासन को लेकर एक प्रकार की गिरावट देखने में आने लगी। राजनेताओं, अधिकारियों, प्रभावशाली व्यापारियों और कुछ हद तक अपराधियों की मिली भगत से प्रशासन तंत्र बनने लगा। इसका दुखद परिणाम यह हुआ कि मनमानी, ज्यादती, भ्रष्टाचार और अव्यवस्था बढ़ने लगी और सुशासन जैसा मुद्दा हासिएं पर चला गया। कोई भी दल और उसका कोई भी नेता यह तर्क देकर अपनी जवाबदेही से बच नहीं सकता कि व्यापक भ्रष्टाचार और प्रशासनिक गड़बड़ियों के कारण लोक कल्याणकारी योजनाओं और विकास कार्यक्रमों का क्रियान्वयन ही हो पाया। भ्रष्टाचार और अव्यवस्था को रोकने के लिए ही तो उनको निर्वाचित किया गया है।

विकास और सुशासन पर प्रकाश डालते हुए पूर्व प्रधानमंत्री अटलबिहारी वाजपेयी ने कुमाराकोम से अपने अवकाशकालीन चिंतन में जनवरी 2001 को राष्ट्र को भेजे संदेश में कहा था 'अब समय आ गया है कि विकास सम्बंधी मूलभूत सुधार लाए जाएं जिसमें आर्थिक सुधारों के अलावा प्रशासनिक और न्यायिक सुधार भी सम्मिलित हो। इन सुधारों का सबसे महत्वपूर्ण पहलू सभी स्तरों पर पारदर्शी जवाबदेही निर्धारित करना तथा विकास से जुड़ी सभी ऐजेंसियों के कार्यो की निगरानी में लोगों की भागीदारी को बढ़ाना है। यह भ्रष्टाचार पर रोक लगाने के लिए जरूरी है, जिसके कारण केंद्र और राज्यों का काफी मात्रा में बजट संसाधन बेकार चला जाता है। विकास ऐसा महत्वपूर्ण पहलू है जिसे केवल नौकरशाही के भरोसे नहीं छोड़ा जा सकता।'[4]

भारत और विशेषत: मध्यप्रदेश के संदर्भ में दो और बिंदुओ पर गंभीरता से विमर्श की आवश्यकता है इसमें प्रथम है विकास का पर्यावरणीय आकलन और वनवासियों का कल्याण और उनकी अस्मिता की रक्षा। दरअसल, समूची दुनिया ही आज पर्यावरण के संकट से जुझ रही है और उसके सामने सबसे बड़ी चुनौती है हरित या साफ-सुथरी तकनीक का विकास और उसका ज्यादा से ज्यादा प्रचलन। वर्ष 2011 के कानकुन में हुए जलवायु परिवर्तन सम्मेलन में हम देख चुके हैं कि विकसित और सम्पन्न राष्ट्रों की बिरादरी विकासशील और गरीब देशों के सामने आर्थिक मदद के टुकड़े डालकर उन पर यह दबाव बनाती है कि वे अपने यहां ग्रीन-हॉउस गैसों के उत्सर्जन पर कटौत्री करें, लेकिन स्वयं अपनी जिम्मेदारियों से हाथ झटक लेते हैं। जलवायु परिवर्तन के गंभीर खतरों को देखते हुए हमारे सत्तावान नीति-नियामक विकास की मौजूदा अवधारणा के मोहजाल से अपने आपको मुक्त करें जिसमें नीतिगत फैसले करते समय पर्यावरण जैसे गंभीर मसलें को दोयम दर्जे पर रखते हुए या उससे नजरअंदाज कर दिया जाता है। अब यह तथ्य आम हो चुका है कि विकास की मौजूदा अवधारणा और इस अवधारणा के अंतर्गत बनाई गई औद्योगिक नीतियों के चलते हमारे पर्यावरण को गंभीर नुकसान पहुँच रहा है। इसी अहसास के चलते विनाशकारी विकास और पर्यावरण के बीच टकराव तेज होता जा रहा है।

मुख्य समस्या यह है कि सकल घरेलू उत्पाद में से पर्यावरण के नुकसान को घटाने के मानक कैसे तैयार किए जाएँ। उत्पादन की प्रक्रिया में न केवल मानव श्रम और पूँजी का ह्रास होता है बल्कि पर्यावरणीय ह्रास, जैवतंत्रों का असंतुलन तथा प्राकृतिक संसाधनों का भी क्षय होता है। इस प्रकार के सही आकलन के लिए दो प्रकार की पूर्व तैयारी जरूरी है। प्रथम राष्ट्रीय संसाधनों का सूचना आधार तैयार करना होगा। दूसरा प्रदूषित प्राकृतिक संपदा के स्वच्छीकरण की लागत का आकलन भी करना होगा। म.प्र. में यह अभ्यास इसलिए भी जरूरी है कि प्राकृतिक संसाधनों का भंडार सही सलामत रहे और भावी आय पर प्रतिकूल असर दिखलाई न पड़े। क्षय की भरपाई के उक्त क्रिया कलापों पर खर्च पूंजीगत खपत में जोड़ा जा सकता है और प्राकृतिक संसाधनों की बिक्री से हुई आमदनी में से निकाला जा सकता है। अब आवश्यकता केवल इस बात है कि केवल विकास दर परिचर्चा नहीं करते हुए इसे पर्यावरण पर पड़ रहे प्रभावों और इनके प्रति जागरूकता सम्बंधी अभियान के विषय पर प्रदेश स्तर के साथ-साथ राष्ट्रीय स्तर पर कोई कार्य योजना तैयार की जाय। पर्यावरण के प्रति उदासीनता एक संगीन राष्ट्रीय अपराध है और इसका मुख्य अभियुक्त है हमारा समूचा राजनीतिक नेतृत्व।

आदिवासियों के सामाजिक-आर्थिक विकास के लिए 1972 से 'विशेष आदिवासी उप योजना' (Sub Plan) बनती रही है। केन्द्र सरकार ने 2006 में राष्ट्रीय आदिवासी विकास नीति की घोषणा भी की थी। प्रमुख राजनीतिक दल आदिवासी क्षेत्रों राजनीतिक प्रभुत्व के प्रयास लगातार करते रहें है। भोले-भाले आदिवासी यदि प्रभावशाली ढंग से आगे बढ़ने लगे तो उन्हें कठपुतली की तरह इस्तेमाल किया गया और उन्हें भ्रमित कर दिशा भ्रष्ट कर दिया गया। इस दृष्टि से आदिवासी क्षेत्रों में जल, जंगल, जमीन के साथ सड़क, पानी, बिजली, चिकित्सा और शैक्षणिक सुविधाएँ बढ़ाने को सर्वोच्च प्राथमिकता दिए जाने की आवश्यकता है। आदिवासी क्षेत्रों के लिए राज्य योजना आयोग में बैठकर कार्यक्रम बनाने और बजट का प्रावधान करने मात्र से आदिवासी क्षेत्रों का कल्याण संभव नहीं है। पहले उन क्षेत्रों में न्यूनतम सुविधाएँ पहुंचाने की व्यवस्था करना जरूरी है।

आज म.प्र. मानव विकास के अनेक मापदण्डों पर देश के अन्य राज्यों से ही नहीं, विश्व के अनेक देशों से भी पिछड़ा है। बाल मृत्यु दर तो यहाँ विश्व में सबसे ज्यादा है। यह बात एशियन लीगल रिसोर्स सेंटर की भारत सम्बंधी रिपोर्ट में सामने आई है। जो संयुक्त राष्ट्र मानव विकास परिषद् को सौंपी गई है जिससे कि यह संस्था सम्बद्ध है। ये आँकड़े इसलिए चौंकाने वाले नहीं है क्योंकि यह बात कई तरह से कई और आँकड़ो के द्वारा सामने आ चुकी है। प्रदेश में गरीबी रेखा के नीचे रहने वाले परिवारों की तादात 65 लाख से अधिक है। 1/3 डॉक्टरों के पद रिक्त हैं।

विकास की राह पर एक नियत सुनिश्चित गति से लगातार आगे बढ़ना दुष्कर और दूरगामी उपक्रम है। विकास चाहे व्यक्ति का हो या समाज का कोई एक दिन में पूरी हो जाने वाली प्रक्रिया नहीं है। यह निरंतर चलने वाला एक ऐसा उपक्रम है जिसका सतत् पीछा करते रहना जरूरी ही नहीं अनिवार्य सा है। बिना किसी 'फॉलो अप' के विकास की गाड़ी डगमगाने लगती है स्पष्ट है कि फॉलो अप विकास का अनिवार्य भाग है। विकास की अवधारणा भी उसके स्वरूप को तय करने के लिए एक आवश्यक शर्त है। अवधारणा यदि सम्यक और समग्र नहीं होगी तो उसके आस-पास बुना जाने वाला जाल बेकार साबित होगा।

मध्यप्रदेश में उसके जन्म के समय से ही विकास के सुर, लय और ताल इतने बिखरे हुए और बेतरतीब रहे है कि पुरजोर शोर-शराबे के बावजूद

विकास की जितनी बातें हुई उतनी मात्रा में परिणाम हासिल नहीं हुए हैं। सरकारी विभागों के समन्वय एवं समायोजन के अभाव में विकास का जो रेखाचित्र उभरना चाहिए था वह उभर ही नहीं पाया। विकास की अवधारणा की अस्पष्टता, अव्यावहारिकता और उसका धुंधलापन इसके लिए जिम्मेदार ठहराया जा सकता है।

राजनीतिक दबावों और सामाजिक सरोकारों के साथ-साथ अधोसंरचनात्मक जरूरतों को प्राथमिकता में ऊपर रखना नितांत आवश्यक है। इस अधोसंरचना विकास में भी शिक्षा, स्वास्थ्य, सड़क-पानी और बिजली हमारे लिए गरीबी, अज्ञानता, बेरोजगारी और बीमारी के विरूद्ध लड़ने वाले कारगर औजार साबित हो सकते हैं।

हमारे यहाँ औद्योगिक उत्पाद का तीन चौथाई से भी अधिक भाग संगठित औद्योगिक क्षेत्र में होता है, अर्थात् बड़े और आधुनिक उद्योगों में किंतु उनमें रोजगार बढ़ते नहीं, उनका उत्पाद बढ़ता है किंतु रोजगार कम होते जाते है। इस स्थिति को रोजगार विहीन विकास कहा जाता है। यह रोजगार विहीन विकास तभी खत्म होगा जब हमारे आर्थिक विकास का मॉडल बदलेगा और इसे बदलने के लिए वैचारिक सफाई की नितान्त जरूरत है। हमें न्याय के साथ विकास और समावेशी विकास के स्थान पर जनता के साथ विकास की धारणा को अपनाना होगा।

अधोसंरचना विकास के स्रोत – 56 बरस बाद भी म.प्र. विकास की राह में संभवत: अभी आधा रास्ता भी तय नहीं कर पाया है। इसके लिए आवश्यक है कि संकल्प के साथ क्रिया कलापों में सामाजिक सहभागिता के बगैर लक्ष्यों को पाना संभव नहीं है। शासन की प्रतिबद्धता के साथ राजनीतिक इच्छा शक्ति, स्थानीय भागीदारी और समाज के सहयोग का टीमवर्क हमें आशातीत सफलता दिलवा सकता है।

प्रदेश की सरकार अभी भी अपने अधिकांश अधोसंरचना विकास के लिए स्वयं के बजट से विकास कार्यो का क्रियान्वयन कर रही है। अधोसंरचनात्मक विकास कार्यो हेतु 'राज्य बजट' के बाहर से भी भारी मात्रा में धनराशि एकत्रित की जा सकती है। इसका लाभ देश के कई बड़े एवं विकसित राज्यों ने सफलतापूर्वक उठाया है। अधोसंरचनात्मक विकास के लिए जिन छ: स्रोतों का लाभ अन्य राज्यों ने उठाया है वह है –

1. देशी/विदेशी संस्थागत निवेशक
2. देशी एवं विदेशी बहुराष्ट्रीय अधोसंरचनात्मक विकास कंपनियां
3. वित्तीय संस्थानों के कंसोरटियम से कम ब्याज पर उपलब्ध प्रचुर धनराशि
4. बहुपक्षीय एवं द्विपक्षीय संस्थानों में उपलब्ध परियोजना सहायता
5. विदेशों के विभिन्न ट्रस्ट फंड में जमा आइडल धनराशि।
6. देश में उपलब्ध निजी निवेश।

समय रहते अन्य राज्यों की भाँति उपर्युक्त छ: स्रोतों का भरपूर लाभ उठाया गया होता तो बिजली उत्पादन-वितरण, सड़क एवं पुलों का निर्माण, जलप्रदाय, सिंचाई व्यवस्था, यातायात के साधन के मामले में हम कोसों आगे निकल गए होते, और इसका लाभ हमें कृषि, शिक्षा और स्वास्थ्य जैसे अन्य आर्थिक एवं सामाजिक विकास में मिलता और प्रदेश की विकास यात्रा की रफ्तार दो गुनी हो चुकी होती। इससे जहाँ रोजगार के अवसर पैदा होते, बढ़ते और जनता में खुशहाली आ जाती। अभी समय है सरकार सजग हो और सुशासन के साथ-साथ एक मजबूत आर्थिक प्रशासन विकसित करें, जो नए सिरे से नीति और ऐजेण्डा तैयार कर तीव्रगति से उनका क्रियान्वयन भी करे।

म.प्र. में विकास की कुँजी –

1. म.प्र में भूमि उपजाऊ है 70% भाग कृषि आजीविका से काम चलाता है। राज्य के घरेलू सकल उत्पादन में कृषि का योगदान 20.53% है इसे बढ़ाना होगा। कृषि लाभ का धंधा होना चाहिए। म.प्र. तीसरा बड़ा खाद्यान्न उत्पादक राज्य है। कृषि क्षेत्र में निवेश तीन गुना करना होगा।
2. जैव संपदा के दोहन करने के जितने अवसर यहाँ है उतने और कहीं नहीं है। जैविक उत्पादकों की गुणवत्ता महत्वपूर्ण है इसे बरकरार रखने की आवश्यकता है। खाद्य प्रसंस्करण उद्योगों को बढ़ावा दिया जाना चाहिए।
3. वन, औषधीय फसल और पौधे, फल, पशुधन, डेयरी विकास को ताकत बनाना चाहिए।
4. ट्रांसपोर्ट में भ्रष्टाचार के कारण यातायात बिगड़ रहा है एवं मोटा अनुमान है कि प्रदेश में प्रतिमाह 2.50 से 3 करोड़ रूपया प्रतिमाह रिश्वत में जाता है। अधिकारी वर्ग का हिस्सा अलग है। सड़कों की उपलब्धता बढ़ानी होगी। यह सफलता की कुँजी साबित हो सकती है। ग्रामीण सड़कों को प्राथमिकता देनी होगी।
5. 15 से 20 लाख की आबादी वाले शहरों को '**काउंटर मैग्नेट सिटी**' की तरह विकसित किया जाना चाहिए।
6. बिजली में प्रति व्यक्ति प्रति यूनिट के मान से उपलब्धता अत्यंत कम है। 2014 तक बिजली में आत्मनिर्भरता प्राप्त करनी होगी। 2000 मेगावॉट के दो थर्मल पॉवर स्टेशनों की स्थापना कर इस कमी और असंतुलन को पाटा जा सकता है।
7. प्रशासनिक सुधारों के माध्यम से नेता की दाता और जनता की याचक की भूमिका खत्म होनी चाहिए यह भूमिकाएँ विकास में बड़ी बाधक है।
8. सार्वजनिक निवेश दो बातों से तय होता है कि कहाँ रूपया सबसे ज्यादा उत्पादक साबित होगा और कहाँ सबसे ज्यादा जन कल्याणक होगा। अभी सब कुछ उल्टा-पुल्टा है। अभी पैसा वहाँ लगाया जा रहा है जहाँ सरकार और प्रशासन का हस्तक्षेप बरकरार रहे। अपने हित के क्षेत्रों में पैसा आवंटित किया जा रहा है। शासन और प्रशासन की ऑब्जेक्टिव (वस्तुपरक) होना होगा। यह वस्तुपरकता ही विकास का मार्ग प्रशस्त करेगी।
9. प्रदेश के 50 जिलों में से 23 जिलों को उद्योग विहीन जिलो की श्रेणी में रखा जाता है। विकास के लिए आवश्यक है कि खनिज आधारित उद्योगों को प्राथमिकता से स्थापित किया जाय। उद्योगों को प्रशिक्षित मानव संसाधन उपलब्ध कराने की दृष्टि से कौशल उन्नयन का कार्यक्रम प्राथमिकता से हाथ में लेकर विकास को गति दी जा सकती हैं।
10. प्राथमिक शिक्षा के लोक व्यापीकरण के अंतर्गत संचालित योजनाओं को गंभीरता से लागू करना होगा।
11. ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में शुद्ध पेयजल से वंचित तीन चौथाई आबादी को वांछित जल उपलब्ध कराना।
12. ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सुधार को इस स्तर तक ले जाना कि शिशु मृत्युदर के साथ नवजात शिशु मृत्युदर को वर्तमान से आधी दर पर ले जाना।
13. नर्मदा-क्षिप्रा लिंक के पश्चात् अब खान-कालीसिंध, कालीसिंध-चंबल में नर्मदा का जल मिलाना। इससे 2.5 लाख हैक्टेयर क्षेत्र में नई सिंचाई व्यवस्था की स्थापना हो सकेगी।
14. जनसंख्या वृद्धि दर वर्तमान से आधा करने का गंभीरता से प्रयास करना।
15. अलाभकारी योजनाएँ जो समय के साथ जीर्ण-शीर्ण हो गयी है उन्हें बंद करना।

16- 2009-10 की वार्षिक योजना 16174 करोड़ की स्वीकृत हुई थी।[5] इस प्रकार 12 वीं योजना 80,000 हजार करोड़ की रखनी होगी।

विकास के लक्ष्यों की प्रतिपूर्ति के लिए आवश्यक है कि 12 वीं पंचवर्षीय योजना के अंतर्गत म.प्र. शासन को दोहरे वित्त पोषण के आधार पर अपनी व्यूह रचना करनी होगी। राज्य बजट की वित्तीय व्यवस्था के अंतर्गत आने वाले विकास कार्य तथा द्वितीय स्तर पर बाहर से जुटाए जाने वाले वित्तीय संसाधनों से सम्पन्न किए जाने वाले कार्य। इस हेतु गवर्नेंस से जुड़े व्यक्तियों को पर्याप्त सजगता और ईमानदारी और नेक नियत से दोहरे दस्तावेजों को तैयार करना होगा। पहला योजना आयोग से स्वीकृत होने वाले विकास कार्य तथा दूसरे स्तर पर बाहरी निवेश से सम्पन्न किए जाने वाले विकास कार्य।

यहाँ चेतावनी के तौर पर एडमंडबर्क के ये शब्द प्रभावी है कि 'जनता के लिए सबसे अधिक शोर मचाने वालों को उसके कल्याण के लिए सबसे अधिक उत्सुक मान लेना सर्वमान्य प्रचलित त्रुटि है।

आस-पास की दशा देखकर यह गर्व किया जा सकता है कि भारतीय जनतंत्र की नीवं मजबूत हुई है। कई थपेड़े सहकर भी लोकतंत्र की यह इमारत काँपी तक नहीं है। लेकिन यह विश्वास चादर ओढ़कर सो जाने की इजाजत नहीं देता है, क्योंकि जनतंत्र एक सत्त चुनौती है, जिसमें हर दिन, हर पल जनतंत्र की रक्षा का दायित्व हर नागरिक के कंधों पर हैं।

मध्यप्रदेश कडॉर की वरिष्ठ आई.ए.एस. अधिकारी श्रीमती अरूणा लिमये शर्मा ने अपने 25 से अधिक वर्षो के प्रशासनिक अनुभवों के आधार पर सरकार के आर्थिक संसाधनों के दस दिशाओं में भागते घोड़ो को एक विजयरथ में जोड़ने के मूल मंत्र वाला दस्तावेज वर्ष 2009 में तैयार किया था। जिसे यूएनडीपी ने भी अपनी मान्यता प्रदान की है। 'रिसोर्स कन्वर्जेस मंत्र मॉडल नामक केवल यह दस्तावेज ही पूरी ईमानदारी से क्रियान्वित किया जाय तो अगले 10 वर्षो में म.प्र. ही नहीं पूरे भातरवर्ष का कायाकल्प हो सकता है। अरूणा लियमे का आग्रह है कि आर्थिक विकास से जुड़ी लगभग दो हजार योजनाएँ है, जिन्हें नदी-नालों की तरह दिशाहीन होने से बचाने की महती आवश्यकता है। पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गाँधी की कम्प्यूटर क्रांति के बाद यह कदम और भी आसान हो गया है। सत्ता और प्रशासन के विक्रेन्द्रीकरण के लक्ष्य को सही अर्थो में पूरा करने के लिए जिला एवं पंचायत स्तर तक कार्यक्रमों, क्रियान्वयन की सफलताओं और कमियों को पारदर्शी बनाना होगा। अभी हाल यह है कि एक ही क्षेत्र के संसाधनों के उपयोग के लिए कई तरह के कार्यक्रम और क्रियान्वयन ऐजेंसियाँ सक्रिय हैं और उनमें समन्वय का पूर्णत: अभाव है।

सचमुच लगभग 52 हजार करोड़ रूपयों के प्रावधान वाले विकास कार्यक्रमों को सही समन्वित ढंग से क्रियान्वित किया जाए तो हर जिले को 1200 करोड़ रूपये मिल जाएँगे और वे योरप-अमेरिका के गाँवों-कस्बों से अधिक विकसित तथा सुखी दिखने लगेंगे।[6]

अंतत: निष्कर्ष रूप से कहा जा सकता है कि मध्यप्रदेश जैसे विकासोन्मुख राज्य को नए विकास मॉडल और अपनी रणनीति के साथ-साथ निर्धारित प्राथमिकताओं से कार्य निष्पादन संस्कृति, नौकरशाही के व्यवहार, रणनीति और धनराशि के पर्याप्त प्रावधान जैसे विषयों पर गंभीरता से पुनर्विचार करना होगा। तब कहीं जाकर विकास का लक्ष्य प्राप्त हो सकेगा और तब ही समृद्धि आएगी।

संदर्भ ग्रंथ सूची :-

1. सातवाँ संविधान संशोधन।
2. 15 वीं जनगणना, मार्च 2011
3. जन सम्पर्क विभाग द्वारा जारी आंकड़े।
4. नई दुनिया दैनिक, इंदौर, 03 जनवरी 2001, मुख्य पृष्ठ।
5. नई दुनिया दैनिक, इंदौर, 08.09.2008, मुख्य पृष्ठ।
6. लिमये, अरूणा : रिसोर्स कन्वर्जेस मंत्र मॉडल, 2009।

****

कार्यपालिका का विशेषाधिकार अध्यादेश

डॉ. अनिल कुमार जैन *

प्रस्तावना – लोकतंत्र में सरकार के तीन स्तम्भ है । व्यवस्थापिका, कार्यपालिका और न्यायपालिका। इनमें सिर्फ संसद को ही कानून बनाने का सर्वोपरि अधिकार है। जब संसद सत्र में नहीं होती है और सरकारों को किसी कानून की त्वरित आवश्यकता होती है, तब भारत के संविधान का अनुच्छेद 123 भारत के राष्ट्रपति को अध्यादेश पारित करने की शक्ति प्रदान करता है। अध्यादेश को बाद में कानून का रूप देने के लिये संसद का सत्र शीघ्र बुलाना आवश्यक है। संसद के सत्र में आखिरी दिन से लेकर अगले सत्र के प्रथम दिन के बीच अधिकतम 06 महिने में संसद द्वारा इसे पारित कराना आवश्यक है। अर्थात् यह माना जा सकता है कि अध्यादेश की समय सीमा 6 मास होती है। प्राय: सरकारे संसद में बहस से और विपक्ष को विश्वास में लेने के बजाय अध्यादेश के माध्यम से कानून बनाती रही है।

अध्यादेश के माध्यम से, कानून बनाने की विधि कार्यपालिका को कानून बनाने का एक अतिरिक्त अधिकार है। जो वस्तुत: सरकार के सत्ता संतुलन की प्रजातांत्रिक व्यवस्था को बिगाड़ता है। क्योंकि संविधान में अध्यादेश लाने के लिए किन्हीं विशेष स्थितियों के विद्यमान होने का उल्लेख है। अर्थात् सामान्य स्थितियों में अध्यादेश लाना संविधान की भावना के अनुकूल नहीं हैं। जब किसी शासन प्रणाली में लोकतंत्र की मूल भावना के खिलाफ जाने की प्रवृत्तियाँ बलवती होने लगती है तो अध्यादेश से राज का प्रचलन बढ़ता है। ऐसी सरकार में संसद का सामना करने के नैतिक साहस का अभाव परिलक्षित होने लगता है। तब संसद को गौण बनाकर अध्यादेश जारी कर, कानून बनाने का नया गलियारा निकाला जाता है।

कोई भी सरकारी किसी भी विषय पर अध्यादेश जारी कर सकती है, लेकिन यह तब जब संसद या विधानसभा का सत्र नहीं चल रहा हो और नये कानून की जरूरत ऐसी हो कि सरकार उसके बिना जरा भी समय नहीं खींच पाये। वास्तविकता यह है कि पिछले कुछ दशकों से इस मान्य संवैधानिक परम्परा को जैसे सरकारो द्वारा करीब-करीब तिलांजलि दे दी गई है। प्राय: संसद में इतना हंगामा होता है कि वहाँ कानून बनाने लायक माहौल ही नहीं हो पाता है। ऐसी स्थिति में सरकारे जैसे इन्तजार करती है कि कब संसद का सत्र समाप्त हो और वह अध्यादेश जारी करे। यह कार्य प्राय: सभी दलों की तथा गठबंधन की सरकारो द्वारा किया गया है और सभी एक दूसरे पर आरोप भी लगाती रही है।

केन्द्रिय मंत्रिमण्डल की सलाह पर राष्ट्रपति कार्य करते है । अत: मंत्रिमण्डल की अनुशंसा पर राष्ट्रपति अध्यादेश पर हस्ताक्षर करते है। यदि राष्ट्रपति को आवश्यक लगता है तो अध्यादेश की तात्कालिक आवश्यकता के बारे में वह सरकार से पूछ सकते है। इसके अलावा वे इसे पुनर्विचार के लिये मंत्रिमण्डल को भेज भी सकते है। यदि मंत्रिमण्डल इसे वापस राष्ट्रपति को भेजता है तो परम्परा यह है कि राष्ट्रपति इस पर हस्ताक्षर कर देते है । राष्ट्रपति के पास अध्यादेश वापस लेने का अधिकार है लेकिन इसे तभी वापस लिया जा सकता है, जबकि मंत्रिमण्डल ने इसकी सिफारिश की हो। वे इसे स्वविवेक से रद्द नहीं कर सकते। इस तरह की भी कोई पाबंदी नहीं है कि अध्यादेश सरकार के कार्यकाल की शुरूआत में या आखिरी सत्र के बाद नहीं लाया जा सकता। संसद के आखिरी सत्र के बाद भी और पहले भी अध्यादेश लाया जा सकता है। किसी मामले में यह पूर्ववर्ती प्रभाव से भी लागू किया जा सकता है। यह किसी कानून में भी बदलाव या निरस्त करने के लिये उसी तरह इस्तेमाल किया जा सकता है, जैसाकि विधेयक का इस्तेमाल किया जाता है।

राष्ट्रपति के हस्ताक्षर के बाद अध्यादेश यद्यपि सामान्य कानून की तरह लागू हो जाता है कि तदापि इसका प्रभाव अस्थाई कानून जैसा होता है। स्थाई कानून का दर्जा दिलाने के लिये इसे संसद के अगले सत्र में कम से कम छह माह के भीतर पारित करना आवश्यक है । संसद इसे निरस्त भी कर सकती है। यदि संसद के दोनों सदनों में नियत अवधि में भी इसे पारित नहीं कराया जाता है तो यह स्वत: निरस्त हो जाता है । अध्यादेश संविधान के विरूद्ध हो तो इसे न्यायालय में चुनौती दी जा सकती है । यदि अध्यादेश कानून नहीं बन पाता है तो फिर से अध्यादेश लाना लोकतांत्रिक रूप से सही नहीं माना जाता है । अध्यादेश के लिये यह अपेक्षित है कि संसद में बहस प्रक्रिया के बाद ही इसे कानून बनाया जाए। यदि संसद में गतिरोध के कारण निर्धारित समय सीमा में अध्यादेश को कानून बनाने की प्रक्रिया पूरी नहीं हो पाती है तो एक से अधिक बार भी अध्यादेश लागू किया जाता है । पूर्व अतिरिक्त अधिवक्ता विवेक तनखा के अनुसार संविधान में कहीं नहीं कहा गया है कि एक से अधिक बार अध्यादेश नहीं लाया जा सकता।

नब्बे के दशक में बिहार की विधानसभा में रोज-रोज के चलते हंगामे के कारण वहां बिल पास होना संभव नहीं हो पाता था। इस कारण वहां हर सत्र के बाद अध्यादेश पुन: जारी कर दिये जाते थे। इस अध्यादेश राज के संदर्भ में डी.सी.वाधवा बनाम स्टेट ऑफ बिहार राज्य के मामले में सुप्रीम कोर्ट ने एक से अधिक बार अध्यादेश लाने को लोकतंत्र की भावना के विरूद्ध मानते हुए कहा था कि कार्यपालिका अध्यादेश जारी करने की अपनी विधायी शक्ति का इस्तेमाल अपवाद स्वरूप ही करे।

सरकारे कभी मजबूरी या कभी लाभ की मंशा से अध्यादेश लाती रही है। किसी एक सदन में संख्या बल में कभी कमी की मजबूरी कारण हैं तो कभी सरकारे राजनीतिक लाभ के लिये अध्यादेश लाती है और बहाना संसद में गतिरोध का बनाया जाता है। यहां यह उल्लेखनीय है कि संविधान लागू होने के साथ ही, विपक्ष में भी संख्या बल कमजोर होने पर भी प्रथम प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू ने अध्यादेश लागू करने की परम्परा डाल दी थी । इस मामले में प्रथम लोकसभा अध्यक्ष जी.वी.मावलंगकर ने लोकतंत्र के प्रति चिन्ता व्यक्त करते हुए नेहरूजी को पत्र भी लिखा था। संविधान के अनुसार सरकार की जवाबदेही संसद में हैं, और सदस्यों की जवाबदेही जनता के प्रति। जनता की सम्प्रभुता को व्यवहार में सुनिश्चित करने का यही सही तरीका है। अध्यादेश लाने से जनता और संसद दोनों की अवमानना होती है। इसलिये अध्यादेश के माध्यम से कानून बनाना हमारी लोकतांत्रिक संवैधानिक

* सहायक प्राध्यापक (राजनीति विज्ञान) शासकीय कन्या महाविद्यालय, रतलाम (म.प्र.) भारत

व्यवस्था की भावना के विपरीत है। अनुच्छेद 123 में अध्यादेश लागू करने का प्रावधान जरूर है पर संविधान इसकी अनुमति तभी देता है जब किसी प्रकार की अरजेन्सी या इमरजेन्सी होनी चाहिए। इस प्रतिबंध का अनुचित लाभ उठाता जाता है।

अध्यादेश लाने का विरोध सभी राजनीतिक दलों द्वारा विपक्ष में रहने की स्थिति में किया जाता है, और सभी दलों की सरकारों द्वारा संविधान लागू होने से आज तक 647 अध्यादेश लाये गये है। प्रतिवर्ष देश में 10.40 अध्यादेश पारित होते रहे है तथा प्रत्येक लोकसभा में औसतन 40.31 अध्यादेश लागू हुए है। इनका विस्तृत विवरण निम्नानुसार है।

लोकसभा	वर्ष	प्रधानमंत्री	अध्यादेश
पहली	1952-57	पं.जवाहरलाल नेहरू	39
दूसरी	1957-62	पं.जवाहरलाल नेहरू	20
तीसरी	1962-67	पं.नेहरू, शास्त्री, इंदिरा गांधी	31
चौथी	1967-70	इंदिरा गांधी	38
पांचवीं	1971-77	इदिंरा गांधी	99
छठी	1977-80	मोरारजी देसाई, चरणसिंह	28
सातवीं	1980-84	इंदिरा गांधी	58
आठवीं	1984-89	राजीव गांधी	35
नवीं	1989-91	वी.पी.सिंह, चन्द्रशेखर	16
दसवीं	1991-96	पी.वी.नरसिम्हा राव	77
ग्यारहवीं	1996-98	वाजपेयी, देवगौड़ा, गुजराल	77
बारहवीं	1998-99	अटलबिहारी वाजपेयी	25
तेरहवीं	1999-04	अटलबिहारी वाजपेयी	33
चौदहवीं	2004-09	डॉ.मनमोहनसिंह	36
पन्द्रहवीं	2009-14	डॉ.मनमोहनसिंह	25
सोलहवीं	आठ माह	नरेन्द्र मोदी	10

अगर अध्यादेश के विषयों पर ध्यान दें तो स्पष्ट होता है कि सरकारों ने अध्यादेश के माध्यम से जटिल आर्थिक तथा वाणिज्यिक मामले हल किये हैं। सन् 1950 से 2008 के बीच 129 वित्त मामले, 102 गृह मामले, 46श्रम मामले, 29 कानून व न्याय तथा 28 वाणिज्य व उद्योग मामलोमें अध्यादेश लागू किये गये।

गठबंधन सरकारो के समय सबसे अधिक अध्यादेश लाये गये। संसद का सामना करने में अनिच्छुक या अक्षम होने के कारण इन सरकारों ने सन् 1989-1999 के दस वर्ष की अवधि में 195 अध्यादेश से राज किया। वी.पी.सिंह का मण्डल कमीशन भी इस अवधि में अध्यादेश की ही देन है। सिर्फ 1996 व 1998 की अवधि में, सिर्फ 61 बिल व 77 अध्यादेश पारित किये गये। इस अवधि में तीन प्रधानमंत्री रहे।

इस सच्चाई को अस्वीकार नहीं किया जा सकता कि अध्यादेशों की जरूरत कार्यपालिका की गति व क्षमता बढ़ाने के लिये होती है। वे शासन के बुनियादी दर्शन को परिवर्तित नहीं करते। सन् 2014 में लोकसभा निर्वाचन में भाजपा को सत्ता के लिये पूर्ण बहुमत मिल गया परन्तु राज्यसभा में वह अल्पमत में है। अत: इस सरकार के राज में प्रतिमाह में एक अध्यादेश लाया गया। इससे कार्यपालिका व नौकरशाही की शक्तियों में वृद्धि होती है। मोदी सरकार ने भूमि अधिग्रहण, बीमा, कोल माइन्स पर संसद सत्र समाप्त होते ही अध्यादेश लागू किये, पिछली लोकसभा में इसी दल ने संसद का पूरा सत्र नहीं चलने दिया था। अब वहीं हंगामा विपक्ष कर रहा है। आवश्यकता यह है कि सरकार विपक्ष का सम्मान करे तथा कानून बनाने के मार्ग में आ रहे रोड़ों को समाप्त करे।

मोदी सरकार ने सिर्फ आठ महीने के अपने कार्यकाल में 10 अध्यादेश लागू किये। स्वाभाविक ही विरोधी दल से सहयोग नहीं मिलने पर यह सब कुछ किया गया हैं। इसका समर्थन नहीं किया जा सकता है। सरकारो की कार्यशैली पर राष्ट्रपति प्रणव मुखर्जी ने भी सवाल उठा दिया है। उन्होंने 19 जनवरी 2015 को एक प्रश्नोत्तर में कहा है कि 'अध्यादेश द्वारा कानून बनाना ठीक नहीं है। यह सारे दलों का दायित्व है कि वे मिलकर कोई हल निकाले ता कि ताबड़तोड अध्यादेश लाने की आवश्यकता ही नहीं पड़े।' उन्होंने भूमि अधिग्रहण बिल पर जल्दबाजी के लिये वित मंत्री से स्पष्टीकरण भी मांगा है।

राष्ट्रपति ने संविधान का भी उल्लेख किया जिसमें सिर्फ असाधारण या आपात स्थिति में ही अध्यादेश लाने का प्रावधान है। उन्होंने यह भी कहा कि 'किसी पार्टी को राज्य सभा में बहुमत नहीं हैं उसे लगे कि संसद का संयुक्त सत्र बुलाकर कानून बना लिया जाए तो यह भी व्यवहारिक नहीं है। विपक्ष को विरोध करने का, कलई खोलने का भी अधिकार है।'

सत्ता पक्ष के अनुसार विपक्ष सिर्फ मोदी सरकार को नाकाम करने की रणनीति पर काम कर रहा है। वह सहमति की भाषा समझना ही नहीं चाहता। धर्मान्तरण जैसे विषय पर राज्यसभा में छ: दिनों तक हंगामा लोकतंत्र का मजाक है। अत: सत्तापक्ष को विवश होकर अपने कार्यक्रम व नीतियों के अनुरूप आर्थिक व विकास के मोर्चे पर अध्यादेश लाने पडे है। संविधान द्वारा प्रदत्त अधिकार का उपयोग करने पर, प्रश्न उठाने का कोई औचित्य नहीं है। सरकार चलाने की जिम्मेदारी के तहत ही कोयला खदान आवंटन तथा भूमि अधिग्रहण व बीमा जैसे विषयों पर अध्यादेश की आवश्यकता से इंकार नहीं किया जा सकता है। बीमा क्षेत्र भी विवाद का विषय रहा है। अत: सरकार ने अपनी नीति का क्रियान्वयन कर दिया है।

विश्व के अन्य देशों में भी अध्यादेश लाने की परम्परा हैं, परन्तु इनके विषय प्राय: सीमित हैं। ब्रिटेन में सार्वजनिक सेवा तथा शिक्षा के क्षेत्र में काफी अध्यादेश लाये गये है। अमेरिका में राष्ट्रपति मुख्य कार्यपालक है और वहां भी बुनियादी सेवाओं और सुविधाओं जैसे खाद्य सुरक्षा, स्वास्थ्य सुविधा, वृद्धों की देखभाल आदि के क्रियान्वयन के लिये अध्यादेश का उपयोग होता रहा है।

संसद को अगर सियासत का अखाड़ा नहीं बनने देना है तो विपक्ष को विश्वास में लेकर ही लोकतंत्र को सही दिशा में ले जाया जा सकता है। अहंकार और सत्ता के मद पर अंकुश के लिये ही प्रजातंत्र में सत्तापक्ष के साथ प्रभावी विपक्ष की उपस्थिति के अनिवार्य माना गया है। अध्यादेश सिर्फ सामयिक उपचार है, इसके सहारे आगे बढ़ने पर खतरा अधिक है।

संदर्भ ग्रंथ सूची :-

1. डॉ. जैन, सुभाष सी - भारत का संविधान (पंचम संस्करण 2002) भारत सरकार नईदिल्ली।
2. सिंह अमिता (जे.एन.यू.दिल्ली) - अध्यादेश के सहारे सरकार - दैनिक 'पत्रिका' रतलाम दिनांक 04 जनवरी 2015
3. शेखर सुधांशु - लोकतंत्र नीति और नियति - विश्वविद्यालय प्रकाशन, सागर।
4. येचुरी सीताराम - लोकतंत्र का मजाक है - दैनिक भास्कर इंदौर दि. 25.12.2014
5. सम्पादकीय - सरकार रोड़े हटाए अध्यादेश न लाए - दैनिक जागरण, दिल्ली दि. 03.01.2015
6. गुप्ता के.के. विधायिका का कार्यपालिका पर नियंत्रण 'विधायनी' म.प्र.विधानसभा सचिवालय प्रकाशन भोपाल, जुलाई सितम्बर 2005
7. प्रणव मुखर्जी - अच्छा नहीं है ताबडतोड़ अध्यादेश लाना - रतलाम भास्कर दि. 20 जनवरी 2015, पृष्ठ 01
8. सम्पादकीय - राष्ट्रपति की चिंता पर गौर फरमाएं - रतलाम भास्कर, दिनांक 20 जनवरी 2015, पृष्ठ 08

भारतीय संविधान, सामाजिक न्याय और डॉ. अम्बेडकर

डॉ. रवीन्द्र कुमार सोहोनी *

प्रस्तावना – न्याय समाज दर्शन की एक ऐसी बुनियादी अवधारणा है जिस पर भारतीय सामाजिक चिन्तन में ऋग्वेद काल से ही विचार होता रहा हैं। इतिहास में न्याय की अनेक प्रकार से व्याख्या हुई है। भारतीय संविधान की प्रस्तावना में न्याय का स्पष्ट उल्लेख विशिष्ट महत्व का विषय है। भारतीय संस्कृति की मान्यता है कि 'न्याय' के बिना क्षमता और स्वतंत्रता के आदर्श निस्सार हो जाते है। इसलिये संविधान की प्रस्तावना में 'न्याय' को 'स्वतंत्रता' और 'समानता' से भी ऊपर रखा गया है। न्याय की भावना का मूल स्वर है समाज के विभिन्न वर्गो और व्यक्तियों के हितों का सामंजस्य और उन सबका समान अभ्युदय।

भारत में सामाजिक न्याय की संकल्पना 'अधिकतम व्यक्तियों का अधिकतम सुख' की पाश्चात्य् अवधारणा से बहुत आगे 'सर्वे भवन्तु सुखिन: सर्वे सन्तु निरामया' के क्षितिज तक जाती है। भारतीय चिन्तन और दर्शन की मान्यता है कि न्याय क्रान्ति की संतति और समाज की शाश्वतता है ।

'न्याय की संकल्पना में भारत के परम्परागत सामाजिक दर्शन के सर्वश्रेष्ठ तत्वों का ही समाहार नहीं हो जाता– प्रत्युत रुसी क्रांति द्वारा प्रसूत समाजवादी और साम्यवादी चिन्तन के सर्वश्रेष्ठ तत्व भी आ जाते है। इस संबंध में श्री नेहरु ने एक बार ठीक ही कहा था कि लाखों करोड़ो लोगो के लिये, मार्क्सवाद के प्रति आकर्षण का स्त्रोत उसका वैज्ञानिक सिद्धांत नहीं है, प्रत्युत सामाजिक न्याय के प्रति उसकी तत्परता है।'[1]

सामाजिक न्याय से अभिप्राय यह है कि मनुष्य–मनुष्य के बीच सामाजिक स्थिति के आधार पर किसी प्रकार का भेद न माना जाये, प्रत्येक व्यक्ति को अपने सामर्थ्य और शक्तियों के समुचित विकास के समान अवसर उपलब्ध हो, किसी व्यक्ति का किसी भी रुप में शोषण न हो और उसके व्यक्तित्व को एक पवित्र विभूति माना जाये, किसी परोक्ष लक्ष्य की सिद्धा साधन मात्र नहीं। सामाजिक न्याय सुलभ कराने के लिये यदि आवश्यक था कि स्वतंत्र भारत की राजसत्ता विधायी और कार्यकारी कृत्यों के द्वारा समतायुक्त समाज की स्थापना का प्रयत्न करे।

संविधान की प्रारुप समिति के अध्यक्ष डॉ. भीमराव अम्बेडकर सहित संविधान निर्माताओं के समक्ष एक बहुत बड़ी चुनौती यह थी कि पश्चिमी लोकतांत्रिक देशों में स्वीकार्य उदारवाद के मूल्यों और दूसरी ओर समाजवाद के सिद्धांतों के बीच किस प्रकार एक सुखद संश्लेषण स्थापित किया जाये। जिससे स्वतंत्र भारत में सामाजिक न्याय के एक नये युग का समारम्भ किया जा सके। डॉ. अम्बेडकर ने अन्याय की शक्तियों का अभिनिर्धारण करके अपने महान कार्य का शुभारम्भ किया।

पं. नेहरु ने संविधान सभा की उदार और उदात्त भावनाओं को स्वर प्रदान करते हुए कहा था 'इस सभा का पहला कार्य भारत को नये संविधान के माध्यम से मुक्त कराना हैं, भूखे लोगों को खाना खिलाना है, नंगेजनों को कपड़ा पहनाना है और हर एक भारतीय को पूर्णतम अवसर प्रदान करना है ताकि वह अपनी क्षमता के अनुसार अपना विकास कर सकें।'[2]

भारतीय संविधान में सामाजिक न्याय के आदर्श को अनेक रुपों में स्वीकार किया गया है। संविधान के तीसरे भाग (मूल अधिकार) और चौथे भाग (राज्य की नीति के निदेषक तत्व) में सामाजिक न्याय की सिद्धी के विविध उपायों का उल्लेख किया गया है। अनुच्छेद 14 में भारत के सभी नागरिकों को विधि के समक्ष समता और अधिनियमों के अंतर्गत समान सुरक्षा प्रदान की गई है और अनुच्छेद 15 में धर्म, मूलवंश, जाति, लिंग या जन्म स्थान के आधार पर विभेद का प्रतिषेध किया गया है। अनुच्छेद 16 के फलस्वरुप राज्याधीन पदों पर नियुक्ति के संबंध में सब नागरिकों को अवसर की समता प्राप्त है। संविधान ने अस्पृष्यता का अंत कर दिया है (अनुच्छेद 17), मानव के पण्य और बलात् श्रम अथवा 'बेगार' का प्रतिषेध किया है (अनुच्छेद 23(1)) और अनुच्छेद 24 द्वारा कारखाना आदि में बच्चों से काम कराना वर्जित कर दिया है। संविधान में दिये गये षिक्षा और संस्कृति संबंधी अधिकार (अनुच्छेद 29 और 30) भी सामाजिक न्याय के सोपान है। संविधान ने नागरिकों का कुछ अवस्थाओं में काम, शिक्षा और लोक सहायता पाने का अधिकार स्वीकार किया है (अनुच्छेद 41)। अनुच्छेद 42 में संविधान ने राज्य को यह जिम्मेदारी सौंपी है कि वह काम की यथोचित और मानवोचित दशाओं को सुनिश्चित करने के लिये तथा प्रसूति सहायता के लिये उपबंध करेगा। अनुबंध 43 (श्रमिकों के लिये निर्वाह, मजदूरी का प्रबंध), 44 (नागरिकों के लिये समान व्यवहार संहिता), 45 (बालकों के लिये नि:शुल्क और अनिवार्य शिक्षा का उपबंध), 46 (अनुसूचित जातियों, आदिम जातियों तथा दुर्बल वर्गो के शिक्षा और अर्थ संबंधी हितों की उन्नति) और 47 (आहार पुष्टि तल और जीवन स्तर को ऊँचा करने तथा सार्वजनिक स्वास्थ्य के सुधार करने का राज्य का कर्त्तव्य) भारत में सामाजिक न्याय का स्वर्ण विहान लाने में सहायक होंगे।

डॉ. भीमराव अम्बेडकर आधुनिक भारत के राजनीतिक चिन्तकों में प्रथम ऐसे चिन्तक है जिन्होंने सर्वप्रथम यह स्पष्ट कर दिया है कि पाश्चात्य पद्धति का लोकतंत्र शब्दश: भारतीय परिप्रेक्ष्य में लागू करना संभव नहीं है। डॉ. अम्बेडकर राज्य और समाज, राज्य और सरकार तथा राज्य और राष्ट्र के अंतरों को स्वीकार करते हैं, किंतु वे इन संस्थाओं के महत्व और इसी के माध्यम से लोकतंत्र के पक्षधर थे। पाश्चात्य् लेखकों, विशेषकर हैराल्ड लॉस्की और मैकाईवर का जहां तक प्रश्न है, इन दोनों ही बहुलवादी विचारकों ने राज्यों को केवल सामाजिक एवं आर्थिक दृष्टि से थोड़ा विशिष्ट माना है और संप्रभुता के एकत्व को समाप्त करने का प्रयास किया है।

डॉ. अम्बेडकर ने राज्य की महत्वपूर्ण भूमिका और स्वीकार्य किया हैं, जहां तक प्रजातंत्र को परिभाषित करने का प्रश्न है वहां डॉ. अम्बेडकर

* प्राध्यापक (राजनीति विज्ञान) शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, मन्दसौर (म.प्र.) भारत

वाल्टर वैजाहट और अब्राहम लिंकन द्वारा दी गई परिभाषाओं से भी पूर्णत: संतुष्ट दिखलाई नहीं पड़ते है।[3]

डॉ. अम्बेडकर की सुदृढ़ मान्यता थी कि वास्तविक प्रजातंत्र की स्थापना के लिये हमें भारतवर्ष के सामाजिक और आर्थिक ढाँचें में आधारभूत परिवर्तन करना होगें। सामाजिक और आर्थिक व्यवस्था में किया गया यह परिवर्तन अहिसंक ढंग से करना होगा। भारत में लोकतंत्र की स्थापना के मार्ग में वे सामाजिक और आर्थिक असमानताओं को सबसे बड़ी बाधा मानते थे।

डॉ. अम्बेडकर ने स्पष्ट शब्दों में अपना मन्तव्य व्यक्त करते हुए कहा था 'आर्थिक और सामाजिक प्रजातंत्र के अभाव में राजनीतिक प्रजातंत्र की स्थापना करना केवल कठिनाईयों को जन्म देना नहीं होगा, अपितु किसी खतरे को आमंत्रित करने के समान होगा।

राजनीतिक स्वतंत्रता के पश्चात् सामाजिक और आर्थिक क्षेत्र में लोकतंत्र के प्रवेश के साथ न्याय की अवधारणा और इसका अभिप्राय अब केवल आचारशास्त्र और विधिशास्त्र के क्षेत्र तक ही सीमित नहीं रह गया है। न्याय की अवधारणा का इस ढंग से विस्तार हो गया है कि अब इसके अंतर्गत जीवन के सभी क्षेत्र समाहित हो गये हैं। स्वतंत्रता प्राप्ति के इन छह दशकों में एक नई चेतना का विकास हुआ है कि व्यक्ति के अधिकारों को समुदाय के हित में तर्कसंगत रुप प्रतिबंधित किया जाये, ताकि सही अर्थ में सामाजिक और आर्थिक न्याय के उद्देश्य को उपर्युक्त रुप और ढंग से प्राप्त किया जा सके। सामाजिक न्याय के सदंर्भ में डॉ. अम्बेडकर की मान्यता थी कि व्यक्ति के अधिकारो और समाज कल्याण में समन्वय और समाधान स्थापित न हो पाये और दोनों में विरोध की स्थिति निर्मित हो तो समुदाय के हित को व्यक्ति के अधिकारों पर प्राथमिकता प्रदान की जाये। सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक दृष्टिकोण से डॉ. भीमराव अम्बेडकर को एक क्रांतिकारी चिन्तक कहा जा सकता है। जिन्होंने स्वतंत्रता के पूर्व तथा स्वतंत्रता पश्चात् दलित, शोषित तथा पीड़ित वर्ग के लिये सतत् संघर्ष किया। सामाजिक न्याय के संदर्भ में डॉ. भीमराव अम्बेडकर स्वयं भारतवर्ष के एक ऐसे अग्रदूत है जिन्होंने सामाजिक अन्याय की टीस, पीड़ा और कसक का न केवल सामना किया अपितु दृढ़ता के साथ उसके खिलाफ संघर्ष भी किया। सामाजिक न्याय पर अपना दृष्टिकोण रखने के पूर्व डॉ. अम्बेडकर के प्रथमत: न्याय के सिद्धांत, उसकी प्रकृति और तत्वों पर गहन चिन्तन तथा मनन किया। डॉ. अम्बेडकर, प्रो.बर्गबोन द्वारा परिभाषित न्याय की परिभाषा से सहमत और संतुष्ट दिखलाई पड़ते हैं। प्रो. बर्गबोन न्याय को परिभाषित करते हुए लिखते है :-

"Justice has always evoked ideas of equality, of proportion of `Compensation'. Equity signifies equality. Rules and regulation, right and righteousness are concerned with equality in value. If all men are equal, all men are of the same essence and the common essence entitles them to the same fundamental rights and to equal liberty"[5]

मानवीय मूल्यों के धरातल पर न्याय को परिभाषित करते हुए डॉ. साहब कहते है -

"Is simply another name for libery equality and franternity"[6]

डॉ. भीमराव अम्बेडकर के सामाजिक न्याय का मुख्य स्वर यह था कि मानव मात्र की मूल प्रतिष्ठा तथा उसके अधिकारों को समाज में समुचित एवं सम्मानजनक स्थान प्राप्त हो।

डॉ. भीमराव अम्बेडकर न्याय की पूर्ववर्ती अवधारणाओं तथा प्राचीन भारत की वर्ण व्यवस्था, यूनान के महान दार्शनिक प्लेटों द्वारा प्रतिपादित न्याय की योजना, अरस्तु द्वारा उल्लेखित व्यवस्था, प्रसिद्ध जर्मन विचारक नीत्शे द्वारा प्रतिपादित उत्कृष्ट और देवी सिद्धांत, मध्ययुगीन दृष्टिकोण, मार्क्स द्वारा प्रतिपादित सर्वहारा वर्ग का समाजवादी सिद्धांत और यहां तक कि गांधी द्वारा प्रतिपादित 'सर्वोदय समाज' को स्वीकार नहीं करते हैं।

डॉ. अम्बेडकर का कहना है कि सामाजिक न्याय को अभिव्यक्त करने में उपर्युक्त ये सभी विचार अधूरे एवं एकांगी है, क्योंकि इनमें से कोई भी सिद्धांत, दलित, शोषित, पीड़ित और कमजोर वर्ग के अधिकारों की सही वकालत नहीं करता है -

In "Dr. Ambedkar`s view. Social justice includes all the sorts of justice in its scope. Social justice stands for the whole of social order which means the entire social system: whereas other types of justice stand for any one part of our social system. Whether it is a legal justice, economic or political justice it covers only one aspect, and become an issue of limited field of life."[7]

डॉ. अम्बेडकर के अनुसार सामाजिक न्याय की अवधारणा एक ऐसी व्यापक अवधारणा है कि जिसमें न्याय के सभी पक्ष स्वत: समाहित हैं। डॉ. अम्बेडकर का चिन्तन और दर्शन पूर्णत: मानवतावादी हैं, मानव स्वरुप और मानव के सामर्थ्य में अम्बेडकर की अकूत और अटूट आस्था है।

'डॉ. अम्बेडकर का मानववादी चिन्तन वास्तव में ऐसे नये समाज के निर्माण की ओर उन्मुख था जो उन नये मूल्यों और नये मानवीय संबंधों पर आधारित हो, जिन्हें आदमी ने आदमी के लिये सृजित किया है। उनका मानवतावादी चिन्तन वर्णाश्रम धर्म व कर्म पर आधारित समाज व्यवस्था का विरोधी था।[8]

आज स्वाधीनता के छह दशक व्यतीत हो जाने पर भी दु:खद और कटु सत्य यह है कि यद्यपि राजनीतिक दृष्टि से हम बंधन-मुक्त और स्वतंत्र है फिर भी हमारा देश न्यायपूर्ण समाज के मानवीय आदर्श से कोसों दूर खड़ा है। मानव मात्र की मूल प्रतिष्ठा और उसके अधिकारों की अत्यधिक उपेक्षा निरंतर जारी है। एक महान् संविधान के बावजूद जनता के बहुत बड़े हिस्से का निर्दयतापूर्वक ढंग से अपमान हो रहा है, उन पर जुल्म ढाये जा रहे है और पल-प्रतिपल उनका बहिष्कार हो रहा है।

'भीमराव के अनुसार, नैतिक मानदण्ड स्वतंत्रता, समता एवं भातृभाव में निहित है। ये शब्द एक दूसरे से पृथक न होकर परस्पर सम्बद्ध है और एक त्रयी के रुप में नैतिक मानदण्ड के रुप में काम करते है। वे समस्त कर्म जो इस त्रयी को अमृत बनाते है शुभ या कुशल कर्म है, और इसके विपरीत जो कर्म हैं, वे अशुभ या अकुशल हैं। किसी भी समाज व्यवस्था को सुचारु रुप से संचालित करने के लिये मानव प्राणियों का यह नैतिक कर्त्तव्य है कि वे स्वतंत्रता समता एवं भातृभाव के अनुकुल आचरण करें।'[9]

डॉ. भीमराव अम्बेडकर की मान्यता थी कि मनुष्य को न केवल भूख मिटाने के लिये रोटी चाहिये, अपितु मानसिक संतुष्टि के लिये अच्छे विचार भी आवश्यक है। डॉ. साहब की दृष्टि से विचार आदमी का अनोखा एवं विलक्षण खजाना है। अत: उन्होंने दलित एवं पिछड़ों में विचार-शक्ति का संचार किया। इस विचार-शक्ति में मात्र तीन शब्द थे, अर्थात शिक्षा, संगठन और संघर्ष जिनके कारण भारत वर्ष में जनजागृति तथा सामाजिक परिवर्तन का वातावरण बना। एक दार्शनिक और युगदृष्टा होने के नाते डॉ. अम्बेडकर ने आम आदमी की चिन्तन प्रक्रिया को भी सुदृढ़ किया ताकि एक नया वातावरण बन सके और समय के साथ सामाजिक परिवर्तन एवं सामाजिक न्याय का विचार फलीभूत हो सके।

'सामाजिक न्याय का दुर्दान्त शत्रु शोषण ही है। शोषण के उन्मूलन के बिना सामाजिक न्याय पंगु है। स्वतंत्रता और समानता सामाजिक न्याय की धुरी है। इनकी उपेक्षा किये जाने से ही शोषण चक्रव्यूह की अनुभूति उत्पन्न होती है और मानवतावादी समाज की संरचना में बाधा उत्पन्न होती है। मानव व्यवहारों की मधुरता और सम्बद्धता पर खड़ा समाज सच्चे अर्थो में मानव को उन दुरुहताओं से बचा सकता है जिनके कारण मनुष्य को पशुवत जीवन ढ़ोना पड़ता है। सामाजिक न्याय पाने में यही सबसे बड़ी बाधा है।[10]

उच्च मानव-सभ्यता का मार्ग प्रशस्त करने वाले डॉ. बाबा साहब अम्बेडकर को भारत सपूत कहने में गर्व का अनुभव होना स्वाभाविक है, परंतु वास्तव में तो इतिहास उन्हें **'विश्व मानव'** कहेगा। डॉ. अम्बेडकर के समस्त जीवन का लक्ष्य दुनिया के कोने-कोने में बसे सभी मानवों को बंधनों से मुक्त कर स्वाधीन करना था। डॉ. अम्बेडकर जैसे महामानव को क्षेत्रीय सीमाओं में बांधना उचित न होगा क्योंकि उनके संदेश की प्रासंगिकता सार्वभौम है। डॉ. अम्बेडकर के चिन्तन और दर्शन का महत्व हर क्षण बना रहेगा, जहां मनुष्य-मनुष्य के प्रति अन्याय कर रहा है।

अन्तत: निष्कर्ष के रुप में कहा जा सकता है कि डॉ. अम्बेडकर की सामाजिक न्याय की अवधारणा प्रगति का सर्वश्रेष्ठ उद्घोष है। अपनी साहसिक स्पष्टवादिता, बेजोड़ निपुर्णता तथा महान गरिमा के कारण मित्रों, अनुयायियों और वैचारिक विरोधियों में भी उनके नाम का स्मरण अत्यन्त सम्मान के साथ किया जाता है। देश डॉ. अम्बेडकर के प्रति इतना अधिक ऋणी है, जिसे कभी भी चुकाया जाना संभव नहीं है। डॉ. भीमराव अम्बेडकर एक ऐसे महान तथा उदारवादी मनुष्य थे जिन्होंने उन लागों के प्रति कोई दुर्भावना, प्रतिशोध या घृणा की प्रवृत्ति नहीं रखी जो हजारों वर्षो से जाति प्रथा का शोषण करते आ रहे थे। अम्बेडकर ने भारतवासियों को एक ऐसा संविधान दिया जिसकी मुख्य विशेषता उसका समता पर आधारित व्यवहार है जो एक ऐसे समतावादी समाज की व्यवस्था करता है जिसमें धर्म, वर्ण, जाति, लिंग, वंश तथा निवास या जन्म स्थान के आधार पर कोई भी उपेक्षित या सुविधाभोगी वर्ग नहीं होगा। डॉ. अम्बेडकर ने सामाजिक न्याय और एकीकरण की दिशा में जिस प्रकार एकनिष्ठ होकर कार्य किया वह श्लाघ्य ही नहीं अपितु सही अर्थों में स्तुत्य है।

संदर्भ ग्रंथ सूची :-

1. काश्यप, सुभाष - संविधान की आत्मा, दिल्ली, नेशनल पब्लिशिंग हाऊस, 1971, पृ. 50
2. Nehru J.L. - Unity of India, P.11
3. बग्गा, एस.एस. सोहोनी आर.के.- भारतीय राजनीति विचार, इंदौर, श्री सुनीता प्रकाशन, (नवीन संस्करण), पृ. 158
4. उपरोक्त पृ. 159
5. Jatava, D.R.-Social Justice in India, Jaipur, INA Shree Publisher, 1998, pp. 77-78
6. उपरोक्त पृ. 78
7. उपरोक्त पृ. 88
8. जाटव, डी.आर.-विश्व धर्म और अम्बेडकर, जयपुर, सबलाइम पब्लिकेशन्स, 2001, पृ. 176
9. उपरोक्त पृ. 176
10. खिमेसरा, ज्ञानचंद - डॉ. अम्बेडकर का आर्थिक चिन्तन, भोपाल, म.प्र. हिन्दी ग्रंथ अकादमी, 1995 (प्रथम संस्करण), पृ. 28

****

जोधपुर नगर निगम चुनाव 2014 – समस्याऐं तथा समाधान

डॉ. ज्योति गोस्वामी *

प्रस्तावना – भारत एक जनतांत्रिक देश हैं जिसमें स्थानीय प्रशासन का अपना ही एक विशेष महत्व है। स्थानीय सरकार समाज के सबसे निचले स्तर पर कार्य करती है। इनका कार्य जनता के अतिसमीप होता है। राज्य तथा राष्ट्रीय सरकारो से भी ज्यादा यह जनता के ज्यादा करीब होती है। यह प्रशासन की ओर कदम बढ़ाने की पहली सीढ़ी है। नगर निगम स्थानीय प्रशासन का एक अंग है। नगर निगम सर्वप्रथम मद्रास (1687) में प्रारंभ हुआ था। नगर निगम का मुख्य कार्य आम जनता के संपर्क में रहकर शहर की गंदगी को मिटाना हैं जॉन जे क्लार्क के अनुसार 'स्थानीय शासन सरकार का एक ऐसा अंग है जो कि आम जनता के सीधे संपर्क में रहकर उनके शहर की समस्याओं से जनता के साथ डील करती है।' किसी भी क्षेत्र के विकास के लिए स्थानीय प्रशासन का विकास आवश्यक है। यदि स्थानीय प्रशासन सुदृढ होगा तो नगर भी विकास के पथ पर सुदृढ़ होगा।

उदेश्य– जोधपुर कुल 65 वार्डो में विभक्त हैं। जिनमें से सर्वाधिक सीटें सूरसागर विधान सभा क्षेत्र से हैं जिनमें 23 वार्ड आते है। वहीं जोधपुर शहर तथा सरदारपुरा में 21–21 वार्ड है।



65 वार्डो में कुल मतदाता 6,53,818 थे जिनमें से कुल 4,09,421 मतदाताओं ने मतदान किया। मतदान में कुल पुरूष मतदान प्रतिशत 65,69% तथा कुल महिला मतदान प्रतिशत 59.93% रहा। सबसे अधिक मतदान वार्ड 50 में जो कि 78.90% तथा सबसे कम मतदान वाला वार्ड 39 रहा, जो कि 47.20% ही रहा। मतदान में सबसे बुजुर्ग पार्षद वार्ड 1 के मेघाराम (73) तथा सबसे युवा पार्षद वार्ड 26 तथा 65 से क्रमश: पूजा गुजराती (22) तथा गिरीश लूणा (22) के थे।



जोधपुर शहर की तस्वीर नगर निगम चुनावों में सर्वाधिक नोटा का उपयोग वार्ड संख्या 13 में हुआ। जोधपुर नगर निगम में 1994 से अब तक के चुनाव प्रतिशत निम्न प्रकार से है:–

जैसा कि ग्राफ से स्पष्ट है कि 1994 में 48.42% 1999 में 48.41% 2004 में 49.46% तथा पिछले वर्ष के ऑकडे देखे तो पायेंगे कि 2008 में 58.53% तथा 2014 में 62.62% मतदान हुआ और 2009 में हुए चुनावों से करीब 5% ज्यादा मतदान हुआ, इस प्रकार आँकड़ों से स्पष्ट है कि 20 वर्षो में पहली बार रिकॉर्ड तोड़ वोटिंग हुई। अत: जागरूकता की वजह से मतदान के प्रतिशत में वृद्धि हुई।

चुनाव में उत्पन्न हुई समस्याएँ–

1. ई.वी.एम मशीन का खराब होना– 2014 नगर निगम चुनाव में 596 ईवीएम मशीनें इस्तेमाल की गई जिनमें से 27 मशीनें मतदान के दौरान खराब हो गई जिससे समय का दुरूपयोग हुआ मतदाता बिना मत दिए चले गए।

* प्राचार्य, महर्षि दाधिची महिला महाविद्यालय, जोधपुर (राज.)भारत

2. समर्थकों या दलों का आपस में भिडना– कई स्थानों पर फर्जी मतदान या बिना ID वोट देने को लेकर समर्थक या प्रत्याशी आपस में भिड़ गए। जैसे– एक वार्ड में बिना ID Card व वोट देने की बात पर हंगामा हो गया, जिससे 20–25 मिनट तक वोटिंग रोकनी पड़ी। ऐसे ही फर्जी मतदान को लेकर वार्डो आदि में भिंडत की वारदातें सामने आई।

3. मतदान में प्रशासन चोटिल– मतदान के दौरान दो अलग अलग स्थानों पर लोगों ने पथराव किया। इसमें कई पुलिसकर्मी तथा कर्मचारी भी घायल हुए।

4. नये पार्षदों के प्रशिक्षण कार्यक्रम भी निर्धारित समय पर नहीं करवाये गए। दलीय व्यवस्था के कारण आपसी सहयोग का अभाव रहा।

5. अन्य बाधाएँ– कई मतदाता मतदान के लिए छुट्टी चाह रहे थे लेकिन उन्हें छुट्टी नहीं दी गई तथा इसी तरह मतदान की स्याही की खराबी भी सामने आई। कई वार्डो में स्याही अंगुली पर नहीं टिकने की शिकायतें भी उजागर हुई।

समाधान – प्रस्तुत शोध पत्र के आधार पर चुनाव आयोग को कई समस्याओं से जूझना पड़ा है जिससे कार्य अवरूद्ध हो जाते है इन समस्याओं के निराकरण हेतु कुछ समाधान प्रस्तुत कर रही हूँ।

1. जनप्रतिनिधि ऐसा हो जो जनता की समस्या सुने तथा उसका यथासंभव जल्दी से जल्दी समाधान कराऐं।
2. जनप्रतिनिधि स्वयं वार्ड का निरीक्षण करे। उन्हें सफाई व्यवस्था की मॉनिटरिंग स्वयं करनी चाहिए। वार्ड में कितने सफाईकर्मी नियुक्त है, कितने समय सफाई करनी है तथा गंदगी, सीवर या अन्य किसी तरह की समस्या दिखने पर उसका समाधान करे।
3. जनप्रतिनिधि यदि कर्तव्यानुसार कार्य नहीं कर पा रहा है तो जनता के पास उसे `Right to recall' के तहत वापस बुलाने का अधिकार हो, ताकि निरंकुशता ना आ पाए।
4. निगम द्वारा आमजनों के लिए बुलाई जा रही है योजनाओं से वार्ड की जनता को जोड़ना चाहिए, जिससे लोगों को उसका लाभ मिल सके। जानकारी के अभाव में लोग योजनाओं का लाभ नहीं उठा पाते।
5. निगम अधिकारी अपने पद का दुरूपयोग करे तो इसके लिए तुरन्त कार्यवाही की व्यवस्था होनी चाहिए।
6. पेड़ न्यूज पर रोक लगनी चाहिए।
7. उम्मीदवार तब तक निर्वाचित घोषित नहीं किया जाए जब तक वह कुल मतो का 50%+1 मत प्राप्त कर लें।
8. अदालत ने यदि किसी प्रतिनिधि के आपराधिक आरोप तय कर दिए हो तो चुनाव आयोग की तरफ से उसकी सदस्यता, तुरंत खारिज करने की कार्यवाही हो।
9. ई.वी. एम यदि खराब हो तो इंजीनियर वहॉ उपलब्ध होने चाहिए। इस सन्दर्भ में चुनाव आयोग को तुरन्त कार्यवाही करनी चाहिए।

निष्कर्ष – उपरोक्त विवेचन के पश्चात् यह तथ्य सामनें आए है कि राजनीतिक दलों की भूमिका स्वच्छ तथा पारदर्शी होनी चाहिए। आमजन पर नगर निगम से जुड़े कार्य पारदर्शी होनी चाहिए। आमजन पर नगर निगम से जुड़े काम सीधे असर डालते है जैसे– सफाई, रोशनी, यातायात, अतिक्रमण, मकान पट्टे, जन्म व मृत्यु प्रमाण पत्र, विवाह प्रमाण पत्र आदि। अत: आम जनता की परेशानियों का ठोस हल निकालने के बजाय शहरी निकाय भ्रष्टाचार, रिश्तवखोरी के अड्डे माने जाते है अत: नगर निगम में चुनें पार्षद प्रमुखों की जिम्मेदारी हैं कि वे हालात सुधारे तथा पारदर्शिता से शहरों का विकास करें। तथा राजनीतिक दलों के लिए यह भी आवश्यक है कि वे अपने संगठन में सुधार करें, एवं आयोग को भी सशक्त बनाए ताकि चुनाव सुधार के ज्यादा से ज्यादा प्रयास हो सके।

संदर्भ ग्रंथ सूची :–

1. पत्रिका समाचार पत्र – 20 नवम्बर 2014
2. पत्रिका समाचार पत्र– 23 नवम्बर 2014
3. भास्कर समाचार पत्र– 23 नवम्बर 2014
4. डा. एम.पी.शर्मा– लोक प्रशासन के सिद्धान्त
5. जी.एस. बन्धु– भारत में नगर निकाय– नगर निकाय प्रशासन संस्था (जर्नल)
6. बी. वेंकटेश कुमार – भारत में चुनाव सुधार



****

भारतीय लोकतंत्र की नवीन चुनौतियाँ

डॉ. अनिल कुमार जैन *

शोध सारांश – विज्ञान और तकनीकी ने वैश्वीकरण के माध्यम से विश्व के राष्ट्रों के सोच एवं आकांक्षा में जो परिवर्तन उपस्थित किया हैं, उससे राज्यो के कार्य क्षेत्र में असाधारण वृद्धि हुई है। मानव अधिकार, सूचना का अधिकार तथा राजनीति में सोशल मीडिया की भूमिका या जन आंदोलनों आदि की राजनीति में प्रभावी भूमिका से व्यक्तियों में जहाँ जागरूकता बढ़ी हैं, वहीं व्यक्ति शीघ्रताशीघ्र समानता द्वारा समाज में विकासोन्मुख भी होना चाहता है। वह सभी सुविधाओं तथा सुख को आज और अभी प्राप्त करना चाहता है। अत: यदि केन्द्र सरकार और राज्य सरकारे उन्हें यथाशीघ्र सुखी नहीं बना सकती हैं, तो सामाजिक रूप में जन आक्रोश में वृद्धि होती है। इस स्थिति का लाभ अपने ढ़ंग से राजनीतिक दल उठाते है। नेताओं के आश्वासनों पर सहज विश्वास करने वाली जनता की भावुकता मनोवृत्ति का लाभ उठाकर चतुर नेता सत्ता भी हथिया लेते है। सभी का साथ, सभी का विकास, समाजवादी दर्शन का मूल मंत्र है , जो सर्व साधारण को सदैव प्रभावित करता रहा है। इस पर विश्वास सत्ता परिवर्तन का कारण बन जाता है। 'गरीबी हटाओ' नारे से गरीब भले राष्ट्रीय रंगमंच और चर्चा से हट गया परन्तु कई की गरीबी भी मिट गई। स्वाधीनता प्राप्ति के 68 वर्ष बाद भी 'नौ दिन चले ढ़ाई कोस' की स्थिति आज भी समाज में यथावत है। यह भी सच है कि हमारे भारतीय लोकतंत्र की राजनीति में, भारत जैसे बड़े व विकासशील देश में गरीबी, अभाव, अशिक्षा और रोगों से मुक्त समाज की रचना के प्रयासों के साथ-साथ आमजन के लिये सामान्य सुख समृद्धि लाने के योजनाबद्ध रूप से यथासमय प्रयत्न अवश्य हुए है। वैश्वीकरण से भी आर्थिक विकास को बढ़ावा ही मिला है। मध्यम वर्ग के उपभोक्ताओं की संख्या में वृद्धि भी हुई है। किन्तु इस पर भी गरीबी, बेरोजगारी और सत्ता में भ्रष्ट आचरण में अपेक्षित कमी नहीं आ पा रही है।

प्रस्तावना – आजादी प्राप्ति के समय राष्ट्रीयता की जो तीव्र लहर देश में विद्यमान थी - लोकतंत्रीय शासन पद्धति में, वोट की राजनीति का महत्व होने से, उसमें शनै-शनै कमी आने लगी। क्षेत्रवाद तथा भाषावाद ने भारत की विविधता में एकता के आदर्श के सामने प्रश्न चिन्ह लगा दिया। संसदीय लोकतंत्र में मुख्य रूप में राजनीतिक दलों का अस्तित्व व सफलता उनके सदस्यों व समर्थकों का एकजूटता तथा परस्पर विश्वास पर निर्भर करती है। भारत में धर्मनिरपेक्षता व साम्प्रदायिकता के नाम पर जो बड़ी राजनैतिक चुनौतियाँ रही है। उसने बंटवारे की पीड़ा के बाद भी, पाकिस्तान देने पर भी कश्मीर समस्या के रूप में स्थाई रूप से पड़ौसी से मतभेद और दुश्मनी का जहर दे दिया है। आतंकवाद भारत के लिये स्थाई सिरदर्द बना हुआ है।

हमारे प्रजातंत्र में आंतरिक समस्या के रूप में भी जातिवाद से उत्पन्न मण्डल-कमण्डल ने विकास में अवरोध ही उत्पन्न किया है। विकास का शेष भाग जनसंख्या वृद्धि लील गई है। परिणामस्वरूप गरीबी के दैत्य ने देश में हिंसा, अपराध एवं कालाबाजारी के ग्राफ को अनचाहे प्रोत्साहित किया। बाजारवाद ने महंगाई को बेलगाम बनाया तथा धन की भूमिका और भौतिकतावादी मानसिकता ने राष्ट्र में नैतिक पतन के मार्ग को, मूल्यों की अस्वीकृति के रूप में प्रश्रय दिया।

सत्ता शक्ति पर आधारित होती है। लोकतंत्र में क्षेत्रीयता के दुर्बल आधार पर गठित बहुदलीय व गठबंधन सरकारों से अवसरवादी प्रवृत्तियों का जो रूप विगत चार पांच दशक में सामने आया उसने सत्ता का दुरूपयोग, घोटाले, भ्रष्टाचार और सार्वजनिक धन हड़पने की होड़, निर्लज्जतापूर्वक सार्वजनिक माल पर हाथ साफ करने के जो अनैतिक दृश्य सामने आये उससे देश का सिर शर्म से झुक गया है। प्रतिक्रिया भी सामने है। सन् 2014 के लोकसभा चुनाव में जनता ने जो निर्णय दिया उसकी कभी किसी ने कल्पना भी नहीं की थी। किसी को माफ नहीं किया गया। नेतृत्व के लिये इससे कड़ी सजा क्या हो सकती है।

भारतीय राजनीति में एक नवीन चेतना का आविर्भाव हुआ है। सन् 2015 के दिल्ली विधानसभा के चुनावों के परिणामों ने राजनीतिक दलों के मुखौटे उतार दिये है। राष्ट्रीय दलों में सत्ता और सफलता के एकाधिकार का जो दंभ था वह चूर-चूर हो गया है। जनता को सरकार गठन के अपने लोकतंत्री अधिकार का न सिर्फ अहसास हो गया है, उसने जागरूक होकर, बड़ी संख्या में अपने मताधिकार का प्रयोग कर मनवांछित तथा वायदों, विश्वासों पर आधारित भ्रष्टाचार मुक्त प्रशासन के लिये रास्ता खोल दिया है।

भारतीय राजनीति की परम्परागत चुनौतियों को, लगता है कि जनता ने एक प्रकार से उत्तर दे दिया है। लोकतंत्र के अच्छे दिनों की प्रतिक्षा हैं। इसी संदर्भ में जो नई चुनौतियाँ उभरकर सामने आ रही है, उनकी लंबी सूची है। उन्हें केन्द्र राज्य व प्रशासन तीनों अब सहयोग व समन्वय द्वारा सुशासन के माध्यम से हल कर सकेगें। सुशासन सिर्फ सरकार की, सबका साथ, सबकी भलाई की नीति के क्रियान्वयन में निहित है। इसके लिये, सरकार के राजनीतिक नेतृत्व एवं नौकरशाही की जवाबदेयता, नीति निर्माण में निष्पक्षता, ईमानदारी तथा सेवा वितरण में सरकार की दक्षता अपेक्षित है। विद्यमान चुनौतियों को दूर करने के लिये वर्तमान जनादेश द्वारा जनता ने सरकारों की पूरी शक्ति व विश्वास दे दिया है। इससे केन्द्र व राज्य स्तर पर समन्वय से प्रभावी व कुशल प्रशासन के माध्यम से नागरिकों के जीवन स्तर में सुधार के लिये बुनियादी और कठोर कदम उठाया जाना अब संभव है। आजादी के बाद से ही सत्ता व नौकरशाही में जो परस्पर हित साधन का अघोषित गठबंधन रहा है उसकी नींव अपने-अपने स्वार्थ साधन के लिये भ्रष्टाचार रहा है। भ्रष्टाचार पर कुठाराघात से स्वाभाविक रूप से देश की,

* सहायक प्राध्यापक (राजनीति विज्ञान) शासकीय कन्या महाविद्यालय, रतलाम (म.प्र.) भारत

इसके आश्रय में पनपने वाली अनेक समस्याऐं स्वत: समाप्त हो जावेगी। नौकरशाही का राजनीति में झुकाव इसी कारण रहता है, जबकि उसकी तटस्थता सुशासन व पारदर्शिता के लिये अतिआवश्यक होती है। भारत में अनेक लोक सेवकों की संवैधानिक उच्च पदों पर नियुक्ति होती रही है। यह अनुचित है, क्योंकि इसी लालच में नौकरशाही ने अपने आपको राजनीतिक दलों के उद्देश्यों की पूर्ति के लिये स्वयं को साधन बनने दिया है।

भारत संघात्मक राज्य है। सत्ता व पद प्राप्ति की लालसा से विभाजनात्मक प्रवृत्तियों में वृद्धि हो रही है जिसका आधार सांस्कृतिक भाषावाद, उपराष्ट्रीयता है, इनकी अभिव्यक्ति तेलंगाना, विदर्भ, बोडोलैण्ड जैसे आंदोलनों में अभिव्यक्त होती है। नये राज्यों से क्षेत्रीय भावना को प्रोत्साहन मिलता है। इससे राष्ट्रीय एकता प्रभावित होती है। सम्यक विकास पर ध्यान दिया जाकर इस प्रवृत्ति को हतोत्साहित किया जाना आवश्यक है।

लोकतंत्र में आश्वासन तथा लोक लुभावन राजनीतिक घोषणाओं की प्रवृत्ति, मतदाताओं का समर्थन प्राप्त करने में प्रभावी सिद्ध हुई है। गठबंधन की सरकार के निर्लज्ज शासन में भ्रष्टाचार का खुला खेल हुआ उससे मुक्ति की छटपटाहट में जनता ने अभूतपूर्व निर्णय लिये है। दिल्ली की 70 सदस्यी सरकार के लिये सत्तारूढ़ दल ने 70 वायदे किये है। जिनकी पूर्ति पर पहले दिन से ही प्रश्न चिन्ह लग रहे है। मुफ्त वाई-फाई, मुफ्त पानी, आधे दाम बिजली आदि की घोषणाऐं आम आदमी के वोट बैंक को आकर्षित अवश्य करती है, पर विकास की राजनीति को कितना अधिक प्रभावित करेगी, इस पर भी ध्यान दिया जाना जरूरी है। शिक्षा, बेरोजगारी, स्वास्थ्य, उद्योग, वित्त आदि से संबंधित वायदे केवल समाज में जमीनी हित को ही नहीं दशति बल्कि जनमानस की पीड़ा को भी स्पर्श करते है। कभी-कभी अल्पसंख्यक वर्ग विशेष, दलितों के हित व परिस्थितियों को देखकर दबाववश भी ऐसी घोषणाऐं की जाती है, इनकी पूर्ति संवैधानिक कारणों से संभव नहीं होती है, परिणामस्वरूप अनावश्यक असंतोष व जनआक्रोश उत्पन्न होता है।

राजनीतिक दलों द्वारा विगत कुछ वर्षो से अपने कृत्यों से बचाव की भूमिका में संवैधानिक संस्थाओं यथा कैग, निर्वाचन आयोग, सी.बी.आई. तथा लोकपाल आदि की भी आलोचना करने में नहीं चूकते है। कभी-कभी अप्रत्यक्ष रूप में न्यायपालिका व मीडिया भी आलोचना के शिकार बनते है। यह प्रवृत्ति घातक है। लोकतंत्र में संयम आवश्यक व अनिवार्य है।

राजनीतिक दल जो केन्द्र, राज्य अथवा स्थानीय स्वशासन में पूर्ण बहुमत पा लेते है। अंहकारग्रस्त होकर दलहित में शासन संचालन की प्रक्रिया प्रारंभ कर देते है। सरकार जनता की होती है। दल की सरकार के रूप में नीतिगत निर्णय की दिशा में अग्रसर होने की आहट मात्र की प्रतिक्रिया भारतीय राजनीति में एक उदाहरण स्वरूप स्मरण की जावेगी। इसी संदर्भ में नेतृत्व के प्राय: नैतिकताहीन व संस्कारहीन बयान पृथक से देश में असहज व कानून व्यवस्था की स्थिति निर्मित करते है। आश्चर्यजनक तो यह है कि ऐसे बयानों से वक्ता मुकर भी जाते है, व खण्डन कर देते है।

भारतीय लोकतंत्र की परम्परागत दुर्बलताऐं रही हैं, वे लगभग सभी वोट की राजनीति के कारण स्वाभाविक रूप से प्रभावी रही है। प्रजातंत्र में हित समूह और दबाव समूहों की भूमिका भी महत्वपूर्ण होती है। राजनीति में शक्ति व धन बल के महत्व को भी स्वीकार करना होता है। परम्परा से चली आ रही व्यवहारिक वी.आई.पी.संस्कृति ने भी सत्ता के दुरूपयोग को बढ़ावा दिया है। अत: दागी, अपराधी, दबंग, बाहुबली, धनबलीयों का भारतीय शासन में प्रभावी हस्तक्षेप रहा है। जाति, सम्प्रदाय और क्षेत्रीयता की भूमिका से भी गठबंधन सरकार की विवशता तथा मंत्रीमण्डलों में आनुपातिक प्रतिनिधित्व को क्षमता और योग्यता के ऊपर सदैव वरियता मिलती रही है। यही कारण है कि संविधान की सर्वोपरिता की दुहाई देने वाले सभी दल आज भी आरक्षण की सीमा तथा राष्ट्रभाषा के प्रश्न एवं महिला प्रतिनिधित्व की समस्या का निदान नहीं कर पाये है। भ्रष्टाचार पर नियंत्रण पाने के लिये लोकपाल की नियुक्ति का प्रश्न भी यथावत है।

विधि सम्मत वित्त आयोग केन्द्र व राज्यों के संबंधों की धूरी है। योजना आयोग ने इसकी महत्ता पर कुठाराघात किया। मोदी सरकार ने योजना आयोग समाप्त कर नई शुरूआत कर दी है।

आतंकवाद की विश्वभर की सन् 2002 से सन् 2009 की घटनाओं में 11 प्रतिशत भारत में हुई, यह बड़ी चुनौती है। लोकतंत्र में कल्याणकारी राज्य के लक्ष्य को लेकर जन-धन का जिस तरह दुरूपयोग हो रहा है, यह चिंता का विषय है। अनाज, नमक, घासलेट, पानी व बिजली न्यूनतम मूल्य पर देकर जनता के श्रम से अर्जित धन से प्राप्त टेक्स का दुरूपयोग हो रहा है।

संदर्भ ग्रंथ सूची :-

1. फड़िया डॉ.बी.एल. : भारतीय प्रशासन : साहित्य भवन आगरा।
2. पाण्डेय डॉ.जयनारायण : भारत का संविधान : सेन्ट्रल लॉ एजेन्सी।
3. जैन डॉ. राजेश : भारतीय राजनीति के नये आयाम : कॉलेज बुक डिपो, जयपुर।
4. खंडेला एम.सी. : भारतीय राजनीति का बदलता परिदृश्य : पांइटेर पब्लिकेशन्स, जयपुर।
5. खंडेला एम.सी. : भारतीय राजनीति : सिद्धांत और व्यवहार : पाइंटेर पब्लिकेशन्स, जयपुर।
6. दैनिक भास्कर दिनांक 11 एवं 12 जनवरी 2015.
7. दैनिक पत्रिका दिनांक 11 एवं 12 फरवरी 2015.

****

भारतीय राजनीति और गठबंधन सरकारे - एक अध्ययन

प्रो. अंजना सेठिया *

प्रस्तावना – यह एक सर्वविदित तथ्य है कि लोकतंत्र वृक्ष है और स्वतंत्रता उसकी छाया। निर्वाचन इस वृक्ष को सींचने वाले जल के समान है। लोकतंत्र में सरकार बनाने के लिये चुनाव होते है लेकिन कई बार जनता अपने मत से यह स्पष्ट कर देती है कि उसके पैमाने पर कोई भी दल खरा नहीं उतरा। असमंजस की स्थिति यहीं से शुरू हो जाती है। जन आकांक्षाओं के अनुरूप मिलीजुली सरकार बनाने की जगह जोड़-तोड़ की राजनीति शुरू हो जाती है और सौदेबाजी के आधार पर गठबंधन बनते है, यह गठबंधन चुनाव के बाद होते है। प्राय: गठबंधन चुनाव के पूर्व हो जाते है ताकि उक्त दलों के प्रत्याशियों में टकराव न हो, मतों का बंटवारा न हो तथा अधिकाधिक संख्या में उनके प्रत्याशी जीतकर विधानसभा या लोकसभा में पहुंचें और फिर मिलकर सरकार बनाऐं।

परंतु अब समाज की विचारधारा में बदलाव आ चुका है लेकिन यह बदलाव अचानक नहीं आया यह लम्बे समय तक आवाम के मन में चल रही उथल-पुथल होती है, जो भरोसेमंद सहारा मिलते ही उस ओर मुड़ जाती है। जिसने उसे भाप लिया और उसके मुताबिक खुद को बदल लिया वह कामयाब हो जाता है। पिछले कुछ वर्षो से भारतीय राजनीति में ऐसा ही कुछ नजर आ रहा है। अन्ना के आन्दोलन से नजर आ रहे जनता के बगावती तेवर लोकसभा चुनावों में दिखे और उसने सत्ता में बीजेपी को स्पष्ट बहुमत की सरकार बनाने का फैसला दिया। हाल ही में हरियाणा और महाराष्ट्र के चुनावों में भी उसके पक्ष में चौकाने वाले नतीजे सामने आए है। वक्त बदल रहा है तो राजनीति के समीकरण भी बदलते नजर आ रहे है। बिहार में जेडीयू का बीजेपी से 17 साल पुराना गठबंधन पिछले साल जून में टूट गया। उसके बाद महाराष्ट्र विधानसभा चुनावों से पहले एनसीपी ने व कांग्रेस से 15 साल पुराना रिश्ता खत्म कर दिया तो भाजपा और शिवसेना के बीच 25 साल पुराना गठबंधन आगे नहीं बढ़ पाया। हालांकि यह बदलाव भविष्य में देश की राजनीति में कितना परिवर्तन लाने वाला है यह कहना अभी मुश्किल है लेकिन इतना जरूर है कि चुनाव जीतने का तरीका बदल रहा है। राजनीतिक साझेदारियों से अलग पार्टिया नए सामाजिक समीकरण भी बनाने में जुटी है।

1990 के बाद से भारतीय मतदाताओं ने लगातार राज्य और राष्ट्रीय स्तर पर खण्डित जनादेश दिया है। इस वजह से कई दल सत्ता पर दावा करने के लिये गठबंधन कर लेते है। भारत में राष्ट्रीय स्तर के 03 गठबंधन है –

1. **राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन –** मई 1998 में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन की घोषणा हुई जो उस समय गैर कांग्रेसी सरकार के गठन के निर्माण में पहला कदम था। यह एक राजनीतिक गठबंधन है। इसका नेतृत्व भारतीय जनता पार्टी करती है। इसके गठन के समय इसके 13 सदस्य थे।

2. **संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन –** संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन डॉ. मनमोहनसिंह की अगुवाई में गठित एक गठबंधन है जो 2004 में केन्द्र में सरकार बनाने के लिये गठित किया गया था। यूपीए ने 2004 और फिर यूपीए ने 2009 में केन्द्र में सरकार बनाई।

3. **थर्ड फ्रंट (तीसरा मोर्चा) –** तीसरा मोर्चा जिसने 1996-1998 तक भारत पर शासन किया। अब खत्म हो चुका है।

इसके अतिरिक्त राज्य स्तर के निम्न राजनैतिक दलो का गठबंधन है –

- बंगला बचाओ मोर्चा – पश्चिम बंगाल के 2001 विधानसभा चुनावों में विपक्षी मोर्चा। उसका नेतृत्व अखिल भारतीय तृणमूल कांग्रेस ने किया था।
- लोकतांत्रिक फ्रंट – महाराष्ट्र में गवर्निंग गठबंधन
- हिम लोकतांत्रिक मोर्चा – हिमाचल प्रदेश में तीसरा मोर्चा अब खत्म हो चुका है।
- नेशनल फ्रंट – जनता दल के नेतृत्व में 1989-1991 में भारत पर शासन किया, अब खत्म हो चुका है।
- संयुक्त मोर्चा – तीसरा मोर्चा जिसने 1996-1998 तक भारत पर शासन किया अब खत्म हो चुका है।

भारत में केन्द्र में 1977 से 2009 तक लगभग गठबंधन सरकारो ने ही कार्य किया है जिनका कार्यकाल निम्न है –

क्रं.	प्रधानमन्त्री	दल	कार्यावधि
1	मोरारजी देसाई	जनता दल	24.03.77 से 28.07.79
2	चरणसिंह	जनता दल	29.07.79 से 20.08.79
3	वी.पी. सिंह	जनता दल	12.12.89 से 07.11.91
4	चन्द्रशेखर	जनता (सो.)	11.11.91 से 21.06.91
5	अटल बिहारी वाजपेयी	भापजा	16.05.96 से 28.05.96
6	एच.डी. देवगौड़ा	जनता दल (संयुक्त मोर्चा)	01.09.96 से 21.04.97
7	आई.के. गुजराल	जनता दल (संयुक्त मोर्चा)	21.04.97से 28.11.97 29.11.97से 18.03.98 (कार्यवाहक)
8	अटल बिहारी वाजपेयी	राजग	19.09.98 से 17.04.99
9	अटल बिहारी वाजपेयी	राजग	13.11.99 से 22.05.04
10	डॉ. मनमोहन सिंह	यू.पी.ए.	22.05.04 से 2009

इस प्रकार पिछले कई वर्षो से गठबंधन सरकारे भारत में कार्यरत रही है। परंतु इस समय भारत में राजनीति में बदलाव का चक्र चल रहा है केन्द्र में भाजपा के नेतृत्व में एक स्थायी सरकार बन चुकी है। एवं राज्य में भी राजनीति के समीकरण बदलते नजर आ रहे है। गठबंधन टूटने के निम्न कारण है –

1. **स्थायित्व –** जनता स्थायित्व चाहती है। जनता को धीरे-धीरे समझ आ रहा है कि एक बड़ी पार्टी स्वतंत्र रूप से सत्ता में होगी तो ज्यादा स्थायित्व

* सहायक प्राध्यापक (राजनीति विज्ञान) शासकीय संस्कृत महाविद्यालय महाविद्यालय, इन्दौर (म.प्र.) भारत

दे पाएगी।

2. बड़े दलों के लिए गठबंधन मजबूरी – बड़े दलों के लिए गठबंधन हमेशा से मजबूरी रहा है। ऐसा माना जा रहा है कि बीजेपी गठबंधन की राजनीति को आगे बढ़ाना ही नहीं चाहती। कांग्रेस की मंशा भी ऐसी ही है, लेकिन इस वक्त कांग्रेस की जो हालत है उसमें गठबंधन मजबूरी है।

3. नयापन लाने की सोच – छोटे दल भी रिश्तों के बासीपन को खत्म कर जनता में नई उम्मीदें जगाने की सोच रहे है।

इस प्रकार पिछले कई वर्षो से हमने केन्द्र में गठबंधन की जो सरकारे देखी है। उससे ऐसा प्रतीत होता था कि गठबंधन की राजनीति एक आश्वयक बुराई बन गई है आवश्यक इसलिये कि इसका कोई विकल्प नहीं था और बुराई इसलिये कि इससे राजनीतिक अस्थिरता बनी रहती है। अर्थ व्यवस्था को चोट पहुंचती है। परंतु अब जनता का मानस बदला है एवं केन्द्र में भाजपा की स्थायी सरकार बन चुकी है वास्तव में श्रेष्ठ सरकार वही है जो ईमानदार कल्याणकारी एवं स्थायी हो। भाजपा और कांग्रेस दोनों ही गठबंधन की राजनीति खत्म कर द्विदलीय व्यवस्था की पक्षधर रही है। लेकिन भविष्य में यह संभव होगा या नहीं यह सरकार के कार्य एवं जनता के मानस पर टिका है।

संदर्भ ग्रंथ सूची :–

1. चुनाव लोकसभा और राजनीति – राजीव रंजन
2. भारतीय प्रशासन – डॉ. अमरेश्वर अवस्थी एवं डॉ. आनंद प्रकाश अवस्थी
3. भारतीय सरकार एवं राजनीति – डॉ. आर.एन. त्रिवेदी, डॉ. एम.जी. राय
4. दैनिक भास्कर – डी.बी. स्टार – 03.11.2014
5. इंटरनेट से प्राप्त जानकारी के आधार
6. स्वयं के विचार

****

इक्कीसवीं शताब्दी और हिन्दी भाषा

डॉ. भावना यादव *

प्रस्तावना – भाषा अभिव्यक्ति का माध्यम होती है जो देशकाल, परिस्थितियों और आवश्यकताओं से उपजती और पनपती है। हिन्दी न केवल हमारी मातृ भाषा है अपितु समयानुसार स्वतन्त्रता पूर्व और पश्चात् हमारे विकास का सशक्त माध्यम भी बनी है। इस यात्रा के दौरान हिन्दी ने लोगों के अनुसार अपना रंगरूप और स्वरूप बदला किन्तु आत्मा वही भारतीय रही। फलस्वरूप हिन्दी पंजाब में पंजाबी, मुम्बई में मुम्बईया, बुन्देलखण्डमें बुन्देली स्वरूप के साथ जनसामान्य के बीच बनी रही। हिन्दी समाज में बह रही सतत् धारा है जो उसमें मिलने वाली सभी भाषाओं को लेकर अपना स्वयं का मार्ग इस प्रकार बनाती चल रही है कि स्वयं का पालन–पोषण जीवंत तरीके से कर खुद को सशक्त और सक्षम बनाये हुये है।

'सन् 1820 के बाद 1900 ई. तक का समय हिन्दी के महत्वपूर्ण संघर्षों का रहा है जिसमें 19वीं सदी के अंतिम दशकों में हिन्दी के आंदोलनों को मुखरित करने में अनेक प्रतिभावान लोगों की भूमिका महत्वपूर्ण रही। हिन्दी की लिपि और उसके शब्दों तथा अर्थों का उच्चारण एवं बोध इतना वैज्ञानिक अर्थात् सहज है कि हिन्दी की लोकप्रियता अपने आप बढ़ी।'(1) परन्तु आजादी के बाद के दशकों में हिन्दी भाषा क्रमश: कमजोर होती गई। परिणामस्वरूप शासन प्रशासन, न्यायालय, महानगरों में हिन्दी के प्रति विभेद रखने वाला, हिन्दी से अस्पर्श्यता रखने वाला ऐसा वर्ग पैदा हो गया है जो आज भारत वर्ष में इंडिया का प्रतिनिधि बन कर उभरा है। जिसने भारतीय संस्कृति और संस्कारों से गहरे से जुड़ी हिन्दी भाषा के स्थान पर पष्चिमी उपनिवैशिक आंग्ल भाषा को ज्ञान विज्ञान विकास एवं सभ्यता के एकांगी मानव के रूप में आत्मसात कर लिया है। राष्ट्रीय राजनैतिक, आर्थिक, सांस्कृतिक दार्शनिक साहित्यक परिप्रेक्ष्य में शिष्टता को छूने वाले सभी प्रमुख व्यक्तित्व राष्ट्रीय स्वाभीमान के स्थान पर अन्तर्राष्ट्रीय सरोकारों से जुड़ने की हड़बड़ी भरे प्रयासो के चलते अंग्रेजी के आगे नतमस्तक होकर उसकी अधीनता को मानसिक रूप से स्वीकारने लगे। उनका अनुसरण करने वाला उच्च मध्यम वर्ग इसी दिशा में तेजी से अग्रसर है आज भी देश के सुदूर पूरब पश्चिम उत्तर–दक्षिण में त्रियाम दर्जे के कान्वेन्ट स्कूलों के जरिये अंग्रेजी और अंग्रेजीयत से भरी हुई गाजर घास को बलपूर्वक पैदा करने का प्रयास किया जा रहा है।

ज्ञान विज्ञान राष्ट्रीय अन्तर्राष्ट्रीय सेमीनारो में हिन्दी की भागीदारी तो दूर की बात है गेट पर खड़े दरबान के रूप में भी हिन्दी संघर्ष करते दिखती है। हिन्दी वस्तुत: सभी जगह है पर डरी सहमी अपने भविष्य के प्रति आशंकित है कई बार राष्ट्रभाषा हिन्दी अपने अस्तित्व की रक्षा के लिये हिन्दी दिवस और पखवाड़ों के द्वारा आयोजित कार्यक्रमों में अपने अस्तित्व की रक्षा के प्रयासों को खोजती नजर आती है। वहीं वैश्विक स्तर पर 'विश्व में महाशक्ति के रूप में उभरते भारत की राजभाषा हिन्दी अभी तक संयुक्त राष्ट्र की अधिकारिक भाषा नहीं बन पाई है, जबकि वह संख्या बल के अनुसार विश्व की तीसरी भाषा है। दुखद यह है कि अभी तक वह हिन्दी प्रदेशों की उच्च शिक्षा तथा अनुसंधान संस्थानों की भाषा नहीं है।'(2)

हिन्दी लगभग सभी मोर्चों पर संघर्षरत है परन्तु इस सब से इतर अपने समावेशी एवं बदलते हुये परिवेश से समांजस्य बैठाने की अपनी अद्भूत आन्तरिक शक्ति के चलते वह वैश्विक परिप्रेक्ष्य में अपनी प्रभावी दस्तक भी दे रही है। विश्व के लगभग सभी देशों में भारत से आर्थिक एवं राजनैतिक सम्बन्धों को बनाने के महत्व को समझते हुये हिन्दी से सभी ने न केवल हाथ मिलाया है वरन् उसे आगे बढ़ कर गले भी लगाया है। भारत की आश्यक वैश्विक अपरिहार्यता के चलते पांचो महाद्वीप एवं विश्व के प्रमुख देशों के विश्वविद्यालयों में हिन्दी को जानने सीखने समझने हेतु अकादमी विभागों की स्थापना का दौर सा चल पड़ा है। 'पूरे देश की 41.6% आबादी हिन्दी ही बोलती है अत: हिन्दी को नजर अंदाज करना अब संभव नहीं है। शायद यही कारण है कि पिछले दिनों अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति जार्ज बुश ने अपने नागरिकों को हिन्दी भाषा सीखने की सलाह दी है।'(3)

हिन्दी को राष्ट्रीय स्तर पर संरक्षण की दरकार है एवं ज्ञान विज्ञान के सभी आयामों में हिन्दी को समकालीन वैश्विक परिवेश के अनुरूप विकसित करने की आवश्यकता है। देश एवं समाज में हिन्दी के प्रति पनपे भय, उपेक्षा, आशंका के स्थान पर हिन्दी स्वाभिमान को राष्ट्रीय स्वाभिमान से जोड़ा जायें, और राष्ट्रभाषा के रूप में स्वीकारने के व्यवहारिक प्रयास किये जायें।

इक्कीसवीं सदी के प्रारम्भ में संचार क्रांति के तूफानी प्रवाह में हिन्दी के अस्तित्व पर चिन्ता जतायी जाने लगी थी। परन्तु हिन्दी ने अपना विकास इसी संचार क्रांति के कम्प्यूटर और इन्टरनेट को अपना रथ बनाकर कर किया। 'भारतीय संविधान में हिन्दी भाषा को राष्ट्रभाषा घोषित किया गया है। साहित्यिक दृष्टि से हिन्दी भाषा को महत्वपूर्ण स्थान प्राप्त है। वह एक उपभाषा, मातृभाषा, द्वितीय भाषा, राजभाषा, राष्ट्रभाषा, सम्पर्क भाषा के रूप में विकसित होकर सूचना तंत्र की भाषा भी बन गयी है।'(4) परिणाम स्वरूप हिन्दी के प्रति पिछले दशक में देश–विदेश में लोगों की मानसिकता बदली है। देश उत्तर अर्थात् हिन्दी भाषी और दक्षिण अर्थात् गैर हिन्दी भाषियों के रूप में जाना जाता था। परन्तु ग्लोबल होती हिन्दी ने प्राय: इस भेद को समाप्त कर दिया है। 'हिन्दी विरोधी माने जाने वाले दक्षिण भारत में भी अब हिन्दी को लेकर माहौल काफी बदल रहा है। लोग अब हिन्दी सीखने में रूचि दिखा रहे हैं, भले ही इसका कारण रोजगार से जुड़ा हो। आंकड़ों के मुताबिक 2010.2011 के दौरान दक्षिण भारत हिन्दी प्रचार सभा से हिन्दी भाषा का कोर्स करने और हिन्दी माध्यम के जरिए डिग्री लेने वाले कुल विद्यार्थियों की संख्या 18 लाख थी, जिनमें से 10 लाख छात्र तमिलनाडु के थे। इसी तरह केन्द्रीय हिन्दी निदेशालय के हिन्दी पत्राचार माध्यम से पढ़ने

* सहायक प्राध्यापक (राजनीति विज्ञान) शासकीय स्वशासी कन्या स्नातकोत्तर उत्कृष्ठता महाविद्यालय, सागर (म.प्र.) भारत

वाले 2010.11 में कुल 8959 छात्र थे जिनमें से 6 हजार से ज्यादा तमिलनाडु के थे।'[5]

इसी प्रकार आज विश्व में लगभग हर देश में हिन्दी के जानकार और बोलने वाले रह रहे हैं। 21वीं सदी में विद्धानों का मानना था कि विश्व में चीनी बोलने वालों की संख्या सर्वाधिक है परन्तु 21वीं सदी में विश्व में अंग्रेजी के बाद सर्वाधिक व्यवहारिक भाषा हिन्दी है। 'फिलहाल विश्व के लगभग 150 विश्वविद्यालयों और कई सैकड़ों छोटे-बड़े केन्द्रों में विश्वविद्यालय स्तर से लेकर शोध स्तर तक हिन्दी के अध्ययन अध्यापन की व्यवस्था है। विदेशों से 25 से ज्यादा पत्र-पत्रिकाएं लगभग नियमित रूप से हिन्दी में प्रकाषित हो रही हैं। ..... 10 साल पहले तक अमेरिका में केवल 25 विश्वविद्यालयों में हिन्दी पढ़ाई जाती थी, लेकिन अब 100 से भी अधिक विश्वविद्यालयों में हिन्दी पढ़ाई जा रही है।'[6] चीन, अमेरिका, जापान, फ्रांस और बिट्रेन जैसे देशों में हिन्दी सीखने वालों का प्रतिशत क्रमश: बढ़ता जा रहा है। धीरे-धीरे हिन्दी वैश्विक स्वीकृति की तरफ अग्रसर है। हिन्दी के देश के अन्दर और बाहर विस्तार के अनेकों कारण है यथा -

- हिन्दी समृद्ध भाषा है।
- हिन्दी में शब्दों का अतुल भंडार है।
- हिन्दी व्याकरण सम्मत है।
- भारत की जनसंख्या का बढ़ा भाग हिन्दी बोलता और समझता है।
- हिन्दी सरल और उदार है जिसने अंग्रेजी, फारसी, अरबी, पुर्तगाली, फ्रांसीसी, चीनी, तुर्की तथा जापानी भाषा के अनेक शब्दों को अपनाया है।
- हिन्दी 'टेक्नोफ्रेंडली' भाषा है।
- युवा साहित्यकार और हिन्दी का अनुपात बढ़ रहा है क्योंकि युवाओं की शिक्षा और रोजगार की भाषा तो अंग्रेजी है परन्तु अभिव्यक्ति की भाषा हिन्दी है।
- रोजगार - आज हिन्दी सिनेमा, व्यापार, मनोरंजन, टी.व्ही. चैनल्स, विज्ञापन, कथा लेखक, गीतकार, अखबार, समाचार चैनल, अनुवादक आदि ऐसे क्षेत्र हैं जो हिन्दी से फल-फूल रहे हैं और इन क्षेत्रों में निरन्तर हिन्दी जानने वालों के लिये रोजगारों का सृजन हो रहा है।
- ब्लॉगिंग - ग्लोबल वर्ल्ड में हिन्दी में ब्लॉगिंग हिन्दी की समृद्धि का नया आयाम है।
- भारतीय संस्कृति की विभिन्न परम्पराओं यथा - ध्यान, योग, आयुर्वेद, संगीत, नृत्य ने विदेशियों को आकर्षित किया है। जिससे उन्हें हिन्दी को जानना आवश्यक हो गया।
- संचार क्रांति - ने वास्तविक अर्थों में हिन्दी को 'ग्लोबल' कर दिया। आज कम्प्यूटर, नेट, मोबाइल में उपलब्ध विभिन्न टूल्स और एप्लीकेशंस के माध्यम से अंग्रेजी और हिन्दी दोनों का समान्तर प्रयोग किया जा सकता है। जिससे जहाँ देश के गांवों में 'ई चौपालें' लग रही हैं तो सात समन्दर पार भी कम्प्यूटरों पर हिन्दी किसी न किसी रूप में कब्जा बनाये हुये है।
- इन्टरनेट - ने हिन्दी को नये आयाम दिये हैं। यह हिन्दी भाषियों को जोड़ने का सेतु बना है। आज एक लाख से भी ज्यादा ब्लॉग हिन्दी में उपलब्ध हैं। 15 से ज्यादा खोज इंजन हिन्दी में हैं अनेकों पत्र-पत्रिकाओं के संस्करण नेट पर उपलब्ध हैं। इतना ही नहीं आज सात समंदर पार श्री रामचरितमानस को इंटरनेट पर पढ़ा जा रहा है।
- व्यापार - कारपोरेट जगत को ज्ञात है कि यदि गांव-गांव तक पहुंचना है तो हिन्दी को अपनाना होगा। परिणामस्वरूप अपने ब्रांडों और उत्पादों को अखिल भारतीय बनाने के लिये मल्टीनेशनल कंपनियां हिन्दी प्रयोग पर बल दे रही हैं।

'सी डैक, नोएडा ने अंग्रेजी हिन्दी सूचना प्रौद्योगिकी शब्दावली, भारतीय भाषा कोश, शाब्दिक (प्राधिकृत शब्दावली) ऑनलाइन हिन्दी विश्व कोश (नागरी प्रचारिणी सभा, काशी द्वारा प्रकाशित) अंग्रेजी-हिन्दी कोश आदि ई कोशों का निर्माण किया है..... इंटरनेट और दुनिया के बीच सिमटती भौगोलिक दूरियों के चलते अंग्रेजी के अलावा संसार की अन्य भाषाएं भी विश्व भर में अपनी जगह बना रही है। हर साल हिन्दी के 5.7 शब्दों का ऑक्सफोर्ड डिक्शनरी में शामिल होना इसका बड़ा उदाहरण है।'[7]

इस प्रकार इक्कीसवीं सदी में ग्लोबल होती हिन्दी में जीवन के हर पहलू से जुड़ी आवश्यकताओं, समस्याओं का समाधान 'हिन्दी में उपलब्ध है। फलस्वरूप विश्व फलक पर हिन्दी का विस्तार हो रहा है जिससे हिन्दी ग्लोबल भाषा होती जा रही है। यह सच है कि संचार क्रांति के आगमन पर विद्धानों को हिन्दी को लेकर चिंता हुई थी परन्तु अब हिन्दी के क्षेत्र और उपयोग के बढ़ते प्रसार से हिन्दी सशक्त अंतर्राष्ट्रीय भाषा के रूप में उभर रही है जिसकी ग्राह्यता अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर बढ़ी है। जिससे स्वत: ही वे लोग भी हिन्दी की ओर आकर्षित हो रहे हैं जो इसे कमजोर समझ दूर होते जा रहे थे। 'आज जरूरत है कि हिन्दी के व्यापक उपभोक्ता समाज की संख्या का ध्यान रखते हुए हिन्दी के डाटाबेस विकसित किये जाये, हिन्दी में बेवसाइट पर विभिन्न विषयों के शब्दकोष और विश्वकोष उपलब्ध हों, वैज्ञानिक चैनलों के साथ-साथ आध्यात्मिक, सामाजिक और सांस्कृतिक चैनल भी हिन्दी में और भारतीयता को उभारने के दृष्टिकोण से स्थापित किये जाये। इस सारी तैयारी के साथ हिन्दी वैश्वीकरण और इलेक्ट्रॉनिक मीडिया की संयुक्त चुनौती का सामना कर सकती है।'[8] वर्तमान में आवश्यकता है कि अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलनों में भारतीय प्रतिनिधि, राजनयिक, नेता और नौकरशाह हिन्दी का इस्तेमाल सार्वजनिक और व्यवहारिक रूप से करें। ताकि ग्लोबल होती हिन्दी को सुदृढ़ता मिले और समाज निर्माण की प्रक्रिया में हिन्दी की अविरल धारा से देश विकास पथ पर अग्रसर हो। चूंकि शासन जीवन के हर क्षेत्र को प्रभावित करता है अत: आवश्यकता है कि शासन हिन्दी के प्रति दोहरेपन को समाप्त कर उसके संरक्षण व विकास के लिये प्रभावी पहल करें।

संदर्भ ग्रंथ सूची :-

1. नवीन शोध संसार अक्टूबर-दिसम्बर 2013 पृ. 244
2. कृतिका अंतर्राष्ट्रीय अर्द्धवार्षिक शोध पत्रिका अंक 1.2 जनवरी-दिसम्बर 2013 पृ. 252.253
3. मध्य भारती अंक 61ए 2009 पृ. 66
4. मध्य भारती अंक 61ए 2009 पृ. 62
5. नवदुनियां 11 सितम्बर 2011
6. नवदुनियां 9 सितम्बर 2012
7. स्मरणिका राष्ट्रीय संगोष्ठी-केशरबाई लाहोरी कॉलेज अमरावती 12.13 अक्टूबर 2008 पृ. 143.44
8. रिसर्च लिंक - अंतर्राष्ट्रीय शोध-पत्रिका - 117 Vol-XII दिसम्बर 2013 पृ. 80

****

महादेव गोविन्द रानाडे के राजनीतिक विचार

डॉ. मीनाक्षी व्यास *

प्रस्तावना – महादेव गोविन्द रानाडे भारतीय राष्ट्रीय आन्दोलन की उदारवादी परम्परा के प्रतिनिधि थे। स्वतन्त्रता, सामाजिक उन्नति और व्यक्ति उदात चरित्र की स्थापना के महान समर्थक थे। जनता को राजनीतिक शिक्षण देने एवं भारत की स्वतन्त्रता हेतु राजनीतिक आन्दोलन का नेतृत्व उन्होंने विलक्षण तरीके से किया। भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस की स्थापना के साथ राजनीतिक समस्याओं पर परामर्श हेतु सभी कांग्रेस के नेता उनसे विचार विमर्श करते थे।

भारतीय राजनीति में रानाडे उदारवादी चितंक थे। वे क्रांतिकारी हिंसात्मक एवं विद्रोहात्मक साधनों के खिलाफ थे। भारतीय जनता की समस्या के समाधान हेतु उन्होंने जनता को संवैधानिक मार्ग सुझाया जिसके अन्तर्गत आवेदन पर बल दिया। 1874 में रानाडे ने ब्रिटिश संसद एवं प्रमुख प्रशासकीय अधिकारी के पास एक याचिका भेजी जिसमें लिखा गया कि ब्रिटिश संसद में भारतीयों को प्रतिनिधित्व दिया जावे एवं जनता की समस्या तथा भारतीय प्रश्नों के निर्णय में भारतीयों से संबंधित प्रश्नों के निर्णय हेतु भारतीयों से सलाह अवश्य ली जावें। एक भारत में स्वशासी संस्थाओं की मांग भी की। इस याचिका पर हजारों व्यक्तियों के हस्ताक्षर कराये गए जिससे हजारों व्यक्तियों को भारत के राजनीतिक शिक्षा प्राप्त हुई तथा इससे भारतीयों को राजनीतिक प्रश्नों पर विचार करने, राजनीतिक मामलों में रूची लेना, अपनी शिकायतों की ओर सरकार का ध्यान आकर्षित करना एवं आवेदनों, याचिकाओं आदि के द्वारा, ब्रिटिश सरकार एवं उच्च अधिकारियों पर दबाव डाला जा सके। ऐतिहासिक आधार को स्वीकार करते थे। रानाडे उद्धस्त भारतीय राष्ट्रवाद के समर्थक थे। राष्ट्रवाद के भारत में स्वतन्त्रता, समानता, बन्धुत्व के विचारों से एकताबद्ध सदाचार से प्रेरित इन सारी व्यवस्थाओं में विवेक की कार्यान्विति होगी। रानाडे को भारत के राष्ट्रीय उत्थान एवं उज्जवल भविष्य के प्रति एवं शक्तिशाली भारत का सुदूर भविष्य के लिए स्वप्न देखा था। रानाडे एक ऐसे राजनीतिक नेता थे जिन्होनें घृणा को कभी अपने पास नहीं फटकने दिया। भारत में ब्रिटिश शासन की जिन नीतियों को गलत माना उनका उन्होंने विरोध किया, जैसे – भूमि अधिग्रहण एवं उत्तरदायी पदों से भारतीयों को अलग करना। औद्योगिक नीति, अत्यधिक केन्द्रित प्रशासनिक व्यवस्थाऐं तथा स्थानीय उपक्रम के लिए स्थान होना आवश्यक है। जो ब्रिटिश सरकार ने नहीं किया। रानाडे के अनुसार भारत राष्ट्र को कभी भी बलपूर्वक स्थाई रूप से दबाकर नहीं रखा जा सकेगा।

रानाडे ने स्वतन्त्रता का अर्थ नियन्त्रण या शासन का अभाव ना होना बल्कि कानून की व्यवस्था के अन्तर्गत शासन है। यह सिद्धान्त संविधानवाद का सिद्धान्त है अर्थात निश्चित मापदण्डों के अन्तर्गत स्वतन्त्रता का भरपूर उपभोग करना अनियंत्रित स्वतन्त्रता का उपभोग व्यक्ति, समूह, समाज एवं राष्ट्र सभी के लिए अनुपयोगी है। न्यायपालिका की स्वतन्त्रता का समर्थन इस आधार पर रानाडे ने किया जबकि न्यायपालिका निष्पक्ष होनी चाहिए। विधि के शासन और संसदीय शासन प्रणाली में प्रशासन के हस्तक्षेप को वे अनुचित मानते थे।

स्वतन्त्रता की लोकतांत्रिक धारणा में विश्वास के कारण ही वे विधान परिषदों में निर्वाचित सदस्यों के पक्ष में थे। क्योंकि निर्वाचित सदस्यों के साथ लोकमत होता है।

महादेव प्रसाद रानाडे उदारवादी राजनीतिक विचारक थे। वे मानते थे कि संसदीय लोकतंत्र एवं विधि का शासन की व्यवस्था भारतीय जनमानस की पंसद बनते जा रहे है। आर्थिक क्षेत्र में भारत में कल कारखाने के विकास पर और सरकारी जागरूकता पर बल दिया रानाडे विदेशी पूंजी के आयात से भारतीय अर्थ व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने में मदद मिलेगी उनका भारतीयों से आव्हान था कि वे बचत करना सीखें और उसे उद्योग में लगाऐं क्यों कि देश की अर्थव्यवस्था के सुव्यवस्थित होने पर ही भारत की दरिद्रता दूर हो सकती है। उन्होंने भारत की निर्धनता के निम्न कारण माने थे –

1. नये उद्योगों में लगाने बाबत जनता में पूंजी का अभाव होना।
2. साख पद्धति का अवैज्ञानिक होना।
3. भारतीय उद्यमियों में औद्योगिक जोखिम उठाने का अभाव।
4. कृषि पर पूर्ण निर्भर होना।
5. भारत में अनेक क्षेत्रों में जनाधिक्य होना एवं मानव के श्रम के दोहन की व्यवस्था का अभाव होना।

6) सामाजिक ढ़ाचा एवं गतिशील अर्थव्यवस्था के बीच असमानता होना।

हमारे देश की जनता का पिछड़ापन ही हमें गरीब बनाए हुए है। अर्थव्यवस्था कृषि प्रधान होने से वह मानसून पर निर्भर होती है। ब्रिटिश सरकार भारत का कच्चामाल जहाजों में भरकर ले जाती है, और पक्के माल हेतु भारत को उपलब्धी मानती है। छोटे उद्यमी 6 माह बेकार घर बैठ जाते है। इस आर्थिक समस्या के समाधान हेतु रानाडे ने सुझाव दिया कि संगठित रूप से ऋण की व्यवस्था हो जाएँ कृषकों को लाभ हेतु कृषि बैंक खोले जाऐ बैंक साहूकारों को कम सूद पर ऋण दे। औद्योगिकरण का कार्यभार सरकार को संभालना चाहिए क्यों कि सरकार साधन सम्पन्न संस्था द्वारा ही बड़े–बड़े उद्योगो की सम्भावना सम्भव है। सर जे. सी. कोयाजी अर्थशास्त्री ने उनके बारे में ठीक ही लिखा है। देश की सभी आर्थिक समस्याओं की ओर उनका ध्यान गया था और आर्थिक सिद्धान्त की एक समुचित पृष्ठभूमि के आलोक में उन्होंने उनकी एक व्यापक झांकी पेश की। समसामयिक भारतीयों के आर्थिक विचारों को एक सैद्धान्तिक आधार दिया था। और बाद में अर्थशास्त्रियों ने उन्हें 'भारतीय अर्थ के पिता' की उपाधी दी।

* प्राध्यापक एवं विभागाध्यक्ष (राजनीति विज्ञान) शासकीय कन्या महाविद्यालय, रतलाम (म.प्र.) भारत

रानाडे एक महान शिक्षाविद थे तथा वे फैकल्टी ऑफ आर्ट के डीन थे। उन्होंने भारतीय भाषाओं को विश्वविद्यालय में प्रवेश दिलवाया। रानाडे के विद्यार्थीकाल में विश्वविद्यालय के पाठ्यक्रम में भारतीय भाषाओं को स्थान था किन्तु बाद में उन्हें पाठ्यक्रम से हटा दिया गया। रानाडे के अथक प्रयासों से भारतीय भाषाओं को पुन: पाठ्यक्रम में स्थान मिला तथा जब तक देश के विश्व विद्यालय में भारतीयों को तकनीकी शिक्षा प्राप्त नहीं होगी तब तक भारत वैज्ञानिक प्रगति में पश्चिम के बराबर नहीं हो सकेगा। उस समय श्री ए.जे.टाटा ने तकनीकी शिक्षा के प्रसार के लिए 30 लाख रू. का दान दिया जिसके उपयोग हेतु एक समिति का गठन किया गया जिसके महत्वपूर्ण सदस्य रानाडे थे इस समिति द्वारा बंगलोर में 'औद्योगिक अनुसंधान संस्था' की स्थापना की गई उन्होनें भारतीय पुर्नजागरण के लिए शिक्षा के प्रसार को एक अत्यन्त शक्तिशाली साधन माना।

रानाडे के विचार में सभी धर्मो के प्रति सहिष्णुता की भावना थी। परन्तु धर्म परिवर्तन के वे कट्टर विरोधी थे। वे समन्वयवादी थे। स्वच्छन्द धार्मिक जिज्ञासी की वे सराहना करने के साथ हिन्दुओं के धर्म परिवर्तन को एक प्राचीन सभ्य राष्ट्र का अपमान मानते थे साथ ही सामाजिक सुधारों को वे थोपने से नहीं अपनाया जा सकता है। बल्कि सामाजिक सुधार समाज के लोग जब तक हृदय से नहीं अपनाऐगे तब तक वे समाज के लिए उपयोगी नहीं बन पायेगे। परम्परागत प्रथाओं को छोड़कर प्रगतिशील एवं सुधारवादी विचार ग्रहण हो पाऐगे।

सन्दर्भ ग्रंथ सूंची :-

1. महादेव गोविन्द रानाडे, डॉ. राजेश सकवार, पंचशील प्रकाशन जयपुर फिल्म कॉलोनी चौड़ा रास्ता जयपुर, 302003
2. महादेव गोविन्द रानाडे, पी.जे.जागीरदार, पृ.137
3. भारतीय राजनीतिक चिंतन, डॉ. आर.के.अवस्थी, रिसर्च पब्लिकेशन्स जयपुर

****

पंचायती राज व्यवस्था में महिलाओं की भागीदारी

डॉ. विनिता भालसे * अंजू बाला ठाकरे **

प्रस्तावना – मन कोमल है कमजोर नहीब शाक्ति का नाम ही नारी है
जग को जीवन देने वालीब मौन भी तुम पर हावी हैब

कहते हैं राष्ट्र के विकास में रथ के दो पहिये पुरुष एवं स्त्री हैं। यदि दोनो में से एक यदि ताकतवर एवं दूसरा यदि कमजोर हो तो रथ डगमगा जायेगा, सन्तुलन बिगड़ जायेगा इसलिये रथ के दोनों पहियो को ताकतवर बनाना उचित समझा गया, तथा महिलाओ की गरिमा, प्रतिष्ठा और सामाजिक स्थिति को बेहतर बनाने के लिए हमारे देश में स्वंतत्रता से पहले और बाद से विधान बने है, परंतु उमकी स्थिति में अपेक्षित सुधार अभी प्रतीक्षित है। संविधान निर्माताओं ने देश के सामाजिक ढांचे में महिलाओं को उचित, उपयुक्त एवं बराबरी का स्थान दिलाने के लिए भरसक प्रयास किया ,जिसे संविधान के विभिन्न प्रावधानो में मुर्तरुप दिया गया है।संविधान की उद्धेशिका समस्त नागरीकों को प्रतिष्ठा और अवसर की समता तथा व्यक्ति की गरिमा प्रत्याभूति प्रदान करती है। अनुच्छेद 14में समानता के अधिकार का प्रावधान है,इसमें महिलाओं के साथ विभेद नहीं किया गया है। जिसकी पुष्टि उच्चतम न्यायलय द्वारा **एयर इण्डिया बनाम नरगिस मिर्जा** के मामले कि गई है। अनुच्छेद 15 और 16 में धर्म , मूलवंश ,जाति,लिंग,जन्म स्थान ,आदि के स्थान पर विभेद से वर्जित है। अनुच्छेद 15 (3) में स्त्रियो और बालको के लिये कोई विशेष उपबंध निर्मित करने के लिए राज्य को अधिकयत किया गया है।अनुच्छेद 39 (क)और (घ)में राज्य को पुरुष और स्त्री सभी नागरिको को जीविका के लिये पर्याप्त साधन मुहैया कराने और दोनों को समान कार्य के लिए समान वेतन के निर्देश है। अनुच्धेद 42में काम की न्याय संगत और मान वोचित दशाओ को सुनिश्चित करने और प्रसूति सहायता का उपबंध करने के लिए राज्य को निदेश है। अनुच्छेद 51 क(5) में प्रत्येक भारतीय नागरिक का यह मुल कर्तव्य है, कि वह ऐसी प्रथाओ का त्याग करे जो स्त्रियो के सम्मान के विरूद्ध हैं।

संविधान लागू होने के पश्चात भी देश में पंचायती राज आरम्भ करने के लिए अनेक प्रयत्न किये गये, जैसे सामुदायिक विकास कार्यक्रम (1952) तथा राष्टीय विस्तार सेवा कार्यक्रम, विकास की दिशा में सरकार द्वारा लागू किये गये कार्यक्रम थे, लेकिन इन अतः विकेन्द्रित शासन व विकास में लोगों की समुचित भागीदारी लाने के भारत सरकार ने बलपन्त राय मेंहता समिति (1957) तथा अशाोक मेहता समिति (1978) का गठन किया इन दोनो समितियो द्वारा देश में पंचायती राज संस्थानों की स्थापना एवं विकास के आधार पर प्रायः सभी राज्य सरकारों ने पंचायती राज संस्थाओं की स्थापना की।

73 वां संविधान संशोधन द्धारा पंचायतो को अधिकारो के हस्तांतरण में एक संवेधानिक जिम्मेंदारी बन गई, ये संवेधानिक परिवर्तन देश के ग्रामीण क्षेत्रो में विकास के इतिहास में एक चमत्कारी कदम के रुप में साबित होगे पंचायती राज संशोधन अधिनियम की खास बाते इस प्रकार है।

1. ग्राम सभा एक ऐसी संस्था होगी जिसमें पंचायत क्षेत्र के सभी वयस्क व्यक्ति शामिल होगे।
2. पंचायत प्रणाली तीन स्तर वाली होगी ग्राम स्तर, मध्यवर्ती स्तर, तथा जिला स्तर। बीस लाख से कम जनसंख्या वाले राज्यो को मध्यवर्ती स्तर की पंचायतें गठित करने था न करने के बाद में फैसला करने की छुट होगी।
3. सभी पंचायतों में अनुसूचित जातियो जनजातियों के लिए उनकी जनसंख्या के अनुपात में स्थान आरक्षित होगे। कुल सीटों की एक तिहाई सीटो महिलाओ के लिए आरक्षित होगी
4. प्रत्येक राज्य के सभी स्तर की पंचायती संस्थाओ के अध्यक्ष के पद अनुसूचित जातियो और जन जातियों की जनसंख्या के अनुपात में इन वर्गो के लोगों के लिए आरक्षित होगे उसी प्रकार तीनो स्तरो पर अध्यक्षों के लिए तिहाई पद महिलाओं के लिए आरक्षित होगे।
5. राज्यों के विधानमंडल, पंचायत संस्थाओ के तीन स्तरो पर सदस्यों और अध्यक्ष पदो पर पिछड़े वर्गो के लोगों के लिए आरक्षण की व्यवस्था कर सकते है।

व्यवहारिक समस्याऐं – पंचायती राज व्यवस्था में जहां सरकार ने महिलाओ का आरक्षण कर महिला भागीदारी को बढाने का काम किया है वह निसंदेह प्रसंशनीय कदम है।किन्तु प्रश्न यह उठता है कि महिला भागीदारी वास्तव में होगी या उसका स्वरुप सिर्फ दिखावा होगा या भागीदारी सिर्फ कागजो तक ही सीमित होगी। क्योकी हमारा समाज मानसिक रुप से इतना विकसित नहीं हुआ था, कि वह महिलाओ को आगे बढता देख सके।

1. समाजिक रीति रिवाज, स्थानीय रहन सहन प्रथाएँ, परम्परायें, परिवारिक पृष्ठ भुमि परिवार के सदस्यो की अपेक्षाऐ एवं सहयोग आदि कई कारण है जो उन्हे अपने कर्तव्य निर्वाहन में बाधा डालते है।
2. महिलाओ में शिक्षा व आत्म विश्वास की कमी।
3. सामाजिकजागरुकता की कमी।
4. पंचायतो अधिकारो और उत्तरदायित्वो का ज्ञान न होना।
5. महिला प्रतिनिधियों के अधिकारों का वास्तविक प्रयोग पति,पिता या भाई द्वारा निभाया जाता है।

सुझाव –

1. सबसे पहले महिलाओं को शिक्षा पर अत्यधिक जोर देना होगा उन्हें शिक्षा का स्तर बढाने में उन्हें अधिक से अधिक संख्या में निश्चित स्तर पर शिक्षित करना होगा।

* अतिथि विद्वान (राजनीति विज्ञान) शासकीय महाविद्यालय, निवाली, जिला–बड़वानी (म.प्र.) भारत
** अतिथि विद्वान (क्रीड़ा) शासकीय महाविद्यालय, निवाली, जिला–बड़वानी (म.प्र.) भारत

2. महिलाओ में आत्मविश्वास जाग्रत करना होगा उनसे प्रत्यक्ष व्यकितगत संपर्क कर उनहे उनकी क्षमताओ योग्यता के बारे में अवगत करना होगा।

3. हमारे उन धर्मग्रंथो पर प्रतिबंध लगा देना चाहिए जो नारी की समानता की बात नही करते या नारी उत्पीडन की बात करते है।

4. सरकार द्वारा यह स्पष्ट कर दिया जाये कि महिलाऐं पंचायती राज संबधी निर्णय लेने में स्वतंत्र है उन पर किसी प्रकार प्रतिबंध नहीं है।

5. परिवार के लोगों को परिवार की महिला सदस्य प्रतिनिधि होने के नाते जो दायित्व है, कर्तव्य है, उनको पूर्ण करने में सहयोग करने में मानसिक रुप से तैयार करना होगा स्वयं की उस महिला जनप्रतिधि से जो असीमित अपेक्षाएँ है उनको सीमित करने की सलाह देना होगी।

पंचायती राज की भूमिका एवं महिलाओं के आरक्षण का महत्व व सार्थकता – अपनी तमाम खमियों के पश्चात् भी महिलाओं की पंचायती राज में भागीदारी निःसंदेह प्रशंसनीय है, सराहनीय है, इसके कियान्वयन होने पर पंचायती राज व्यवस्था ग्रामीणो के लिये अनुपम सौगात है। वर्तमान समय में शिक्षित महिलाऐ सता में आ रही है।

अतःमहिलाओ में अपने अधिकारों एवं दायित्वो के प्रति जागरुकता बढ़ रही है, पति, पिता व भाई का सहयोग न लेकर स्वयं अपने अधिकारो व दायित्वो का निष्ठावान होकर निर्वाह कर रही है।

निष्कर्ष – ग्रामीण अर्थव्यवस्था के आर्थिक व सामाजिक विकास हेतु पंचायती राज व्यवस्था लागू हुई। किन्तु इसका सबसे बड़ा लाभ यदि वास्तविकता से लागू किया जाये तो महिला शक्ति को होगा। जिससे न केवल महिलाओ को समाज में समान स्थान मिलेगी। वही बल्कि महिला जागयति की और सग्रज्ञ में महिला भागीदारी का सरकार का सपना पूरा होगा।

संदर्भ ग्रंथ सूची :-

1. कोठारी रजनी पालिटिक्स इन इण्डिया ओरिएंट लागमेंस,नई दिल्ली, 1990
2. ग्राम पंचायत अधिनियम संशोधन सन 1996 के अनुसार।
3. डॉ.निकुंज प्रो.जे.के. जैन पंचायती राज व्यवस्था एक दृष्टिकोण।

****

हिंसा और तनाव फिर भी पंचायत चुनाव ?

डॉ. प्रदीप सिंह राव *

प्रस्तावना – यह बड़ी विडंबना है कि हमारे देश में चुनावों की प्रारंभिक आचरण संहिता नहीं है। मतदाता और उम्मीदवारों, दोनों का पहले आदर्श, प्रशिक्षण ग्रामीणों को दे। उनका लोक कल्याण यदि हिंसा के बीजों से सत्यापित किया जाएगा तो स्नेह, सौहार्द्र, सामजस्य, नेक दिली, भाईचारे की फसलों की जगह हर खेत हर खलियानों में बारूद–बंदूकों की फसलें लहलहाने लगेंगी....। करोड़ों–अरबों रूपयों के भारी–भरकम खर्च से करवाए जाने वाले पंचायत चुनावों का उद्देश्य क्या सार्थक हो रहा हैं? भारत से सामाजिक स्तर पर बढ़ रही हिंसा 'असहिष्णुता' पर तो अमरीकी राष्ट्रपति ने भी कहा है कि महात्मा गांधी हो तो तो उन्हें भी झटका लगता ...!!

त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव में म.प्र. के कई हिस्सों में हिंसा, तनाव, लूटपाट और अराजकता से कई मतदान केन्द्र प्रभावित हुए। कई क्षेत्रों में जमकर पथराव, धमकियां और ग्रामीणों के हिंसक कोध्र की खबरें मीडिया के पास नहीं पहुंची या 'मीडिया मैनेज' हो गया। लेकिन अंदर का सत्य यह है कि पंचायत चुनाव दिनोंदिन 'टेढ़ी खीर' बनता जा रहा है। यह आगे चलकर निर्वाचन आयोग या प्रशासन के लिए 'नाक मे दम' साबित होगा। लोकतंत्र के इस महायज्ञ में 'राजनीति' गांवों की चौपालों से घर–घर में और झोपड़ियों में पहुंचकर 'आग' लगा रही है। क्या इस 'कटु सत्य' पर ध्यान दिया जाएगा?

कर्मचारी–अधिकारी किस तनाव डयूटी करते हैं, उनकी आत्मा ही जानती है। कई दूर–दराज के सुनसान पहाड़ी इलाकों में महिलाओं की डयूटी क्या सोच कर लगा दी जाती है? ऐसे दुर्गम स्थानों में 'ग्रामीण कूटनीति' आक्रोश दबाव और हिंसा का सामना साहसी महिला कर्मचारियों ने किया और मुंह बंद कर लिया। पत्रकारों के लिए पंचायत चुनाव बड़ी चुनौती थी.... यदि गांव–गांव और हर बूथ पर उनकी प्रत्यक्ष नजर होती और वे 'सच का आईना' दिखाते तो 'शांतिपूर्ण मतदान' का नाटकीय नकाब निकल जाता। लेकिन न तो किसी में ऐसा साहस है और न इतनी मेहनत–मशक्कत की जोशीली पत्रकारिता है। 'डंडे का डर' बड़ों–बड़ों को डरा देता है। 'बहुत कुछ' घटित हो जाता है और 'सब कुछ ठीक है' परोस दिया जाता है! प्रशासन खुद अपनी आत्मा से पूछे कि 'दबंगई' कितनी भी की हो लेकिन गांवों में 'राजनीति' ग्रामीण एकता में सिर फुटव्वल करवा रही है। सामान्य क्षेत्रों में भी अब 'असामान्य' और भिंड–मुरैना या नक्सली क्षेत्रों जैसे हालात 'राजनीति' से उभर रहे हैं। निर्वाचन आयोग को गंभीर चिंतन करना चाहिए और पर्यवेक्षकों को गोपनीय सच्ची रिपोर्ट देना चाहिए कि 'पंचायत चुनाव' में आवश्यक सुधार लाए जाएं। पंच–सरपंच के चुनाव या तो बंद किए जाएं या फिर इनकी 'मतगणना' ब्लॉक पर भारी पुलिस फोर्स के बीच करवाई जाए।

मासूम से कर्मचारियों को ग्रामीण 'दादागिरी' 'अहसज' 'तनावपूर्ण' और 'भयभीत' कर देती है। इस 'तनाव' से निपटने के लिए शिक्षक एक दिन का 'प्रशासक' बन सकता है?

निर्वाचन आयोग यह भी कर सकता है कि भविष्य में ऐसा 'साफ्टवेयर' डेवलप करे जिससे पंच–सरपंच के 'वार्ड वाईज' मतदान 'ईवीएम' से हो सके।

पंचायत चुनाव का जो स्वरूप उभरना चाहिए था वैसा न उभरते हुए यह धीरे–धीरे हिंसा, मनमुटाव मनभेद और ग्रामीण समाज में राजनीतिक, सामाजिक, धार्मिक, जातिगत वैमनस्यता का कारण बनता जा रहा है। क्या इस ज्वलंत प्रश्न पर सभी राजनीतिक दल मिल बैठ कर विचार करेंगे।

जिस प्रकार विद्यार्थियों की छात्र–संघ राजनीति में हिंसा के कारण राष्ट्रीय चिंता है (म.प्र. में तो छात्र–संघ चुनाव ही बंद हैं) उसी तरह पंचायत निर्वाचन में भी आदर्श जनमत की गांधीवादी परंपरा डाली जाए और 'राजनीतिक पहचान' के चुनाव निरस्त किए जाएं।

यह बड़ी विडंबना है कि हमारे देश में चुनावों की प्रारंभिक आचरण संहिता नहीं है। मतदाता और उम्मीदवारों, दोनों का पहले आदर्श प्रशिक्षण ग्रामीणों को दें। उनका लोककल्याण यदि हिंसा के बीजों से उत्पादित किया जाएगा तो स्नेह, सौहार्द्र, सामंजस्य, नेकदिली, भाईचारे की फसलों की जगह हर खेत हर खलिहानों में बारूद–बंदूकों की फसलें लहलहाने लगेंगी....। करोड़ों–अरबों रूपयों के भारी–भरकम खर्च से करवाए जाने वाले पंचायत चुनावों का उद्देश्य क्या सार्थक हो रहा है?

भारत में सामाजिक स्तर पर बढ़ रही हिंसा 'असहिष्णुता' पर तो अमरीकी राष्ट्रपति ने भी कहा है कि महात्मा गांधी हो तो उन्हें भी झटका लगता....।

निष्कर्ष – निर्वाचन आयोग के लिए त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव करवाना बड़ी चुनौती बनती जा रही है। पुलिस–प्रशासन सहित लाखों कर्मचारियों पर 'चुनाव' का मानसिक बोझ चिंतनीय है। बेहद लंबी प्रक्रिया (3 से 4 माह) तक इन चुनावों को गाँव में संपन्न करवाना अत्यंत क्लिष्ट हो गया है।

एक–एक पंच के और सरपंच के चुनाव में ग्रामीणों ने क्या–क्या गिरवी नहीं रख दिया। लाखों रूपए प्रचार में फूंक डाले। जो परास्त हो गए उनकी तो लुटिया ही डूब गई। वे फिर से कर्ज में आ गए। वैमनस्य मतभेद, पुश्तैनी दुश्मनी, अंत:कलह से ग्रामीण सौजन्य–सद्भाव बिखर गए।

पंचायतीराज की अवधारणा है कि ' पंचायती राज ग्रामों तक राजनीतिज्ञों या जनप्रतिनिधियों के बीच अनुकुलता स्थापित करने के लिए लोकतंत्र का विस्तार है । पंचायतीराज 'सामाजिक समरसता' और लोक व्यवहार के अनुशासन की बानगी है। राजनीति को 'लोकनीति' में बदलते के बड़े माध्यम के रूप में इस चुनाव का उपयोग होना चाहिए।

भारतीय वैदिक कालीन पंचायतीराज की इस प्राचीन परंपरा ने कई सदियों से लोकतांत्रिक सदाचरण की संस्कृति को पोषित किया। इस कलयुग में 'कुरित राजनीति' ने पंचायत चुनाव को हिंसा और तनाव के कुलुबित वातावरण में झोंक दिया है। इसमें सुधार होना चाहिए।

संदर्भ ग्रंथ सूची :–

1. डॉ. चोपड़ा : स्थानीय प्रशासन।
2. डॉ. जोशी, डॉ. रूपा: भारत में पंचायती राज।
3. डॉ. शर्मा ए. – भारत में लोकतंत्र और निर्वाचन।
4. शर्मा आर – ग्रामीण प्रशासन।
5. Journal of Indian national academy of administration
6. अरूण श्रीवास्तव : भारत में पंचायतीराज

* प्राध्यापक (राजनीति विज्ञान) शासकीय महाविद्यालय, सैलाना (म.प्र.) भारत

पण्डित मदन मोहन मालवीय के राजनीतिक विचार

डॉ. मीनाक्षी व्यास *

प्रस्तावना – पण्डित मदन मोहन मालवीय जी को हिन्दु संस्कृति की श्रेष्ठता में विश्वास था। उनके विचारों के अनुसार सच्चे भारतीय राष्ट्रवाद की आवश्यकता का तात्पर्य है जनता के सभी वर्गो के कल्याण और हितों का संवर्धन किया जावे एवं सब सम्प्रदायों के लोगों को एक राष्ट्र के रूप में संयुक्त करने के लिए लोगों में देश भक्ति तथा भाईचारे, बन्धुत्व की भावनाओं का परिवर्धन किया जाए।

मालवीय जी स्वतन्त्रता तथा संविधान प्रणाली में विश्वास करते थे। जहॉ जनता के प्रतिनिधियों को प्रशासन में भाग लेने की व्यवस्था होती है तथा जनता की इच्छाओं, आकांशाओं, आवश्यकताओं और शिकायतों को उचित मार्ग से प्रस्तुत किया जाकर सुप्रशासन द्वारा उन्हें समझा और पूरा किया जा सकता है। अत: पण्डित जी की अंग्रेजी प्रशासन से अपेक्षा थी की वे इस देश के प्रशासन को बुद्धि न्याय, श्रेष्ठ सिद्धान्तों के अनुरूप बनाए। वे 1919 का रोलेक्ट विधेयक पारित करने के विरोधी थे। वे वैयक्तिक स्वतन्त्रता के समर्थक व पोषक थे। मालवीय जी ने स्वदेशी आन्दोलन का समर्थन किया। 1906 के भाषण में मालवीय जी ने कहा मैं स्वदेशी को अपने देशवासियों के प्रति अपने धार्मिक कर्तव्य का अंग ही समझता हूँ। देश में फैली दरिद्रता को दूर करने या कम करने तथा देशवासियों को रोजगार और भोजन देने के लिए स्वदेशी को अंगीकार करना भारतीयों का धार्मिक कर्तव्य है।

मालवीय जी ने राष्ट्रीय पुनर्निर्माण के लिए एक व्यापक सिद्धान्त का प्रतिपादन किया। जिसमें वे कहते है देश के नैतिक, बौद्धिक, आर्थिक साधनों का परिवर्धन करने के लिए राजनीतिक सुधारों हेतु आन्दोलन के साथ लोगें में लोक कल्याण एवं लोक सेवा की भावना उत्पन्न करना भी नितांत आवश्यक है। देश के विकास के लिए शैक्षणिक व औद्योगिक कायाकल्प भी जरूरी है। मालवीय जी ने इस बात पर बल दिया कि यदि आप हर भाई को इस बात की अनुभूति करा दे कि उसे भी अपने साथ ही प्रजा जनों के समान ही व्यवहार पाने का हक है अर्थात आपने अपने भविष्य का निर्माण स्वयं कर लिया है। और जिनके हाथों में आज देश की शक्ति है वे आपकी उचित मांगों का विरोध करने में कभी सफल नहीं होगें।

मालवीय जी का विचार था हमें हमारा 'स्वराज का जन्म सिद्ध अधिकार' आत्म निर्णय के सिद्धान्त को लागू करके तुरन्त ही प्रदान किया जाए। तथा अन्तर्राष्ट्रीय संबंधों की न्यायोचित व्यवस्था को कायम रखने का यही एक मात्र उपाय है। भारत को अधिकार है वह बिना किसी बाहरी दबाव या हस्तक्षेप के अपने राजनीतिक जीवन को अपनी इच्छानुसार चलाए। ये भारत के राजनीतिक भाग्य का निर्णय करने के लिए राष्ट्रीय आत्म निर्णय के सिद्धान्त को तुरन्त कार्यान्वित किया जाए। मालवीय जी मौन्तेस्क्यू और जैफरसन के सदृश उग्र और क्रांतिकारियों विचारकों के विरोधी एवं संवैधानिक के तरीके जनता को राजनीतिक एवं राजनीतिक कार्यक्रमों में भाग लेना चाहिए। वे समाजवाद से सहमत नहीं थे। वे आर्थिक मामलो में जाति वर्ण व्यवस्था के स्थान पर कार्य के विशेषीकरण के सिद्धान्त पर बल देते थे। उन्हें देश की प्रगति और सृजनात्मक, विकासात्मक व्यवस्था में विश्वास था। वे हिन्दु संस्कृति, सभ्यता से जुड़ा हुआ राष्ट्रवाद के सिद्धान्त में विश्वास करते थे साथ ही धार्मिक अन्य सम्प्रदायों के प्रति भी उदार, धर्मनिरपेक्ष, न्यायोचित व्यवहार करने हेतु जनता को प्रेरित करते थे। मालवीय जी सफाई, शिक्षा, औद्योगिक विकास, सहकारी आन्दोलन, शारीरिक शिक्षा, प्राविधिक शिक्षा एवं पंच निर्णय हेतु संगठन बनाने पर बल देते थे। एवं धर्म को जीवनदायिनी शक्ति, धार्मिक नियमों, व्रतों, प्रार्थना आदि से मनुष्य की नैतिक प्रगति होती है। वे कर्तव्य परायण, समर्पण, आराध्य के प्रति भक्ति आदि भावनाओं को राष्ट्रीयता का साधन मानते थे। उन्होंने महाविद्यालयों, विश्वविद्यालयों में धार्मिक शिक्षा देने का आव्हान किया था।

कर्म ही उनका जीवन था। अनेकों संस्थाओं के जनक एवं सफल संचालक के रूप में उनकी अपनी विधि व्यवस्था का सुचारु सम्पादन करते हुए उन्होंने कभी भी रोष अथवा कड़ी भाषा का प्रयोग नहीं किया। भारत सरकार ने 24 दिसम्बर 2.14 को उन्हें भारत रत्न से अलंकृत किया।

मालवीय जी बड़े धर्मनिष्ठ सनातनधर्मी थे। उनका सदैव विश्व बंधुत्व में विश्वास था। उनका हिंदुत्व जातियता की परिधि से बहुत ऊपर समता, सहृदयता और सर्वग्राही प्रकृति का था। वे धर्म को देश के लिए शांति, समृद्धि और विकास का साधन बनाना चाहते थे। वे धर्म की उन्नति में देश और समाज की उन्नति और धर्म के उद्धार में देश का उद्धार मानते थे। मालवीयजी देश की एकता में उन्नति और विकास का प्रतिबिंब देखते थे। उनका कहना था, 'भारतवर्ष केवल हिंदुओं का देश नहीं है। यह तो मुस्लिम, ईसाई और पारसियों का भी देश है। यह देश तभी समुन्नत और शक्तिशाली हो सकता है, जब भारतवर्ष की विभिन्न जातियाँ और यहां के विभिन्न संप्रदाय पारस्परिक सद्भावना और एकात्मकता के साथ रहे, जो भी लोग इस एकता को भंग करने का प्रयास करते हैं, वे केवल अपने देश के ही नहीं, वरन् अपनी जाति के भी शत्रु हैं।'

मालवीयजी ने जब हैदराबाद के निजाम के सामने काशी हिंदू विश्वविद्यालय के लिए कुछ दान स्वरूप देने को कहा, तो निजाम ने मना कर दिया। एक शवयात्रा के पीछे फेंके जाने वाले पैसों को मालवीय जी इकट्ठा करने लगे। लोगों ने जब इसका कारण पूछा तो उन्होंने बताया कि निजाम और उनके लिए–अर्थात् दोनों के लिए लज्जा की बात होगी कि हैदराबाद से वे खाली हाथ वापस लौटें। यह सुनकर निजाम को कुछ देने के लिए विवश होना पड़ा। मालवीय जी ने कहा –

मर जाऊं मांगू न अपने तन के काज।
परमारथ के कारने मोहि न आवे लाज।।

सन्दर्भ ग्रंथ सूंची :-

1. आधुनिक भारत के राजनीतिक विचारक – प्रकाश नारायण नाटाणी – पोइन्टर पब्लिशर्स, व्यास बिल्डिंग, एस.एम.एस. हाइवे जयपुर राजस्थान।
2. मदन मोहन मालवीय व्यक्तित्व एवं कृतित्व – मदनलाल पंचार – पंचशील प्रकाशन जयपुर फिल्म कॉलोनी चौड़ा रास्ता जयपुर 302003
3. मदन मोहन मालवीय –एम. आई. राजस्वी –मनोज पब्लिकेशन।

* प्राध्यापक एवं विभागाध्यक्ष (राजनीति विज्ञान) शासकीय कन्या महाविद्यालय, रतलाम (म.प्र.) भारत

पारिवारिक समायोजन में योग की भूमिका

ऋचा एस. मेहता *

प्रस्तावना – भारत में प्रचलित ध्यान व योग की विश्वभर में पहचान हैं। विश्व के कई देशों के ध्यान प्रेमी ध्यान व साधना के लिये आज भी भारत में स्थाई–अस्थाई शरण लिए हुए है। शास्त्रोक्त ध्यान पर वर्षों से आज तक समाज व समाज में अणवेशियों की नजर बनी हुई है। ध्यान का प्राचीन स्वरूप विद्यमान हैं परन्तु परिवेश में विधियों में तौर तरीकों में व्यापक बदलाव दिखाई पड़ता है। देश–विदेश में ध्यान व योग पर व्यापक शोध कार्य हुए है और निरन्तर हो रहे है। योग विधियों का सामाजिक जीवन व ध्यान विधियों का समाज पर प्रभाव पड़ता है।

व्यक्तिगत स्वास्थ्य जागरूकता बढ़ने से समाज में योग के प्रति आम व्यक्ति की चेतना निरन्तर बढ़ती जा रही है जैसे स्वामी रामेदव जी (हरिद्धार) निर्मलादेवी (दिल्ली) गुरूमाई चित्ताविलासानंद (गणेशपुरी) में अपने मुख्यालयों के अलावा इनके देशभर में साधना ध्यान केन्द्रित प्रसारित व क्रियाशील हो रहे है। इसके साथ यदि हम देखे तो पाते है कि योग, ध्यान आपस में एक सिक्के के दो पहलू है, स्वास्थ्य के लिए आज वर्तमान जिन्दगी में दोनों की आवश्यकता है। योग के प्रति सतत् बढ़ती क्रियाशीलता महानगरों से अब अंचलों तक स्थापित हो चुकी है। ग्रामीण अंचलों में योग पर वैज्ञानिक अध्ययनों का अभाव है, ज्यादा आवश्यकता ग्रामीण अंचलों में भी व्यक्ति को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करना है। आवश्यक हैं क्योंकि हमारी प्रथम सीढ़ी ग्रामीण आंचल ही है। यदि हम स्वास्थ्य के लिए योग का प्रारंभ ग्रामीण आंचल से करेगें तो नगर अपने आप स्वस्थ्य हो जाएगा। योग में आपको किसी दवाई की आवश्यकता नहीं है, बल्कि योग के द्धारा शरीर की आंतरिक मशीन की सफाई करनी है, यदि हम प्राचीन समय से साहित्य को देखे तो पाते है कि योग और ध्यान द्धारा ही सभी बीमारियों का उपचार किया जाता था।

'योग वशिष्ठ' अद्धेत वेदांत अति महत्वपूर्ण ग्रंथ है। इस ग्रंथ में सुख और दु:ख जन्म और मृत्यु जीवन और जगत जड़ और चेतन लोक–परलोक बंधन और मोक्ष ब्रह्म और जीव, आत्मा और परमात्मा, आत्म ज्ञान और ज्ञान और अज्ञान, सत् और असत् मन और इन्द्रिय धारणा और ध्यान पर अपेक्षाकृत गंभीर चिंतन और सूक्ष्म निरीक्षण है।

अध्ययन विधि – प्रस्तुत शोध कार्य के लिए भारत माता मंदिर के परिसर में योग व ध्यान से जुड़ी 50 महिलाओं का अध्ययन कर उनके पारिवारिक समायोजन और योग की भूमिका का विश्लेषण किया। साक्षात्कार के द्धारा प्राथमिक सामग्री का संकलन किया गया।

विश्लेषण – शिक्षा व्यक्ति के सर्वांगीण विकास के द्धारों को खोलती है। शिक्षा के माध्यम से व्यक्ति में चेतना आती है। शिक्षा व्यक्ति की व्यक्तिगत सामाजिक क्रियाशीलता की भी अभिवृद्धि करती है। व्यक्ति के साथ यदि परिवार भी शिक्षित हो तो ऐसे परिवार का सामाजिक प्रभाव अन्य परिवारों से पृथक दिख जाता है।

सूचनादाताओं के परिवार के सदस्यों की शिक्षा दर्शाने वाली तालिका

क्र.	परिवार के सदस्यों की सामान्य शिक्षा प्राप्त	संख्या	प्रतिशत
1.	अशिक्षित परिवार	15	30
2.	उच्च शिक्षित परिवार	35	70
	योग	**50**	**100**

प्राय: देखा जाता है कि समाज अवधारणा व्यक्ति में सामुदायिक भावना उत्पन्न करती हैं। व्यक्ति समाज से जुड़कर समाज में सहयोग से अपने कार्यों में सहायता पाता है। अपनी विभिन्न आवश्यकताओं को जिन्हें वे पूरी कर पाता है। कोई भी उपलब्धि शांति के बिना पूर्ण अर्थो में अनुभूत नहीं की जा सकती।

सूचनादाताओं द्धारा आत्मिक शांति पाने के लिये अपनाए उपाय दर्शाने वाली तालिका

क्र.	आत्मिक शांति पाने के लिए अपनाए गए उपाय	संख्या	प्रतिशत
1.	टेलीविजन से	03	06
2.	पर्यटन से	15	30
3.	योग का सहारा	32	64
	योग	**50**	**100**

ध्यान के प्रति चेतना संबंधी प्रश्नों में जो जानकारी प्राप्त करना चाही। व्यक्तिगत और सामाजिक रूप से आवश्यक थी। कारण समाज दृष्टिकोण में ध्यान व योग के प्रति आये बदलाव को जानना और उसका आंकलन करना था।

सूचनादाताओं द्धारा आंतरिक बाह्य सुदृढता के लिए अपनाने उपाय दर्शाने वाली तालिका

क्र.	आंतरिक बाह्य सुदृढता के लिए अपनाए गए उपाय	संख्या	प्रतिशत
1.	नियमित व्यायाम से	15	30
2.	दवाईयों से	02	04
3.	नियमित ध्यान से	33	66
	योग	**50**	**100**

योग द्धारा मेरी दृष्टि में ध्यान एकमात्र योग है न तो कर्म कोई योग है, न भक्ति कोई योग है और ना ही ज्ञान कोई योग है। ध्यान योग है और आपकी

* सहायक प्राध्यापक (समाज शास्त्र) शासकीय संस्कृत महाविद्यालय, इंदौर (म.प्र) भारत

प्रकृति कुछ भी हो ध्यान व योग के अतिरिक्त और कोई मार्ग नहीं है। इसलिए पहला सुख निरोगी काया दूसरा सुख माया। निरोगी काया अपने आप होगी तो पैसा बहुत कमा सकते है यदि पैसा बहुत है और शरीर रोगी है तो पैसा गवाना ही पड़ेगा। इससे धन भी कम होगा इसीलिए यह कहा गया है कि स्वास्थ्य जीवन की सबसे पहली सीढ़ी है।

सूचनादाता द्धारा योग के कारण दर्शाने वाली तालिका

क्र.	आत्मिक शांति पाने के लिए अपनाए गए उपाय	संख्या	प्रतिशत
1.	ईलाज हेतु	09	18
2.	स्वस्थ्य बने रहने हेतु	32	64
3.	आध्यात्मिक विकास हेतु	09	18
	योग	**50**	**100**

आज संचार साधनों व माध्यमों के कई विकल्प समाज में आज प्रचलित है। ध्यान की जानकारी हेतु भी कई विकल्प अनुमानित के सम्मुख होते है। कुछ माध्यमों में शिक्षा अनिवार्य है जैसे – पढ़ना, कम्प्यूटर सर्च करना इत्यादि।

सूचनादाताओं द्धारा आत्मिक शांति पाने के लिये अपनाए उपाय दर्शाने वाली तालिका

क्र.	योग विधियों की जानकारी हेतु माध्यम	संख्या	प्रतिशत
1.	पुस्तकों के माध्यम से	10	32
2.	योग केन्द्र के माध्यम से	32	52
3.	टी.वी. कम्प्यूटर से	08	16
	योग	**50**	**100**

निष्कर्ष –

- स्वास्थ्य पाने के लिये उत्तरदाता ध्यान और योग का सहारा लेते है।
- उत्तरदाता बढ़ी संख्या में यह कहते है कि शिक्षित होने से हम इसका अधिक से अधिक लाभ ले सकते है।
- अशिक्षित मतदाताओं का कहना है कि हम योग के साहित्य का पूर्ण लाभ नहीं उठा पाते।
- वर्तमान में स्वास्थ्य की सबसे ज्यादा आवश्यकता है उसको योग के द्धारा ही पा सकते है।
- अधिकांश मतदाता मानते है कि समाज में ध्यान की प्रासंगिकता बढ़ रही है।
- उत्तरदाता का कहना है कि ग्रामीण क्षेत्रों में भी शिक्षा के अंदर योग का पाठ्यक्रम आवश्यक कर देना चाहिए।
- योग के सुखासन, योग निद्रा से हाई बल्ड प्रेशर और डायबिटिज को नियंत्रित किया जा सकता है।
- योग में ऐसे कई आसन है जिनके द्धारा शारीरिक बीमारियों को नियंत्रित किया जा सकता है।
- बढ़ी संख्या में योग अनुयायी नियमित योग करने के पक्ष में है।
- समाज में ध्यान व योग के प्रति चेतना व प्रांसगिकता तो है पर पिछले 8–9 वर्षो में योग के प्रति अत्यधिक रूझान बढ़ा है।

ध्यान और योग किसी धर्म विशेष का नहीं सम्पूर्ण मानव का हितेषी है। भारतीय समाज में परम्परा परिवारों के सामने कई परिस्थिति जन्य समस्याएँ सामने खड़ी है जिनसे सामाजिक संरचना के सामने पारिवारिक विघटन का प्रश्न मुँह खोले हुए खड़ा है।

ध्यान एवं योग में बड़े परिवारों में अपने दायित्वों के बढ़ने के बावजूद भी परिवार के सदस्यों के व्यक्तिगत स्वास्थ्य एवं मानसिक स्वास्थ्य के प्रति व्यक्ति को जागरूक बना रखा है। अध्ययन में पाया गया कि योग और ध्यान से जुड़े परिवारों में बेहतर स्वास्थ्य बनाये रखने हेतु क्रियाशीलता और जागरूकता स्पष्ट दिखाई देती है। मनुष्य के जीवन विकासक्रम में कई परिवर्तन आये हैं। नकारात्मक परिवर्तनों ने जीवन को अकर्मण्य तथा आलसी बना दिया है जबकि सकारात्मक परिणामों ने जीवन शैली को ऊँचा उठाया है परन्तु साधनों की प्रचुरता ने संकटों में वृद्धि की। इस समय समाज के जिस वर्ग ने सामाजिक परिस्थितियों का सामना अपने व्यवहार नियमन करके किया वह वर्ग अंतर और बाह्य दोनों लाभान्वित हुआ। ध्यान व्यक्ति के सोच को कुछ लोगों ने असामान्य दर्शाया किन्तु योग और ध्यान के द्धारा परिवर्तित व्यक्ति समिष्ट के एकांकार होकर अपनी सर्वव्यापकता को अनुभूत करने लगा और इस आलौकिक अवस्था में योगी व्यक्ति बूंद और सागर के अंतर को समाप्त कर अपने जीवन स्वयं को दिशा देने लायक बना।

संदर्भ ग्रंथ सूची :–

1. व्यक्तिगत सर्वे के आधार पर।

****

नि:शक्त व्यक्तियों का संवैधानिक एवं विधिक रूप से सशक्तिकरण

डॉ. ज्योति मेहता *

प्रस्तावना – स्वस्थ बच्चे का जन्म अनेक बातों पर निर्भर करता है। वैश्विक स्तर पर बढ़ती जनसंख्या के कारण अनेक समस्याऐं उत्पन्न हो गई है। जिसमें कुपोषण, प्रदूषित वातावरण, विषम प्रवृत्तियाँ प्रमुख है। नि:शक्त व्यक्तियों में शारीरिक रूप से विकलांग, हाथ-पैर की अपंगता, अंधापन एंव मानसिक रूप से कमजोर व्यक्ति भी शामिल है। नि:शक्त से तात्पर्य है वह शारीरिक अक्षमता जो किसी शारीरिक अथवा मानसिक कारण से उत्पन्न हुई हो, और व्यक्ति के स्वछन्द क्रियाकलापों में बाधा डालती हो।

विकलांगता के प्रकार –

(1) जन्मजात विकलांगता – ऐसे बच्चो में जन्म के समय से ही शारीरिक विकृतियाँ पाई जाती है, जैसे हाथ पैर टेडे होना, पतले व कमजोर होना, शारीरिक अंगो का पूर्ण विकास न होना।

जन्म के समय की विकृतियों के निम्न कारण हो सकते है:-

1. गर्भावस्था के पहले 03 महीने में माता को विषाणु संक्रमण होना।
2. माता-पिता के बीच रक्त अयोग्यता का होना।
3. प्रसवकाल का लम्बा या कठिन होना।
4. गर्भावस्था के समय पर लगने वाले आवश्यक टीकाकरण का न होना।
5. संतुलित आहार का अभाव।
6. अनेक बार महिला द्वारा चिकित्सक सलाह पर ली जाने वाली दवाओं के बाद भी गर्भपात नहीं होता तो ये दँवाए पेट में पल रहे बच्चे के लिए हानिकारक होती है और बच्चे के शरीर के अंगो के विकास को प्रभावित करती है।

1. जन्मजात विकलांगता
2. अस्थिबाधित विकलांगता
3. दृष्टिबाधित विकलांगता
4. वाक एंव श्रवण बाधित विकलांगता
5. मानसिक विकलांगता

इस प्रकार के बच्चो के जन्म लेने के पीछे अनेक माता-पिता का उत्तरदायित्व होता है और किसी महिला द्वारा अधिक बच्चो के जन्म देने पर गर्भावस्था में पोषण की कमी एवं गर्भ समापन के लिए चिकित्सक द्वारा दी जाने वाली दवाओ से गर्भपात नहीं होता है तो ऐसी दवाए पेट में पल रहे बच्चे के अंगो के विकास को प्रभावित करती है जिससे अल्प वृद्धि नहीं बच्चे के जन्म लेने की संभावना बढ जाती है। अनेक बार उच्च शिक्षित या कामकाजी महिलाएँ अपने बच्चे को स्तन पान से वंचित रखती है। ऐसी स्थिति में बच्चे का शारीरिक व मानसिक विकास प्रभावित होता है और उनकी रोग प्रतिरोधक शक्ति कम होने के कारण बच्चे कई रोग से पीड़ित रहते है तथा बार-बार बीमार पड़ने से मानसिक रूप से कमजोर हो जाते है।

नि:शक्तता का एक अन्य कारण बीमारी या दुर्घटना भी है। प्राय: यह देखा गया है कि नि:शक्त व्यक्ति के प्रति समाज का दृष्टिकोण अच्छा नहीं रहता है व उसे हीन दृष्टि से देखते है व उसकी विकलांगता को उसके पूर्व जन्म में किये गये कृत्यो का फल मानते है, मानव तो ईश्वर द्वारा रची एक सुंदर रचना है, तो श्ला कोई रचनाकार अपनी रचना को विकृत क्यों करेगा, विकलांगता तो व्यक्ति का प्रकृति एंव पर्यावरण के साथ सामंजस्य का न होने का एंव मानवीय भूल व विभिन्न कारणो से होने वाली दुर्घटनाओ का परिणाम है। विकलांगता एक ऐसी विडम्बना है जो विकलांग व्यक्ति को सहनी पड़ती है तथा उनके साथ विशेषकर काम के अधिकार से, शिक्षा केअधिकार से स्वास्थ के अधिकार से, रोजगार के अवसर आदि के मामलो में भेदभाव रहा है।

संयुक्त राष्ट्र संघ के प्रयास: नि:शक्तता मनुष्य में शारीरिक रूप से कमी लाती है तथा मानसिक आघात पहुँचाती है पर नि:शक्तता के आधार पर किसी व्यक्ति को उसके अधिकारो से वंचित नहीं किया जा सकता क्योंकि वे भी समाज के अभिन्न अंग है। अत: नि:शक्तजनो को शारीरिक एंव मानसिक रूप से सशक्त किया जाए। इसके लिए संयुक्त राष्ट्र संघ ने भी मानव अधिकारो की सार्वभौमिक उद्घोषणा में भी उनके अधिकारो की घोषणा की जिसके बाद अनेक देशो ने भी नि:शक्त व्यक्तियो के अधिकारो के लिए कानून बनाकर उनका विधिक सशक्तीकरण किया।

अपने संकल्प 3405(xxx) जो उसने 1975 में पारित किया था। उसके माध्यम से महासभा संयुक्तराष्ट्र संघविकास प्रोग्राम(UNDP) यह निर्देश देती है कि वह विकासशील देशो को मदद देते समय यह सुनिश्चित करें कि यह सहायता समाज के जो दुर्बल वर्ग है उन तक भी पहुँचे।

संयुक्त राष्ट्र महासभा ने वर्ष 1981 को नि:शक्त व्यक्तियो के वर्ष के रूप में मनाने का निर्णय लिया। इसका महत्वपूर्ण परिणाम नि:शक्त व्यक्ति वर्ष और विश्व कार्य योजना दोनों में सम्मिलित रूप से मिलकर नि:शक्त व्यक्तियो के अधिकारो के क्षेत्र में प्रगति के लिए सशक्त प्रेरणा का काम किया। 1983 से 1992 का समय नि:शक्त व्यक्तियो को संयुक्त दशक के रूप में मनाया गया। महासभा ने पक्षकार-राज्यो से निवेदन किया था कि वे इस अवधि को नि:शक्त व्यक्यिो के लिए विश्व कार्य योजना कार्यान्वयन के लिए उपयोग करे। प्रत्येक 3 दिसम्बर को विश्व नि:शक्तता दिवस के रूप में मनाया जाता है।

भारतीय संविधान में नि:शक्तो का संरक्षण: संविधान की प्रस्तावना में सामाजिक, आर्थिक न्याय प्रदान करने की संकल्पना की गई है तथा व्यक्ति की गरिमा की बात कही गई है । संविधान के अध्याय तीन में मूल अधिकारो का उल्लेख किया गया है, जो सभी व्यक्तियो को जिसमें नि:शक्त व असहाय लोग भी शामिल है को प्राप्त है। संविधान के अध्याय 4 में राज्य के नीति-

* प्राध्यापक (समाजशास्त्र) शासकीय महारानी लक्ष्मीबाई कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय, इन्दौर (म.प्र.) भारत

निर्देशक तत्वो का उल्लेख है जिनमें कल्याणकारी राज्य के आदर्श समाहित किए गए है। संविधान के द्वारा नि:शक्त व्यक्यिो को निम्न मूल अधिकार प्रदान किए गए है।

1. समानता का अधिकार (अनुच्छेद-14)
2. भेदभाव से संरक्षण (अनुच्छेद-15)
3. अवसर की समानता (अनुच्छेद-16)
4. प्राण एंव दैहिक स्वतंत्रता का अधिकार (अनुच्छेद-21)
5. नि:शुल्क एंव अनिवार्य शिक्षा का अधिकार

1. अनुच्छेद 39(घ) को 42 वें सविधान संशोधन द्वारा जोड़ा गया। अनुच्छेद 39(क) राज्ये को निर्देश देता है कि वह सुनिश्चित करे कि विधिक व्यवस्था इस प्रकार काम करें कि सभी को अवसर के आधार पर सुलभ हो और वह विशिष्टतया आर्थिक या अन्य निर्योग्यता(नि:शक्तता) के कारण कोई नागरिक न्याय पाने से वंचित न रह जाए तथा उपर्युक्त विधान द्वारा नि:शुल्क विधिक सहायता की व्यवस्था करें।

2. अनुच्छेद 41 राज्य को यह निर्देश देता है कि वह अपनी ... और विकास की सीमाओ के भीतर प्रत्येक व्यक्ति के लिए रोजगार पाने, शिक्षा पाने तथा बेकारी, वृद्धावस्था, बीमारी और अंगहानित तथा अनर्ह अभाव दशाओ में सार्वजानिक सहायता पाने के अधिकार को प्राप्त करने का कार्य साधक उपबंध करेगा।

3. अनुच्छेद 42 राज्य से अपेक्षा करता है कि वह कर्मकारो को काम, निर्वाह, मजदूरी, शिष्ट जीवन स्तर और उसका संपूर्ण उपभोग सुनिश्चित करने वाली प्रशासनिक तथा सामाजिक और सांस्कृतिक अवसर प्राप्त कराने का प्रयास करेगा और गावों में कुटीर उद्योग को बढ़ाने का प्रयास करेगा।

नि:शक्तता एंव भारतीय न्याय पालिका - उच्चतम न्यायालय ने समय-समय पर नि:शक्त व्यक्यिो के अधिकारो को लागू करने के लिए केन्द्र एंव राज्य सरकारो को दिशा निर्देश जारी किए है।

1. प्रशासनिक सेवाओ में भागीदारी - नेशनल फेडरेशन ऑफ ब्लाइंड बनाम संघ लोक सेवा आयोग(1993) के मामले में उच्चतम न्यायालय ने यह अभिनिर्धारित किया कि शारीरिक रूप से विकलांग व्यक्तियों को भारतीय प्रशासनिक सेवा की नौकरियों में प्रतिद्वंदिता का हक है तथा सरकार का यह दायित्व है कि इसके लिए उन्हे **ब्रेल लिपिक** या लेखक की सहायता उपलब्ध करें।

2. आहार पाने का अधिकार - पी.यू.सी.एल. बनाम भारत संघ (2000{5}S.S.C.30) के मामले में उच्चतम न्यायालय ने निर्धारित किया कि राज्य के सभी वृध्दो, दुर्बल, विकलांग, निराश्रम महिला, निराश्रम बालको, गर्भवती महिलाओ को उन्हें अनुच्छेद 21 के अधीन राज्य द्वारा खाद्य सामग्री मुफ्त पाने का अधिकार है जिससे भूख व कुपोषण से होने वाली मृत्यु से बचाया जा सके।

3. कार्य के दौरान चोट पर क्षतिपुर्ति - बम्बई उच्च न्यायालय ने एक कर्मकार, जो उद्योग में कार्य के दौरान एक हाथ की दो उंगलियाँ कुचल जाने के कारण अंपग हो गया था, को नियोजक से शारीरिक क्षति के लिए क्षतिपुर्ति दिलाई गई।

4. विधिक उपचार पाने का अधिकार - उच्चतम न्यायालय ने एक जनहित में यह अवधारणा प्रस्तुत की कि, जहाँ किसी संवैधानिक या विधिक अधिकार के अतिक्रमण के कारण किसी व्यक्ति अथवा व्यक्तियो के किसी निश्चित वर्ग को विधिक अधिकार से वंचित किया जाता है अथवा किसी संविधानिक या विधिक प्रावधान के उल्लंघन में ऐसे व्यक्ति तथा वर्ग पर कोई भार डाला गया है ऐसा व्यक्ति या व्यक्तियों का वर्ग गरीबी, विवशता, असहायता, निर्योग्यता अथवा सामाजिक या आर्थिक असुविधा के कारण उपचार के **निमित** न्यायालय में जाने में असमर्थ है तो जनता का कोई भी व्यक्ति अनुच्छेद 226 के अंतर्गत उच्च न्यायालय एंव अनुच्छेद 32 के अंतर्गत उच्चतम न्यायालय में आवेदन करके ऐसे व्यक्ति अथवा व्यक्तियों के लिए उपचार प्राप्त कर सकता है।

5. विक्षिप्त व्यक्तियों की अवैध कारावास से उन्मुक्ति - वीणा सेठी बनाम बिहार राज्य (AIR 1983 S.S.C.335) के लोकहित वाद में विधिक सहायता समिति ने एक पत्र द्वारा न्यायालय का ध्यान इस और दिलाया कि कुछ कैदी जेल में 19 वर्ष से 37 वर्ष की लम्बी अवधि तक रोक कर रखे गये थे क्यों कि वे विचारण के समय स्वस्थचित नहीं थे, किन्तु न्यायालय ने स्वास्थचित्त हो जाने पर भी अधिकारीयो द्वारा उन्हें मुक्त करने की कोई कार्यावाही नहीं की थी। न्यायालय ने इस पत्र को याचिका के रूप में स्वीकार करते हुए उक्त कैदियो को तुरंत रिहा किए जाने का आदेश दिए।

6. नि:शक्तजनों का विधिक संरक्षण - भारत सरकार द्वारा नि:शक्त व्यक्तियों को समाज में समान अवसर और उनके अधिकारो को संरक्षण और शासन में भागीदारी प्रदान करने के लिए नि:शक्त व्यक्ति समान अवसर, अधिकारो का संरक्षण और पूर्ण भागीदारी अधिनियम, 1995 बनाया। इसमें केन्द्र एंव राज्य सरकारो को यह अनुमति प्रदान की गई है वे अपनी क्षमता व संसाधनो के अनुसार नि:शक्तो के उनके हित में सुविधाए प्रदान करें सुविधाओ का सृजन कर उन्हें मदद प्रदान करे। जिससे वे देश एंव समाज की मुख्य धारा से जुडकर सम्मान पूर्ण जीवनयापन करें।

केन्द्र व राज्य सरकार विकलांग व्यक्तियों के लिए पदो की पहचान कर आरक्षण प्रदान करना व सुरक्षा प्रदान करना जिन पर वे बिना बाधा के कार्य कर सकते है -

क. ऐसे पदो की पहचान करना जो विकलांगो के लिए आरक्षित किये जा सकते है।
ख. प्रत्येक स्थापना में 3: आरक्षण की व्यवस्था रखना।
ग. कोई कर्मचारी विकलांग हो गया है की सेवाए समाप्त नहीं की जा सकती है।
घ. विकलांगता के कारण पदोन्नति से वंचित नहीं किया जा सकता है।
इ. उच्चतम आयु सीमा में शिथिलता प्रदान करना।

नि:शक्त व्यक्ति अधिनियम 1995 केन्द्र व राज्य सरकार नि:शक्त व्यक्तियों के हित में अन्य विषयो में परिवर्तन की व्यवस्थाएँ प्रदान करता है जैसे-

क. मकान, करोबार, विशेष विद्यालयों की स्थापना हेतु रियायती दरो पर भूमि आवंटित करने हेतु योजना बनाना।
ख. रेल के डिब्बो, बसो, जलयानो, वायुयानो को एंव उनमें शौचालयो को इस प्रकार बनाना जिससे व विकलांग व्यक्ति जो व्हील चेयर का उपयोग करते है सहजता से पहूँच सके।
ग. दृष्टि बाधिको हेतु रेल्वे प्लेटफार्म को उत्कीर्ण करना।
घ. चलनबाधिता से प्रभावित के लिए व्हीलचेयर हेतु रास्ता बनाना।

नि:शक्त व्यक्ति अधिनियम 1995 के तहत विकलागों को न्याय दिलवाने के उद्देश्य से मुख्य आयुक्त व आयुक्त की व्यवस्था की है-

क. नि:शक्त व्यक्ति के आवेदन या स्वप्रेरणा से नि:शक्त व्यक्ति को अधिकारो से वंचित किए जाने के कारणो की जाँच करना।
ख. नि:शक्तो के हित में कार्य करने के लिये आबंटित निधियो की मानिटरिंग करना।

न्यायालयिन शक्तियो का होना– मुख्य आयुक्त एंव आयुक्तो को नि:शक्त व्यक्ति अधिनियम 1995 के तहत अनके कार्य के निर्वहन के प्रयोजन के लिए, निम्न विषयो में वही शक्तियाँ प्रदान की गई है जो सिविल प्रक्रिया संहिता 198 के अधीन वाद विवाद का विचारण करते समय किसी कोर्ट में निहित है –

क. साक्षियो का समन करना और कराना।
ख. किसी दस्तावेज के प्रकरण और पेश किए जाने की अपेक्षा रखना।
ग. किसी न्यायालय या कार्यालय के किसी लोक अभिलेख या उसकी प्रति की अपेक्षा करना।
घ. शपथ पत्रो पर साक्ष्य ग्रहण करना।
ड़. मुख्य आयुक्त और आयुक्त के समक्ष प्रत्येक कार्यवाही भारतीय दण्ड संहिता की धारा 193 और धारा 228 के अर्थ में न्यायिक कार्यवाही होगी और मुख्य आयुक्त और आयुक्त को समक्ष प्राधिकार की दण्ड प्रक्रिया संहिता 1973 की धारा 195 और अध्याय 26 के प्रयोजनो के लिए सिविल न्यायालय समक्ष जाएगा।

नि:शक्त व्यक्ति अधिनियम 1995 के तहत नि:शक्तो को नि:शक्त व्यक्ति अधिनियम 1995 के तहत नि:शक्तो को सामाजिक सुरक्षा प्रदान करना है।

निष्कर्ष – नि:शक्तता पीडित व्यक्ति के जीवन की ऐसी विवशता है जिसमें उसका कोई दोष नहीं है यह तो उसके जीवन की प्राकृतिक बिडम्बना है जिसे उसे जीवन भर अपने साथ ढोना पडता है, किंतु नि:शक्तता का अपने जीवन की बाधा नहीं समझे अपना मनोबल समझे।

न्याायमूर्ति के.जी. बालकृष्णन ने स्वीकार किया की कानून की सही पालना नहीं हो पा रही है।

संदर्भ ग्रंथ सूची :-

1. समाज कल्याण, क्रेन्द्रिय समाज कल्याण बोर्ड।
2. 2010 भारत का संविधान डॉ जे.एन. पाण्डेय।
3. नि:शक्त व्यक्ति (समान अवसर, अधिकार का संरक्षण और पूर्ण भागीदारी) अधिनियम 1995

****

वर्तमान समाज और नैतिक मूल्य

डॉ. कमलसिंह मालवीय *

प्रस्तावना – सम्पूर्ण जीवों में मनुष्य जीवन को अन्य प्राणियों और वनस्पतियों से भिन्न माना जाता है। यह भी अवधारणा है कि मनुष्य जीव जगत की सर्वोच्च विकसित प्रजाति है। मनुष्य में समाजीकरण की प्रवृति अधिकतम पायी जाती है, इसी कारण उसे एक सामाजिक प्राणी माना जाता है। मनुष्य ने अपनी सामाजिकता को बनाएं रखने के लिए अलग-अलग नियम, प्रथाएं एवं परम्पराएं बनाकर अपने आप को सामाजिक प्राणी बनाने में सक्षम हो पाया है।

मानव भिन्न -भिन्न परिवेष में रहते हुए विविध भाषा, संस्कृति, धर्म, रीति-रिवाजों को अपनाता है। इन सभी को सीखने तथा समाज में संचालित करने के लिए मानव को समाजीकरण का ही सहारा लेना पड़ता है। जिससे उसके बनाए नीति- नियम एवं सामाजिकता कायम रहे। समाज अपने मूल्यों को कभी खोने नहीं दे, समाज में व्यक्तियों के द्वारा अपने आस-पास के परिवेष तथा सामाजिक पर्यावरण को बनाएं रखने और समाज में शांति-सोहार्द बनाए रखने के लिए उसने नैतिक मूल्यों का विकास किया और इन नैतिक मूल्यों को समाज के प्रत्येक व्यक्ति के लिए अनिवार्य किया। जिससे वह अपने समाज को एक स्वच्छ तथा शांतिप्रिय समाज बना सके। हमारे नैतिक मूल्य हमें एक सभ्य समाज की ओर अग्रसर करने की शिक्षा प्रदान करते है।

हम हमारे नैतिक मूल्यों की व्याख्या त्रि-स्तरीय रूप में कर सकते है। व्यक्तिगत, सामाजिक और राष्ट्रीय स्तर पर मूल्यों को निर्धारित करना और उनके निर्वहन के लिए समग्र प्रयास करना, स्वस्थ समाज की मूलभूत आवश्यकता है। जीवन मूल्यों को परिभाषित करते हुए उनका विस्तार से अध्ययन करना किसी भी चिंतनशील समाज के लिए प्राथमिक कार्य होना चाहिए। जैसे-जैसे इतिहास आगे बढ़ता है, सामाजिक परिवर्तन आते है, वैसे-वैसे मनुष्य की जीवनशैली बहुत अधिक प्रभावित होती है। लोगों की सोच, सामर्थ्य और दक्षताएं बदलती रहती है। आर्थिक, सांस्कृतिक परिस्थितियां भी परिवर्तन की इस दौड़ में शामिल हो जाती है।

नैतिक मूल्य- जब भी मूल्यों की बात होती है,कई शब्द अलग-अलग संदर्भ में उपयोग में लाए जाते है,जैसे- जीवन मूल्य, नैतिक मूल्य और मानवीय मूल्य। संभवत: इन सभी शब्दों के अर्थ और अभिप्राय एक ही है।

भारतीय संस्कृति, के अनुसार जीवन में मूल्य ही सत्य होते है। जीवन की शुद्ध क्रियाएं धर्म कहलाती है। धर्म में शांति, प्रेम और अहिंसा समाहित रहते है। ये पाँच तत्व-शांति,प्रेम और अहिंसा मानव मूल्य माने जाते है। यह भी माना जाता है कि इन मूल्यों का निर्धारण धर्म करता है। विभिन्न विद्धानों एवं चिंतकों के द्वारा नैतिक मूल्यों को अलग-अलग प्रकार से परिभाषित भी किया गया है-

अरबन के अनुसार-' मूल्य उसे कहते है जिनसे मनुष्य की इच्छाओं की तृप्ति होती है।'

राधाकमल मुकर्जी-' मूल्य समाज द्वारा अनुमोदित उन इच्छाओं और लक्ष्यों के रूप में परिभाषित किये जा सकते है, जिन्हें अनुबंधन, अधिगम या समाजीकरण की प्रक्रिया द्वारा आत्मसात किया जाता है और जो व्यक्तिगत मानकों तथा आकांक्षाओं के रूप में परिवर्तित हो जाते है।'

भगवत गीता,जिसे हम मानवीय संबंधों, दृष्टिकोण,दर्शन,ज्ञान और उपदेश का सर्वोत्कृष्ट और सर्वकालिक ग्रंथ मानते है, उसमें 26 मानवीय मूल्यों की विवेचना की गई है।

हमारे दूसरे सर्वमान्य धार्मिक ग्रंथ वाल्मीकि रामायण में मानवीय मूल्यों से परिपूर्ण व्यक्तित्व को परिभाषित किया गया है। यह माना गया है कि ऐसा व्यक्तित्व निम्न गुणों से आभूषित होगा। व्यक्ति जिसमें सद्गुण हो,सामर्थ्य हो,जो धर्म में आस्था रखता हो,जिसमें कृतज्ञता का भाव हो, जिसका व्यवहार उभय हो, जिसमें सभी के प्रति करूणा हो, जो विद्धान, योग्य और प्रसन्नचित हो, स्वयं को पूर्णरूप से जानता हो, जिसने क्रोध पर काबू पा लिया इत्यादि।

इन ग्रंथों में मानवीय उत्कृष्टता के मानक भी वर्णित किए गए है। समुद्र के समान व्यापक हिमालय के समान दृढ, विष्णु के समान शूर-वीर, चन्द्र के समान, सौम्य एवं आनंददायक, पृथ्वी के समान धैर्यवान, कुबेर के समान दानी और धर्म के समान सत्यवादी व्यक्ति को उत्कृष्ट व्यक्ति माना गया है।

भारतीय जीवन मूल्यों की विशेषता-आदर्श और यथार्थ, बाह्य और आंतरिक, धर्म और कर्म, भोग और त्याग,समाज और देश बुद्धि और हृदय, लोक और परलोक, कर्तव्य और अधिकार, अर्थ और काम, मानव और प्रकृति में संतुलन और सही समन्वय जीवन में औचित्य का निर्धारण करता है। प्रकृति में तत्व,रज और तम का उचित अनुपात ही प्रकृति की नियमों से परिचालित करता है। इस अनुपात में अनावश्यक परिवर्तन आने पर प्रकृति विनाश की और जा सकती है।अत: स्पष्ट है कि मूल्य हमारे समग्र व्यक्तित्व विकास के लिए आवश्यक है। मूल्य ही व्यक्ति को सदाचारी अथवा कदाचारी बनाते है। मूल्यों की सही पहचान और उनका अनुसरण हमें सामाजिक स्तर पर मान्यता प्रदान करता है।

नैतिक मूल्यों का विकास- नैतिक मूल्यों के बारे में सामान्य अवणारणा है कि औपचारिक रूप से सिखाया या पढ़ाया नहीं जा सकता है। मूल्य हमें सही जीवन की अनुभूति प्रदान करते है। इन्हें केवल महसूस किया जा सकता है। शाष्वत होते हुए भी इनका कोई स्वरूप नहीं है। यहीं कारण हैकि नैतिक मूल्यों की शिक्षा एक कठिन चुनौती है। किसी व्यक्ति के जीवन को संवारने में तीन संस्थाओं की महत्वपूर्ण भूमिका होती है- परिवार, शिक्षण संस्थाएं

* अतिथि विद्वान (समाजशास्त्र) शासकीय महाविद्यालय, थांदला, जिला - झाबुआ (म.प्र.) भारत

और समाज। यह त्रिकोण बच्चों के समाजीकरण के साथ उनमें मूल्य स्थापित करने का कार्य भी करता है।

परिवार बच्चे की प्रथम पाठशाला होती है और माँ उसकी प्रथम गुरू। परिवार में रहकर व्यक्ति अपने परिवार तथा धर्म के मूल्यों एवं प्रथाओं को सिखता है। परिवार में रहकर ही व्यक्ति का पूर्ण समाजीकरण होता है। परिवार द्वारा दिए गए संस्कार हमारे जीवन भर साथ रहते है और परिवार के संस्कारों की छाप हमारे व्यक्तित्व पर स्पष्ट दिखाई देती है। प्रारंभ में मूल्यों की पहचान परिवार और माता-पिता के माध्यम से ही बच्चे तक पहुंचती है। परिवार के बाद मनुष्य के समाजीकरण की दूसरी कड़ी के रूप में शैक्षणिक संस्थाएं विशेष महत्व रखती है। यह मनुष्य के जीवन का दूसरा पढ़ाव होता है।,जिसमें पारिवारिक अनौपचारिक शिक्षा की ओर कदम रखता है। यहाँ वह हर प्रकार के मूल्यों को सिखता है। हर वातावरण से परिचित होता है। वह अपने गुरू और सहपाठियों के सम्पर्क में आता है। हर प्रकार के क्रियाकलाप इस संस्थागत शिक्षा के अर्न्तगत करता है। यही पर उसकी सामाजिकता तथा पारिवारिक संस्कारों की छाप हमको देखने को मिलती है। यह अपने बड़ों एवं गुरूजनों से सौहार्दपूर्ण व्यवहार करता है, तो यहीं अपने प्रतिद्वंदी के साथ प्रतियोगात्मक व्यवहार सीखता है। कहा जाता है कि एक अच्छा शिक्षक हमारा जीवन बना देता है और एक खराब सहपाठी जीवन की दिशा बदल देता है।

उपसंहार- नैतिक मूल्य मनुष्य के सुखी,संयमित समाजोपयोगी जीवन के लिए सशक्त आधार प्रदान करते है। नैतिक मूल्यों में कमी सामाजिक विघटन की ओर संकेत करती है। पीढ़ी-दर-पीढ़ी नैतिक मूल्यों की परिभाषएं बदलती रहती है,लेकिन कुछ मूल्य ऐसे है जो शाश्वत है, प्रत्येक काल और समय में उनका अस्तित्व अनिवार्य है। ऐसे मूल्यों की रक्षा करना, उनके संवर्धन के प्रयास करना और उनकी कमी को पुरा करने के लिए उन्हें पुन: प्रतिष्ठित करना, प्रत्येक परिवार ,समाज और राष्ट्र का कर्तव्य है। आने वाला युग युवा पीढ़ी का युग होगा। हमारे देष में 70 प्रतिशत अंश युवा पीढ़ी का है। युवा पीढ़ी ही देश का भविष्य निर्धारित करेंगी। यदि इस जिम्मेदारी को निभाने के लिए तैयार है तभी हम देश के भविष्य को सुरक्षित मान सकते है। यदि युवाओं में देश भक्ति का जज्बा न हो ,समाज के प्रति दायित्वबोध न हो और उनका अपना व्यक्तिगत आचरण व्यवहार संयमित न हो तो वे किस प्रकार अपना और राष्ट्र का हित कर पाएंगे? यह गंभीरता का विषय है कि आज हम युवा को शिक्षित,सद्गुणी और सदाचारी नहीं बना पाए, तो शायद हम हमारे नैतिक मूल्यों से कही कोसो दूर चले जाएंगे और हमें इतिहास भी माफ नहीं करेगा।

संदर्भ ग्रंथ सूची :-

1. तिवारी शुभा,(2014) नैतिक मूल्य और भाषा प्रथम संस्करण, म.प्र. हिंदी ग्रंथ अकादमी,भोपाल।
2. तिलक लोकमान्य बाल गंगाधर,(अनुवादक-माधवराव सप्रे) (2006) गीता रहस्य भाग-2 श्रीमद् भगवत् गीता,प्रथम संस्करण, अर्चना पब्लिकेशन दिल्ली।
3. मैनी धर्मपाल एवं शर्मा सत्येन्द्र (2009), मानव मूल्य व्याख्या कोष (आधूनिक मूल्य भाग-2)प्रथम संस्करण किताब घर दिल्ली।
4. तीर्थ आचार्य वेदांत (2008) यजुर्वेद ,द्वितीय संस्करण मनोज पब्लिकेशन दिल्ली।

****

वृद्धावस्था सुरक्षा कानून और समाज

प्रो. प्रिशिला अन्द्रेय्स *

प्रस्तावना – जीवन के अनेक सोपान हैं – बाल्यावस्था, युवावस्था और वृद्धावस्था। बाल्यावस्था अर्जन का जीवन है, युवावस्था उपभोग का जीवन और वृद्धावस्था तपस्या का जीवन है। मानव उत्पत्ति के साथ ही अनेक समस्याओं को अपने साथ लेकर आया। कालान्तर में मनुष्य ने अपनी रक्षा के उपायों की खोज की। साथ ही सामाजिक और पारिवारिक जीवन का भी विकास हुआ। इसका परिणाम यह हुआ कि जीवन आयु में वृद्धि हुई तथा 60 वर्ष की आयु को वृद्धावस्था की परिधि में लाया गया।

वृद्धावस्था मानव जीवन का अंतिम पड़ाव है। यह वह पड़ाव है जिसमें शरीर शिथिल हो जाता है तथा शारीरिक अंगों के कार्यों की कुशलता और क्षमता कम हो जाती है। व्यक्ति समाज से अलग-थलग होने लगता है। इतिहासकार जमीर का विचार है कि प्राचीनकाल में जर्मन समाज में 60 वर्ष से अधिक आयु में वृद्धों का मार दिया जाता था, अनेक देशों और समाजों में वृद्ध व्यक्तियों को परिवार और समाज पर भार समझा जाता था और इस प्रकार उनकी उपेक्षा की जाती थी।

समाज का दृष्टिकोण – बुढ़ापा, जीवनक्रम के प्रभाव में एक नया मोड़ है। नई परिस्थितियों के साथ तालमेल कर जीवन बिताने में ही सुख है। परिवर्तन प्रकृति का नियम है, समाज में भी सहज परिवर्तन होते रहते हैं। भारतीय समाज में लम्बे समय से बुजुर्गों का सम्मानित स्थान रहा है। परिवार में उनके अनुभवों एवं मार्गदर्शन की अहम् भूमिका रही है। आज भौतिकवादी संस्कृति के बढ़ते वर्चस्व के कारण इन बुजुर्गों को अप्रासंगिक समझा जाने लगा है। भारतीय सामाजिक प्रणाली को उनकी परम्पराओं, सामाजिक मूल्यों और संस्कृति के लिये जाना जाता है। उसी में से एक संयुक्त परिवार प्रणाली है, जहाँ परिवार का प्रत्येक सदस्य बुजुर्गों को उचित सम्मान व संरक्षण दिया जाता था।

समय के प्रभाव के साथ सामाजिक नैतिक मूल्यों में परिवर्तन आया। भौतिकवादी संस्कृति व औद्योगीकरण के कारण लोगों को रोजगार, शिक्षा व व्यावसायिक प्रशिक्षण के लिए गाँवों से शहर की ओर पलायन करने को मजबूर होना पड़ा। परिणामस्वरूप संयुक्त परिवार प्रणाली का भी विघटन होने लगा और एकल परिवार अस्तित्व में आने लगे। आज एक तरफ जहां जगह का अभाव व अपनी व्यस्त जिंदगी की वजह से युवा वर्ग वृद्ध माता-पिता को साथ रखने में कठिनाई महसूस करते हैं, वहीं दूसरी ओर बुजुर्गों को नई पीढ़ी के साथ सामंजस्य बैठाने में एक पीढ़ी का फासला आड़े आता है। युवा पीढ़ी वृद्धों को अपने स्वतंत्र जीवन के बंधक के रूप में देखते हैं। वृद्धजनों को वर्तमान परिवेश की जीवनशैली पसंद नहीं है, इन्हीं कारणों से दोनों पीढ़ियों में टकराव की स्थिति बन रही है। बड़े-बुजुर्ग परिवार में उपेक्षा के शिकार हो रहे हैं।

समाज में ऐसा भी देखने को मिलता है कि वृद्धजनों की आवश्यकताओं की पूर्ति की जाती है, खाने-पीने से लेकर ईलाज के लिए दवा, मनोरंजन के साधन आदि लेकिन इन सब साधनों के बावजूद उनके मन में असंतोष है, घुटन है, अपनापन का अभाव है। उन्हें चाहिए अपनी संतान का साथ, जीने का परिवेश, उन्हें ऐसा व्यक्ति चाहिए जो उनकी बात सुने और अमल करे। यूरोप के देशों में स्टूडियो अपार्टमेंट में वृद्ध अपनी बाकी ज़िंदगी काटते हैं। इनमें सारी सुविधाऐं मौजूद होती है, उनका विचार है कि इस प्रकार के लोगों के लिए होस्टल जैसी व्यवस्थाऐं होनी चाहिए ताकि वे आपस में विचार-विमर्श, विचारों का आदान-प्रदान कर सके। भारतीय संस्कृति में ऋण से उऋण की प्रणाली है, जहाँ माता-पिता के कर्ज को चुकाना पड़ता है लेकिन आज समाज में वृद्ध माता-पिता बोझ समझे जाते हैं। इतिहासकारों ने यह भी निष्कर्ष निकाला है कि समाज में वृद्धों को भार माना जाता है और उन्हें खाना, कपड़ा भी नहीं दिया जाता, साथ ही घर से निकाल दिया जाता है। अपने बुजुर्गों को भीख मांगकर गुजारा करने और मरने के लिए छोड़ दिया जाता है। यू.एन.पी.एफ. के एक आंकलन के मुताबिक देश के ग्रामीण व शहरी क्षेत्रों में कुल मिलाकर 20 फीसदी बुजुर्ग अकेले या अपने जीवनसाथी के सहारे जीवन काटने को विवश हैं। पारिवारिक विघटन के कारण भी वृद्धों को अत्यन्त ही दयनीयता की स्थिति का सामना करना पड़ रहा है।

हमें यह नहीं भूलना चाहिए कि बुजुर्गों में समाज को शिखर पर पहुँचाने की असीम भौतिक क्षमता व सम्भावनाऐं आज भी विद्यमान है। पूरे विश्व में क्रांति या परिवर्तन लाने का श्रेय युवको को ही है, लेकिन यह भी सच है कि यह क्रांति और परिवर्तन बुजुर्गों के मार्गदर्शन से ही संभव हो पाया है।

वृद्धावस्था सुरक्षा – वृद्धजनों को अपनी वृद्धावस्था के दिनों को आराम व शांति से व्यतीत करने का अवसर प्रदान करने के लिए प्रत्येक समाज द्वारा उन्हें सुरक्षा व सुविधाऐं किसी न किसी रूप में उपलब्ध कराए जाते हैं। परम्परागत हिन्दू समाज में संयुक्त परिवार इसी प्रकार की सुरक्षा प्रदान करने की एक व्यवस्था है। कई देशों में वृद्धजनों के लिए कल्याणकारी कार्यक्रम चल रहे हैं। 26 जुलाई से 06 अगस्त 1982 तक विएना (आस्ट्रेलिया) में हुए अंतर्राष्ट्रीय वृद्धावस्था कार्यक्रम में, जिसमें भारत सहित 124 राष्ट्रों ने भाग लिया, सार्वभौम घोषणा पत्र निर्धारित किया गया, जो वृद्धावस्था पर पूर्ण व व्यापक रूप से लागू होता है। यह भी निर्धारित किया गया है कि वृद्धों को यथासंभव अपने परिवारों एवं समुदायों में आनंदपूर्वक जीवन यापन करने दिया जाए, ताकि वे पूर्ण स्वस्थ, सुरक्षित एवं संतुष्ट जीवन बिता सके।

भारत में वृद्धों के लिए वृद्धाश्रम केन्द्र, देखभाल गृह आदि स्थापित किये गए हैं। केन्द्रीय व राज्य सरकारें स्वयंसेवी संगठन को आर्थिक मदद देकर वृद्ध कल्याण कार्यक्रम क्रियान्वयन कर रही है। सरकार निराश्रित वृद्धजनों को पेंशन भी देती है। नियमित सेक्टर में वृद्धावस्था एक समुचित पेंशन के आधार पर आराम से जीवन गुजारने का वक्त होता है, यहां पेंशन

* सहायक प्राध्यापक (समाजशास्त्र) शासकीय कन्या महाविद्यालय, रतलाम (म.प्र.) भारत

उस शख्स की सेवानिवृत्ति के समय मिल रहे वेतन का अमूमन आधा होती है, परन्तु यह ज्यादातर वृद्धों के लिए महज एक स्वप्न है, क्योंकि अनियमित सेक्टर में कुछ ही सामाजिक सुरक्षा योजनाऐं होती हैं। रेल मंत्रालय वृद्धजनों को वरिष्ठ नागरिक के तौर पर सम्मानजनक संज्ञा देकर यात्रा भाड़ें में छूट देते हैं। आयकर विभाग द्वारा बुजुर्गों को आयकर में छूट का प्रावधान दिया गया है।

निष्कर्ष – प्रतिवर्ष 1 अक्टूबर को वृद्ध दिवस मनाया जाता है। वृद्ध दिवस मनाना सिर्फ तभी सार्थक है, जब हम वृद्धजनों को उचित सम्मान दें, उन्हें किसी भी प्रकार की कठिनाई का अनुभव न हो। बुजुर्ग सम्भावनाओं के समुद्र होते हैं, उनके अनुभव, ज्ञान एवं सृजनात्मक शक्ति की अपार संभावनाओं को नकारा नहीं जा सकता।

संदर्भ ग्रंथ सूची :-

1. नातेदारी परिवार एवं विवाह – डॉ. डी.एस. बघेल
2. सामाजिक विघटन और सुधार – डॉ. सरला दुबे।
3. आधुनिक समाजशास्त्रीय निबन्ध – डॉ. एन.एन. सिंह

****

व्यक्तित्व विकास में संस्कारों का महत्व

डॉ. राजश्री शाह *

प्रस्तावना – 'संस्कारों का उदय सुदूर अतीत में हुआ था और कालक्रम से अनेक परिवर्तनो के साथ आज भी जीवित है।'

वैश्वीकरण के इस दौर में व्यक्ति के व्यक्तित्व विकास में लिए भारतीय संस्कृति के संस्कार उपादेय बन सकते है। संसार का कोई भी धर्म या संस्कृति ऐसी नही है जिसमें धार्मिक, सामाजिक एकता स्थापित करने के लिए कुछ संस्कारों का उल्लेख नही हो।

भारतीय संस्कृति में संस्कारों का संबंध नैतिक मूल्यों से है नैतिक मूल्य व्यक्तित्व विकास में सहायक है। व्यक्तित्व का निर्माण शारीरिक–मानसिक एवं सामाजिक योग्यता से होता है। आज के बदलते परिवेश में भारतीय समाज के संस्कारो में परिवर्तन आ रहा है इसी परिवर्तन के कारण समाज में व्यक्तित्व विघटन की दर बढ़ी है। आज का युवा हमें शारीरिक–मानसिक रूप से त्रस्त दिखाई देता है। माता – पिता के पास समय नहीं है कि वे संस्कारो का पालन कर बच्चे का विकास करे। छोटे बच्चों का मस्तिष्क तेजी से विकसित हो होता है, उस समय संस्कार प्रेरणा, चुनौति और सही गतिविधियाँ उसके दिमागी विकास की ऐसी नींव रखती है जिसके लाभ जीवन भर उसके व्यक्तित्व में झलकते है।

संस्कार जीवन की वह विधि है जो प्रत्येक व्यक्ति को एक विशेष परिस्थति में अपने कर्त्तव्यों का बोध कराती है इसी दृष्टिकोण से भारतीय समाज में संस्कारों को सांसारिक तथा आध्यात्मिक जीवन के बीच समन्वय स्थापित करने वाले साधन अथवा माध्यम के रूप में विकसित किया। संस्कार व्यक्ति के जीवन को परिष्कृत शुद्ध करने का एक माध्यम है। यह संस्कार जहाँ एक और कुछ विशेष परिस्थतियों अथवा अवसरों पर व्यक्ति को उसके सामाजिक कर्त्तव्यों का बोध कराती है वहाँ इनके द्वारा उन आलौकिक शक्तियों को प्रसन्न करने का प्रयत्न करती है।

विभिन्न समाजों में संस्कारों की प्रकृति में पायी जाने वाली भिन्नता का संबंध उस समाज के मूल्यों में होता है। जिस समाज में जिन आदर्शो को महत्वपूर्ण माना जाता है उसे धार्मिक रूप प्रदान कर मूल्यों के रूप में विकसित कर दिया जाता है और यही मूल्य विधि–विधानों से सम्पन्न होता है तो उसे संस्कारो के नाम से जाना जाता है। प्रत्येक संस्कार अपने–अपने समय में उपयोगी होते है लेकिन धीरे–धीरे सामाजिक मूल्यों और व्यक्ति के विचारों में परिवर्तन होने के कारण वह अनुपयोगी होने लगते है। यदि इन संस्करों को बदलते हुऐ समाज के साथ परिष्कृत कर उसे पुन: अपना लिया जाऐ तो न केवल व्यक्ति का विकास बल्कि समाज का भी विकास हो सकता हैं। हिन्दु संस्कृति में 16 संस्कारों का उल्लेख है। कहीं–कहीं पर 40 संस्कारों का भी उल्लेख है। हिन्दु जीवन यात्रा प्रमुख संस्कारों में भिन्नता है। यह सभी संस्कार व्यक्ति के व्यक्तित्व विकास के लिए उपयोगी है। स्वामी दयानंद सरस्वती की पुस्तक संस्कार विधि में 16 संस्कारों का उल्लेख है। सामान्यत: संस्कारों को तीन भागो में बॉटा गया है। (1) जन्म के पूर्व (2) जन्म के पश्चात् (3) मत्यु पर्यन्त इन वर्गीकरण के आधार पर प्रमुख संस्कारों को समझाया जा सकता है।

जन्म के पूर्व संस्कार – व्यक्तित्व परिशुद्धि होने के कारण ऐसे संस्कारों का विधान जन्म से पूर्व बच्चे की मंगल कामना तथा जन्म को धार्मिक रूप प्रदान करते हुए माता को उसके कर्त्तव्य से अवगत कराना है। आज के फैशन के दौर में माता यदि पूर्णतया संस्कारों का पालन करती है तो उत्तम पुत्र को जन्म दे सकती है। पाराशर स्मृति में लिखा गया है कि गर्भाधान संस्कार के बिना जन्म लेने वाला बच्चा अशुद्ध होता है पवित्र गर्भ पवित्र बच्चे को ही जन्म देता है।

पुंसवन संस्कार भावी शिशु के जीवन में मंगल कामना का प्रतीक है तो सीमन्तोन्नयन संस्कार माँ के स्वास्थ्य की रक्षा एवं किसी भी प्रकार की दुर्घटना से बचाना है। यह संस्कार उसे याद दिलाते है कि वह माँ बनने वाली है अत: स्वयं के स्वास्थ्य का ध्यान रखते हुए अच्छे स्वस्थ कार्य करे एवं स्वस्थ शिशु का जन्म दे। स्वस्थ शिशु ही परिवार एवं समाज का निर्माण करता है। जन्म के पूर्व के संस्कार व्यक्ति के विकास में योगदान देते है।

जन्म के पश्चात संस्कार– बाल्यावस्था में बच्चे का शारीरिक मानसिक विकास उसके सम्पूर्ण जीवन को प्रभावित करता है इसलिए जन्म के पश्चात वाले संस्कार जातकर्म, नामकरण, निष्क्रमण, अन्नप्रासन, चूडाकरण, कर्णवेध आदि संस्कारों का जीवन में महत्वपूर्ण स्थान है। यह सभी संस्कार बालक के दीर्घायु सौंदर्य और कल्याण की कामना के लिए किये जाते है। वर्तमान समय में अलंकरण का प्रचलन स्त्रियों तक ही सीमित रहने के कारण पुत्र के कानों को छेदने का प्रचलन तेजी से समाप्त हुआ है लेकिन आज पुन: लड़को में कान छेदने की प्रथा प्रचलन में आई है। स्वास्थ्य की दृष्टि से भी कर्ण छेदन एक्यूप्रेशर का कार्य करती है जिसमें कर्ण एवं कर्ण से जुड़ी अन्य बीमारियों से छुटकारा पाया जा सकता है।

विद्यारम्भ संस्कार– विद्यारम्भ संस्कार ॐ शब्द से प्रारंभ होता है इस संस्कार से बालक की मानसिक सफलता की कामना की जाती है। ॐ शब्द आध्यात्मिक शक्ति का प्रतीक है अत: बालक ॐ शब्द लिखकर जीवन में आध्यात्मिकता का विकास कर जीवन को परिष्कृत करे। इसी प्रकार उपनयन संस्कार, जिनका वैदिक काल से विशेष महत्त्व रहा है इसे जनेऊ संस्कार भी कहा जाता है इस संस्कार का मुख्य उद्देश्य छात्र का विद्या अध्ययन के लिए आचार्य के पास ले जाना है। गुरू द्वारा बालक को ब्रह्मचर्य के नियमों और कर्त्तव्यों का उपदेश देकर उसे गायत्री मंत्र दिया जाता है। यह एक ऐसा संस्कार है जो किशोरावस्था से संबंधित है इसका पालन करने से जीवन अनुशासित होता है। किशोरावस्था तनाव से परिपूर्ण होती है और उपनयन संस्कार द्वारा ही

* प्राध्यापक (समाजशास्त्र) शासकीय कन्या महाविद्यालय, रतलाम (म.प्र.) भारत

किशोरों को शांतिपूर्ण तरीके से जीवन व्यापन करने की एवं बह्मचर्य व्रत की दीक्षा दी जाती है। यहीं पर माता–पिता व गुरू के प्रति निष्ठा की भावना पैदा की जाती है आज के वर्तमान परिवेश में तो इस संस्कार की अनिवार्यता दिखाई देती है। आज इस संस्कार में अनेक परिवर्तन होता दिखाई देता है पर फिर भी यह संस्कार आज भी बना हुआ है।

वेदारम्भ, गोदान, संस्कार धीरे–धीरे समाप्त हो गये है। लेकिन सर्मावर्त्तन संस्कार जिसका शाब्दिक अर्थ घर की और प्रस्थान अर्थात विवाह संस्कार का प्रवेश द्वारा आज भी परिवर्तन के साथ विद्यमान है।

विवाह संस्कार – हिन्दु जीवन से संबंधित महत्त्वपूर्ण संस्कार जो पति–पत्नी को जन्म जन्मान्तर तक के धार्मिक बंधनो में बांधता है। हिन्दुओं में विवाह को अनिवार्य एवं धार्मिक संस्कार माना है इसलिए भारत में अन्य राष्ट्रों की तुलना में विवाह संस्कार का आज भी पालन किया जाता है। हिन्दु जीवन में विवाह संस्कारों को पूर्ण करने के लिए अनेक नियमों एवं निषेद्यों का पालन किया जाता है। इस संस्कार में प्राचीन मान्यताओं में परिवर्तन आने के बाद भी विवाह संस्कार की प्रकृति में अधिक परिवर्तन नहीं हुआ है इस संस्कार का संक्षिप्तीकरण अवश्य हुआ है क्योंकि आज का युग व्यस्तम युग है और समय का अभाव है, लेकिन फिर भी अनुष्ठानों में ही इसे सम्पन्न करवाया जाता है। यह संस्कार धार्मिक रीति से होने के कारण कोई भी दम्पत्ति इसे तोड़ना नहीं चाहते और इस प्रकार सुखमय दाम्पत्य जीवन एवं परिवार का विकास होता है।

टूटे परिवार न सिर्फ पति–पत्नी का विघटन करते है बल्कि बच्चों के भविष्य को भी प्रभावित करते है इससे सम्पूर्ण समाज का विकास रूकता है। अन्तिम संस्कार अन्त्येष्टि अर्थात मृत्यु संस्कार यहाँ व्यक्ति के सांसारिक जीवन की समाप्ति। इसी कारण से व्यक्ति जीवन भर अच्छे कार्य करता रहता है क्योंकि अन्य संस्कार तो इह लोक का सुधार करता है परन्तु यह संस्कार परलोक का भी सुधार करता है। इस प्रकार अन्त्येष्ठि हिन्दु जीवन यात्रा की समाप्ति का सूचक है।

यह सभी संस्कार व्यक्ति का समाजीकरण करने एवं व्यक्तित्व विकास के प्रमुख आधार रहे है। इनकी सामाजिक अनिवार्यता के कारण ही प्राचीन समाज में सामाजिक समस्याएँ बहुत कम तनाव एवं चिंताओ से हल हो जाती थी यदि आज भी इन संस्कारों का प्रयोग पुत्र एवं पुत्रियों के लिए संक्षिप्त रूप में ही किया जावे तो युवाओं के लिए उपयोगी एवं व्यक्तित्व विकास में सहायक बन सकते है। संस्कार शिक्षा, समाजिकरण, नैतिक एवं सांस्कृतिक विकास के सहायक है अत: इन्हे अनुपयोगी संस्था के रूप में न देखकर उपयोगी रूप में देखा जाना चाहिए। क्योंकि संस्कार बिना की सुविधाएँ नैतिक पतन का कारण है।

संदर्भ ग्रंथ सूंची :–

1. कनिष्का – नैतिक मूल्य और भाषा।
2. मधुरिमा – 7 जून 2015
3. वैदिक संस्कृति एवं समानता – डॉ. मुंशीराम शर्मा।
4. सनातन संस्कार विधि – आचार्य गंगा प्रसाद शास्त्री।
5. भारतीय समाज और संस्कृति–आर.एन.मुकर्जी।

****

समाज सुधारक के रूप में डॉ. अम्बेडकर

जागृति आर्य *

समाज सुधारक के रूप में डॉ. अम्बेडकर – अपनी विलक्षण क्षमताओं के आधार पर एक विशिष्ट स्थान बना चुके डॉ. भीमराव अम्बेडकर का जीवन अनेक प्रकार की विविधिताओं से परिपूर्ण है। उनकी सर्वाधिक ख्याति एक संविधान निर्माता तथा समाज के उपेक्षित और वंचित वर्ग के अधिकारों की रक्षा हेतु संघर्षरत योद्धा के रूप में ही अधिक है। उनके जीवन के ये दोनों ही आयाम महत्वपूर्ण हैं किन्तु, आश्चर्य की बात यह है कि उनके जीवन और कार्य के अनेक महत्वपूर्ण आयाम और भी हैं, जिनके बारे में अध्ययन, चिन्तन तथा विश्लेषण आवश्यकतानुरूप नहीं हो पाया है।

विलक्षण क्षमता और प्रतिभा – एक बात हम सभी को सदैव ध्यान में रखनी होगी कि अति सामान्य परिवार में जन्मे डॉ. भीमराव अम्बेडकर, सभी प्रकार के अभाव, उपेक्षा, अपमान एवं तिरस्कार सहते हुए अपनी विलक्षण क्षमताओं और प्रतिभा के बल पर आज एक महत्वपूर्ण स्थान पर विराजमान हैं। उनकी प्रतिभा को देश ने स्वीकार किया था। इसी के फलस्वरूप, वे संविधान निर्मात्री सभा के सदस्य बने। उनके मन में यह लक्ष्य था कि देश में अस्पृश्य बन्धुओं को उनके संवैधानिक अधिकार दिलाने का प्रयास करूंगा। उनको आश्चर्य तो तब हुआ जब उन्हें संविधान प्रारूप समिति का सदस्य बनाया गया, और जब उन्हें इस प्रारूप समिति का अध्यक्ष बनाया गया तब तो उनके आश्चर्य की सीमा नहीं रही। उनको स्वप्न में भी यह कल्पना नहीं थी कि एक ऐसी सभा (संविधान सभा), जिसमें अधिकांश सदस्य तथाकथित उच्च जातियों के थे, मिलकर उन जैसे एक अस्पृश्य व्यक्ति को प्रारूप समिति का अध्यक्ष भी बना सकते हैं।हम यहां विचार करेगें कि डॉ. अम्बेडकर का समाज सुधारक के रूप में मौलिक स्वरूप कैसा है? हम जानते हैं कि विगत दो हजार वर्षों की व्यापक राजनीतिक एवं सामाजिक उथल–पुथल ने कुछ विचित्र परिस्थितियां खड़ी की और समाज में अनेक प्रकार के विभेद उत्पन्न हो गये थे। इस दृष्टि से व्यापक समाज सुधारों की आवश्यकता थी।

इस आवश्यकता के अनुरूप ही डॉ. अम्बेडकर एक समाज सुधारक थे तथा युगानुकूल सामाजिक व्यवस्थाओं की पुनर्स्थापना के वे पुरोधा थे। सदियों से वंचित, उपेक्षित अपमानित एवं तिरस्कृत जातियों को उन्होंने आशा और विश्वास के साथ एक मजबूत संबल प्रदान किया, जो असहाय और असंगठित थे उन्हें एक मजबूत आधार और मंच दिया, भय और प्रताड़ना के कारण जिनकी वाणी मूक हो गई थी उन्हें सशक्त वाणी दी। साथ ही, अन्याय और अत्याचार के विरुद्ध एकजुट होकर संघर्ष करने की क्षमता भी उन्हें प्रदान की।यह बात हमारे स्मरण में सदैव रहनी चाहिए कि वे जिस व्यवस्था के विरुद्ध लड़ रहे थे वह सदियों की रूढ़ परम्पराओं के कारण दृढ़ हो गई थी और कहीं–कहीं तो उसने तथाकथित शास्त्रों और धर्म की विकृत धारणाओं से सहारा लेने की कोशिश भी की थी। इस कारण, इन कुरीतियों, रूढियों तथा मिथ्या मान्यताओं की जड़ें गहरी थी तथा ये दीवारें बहुत मजबूत थी। इनसे संघर्ष लेना और उनको ढहाना आसान न था।डॉ. अम्बेडकर ऐसे दृढ़ प्रतिज्ञ व्यक्ति थे जिन्होंने अपने बाल्यकाल से लेकर संविधान प्रारूप समिति के अध्यक्ष पद तक इन भेदभावों को स्वयं झेला। अपमान और तिरस्कार की पीड़ा ने अनेक बार उनके हृदय के अन्तरतम को झकझोर कर रख दिया था। अपने करोड़ों बन्धुओं के दुख को देखकर वे दृढ़ होते चले गये। अपना यह जीवन इन्हीं पीड़ित मानवजनों के दुखों को दूर करने में ही लगा दूंगा यह संकल्प दिन प्रतिदिन और अधिक मजबूत होता चला गया।भौतिक सुखों की चाह, उच्च पद प्राप्त करने की महत्वाकांक्षा, व्यक्तिगत प्रतिष्ठा, परिवार आदि का मोह भी उन्हें इस मार्ग से कभी विचलित न कर सका। इसी कारण जब आवश्यकता पड़ी तब वे केन्द्रीय मंत्री का प्रतिष्ठित पद छोड़कर नेहरू जी के मंत्रिमंडल से बाहर आ गये। हैदराबाद के निजाम तथा वैटिकन सिटी के पोप द्वारा अकूत सम्पत्ति का निवेदन भी उन्हें उनके मार्ग से भ्रमित न कर सका और वे निरन्तर अपने सुनिश्चित मार्ग पर चलते रहे जिसके द्वारा करोड़ों अस्पृश्य बन्धुओं को सम्मानित जीवन प्राप्त करवा सके।

आन्दोलनकारी समाज सुधारक – डॉ. अम्बेडकर जी के जीवन में एक महत्वपूर्ण बात हमको दिखलाई देती है वह यह है कि वे पुरानी सभी मान्यताओं, आदर्शों और व्यवस्थाओं को ध्वस्त करना नहीं चाहते तथा किसी जाति या वर्ण के वे शत्रु नहीं हैं, जो अच्छा है वह संभालकर रखना और जो अनावश्यक है उसे हटाना ही उन्हें अभीष्ट है। इस दृष्टि से वे एक आन्दोलनकारी हैं।डॉ. अम्बेडकर यह जानते थे कि भारतीय दर्शन के मौलिक तत्व बहुत उदात्त हैं। किन्तु, विकृतियों, रूढियों, ढोंग, पाखण्ड, कर्मकाण्डों एवं परंपराओं का अनावश्यक अतिरेक, जिसने उस समस्त दर्शन जो सभी मनुष्यों को समान मानता है तथा करुणा, प्रेम, ममता, बन्धुत्व, दया, क्षमा, श्रद्धा आदि सद्गुणों का सन्देश देता है एवं उसका संरक्षण भी करता है, को ढंक लिया है, वही हमारे परिवर्तन का मूलाधार बना रहे।सुधारवादी आन्दोलन को चलाते समय हर क्षण यह बात स्मरण रखनी होगी कि यदि किसी भी कारण से आपसी प्रेम, ममता और बन्धुत्व का भाव समाप्त हो गया तो परिवर्तन का यह संघर्ष एक क्रूर वैमनस्य में बदलकर अधिकतम अधिकारों को पाने की इच्छा रखने वाले गृहयुद्ध में बदल जायेगा। वे कहते थे कि हम यह बात ध्यान में रखें कि हमारे देश में सभी सद्गुणों का दाता, धर्म है।

इस धर्म को अपने विशुद्ध रूप में पुनर्स्थापित करना है। ढोंग, पाखण्ड, भेदभाव, कर्मकाण्ड आदि के परे धर्म में अन्तर्निहित महान सद्गुणों को संरक्षित करते हुए हमें आगे बढ़ना है। कुछ लोग कहते हैं कि धर्म की मानव जीवन में कोई आवश्यकता नहीं है। डॉ. अम्बेडकर लोगो के इस मत से सहमत नहीं थे। उन्होंने कहा– कुछ लोग सोचते हैं कि धर्म समाज के लिए अनिवार्य नहीं है, मैं इस दृष्टिकोण को नहीं मानता। मैं धर्म की नींव को समाज के जीवन तथा व्यवहार के लिए अनिवार्य मानता हूं।मार्क्सवादी लोग धर्म को अफीम कहकर उसका तिरस्कार करते हैं। धर्म के प्रति यह विचार मार्क्सवादी दृष्टिकोण की आधारशिला है। डॉ. अम्बेडकर मार्क्सवादियों के इस मत से सहमत नहीं थे। वे इस बात से पूरी तरह आश्वस्त थे कि धर्म मनुष्य को न केवल एक अच्छा चरित्र विकसित करने में सहायता करता है अपितू वह समाज के संरचनात्मक पक्षों को भी निर्धारित करता है। चरित्र एवं शिक्षा को वे धर्म का ही अंग मानते थे।वे कहते थे धर्म के प्रति नवयुवकों को उदासीन देखकर मुझे दुख होता है। डॉ. साहब का मानना था कि धर्म कोई पंथ या कर्मकाण्ड नहीं है। धर्म के नाम पर हो रहे निरर्थक ढोंग, पाखण्ड तथा व्यर्थाडम्बरों को वे धर्म नहीं मानते। धर्म से उनका तात्पर्य है– व्यक्तिगत, पारिवारिक एवं सामाजिक व्यवस्थाओं को आदर्श रूप से संचालित करने वाला नैतिक दर्शन, जो सभी के लिए श्रेयस्कर है वही धर्म है।

सन्दर्भ ग्रथं सूची –

1. समाज शास्त्रीय विचारों का आधार (प्रो. अग्रवाल)।
2. इन्टरनेट , समाचार पत्रिकाएँ।

* अतिथि विद्वान (समाजशास्त्र) शासकीय कन्या महाविद्यालय, मन्दसौर (म.प्र.) भारत

Morphometric Analysis of the Chhoti Kali Sindh River Basin of Ujjain District (M.P.) India

Dr. Akhtar Bano *

Introduction - Morphometry is an important means in geomorphic analysis of an area. Morphometry is defined as the measurement and mathematical analysis of the configuration of the earth's surface and of the shape and dimension of its land-forms (Clark, 1966).

Morphometric methods have been applied for the analysis of area, height relationship, and determination of erosion, surface, slopes, relative relief and terrain characteristics as a whole.

The morphometric analysis of different basins has been done by various scientists using conventional methods (Narendra & Rao, 2000).

The use of earth observation, data and G-95 techniques in morphometric analysis have emerged as powerful tools in recent years.In the present study earth observation data has been used to compute basin morphometric characteristics by taking linear, areal and relief parameters of the Chhoti Kali Sindh river basin. Such analysis aids in understanding the hydrological, geological and topographical characteristics of the basin. Indicating that the basin is mostly controlled by structure. The basin has medium drainage density of l.09 per km. and is elongated in shape. The length of overland flow value of the basin is 1.12 indicating medium relief. The study has strengthened the understanding of the hydrological, geological and geo-morphological characteristics of the Chhoti Kali Sindh drainage system.

Methodology - Various morphometrs namely- Stream Order (N_u), Bifurcation Ratio (R_b), Mean Bifurcation Ratio (R_{bm}), Drainage Density (D), Overland Flow (L_g) have been computed (Table 1).

Table 1 (See in last page)

Results and Discussions - The various morphometric parameters of the Chhoti Kali Sindh river basin have been computed and summarized as follows:

3.1 Linear Aspects - Drainage network of the Chhoti Kali Sindh river basin is showed in Fig.1.

Fig.1

Stream Order -Drainage network of the Chhoti Kali Sindh river basin is presented in Fig.1. Stream link and the nodes characterize linear aspects of the basin. The linear aspects include the Stream Order (U), Bifurcation Ratio (R_b), where determined and results have been shown in Table 2.



Table 2 - Computation of Chhoti Kali Sindh river basin Area of Basin

	A	B	C
No. of First Order Stream	35	23	24
No.of Second Order Stream	13	5	7
No.of Third Order Stream	7	2	2
Total No. of Stream	55	30	33
Length of First Order Stream	30.35	12.85	16.7
Length of Second Order Stream	10.65	6.65	8.3
Length of Third Order Stream	7.25	2.25	3.65
Total Length	48.25	1.75	28.65
Length of Basin (Km.)	3.5	5.8	5.9
Width of Basin (in Km)	8.5	4.5	6.25
Area of Basin	29.75	24.65	38.87
Highest Elevation of Basin	447	460	460
Lowest Elevation of Basin	431	440	422
Area Of Plenimiter	21.6	17.4	21.15

Source: Topographical sheet no. 45 $\frac{M}{10}$

Stream Order (U) - Ranking of stream has been carried out based on the method given by Strahter (1964). The smallest tributaries are designated as order 1 where the two first order channels join, a channel segment of 2nd order is formed and so third. The trunk stream through which all discharge and sediments pass is therefore the stream segment of the highest order. It has been found that the study area is third order drainage basin. Altogether 118 numbers of streams are identified out of which 82 are first order, 25 are of second

*Asst. Professor (Geography) R.G. Govt. P.G. College, Mandsaur (M.P.) INDIA

order, and 11 are of third order streams. The pattern of river is dendric drainage pattern. It means the texture of river basin is homogeneous.

Stream Length (L_u) - Stream length is measured by the law proposed by the Harton (1945). Stream length is one of the significant features of the basin as it reveals surface run off characteristics. Streams of relatively smaller lengths indicate that the area is with high slopes. Longer lengths are indicate of flatter gradient. Usually the total length of stream segments is highest in first order streams and it decreases as the stream order in the present case. This shows that the basin is subjected to erosion and also that some areas of the basin are characterized by variation in lithology and topography (Singh and Singh, 1997); (Vittala et al., 2004 and Chopra et al., 2005)

Bifurcation Ratio (R_b) - According to the Schumm (1956) the term bifurcation ratio may be defined as the ratio of the number of the stream segments of given order to the number of segments of the next higher order. The R_b values of study area (Table 2) indicate that there is a uniform decrease in R_b values from the first order streams to the third order streams.

Drainage Density (D) - Drainage density is defined as the ratio of total length of streams of all orders with in the basin to the basin per unit area, which is expressed in terms of km/sq.km. It indicates the closeness of spacing of channels, thus providing a quantitative measure of the average length of stream channels for the whole basin (Horton1932). The drainage density in the basin is 1.09 per km^2 ie medium drainage density indicating that the basin has permeable rocks.

Table 3 (see in bottom of page)

Stream Frequency (F_s) - The total number of stream segments of all orders per unit area is known as stream frequency (Horton 1932). The str eam frequency (F_s) value of the Chhoti Kali Sindh river basin is 1.32. The value of stream frequency of the basin exhibits positive correlation with drainage density of the area this indicates that with increase in stream there is an increase in drainage density.

Form Factor (R_f) - Form factor may be defined as the ratio of the area of the basin of the square of the basin length (Horton 1932). It is the quantitative expression of drainage basin outline form. Smaller the value of form factor more elongated will be the basin. Form factor (R_f) value of study area is 1.40. This indicates that the basin is elongated in shape.

Circulatory Ratio (R_c) - Miller (1953) defined a dimensionless circulatory ratio (R_c) as the ratio of basin area to the area of circle having the same perimeter as the basin. He described that the circulatory ratios ranges from 0.4 to 0.5 which indicates strongly elongated and permeable homogeneous geologic materials. The study area the R_c value is 1.5 indicating that the basin is elongated in shape having low discharge of run off and highly permeability of sub soil conditions.

Elongation Ratio (R_e) - Elongation ratio is the ratio between the diameter of the circle of the same area as the drainage basin and maximum length of the basin. The elongation ratio value of the Chhoti Kali Sindh basin is 0.03 which indicates that the major part of basin is of low relief.

Length of Overland Flow (L_g) - The length of over land flow approximately equals to the half of reciprocal of drainage density (Horton 1985). It is the length of water over the ground before it gets concentrated into definite stream channels. The length of overland flow of the study area is 1.12, indicating old topography.

Relief aspects - Relief aspects of drainage basin relate to the three dimensional features of the basin involving area, volume and altitude of vertical dimensions of landforms wherein different morphometric methods are used to analyze terrain characteristics. In this study thus relief aspects includes the analysis of averages slopes.

Conclusion - The morphometric analysis has been carried out through measurement of linear, areal and relief aspects of the basin. It has been found that the study area is three order drainage basin. Dendrictic drainage pattern is in the plateau parts of the drainage basin indicating the homogeneity in texture and lack of structural control.

From the study it can be concluded that areas drained by drainage orders of 1st, 2nd and 3rd have bifurcation ratio between 1.51 to 2.31.

References :-

1. देव, सुनील (2011), भू आकृति विज्ञान, विश्व भारती पब्लिकेशन्स, नई दिल्ली।
2. सिंह, रविन्द्र (2012), भू आकृति विज्ञान का स्वरूप, प्रयाग, पुस्तक भवन, इलाहाबाद ।

Table 3 - Areal Aspects of the Chhoti Kali Sindh River Basin

Area (sq.km.)	81.27	Drainage density	1.09	Form factor	1.40
Perimeter (km)	60.65	Stream frequency	1.32	Circulatory ratio	1.5
Elongation Ratio	0.03	Length of over land flow	1.12		

Table 1 : Formula Adopted for Computation of Morphometric Analysis

S.No	MorphometricParameters	Formulae	Reference
1.	Stream order (u)	Hierarchical rank	Strahler (1964)
2.	Stream length (L_u)	Length of the stream	Horton (1945)
3.	Bifurcation ratio (R_b)	$R_b = N_u / N_u + 1$ Where, R_b = Bifurcation ratio N_u = Total no. of stream segments of the order 'u' N_u +1 = Number of segments of the next higher order	Schumn (1956)
4.	Stream frequency (F_s)	$F_s = N_u / A$ Where, F_s = Stream frequency Nu = Total no. of streams of all orders A = Area of the basin (Km^2)	Horton (1932)
5.	Drainage texture (R_t)	$R_t = N_u / p$ Where, R_t = Drainage texture N_u = Total no. of streams of all orders P = Perimeter (km)	Horton (1945)
6.	Form factor (R_f)	$R_f = A / Lb^2$ Where, R_f = Form factor A = Area of the basin (Km^2) Lb^2 = Square of basin length	Horton (1932)
7.	Circularity ratio (R_c)	$R_c = 4*pi*/p2$ Where, R_c = Circularity ratio Pi = 'Pi' value i.e., 3.14 A = Area of the basin (km) P^2 = Square of the perimeter (km)	Miller (1953)
8.	Elongation ratio (R_e)	$R_e = {}^{2"}(A/P_t) / L_b$ Where, R_e = Elongation ratio A = Area of the basin (km^2) P_t = 'P_t' value i.e., 3.14 L_b = Basin length	Schumn (1956)
9.	Length of overland flow (L_g)	$L_g = 1 / D*2$ Where, L_g = Length of overland flow D = Drainage density	Horton (1945)

****

The Perception of Dr BR Ambedkar Regarding the Problems of Small Agricultural Land Holdings

Dr. Prabhakar Mishra *

Abstract - The agricultural land of a nation plays an important role to generate economic power and employment to the population. The decreasing size and the fragmentation have an effect on the productivity of agricultural land holdings. In present paper, an effort has been made to discuss the perception of Dr BR Ambedkar pertaining to the problems and the solutions to make the agricultural land holdings economically more productive and sustenance to face the forthcoming challenges.

Introduction - Of all the natural resources land has an indispensable responsibility to capitalize other natural as well as human resources. Agricultural land is another important aspect of land resource which directly affects the betterment of the human society. The agricultural development is an important component of growing economy. The problems of agricultural land holdings have been remained the subject of great attention to the thinkers and policy makers to attain the valuable attributes of the resource.

Dr. BR Ambedkar is the towering personality among the best scholars and the pioneer thinkers of his time. Basically, he is known as an architect of Indian Constitution and the advocate of downtrodden class of society. But he is also an eminent economist who has the spirit and a vision to the economic reforms. As an economist and a political thinker he guides about the growth with social justice through the publication of his articles and speeches. He accepts that undoubtedly India is an agricultural country and has a number of problems regarding the management and the legislature of agricultural issues like the causes of small land holdings, low productivity, superfluous labour inputs and the distribution of agricultural land, ownership and the development of agricultural practices as an industry.

Importance of Agriculture - As India has 60.2 percent agricultural land of its total land cover. Therefore, Agriculture is the main Sector which produces the remarkable contribution to the GDP. The contribution of agriculture is declining but it is still an important sector to the livelihood seekers. It is also the largest employment providing sector which is the 58.2 percent of total work force of India. Increasing growth of population creates the demand for food and agriculture is also expected to face the demand. Agriculture plays an important role as a pushing factor to the capital formation to achieve the goals of economic development. Agriculture sector can push its surplus workforce to the industrial sector which can prove an effective growth engine to increase the productivity. Agro based industries i.e. Sugar, Jute, Cotton textile etc. depend on the agricultural productions for their raw material. In India, more than two third of the population lives in rural areas and provides the market for industrial products as a catalyser to industrial development which reflects in agricultural exports to earn foreign capital.

The problems of agricultural economy affect all the developmental sectors. The decrease in the share of agricultural and allied sectors in GDP from 51.9 per cent in 1950-51 to 13.7 per cent in 2012-13 of the country highlights the massive shift from agrarian economy to industry and service sectors and faces the problem of profitability of agricultural land. The agriculture sector has the chronic problem of land reforms. Dr. BR Ambedkar has felt the problems of Indian agriculture i.e. size of land holdings, economic profitability, land tenure system, law of inheritance etc. As an eminent economist, he analysed the causes behind the agrarian problems and suggested suitable solutions to make the agriculture a profitable economic activity.

Small Land holdings in India - Agricultural land holdings are changing their trends as far as size and area of land holding concern. Number of small and marginal land holdings are showing remarkable increase from 61.7 per cent in 1960-61 to 80.0 per cent in 2010-11. The increasing trend of marginal and small land holdings is the sign of economically unprofitable farming and harmful to the economic development. According to Dr. BR Ambedkar " ……..diminutive size of holdings is said to be greatly harmful to Indian agriculture." And " the evil of small holdings no doubt, are many. But it would have been no slight mitigation of them if the small holdings were compact holdings. Unfortunately they are not." He further discussed the problem and point out the reason of arrested productivity of agricultural practices in our county. As he intimated " ..small and

* Assistant Professor (Geography) Govt. College, Mehidpur, Distt. Ujjain (M.P.) INDIA

scattered holdings have given a real cause for anxiety regarding our great national industry. “After each distribution of land holding it converts into a small piece of uneconomic land and remains not feasible to the farmer which has a great and direct effect on the life style of farmers and national growth.

Consolidation of Land holdings - As it is noticed that small and scattered agricultural land holdings cant’ be profitable, Dr. Ambedkar advocated for the solution and presents a process of consolidation of scattered land holdings to get a profitable size of farms. He argues “ if it is said that Indian agriculture suffers from small and scattered holdings we must not only consolidate, but also enlarge them. It must be borne in mind that consolidation may oviate the evils of small holdings unless the consolidated holding is economic, i.e. an enlarged holding.” But the only consolidation of land holdings is not the complete solution because the consolidation raises the issue of unification of small and scattered holdings and provision for maintenance of the size of consolidated land holdings to restrict further fragmentation. He pointed out the social system as a cause of fragmentation of agricultural land and admitted “the problem of perpetuating such a consolidated holding will next demand the care of the legislator. It is accepted without question by many that the law of inheritance that prevails among the Hindus and the Mohomedans is responsible for the sub-division of land.”

Size of land holdings -In agricultural practices, productivity is much affected by the size of land holdings. After enforcing all required inputs we can’t be sure about the economical viability of land holding because the process of production depends on the combination of producing factors like land, labor and capital. Combination of these factors determines the economic efficiency of land holding. Change in volume or input variation of a particular factor may affect the response of other contributing factors to the productivity of land holdings. As Dr. Ambedkar reveals “ to a farmer a holding is too small or too large for the other factors of production at his disposal necessary for carrying on the cultivation of his holdings as an economic enterprise. Mere size of land is empty of all economic connotation. Consequently, it can not possibly be the language of economic science to say that a large holding is economic while a small holding is uneconomic it is the right or wrong proportion of other factors of production to a unit of land that renders the latter economic or uneconomic.”

An ideal size of a land holding is the topic of discussion. However, fragmented small size of land holding and repeatedly sub division of land destroy the economic profitability of land holdings. The trend of change in area under small and marginal size of land holdings are 19.2 per cent in 1960-61 and 44.48 per cent in 2010-11 which presents a rapid increase towards minimization of size of land holdings. Decreasing size of land holdings requires attention to avoid the problems associated with the issue.

Suggestions - As an agricultural reformer and advocate of social justice Dr. BR Ambedkar suggested some significant views and conclusions for the agricultural development . these are as under –

1. The agriculture should be the state industry.
2. The agriculture should be cultivated in a collective manner in accordance with the direction issued by the government.
3. The state shall acquire and form the standard size of land holdings and provide to the farmers.
4. Transfer of surplus idle agricultural labuor to industry sector for better use of work force.
5. Consolidation of fragmented and small land holdings to generate the economic productivity.
6. And promotion of agricultural sector as a reciprocal support to the industrial sector.

Conclusion - As agriculture is the main contributor to the economic development and greatest livelihood provider of the country, it requires reforms regarding the management , perpetuation of size of holdings, consolidation of fragmented land and legislature of inheritance etc. Dr. Ambedkar recognized and pointed out the various agricultural problems through his articles and provide noteworthy solutions for the economic development of the country.

References :-

1. Dr. BR Ambedkar,Small Holdings in India and their Remedies, Writings and Speeches, vol.1, 1918
2. Report of Agriculture census 2011, Govt. of India
3. VD Nagar, Dr. Ambedkar : Social and Economic Thoughts, MP Hindi Granth Academy, Bhopal

****

मलिन बस्तियों का दशकीय विकास , समस्या एवं समाधान

डॉ. नीरज कुमार सोनी *

शोध सारांश – उपरोक्त अध्ययन व निष्कर्ष के आधार पर हम यह कह सकते है, कि मलिन बस्तियों के निर्माण व विकास का मूल कारण ग्रामीण जनसंख्या स्थानांतरण व जनसंख्या वृध्दि है, परिणामस्वरूप बड़ा परिवार, बेरोजगारी, अपराध तथा कुपोषण को बढ़ावा मिल रहा हैं। जनसंख्या की तुलना में रहने हेतु भूमि का अभाव से जनसंख्या घनत्व बढ़ रहा है।

इन बस्तियों में जनसख्या घनत्व बढ़ने से खुली जगह खत्म हो रही है जिससे मूलभूत सुविधाएँ जैसे – शौचालय, सड़क, बिजली, जल–निकास तथा पानी की व्यवस्था करना कठिन कार्य साबित हो रहा है। 57.2 प्रतिशत जनसंख्या क्रियाशील होने के बाद भी दरिद्रता का जीवन जी रही है। जिसका कारण नशा, धूम्रपान, बुरी लते तथा अनियोजित व्यय है।

वर्तमान युग में भौतिकवादिता एवं पाश्चात्य संस्कृति ने मनुष्य की आवश्यकताओं में अनावश्यक वृद्धि की है, केवल भौतिकतावादी ही नहीं बल्कि एक अंधी भागम–भाग एवं अंतहीन प्रतिस्पर्धा का युग भी चलन में आया है, जैसे–जैसे नयी खोजे एवं आविष्कार हुए है, व्यक्ति उन्हें पाने के लिए कुछ भी कर गुजरने को तत्पर रहता है। अत: कह सकते है कि **'आज जीवन से गरीबी की गरिमा, सादगी का सौंदर्य, संघर्ष का हर्ष, समता का स्वाद, आस्था का आनन्द, सब कुछ समाप्त सा हो गया है, इसी वजह से वर्ग संघर्ष, अत्याचार, अनाचार को बढ़ावा मिला और इसी वजह से बेकारी, बेरोजगारी व मलिन बस्तियों की समस्याएँ इस पीढ़ी को विरासत में मिल रही है।'**

शब्द कुंजी – पाश्चात्य संस्कृति, व्यक्तित्व ह्रास, अंधविश्वास एवं रूढ़ीवादिता, उचित मूल्य की दुकानें, मजदूर वर्ग, नगरीय स्थानांतरण

प्रस्तावना – आजादी के बाद देश में तीव्र गति से आर्थिक विकास करने के लिये छोटे पैमाने के विपरीत बडे पैमाने पर उत्पादन को प्राथमिकता दी गई, अत: उस समय कृषि, अर्थव्यवस्था का औद्योगिक विकास की ओर अग्रसर होना स्वाभाविक था, क्योंकि यह तत्कालिन समय की मांग थी, फलस्वरूप भारत में औद्योगिक क्रांति का उदय हुआ। आजादी के बाद की यह क्रांति इन्दौर ही नहीं वरन् सम्पूर्ण देश में एक ऐसा समाज बनाने की शुरूआत थी, जिसमें सभी को अपनी शारीरिक एवं मानसिक मेहनत का पूरा लाभ मिले, परंतु वास्तव में ऐसा नहीं हो पाया। हम जिस मजदूर वर्ग को सीढ़ी बनाकर आगे बड़े उसे ही हम बाद में भूल गए, अपने बारे में सोचने के अलावा किसी और के बारे में हमने नहीं सोचा और परिणाम स्वरूप मलिन बस्तियाँ या झौपड़ पट्टीयों जैसी सामाजिक संरचनाएँ सामने आयी।

इन्दौर शहर का ज्यों–ज्यों विकास होता गया, औधोगिक, व्यावसायिक इकाईयों में वृद्धि होती गई और उसी दर से व्यक्ति समुहों का आकर्षण इन्दौर की ओर बढ़ता गया। कपड़ा मिल, कारखानें, दवा उद्योग, वाहन उद्योग ऐसे कारक थे, जिन्होंने जन सैलाब को अपनी ओर आकर्षित किया। उद्योगों को भारी मात्रा में मजदूर या श्रम साधन तो उपलब्ध हो गया परंतु यह मजदूर वर्ग, श्रम संसाधन शहर के नियोजन एवं भौगोलिक परिश्य में एक श्राप बनकर सामने आया, जिसे हम आज मलिन क्षेत्र या गंदी बस्तियों के नाम से जानते है।

मलिन बस्तियों का अध्ययन – ये बस्तियों मनुष्य के विनाश की चरम सीमा का प्रतिनिधित्व करती है तथा यहां जीवित रहते हुए भी लोग मृत प्राय: होते है। यहाँ सामाजिक दुर्गुणों के परिणाम स्वरूप नैतिकता का पतन होता है। पर्याप्त जगह के अभाव में यहॉ के बच्चे सड़को, गलियो, चौराहो पर समय व्यतीत कर अपराधिक, अनैतिक व असामाजिक बातों को सीख कर समाज में नयी–नयी समस्याओं को जन्म देते है।

दूसरे शब्दों में मलिन बस्ती या गंदी बस्ती वह क्षेत्र है, जिसमें गंदगी से युक्त कच्चे घर, कीड़े–मकड़े व बीमारियों के पनपने की अनुकूल परिस्थितियॉ, सड़के कच्ची व कीचड़युक्त, मच्छर, मक्खियों का बसेरा, रोशनी विहीन गलियॉ व कचरे से पटे हुए पड़ोस, जहां शहर भर की गंदगी एकत्र होती है। यहां रात में जाना किसी भयावह स्थान पर जाने से कम नहीं है। ये बस्तियाँ अवैध व अनियमित होती है, जिन्हे प्रशासनिक मान्यताएँ नहीं है। यहां आर्थिक, सामाजिक रूप से पिछडेपन के कारण अपराध भी पनपते है। इन क्षेत्रों के विकास का मूल कारण जनसंख्या वृद्धि, अशिक्षा, बेरोजगारी तथा प्रशासनिक व्यवस्थापन का धीमा क्रियान्वयन है।

परिभाषाएँ –

1. 'अपनी ऑखों से देखने पर भी आप यह यकीन नहीं कर सकते है कि विश्व में कुछ ऐसे स्थान भी है, जिन्हें देखने के बाद पीना–खाना भी अच्छा नहीं लगता, उल्टियां आती है, मन में घृणा होती है, ऐसा नापाक जीवन जिसको बयॉ न किया जा सके, ऐसे क्षेत्र मलिन क्षेत्र होते है।' **स्व. मोहनदास करमचंद गांधी (महात्मा गांधी)**

2. 'गंदी बस्ती गिरावट की वह अंतिमावस्था है, जहां रहवास इतना अनुपयुक्त हो कि निवासियों के स्वास्थ्य, नैतिक मूल्य और कार्य क्षमता का ह्रास हो जाये।' **डिकिन्सन महोदय**

'गंदी बस्ती उस स्थान को कहा जा सकता है जो कि जीवन के उपयुक्त दृष्टिकोण से भिन्न तथा स्वास्थ्य रक्षा की दृष्टि से या साफ सफाई की दृष्टि से अनुपयुक्त हो।' **भारत सेवक समाज ।**

अध्ययन क्षेत्र – इन्दौर पश्चिमी म.प्र. का प्राचीन व मालवा पठार का प्रमुख नगर है, यह समुद्र तल से लगभग 553 मी. की उँचाई पर 2202 से 23005' उत्तरी अक्षांश तथा 75025 से पूर्वी देशांतर पर अवस्थित है। समशीतोष्ण जलवायु के साथ यह नगर सरस्वती व खान नदी तंत्र के प्रभाव क्षेत्र में आता

* प्राध्यापक (भूगोल) श्री अटल बिहारी वाजपेयी शासकीय कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय, इन्दौर (म.प्र.) भारत

है। अत: इस नगर को मलिन बस्तियों की **दशकीय** वृद्धि के अध्ययन हेतु चुना गया है–

अध्ययन विधि – प्रस्तुत अध्ययन व्यवहारात्मक द्वितीयक तथ्यो पर आधारित है । अध्ययन में द्वितीयक आंकड़ों का एकत्रण शोध पत्रिकाओं, इंटरनेट, मास्टर प्लान (2001,2011, 2021) व समाचार पत्र–पत्रिकाओ से किया गया।

उद्देश्य – प्रस्तुत अध्ययन का मूल उद्देश्य मलिन क्षेत्रों में वृद्धि व मूल समस्याओं पर प्रकाश डालना है।

मलिन बस्तियों का विकास एवं स्थान – मलिन बस्तियाँ निम्न आयुवर्ग एवं अवैधानिक बसाहट है, जिनका विकास ऐसे स्थानों पर होता है, जहां –

1. इन बस्तियों को मुख्यतर या ज्यादातर मुख्य नगर की परिधि में विकास देखा जाता है।
2. औधोगिक क्षेत्र जिनके आस–पास खाली पड़े स्थानो पर गंदी बस्तियाँ पनप जाती है।
3. नदी–नाले जिनके किनारे पर अवैधानिक रूप से इनका विकास होता है।
4. मलिन क्षेत्र अव्रजन के तीव्र स्थानांतरण के कारण आकार लेते है।
5. रेल्वे लाईन, मुख्य सड़क किनारे जहां से शहर के क्रियाशील स्थलो पर आना सरल हो विकसित होती है।

तालिका क्र. 1.1

विभिन्न शहरों में मलिन बस्तियों का प्रतिशत

क्र.	नगर	मलिन बस्तियों की जनसंख्या
1	मुम्बई	54.1%
2	दिल्ली	18.7%
3	चेन्नई	18.9%
4	अहमदावाद	42.5%
5	लखनऊ	53.9%
6	कोलकत्ता	32.5%
7	इन्दौर	30.3%

स्त्रोत– जनसंख्या पुस्तिका 2011

प्रकार – मलिन बस्तियों के अध्ययन के पश्चात् इन मलिन बस्तियों के दो प्रकार देखे जा सकते हैं –

1. ऐसी बस्तियाँ जिनका जन्म एवं विकास ही गंदी बस्तियों के रूप में होता है, जो बड़े शहरो के सीमांत क्षेत्रो में होती है। इनमें निवास करने वाले व्यक्ति शहर में जाकर कारखानों–उद्योगो एवं अन्य संस्थानो में जाकर मजदूरी करते है तथा शाम तक अपने इन निष्कृष्ट निवासो में लौट आते है।
2. दूसरी प्रकार की मलिन बस्तियां वे बस्तियाँ है, जिनका विकास एवं स्थापन शनै:–शनै: हुआ है। ये बस्तियां शहर के मध्य उद्योगो, कारखानो के जन्म के साथ अस्तित्व में आती है। यहां के लोग रोजगार के अवसर के लिए ऐसे क्षेत्र में जाकर बस जाते है, जहां पर पूर्व में मध्यवर्ग रहता था एवं वह पलायन कर गया व उनका स्थान इस मजदूर वर्ग ने ले लिया, उस स्थान का स्तर धीरे–धीरे निम्न एवं जर्जर हो गया, वही स्थान मलिन बस्तियों में बदल गया।

भारत के विभिन्न शहरों/नगरों में इन्हें भिन्न–भिन्न नामों से जाना जाता है। जैसे – मुम्बई में चाल, चैन्नई में चेरी, कलकत्ता में बॉडी, दिल्ली में मलिन, कानपुर में कटरा या अहाता, मध्यभारत से गंदी बस्ती आदि। कुछ अध्ययनों के अनुसार नगरों की जनसंख्या का लगभग 26% हिस्सा मलिन बस्तियों या गंदी बस्तियों के रूप में होता है।

इन्दौर में मलिन बस्तियों का विकास – इन्दौर का औधोगिक विकास 1900 ई. के प्रारंभ में हुआ। 1900 के प्रारंभ में 2–3 ही मलिन बस्तियाँ थी। 1960 के दशक में 41 मलिन बस्तियाँ हो गई। 1960 से 1991 के मध्य मलिन बस्तियों की संख्या में अभूतपूर्व वृद्धि हुई। इस समय में मलिन बस्तियों की संख्या 183 हो गई। जहां 2001 में 637 तथा वर्तमान (201) में लगभग 722 छोटी–बड़ी मलिन बस्तियाँ है। जिसमें 174376 मकान तथा लगभग 797574 जनसंख्या हो गई। नगर में 65% मलिन बस्तियाँ खान व सरस्वती नदी के किनारे निवास करती है।

सम्पूर्ण जनसंख्या वृद्धि पर नजर डाले तो यह ज्ञात होता है कि वर्ष 1891 से 1900 का समय जनसंख्या वृद्धि का समय रहा, जबकि 1981–1991 के मध्य जनसंख्या वृद्धि सर्वाधिक रही। इन्दौर नगर वर्तमान में जनसंख्या की दृष्टि से मध्यप्रदेश का सबसे बड़ा नगर है, दूसरे स्थान पर भोपाल आता है। इन्दौर नगर का राजवाड़ा क्षेत्र के निकटवर्ती क्षेत्र में जनसंख्या का सघन रूप दिखाई देता है इसका मुख्य कारण यहां उपलब्ध बाजार, कार्यालय, मनोरंजन के साधन इत्यादि है।

जनसंख्या घनत्व व वृद्धि – किसी स्थान के वातावरण एवं मनुष्य का वास्तविक संबंध उस स्थान के जनसंख्या घनत्व से ज्ञात किया जा सकता हैं। जनसंख्या घनत्व में परिवर्तन समयानुसार होता रहा है। इसका कारण जनसंख्या में होने वाली वृद्धि रहा है। जहॉ वर्ष 1801 में 3 से 4 व्यक्ति प्रति वर्ग किमी. में निवासरत थे, वही 1881 यह घनत्व 22 व्यक्ति प्रति वर्ग किमी. हो गया।

जनसंख्या घनत्व की दर तो सामान्य थी, परंतु 1899–1900 में भयंकर अकाल एवं महामारी के प्रभाव से यह घनत्व यकायक कम हो गया एवं 1911 के बाद यह गति 1971 तक सामान्य परंतु 1981 से औधोगिक विकास के साथ जनसंख्या घनत्व में वृद्धि होती गई। 1981 में जनसंख्या घनत्व 213/2 वर्ग कि.मी. तथा 1991 में 280/2 वर्ग कि.मी. था। इस बीच इन्दौर के क्षेत्रफल में वृद्धि हुई तो है, परंतु जनसंख्या की वृद्धि की तुलना में यह आंशिक ही है, वर्तमान (2011) में इन्दौर का जनसंख्या घनत्व 841 व्यक्ति प्रति वर्ग कि.मी. हैं।

तालिका क्र. 1.2 (देखे अगले पृष्ठ पर)

ग्राफ क्र. 1.1 जनसंख्या में दशकीय वृद्धि (प्रतिशत में)

1951 में नगर की जनसंख्या 310859 थी, जो 1991में बढ़कर 10.9 लाख तथा वर्ष 2001 में 15.9 लाख हो गई। इस बढ़ती हुई जनसंख्या

के साथ-साथ नगर की मलिन बस्तियों की संख्या में भी वृद्धि हुई। 1951 में नगर में कुल 26 मलिन बस्तियाँ थी, जिसमें 67,619 व्यक्ति निवास करते थे। 1991 में बस्तियोँ की जनसंख्या बढ़कर 1091674 हो गई। विभिन्न अशासकीय संस्थाओं द्वारा किये गए सर्वेक्षण के अनुसार (2013) में नगर में 722 गंदी बस्ती क्षेत्र तथा जनसंख्या 1960631 (मलिन बस्तियो की जनसंख्या 594553)हो गई।

1991 की तुलना में वर्ष 2001 में 15.7 प्रतिशत जनसंख्या में कमी आई हैं। इसी प्रकार से कुल जनसंख्या में गंदी बस्तियों की संख्या का प्रतिशत भी वर्ष 1951 से 1981 में कम होता हुआ दिखाई देता है, जो वर्ष 1981 से 1991 के दौरान पुन: बढ़कर क्रमश: 0.3 प्रतिशत तथा 11.6 प्रतिशत वृद्धि को प्रदर्शित करता है। इस वृद्धि का मूल कारण नगर की कुल जनसंख्या में ग्रामीण नगरीय स्थानांतरण भी है। वर्ष 2001 में पुन: जनसंख्या में 15.65 प्रतिशत की कमी दिखाई देती है, जो गंदी बस्तियों के उन्मूलन के साथ-साथ आस-पास के ग्रामीण क्षेत्र से हो रहे स्थानांतरण में हो रही कमी का परिणाम है। 2011 में कुल जनसंख्या में जहां 18.5%की दशकीय वृद्धि दिखाई देती है, वहीं मलिन बस्तियों में 12.9% की वृद्धि दिखाई देती हैं।

2011 में मलिन बस्तियों में हुई यह वृद्धि शहर की सीमा में हुई वृद्धि के कारण है, जिसमें क्षेत्रीय सीमा में 47 मलिन बस्तियों को विलय इन्दौर नगर सीमा में हुआ है। जिसमें लगभग 101500 जनसंख्या का विलय शहर की जनसंख्या में हुआ है। देखें तालिका क्र. 1.2

ग्राफ क्र. 1.2

गंदी बस्तियों की कुल जनसंख्या प्रतिशत में



मलिन बस्तियों की समस्याएँ -जनसंख्या वृद्धि के परिणामस्वरूप जनसंख्या घनत्व में वृद्धि हुई है, जिस कारण शहरों में मलिन क्षेत्रों का विकास हुआ, साथ ही इनकी समस्याओं व समस्या के कारणों में भी वृद्धि हुई है-

1. इनकी मुख्य समस्या पर्याप्त रहवास की कमी है, जिससे इनका परिवार निवास की समस्या से जूझता रहता है।
2. इन स्थानों को सरकारी मान्यता प्राप्त नहीं होती है।
3. रोड़ तथा बिजली की समस्या।
4. शौचालयों की समस्या।
5. नालियों की समस्या।
6. शिक्षा एवं स्वास्थ्य केन्द्रों की समस्या।
7. ड्रेनेज सरकारी प्रयासो को अक्षरत: लागू करने की समस्या।
8. पीने के पानी एवं उपयुक्त वातावरण का अभाव।
9. व्यक्तित्व ह्रास एवं अपराध की समस्या।
10. परिवार नियोजन के अभाव में यहॉ बच्चों की संख्या अधिक होती है।
11. व्यवसाय व रोजगार की समस्या।

दीर्घकालिक व सुद्रण समाधान के लिए सुझाव - प्रत्येक विकासशील राष्ट्र अनेकानेक समस्याओं से ग्रसित है, मलिन एवं गंदी बस्तियों की समस्या भी उनमें से एक है, जो कि विकास की गति को अवरूद्ध करती है।अत: मलिनवासियों की स्थिति में सुधार करने हेतु समस्याओं का समाधान होना आवश्यक है-

- अशिक्षा, अज्ञानता, अंधविश्वास एवं रूढ़ीवादिता को दूर किया जाये।
- आय स्तर को बढाया एवं ऋण उपलब्ध करवाया जाये।
- अपराध एवं मादक पदार्थो के सेवन पर नियन्त्रण।
- परिवार नियोजन एवं स्वास्थ्य के प्रति चेतना पैदा की जाये।
- वातावरण में सुधार एवं महिला एवं युवा संगठनों का निर्माण।
- ग्रामीण विकास एवं कार्य कुशलता को बढ़ाया जाये।
- उचित मूल्य की दुकानें खोली जाये।

संदर्भ ग्रंथ सूची :-

1. Agrawal siddarth & Tanuja shivani –2003, "Vulnerability Apparent siblings : Assessing Multy Dimantion of urban poverty for better program targeting" published by Indian padiatrics- vol-3,
2. मनीष श्रीवास्तव (2001) जनसंख्या प्रदूषण एवं निवारण पृ. क्र. 19 व 20, नमन प्रकाशन नई दिल्ली।
3. शोध पत्र - वीरेन्द्र कुमार, 1990, इन्दौर नगर की मलिन बस्तियां व अव्यवस्थित बस्तियां - उपयोग समस्या व समाधान, पृष्ठ 38-81,
4. मास्टर प्लान-2001,11,21, अन्य - दैनिक समाचार पत्र, शोध पत्र, इन्टरनेट बेबसाइड - www.google.co.in/ecology

तालिका क्र. 1.2 - जनसंख्या वृद्धि इन्दौर विकास योजना -2011

वर्ष	नगर की कुल जनसंख्या	दशक वृद्धि % में	गंदी बस्तियों की जनसंख्या	दशक वृद्धि % में	गंदी बस्तियों की जनसंख्या%
1951	310859	62.6	67619	+23	21.7
1961	394941	27	83174	+23	21
1971	560936	42	112352	+35	20
1981	829327	47.8	168246	+49.1	20.3
1991	1091674	31.6	346625	+106	31.9
2001	1594401	46.3	259577	-25	16
2011	1960631	18.5	594553	+129	30.3

स्त्रोत-इन्दौर विकास योजना प्रारूप 2011

****

पर्यावरण एक चिंतनीय समस्या की - समीक्षात्मक विवेचना

डॉ. अलका नामदेव *

शोध सारांश - प्रस्तुत शोधपत्र में पर्यावरण से संबंधित समस्याओं को समेकित किया गया है और उन समस्याओं के उत्पन्न होने वाले कारणों और पढ़ने वाले प्रभावों की समीक्षा की गई है। प्रकृति द्धारा प्रदान की गई अमूल्य धरोहर को मानव विकास के माध्यम से नष्ट करता जा रहा है। जिसका प्रभाव वर्तमान में तो हो ही रहा है परन्तु भविष्य में खतरा बनकर मानव, जीवों, वनस्पतियों व अन्य को किस प्रकार प्रभावित करेगा, जिसका अनुमान लगाना मुश्किल है। आज प्राकृतिक प्रकोप, बीमारियाँ, व अन्य विनाशकारी प्रभाव जो देखने को प्राप्त हो रहे है उसका सम्बंध प्रत्यक्ष अथवा अप्रत्यक्ष रूप से पर्यावरण से है। पर्यावरण समस्या रोकने व सुधार करने हेतु अन्तर्राष्ट्रीय व राष्ट्रीय स्तर पर कानून, समाजसेवियों, आन्दोलनो व प्रचार-प्रसार, संगोष्ठियों व अन्य माध्यमों द्धारा प्रयास किये जा रहें हैं। उसके बावजूद भी पर्यावरण एक चिंतनीय विषय है।

शब्द कुंजी- टिकाऊ विकास, अन्तर्राष्ट्रीय एवं राष्ट्रीय कानून गैसे, रसायन, वनों का दोहन, आन्दोलन।

प्रस्तावना - पर्यावरण शब्द फ्रेंच भाषा के *Environer* शब्द से बना है जिसका अभिप्राय समस्त परिवृति से होता है इसके अन्तर्गत सभी स्थितियाँ, परिस्थितियाँ, दशाएँ तथा प्रभाव है जो जैविकीय समूह पर प्रभाव डाल रहें है पर्यावरण मानव के जीवन और उसकी क्रियाओं पर प्रभाव डालता है जो निरन्तर प्रभावित हो रही है। वर्तमान में पर्यावरण क्षय की अन्तर्राष्ट्रीय समस्या है जिसमें बढ़ती हुई जनसंख्या, नगरीकरण, जल प्रदूषण, वायु प्रदूषण, रेडियोएक्टिवता, रासायनिक प्रभाव, वनों की कटाई, औद्योगिकरण, शिक्षा का अभाव, मानव की बढ़ती आकांक्षाओं के साथ विज्ञान और तकनीक आदि उत्तरदायी हैं। अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर पर्यावरण को ध्यान में रखकर चिंता जताई जाती है। सामाजिक रूप में टिकाऊ विकास की अवधारण को बल दिया गया है जिसके अन्तर्गत प्राकृतिक संसाधनों को वर्तमान पीढ़ी द्धारा इस प्रकार से उपयोग किया जाए, कि प्राकृतिक संसाधनों का न्यूनतम क्षरण हो। यदि ऐसा नहीं किया जायेगा, तो भावी पीढ़ियाँ प्राकृतिक संसाधनों से वंचित हो जायेगी। हालांकि विकास अल्पकालिक आर्थिक लाभों के बजाय दीर्घकालिक निर्वहनीय संवृद्धि के लिये इस तरह से होना चाहिए कि भावी पीढ़ियों के लिये जीवन की गुणवत्ता बनी रहें, परन्तु हमने आर्थिक विकास की जिन नीतियों को अपना रखा है और प्राकृतिक संसाधनों का अतिशय दोहन कर रहे हैं उससे आगे आने वाली पीढियों का भविष्य अंधकारमय हो सकता है।

पर्यावरण असन्तुलन के लिये किसी एक निश्चित तंत्र को प्रभावी नहीं माना जा सकता है। इसमें भौतिक एवं जैविक परिस्थितियों का योग है जिसमें मुख्यघटक के रूप में स्थलमंडल, जलमंडल और वायुमण्डल निरन्तर दुष्प्रभावित हो रहे हैं, क्योंकि विकास और प्रौद्योगिकी का युग है और मानवीय गतिविधियों और क्रिया-कलापों से पर्यावरण को क्षति पहुँचती है। जिससे वैश्विक स्तर पर पर्यावरण संरक्षण को एक चुनौती के रूप में स्वीकार किया जा रहा है। पर्यावरण के महत्व को लेकर पर्यावरण विद्धानों ने विभिन्न प्रकार से समझाने का प्रयत्न किया है। टांसले के अनुसार 'प्रभावशाली दशाओं का वह सम्पूर्ण योग, जिसमें जीव रहते है पर्यावरण है।' डेविस के अनुसार - 'मनुष्य के सम्बंध में पर्यावरण से अर्थ मूलभूत पर मनुष्यों के चारों ओर फैले उन सभी भौतिक रूपों से है, जिनसे वह निरंतर प्रभावित होता रहता है।' हर्सकाविट्स के अनुसार 'पर्यावरण समस्त परिस्थितियों और उसका जीवधारियों पर पड़ने वाला प्रभाव है जो जैव जगत के विकास चक्र का नियामक है।' ई.जे.रॉस का कहना है कि ' पर्यावरण वह बाहरी शक्ति है जो हमें प्रभावित करती है। जबकि पी.जिसबर्ट का मानना है कि 'पर्यावरण किसी वस्तु को निकट से घेरे हुए है और उस पर सीधा प्रभाव डालता है।'

पर्यावरण को असन्तुलित करने अथवा क्षति पहुँचाने में सर्वाधिक योगदान वायु प्रदूषण का है वायु प्रदूषकों में प्राथमिक कारक के रूप में स्त्रोतों से निकलकर सीधे पर्यावरण को क्षति पहुंचाते है। जबकि द्धितीय कारक के अन्तर्गत दो या अधिक प्रारंभिक प्रदूषकों की पारस्परिक क्रिया से प्रकाश रासायनिक अभिक्रिया के परिणाम होते (अम्ल वर्षा So_2, O_3) है। वायुमण्डल में उन गैसों की मात्रा तेजी से बढ़ रही है जो उष्मा शोषी है मुख्य रूप से कार्बनडाइऑक्साइड (CO_2), मीथैन (CH_4), नाइट्रस ऑक्साइड (N_2O), क्लोरोप्लोरोकर्बन (CFC), परप्लोरोकार्बन (PFC), हाइड्रोप्लोरोकार्बन (HFC), सल्पर हेल्सा प्लोराइड (SF_2), आदि का वायुमण्डल में अधिक उष्माशोषी होता जा रहा है इन गैसों का पृथ्वी पर बढ़ते प्रभाव के कारण वायुमण्डल हरित ग्रह का रूप धारण करता जा रहा है। वर्तमान मे (CO_2) की सान्द्रता 340 PPM है जा निरन्तर बढ़ रही है वर्ष 2030 तक इसकी मात्रा 640 PPM व तक पहुंचने की संभावना है जिससे पृथ्वी के औसत तापमान में $4.5C^0$ तक वृद्धि हो सकती है जिससे वैश्विक तापमान में वृद्धि के साथ पहाड़ो, ग्लेशियरों, अंटार्कटिका व ध्रुवों की बर्फ पिघलेगी और समुद्री जल स्तर में वृद्धि होगी।[1] वायु प्रदूषकों में कार्बन मोनोऑक्साइड (CO)50 प्रतिशत प्रतिनिधित्व करने वाली गैस है जो श्वसन के माध्यम से हीमोग्लोबिन में ऑक्सीजन वहनीयता समाप्त करती है। क्लोरोफ्लोरोकार्बन ओजोन क्षरण के साथ-साथ कैंसर, मोतियाबिन्दु जैसी

* अतिथि विद्वान (भूगोल) शासकीय श्रीमंत माधवराव सिंधिया स्नातकोत्तर महाविद्यालय, शिवपुरी (म.प्र.) भारत

बीमारियाँ उत्पन्न करती हैं। कैडमियम मानव में रक्त चाप बीमारी उत्पन्न करती हैं मुम्बई स्थिति उपभोक्ता गाइडेन्स सोसायटी ऑफ इण्डिया की रिपोर्ट के अनुसार सिंदूर और कुमकुम में पारे का सल्फाइड होता है जो गुर्दे, भ्रम, पागलपन, दृष्टि संबंधी रोग उत्पन्न करता है। वायु प्रदुषकों से वनस्पतियों में चिकनाहट कम होना, पीली पड़ना और पौधों का सूखजाना इत्यादि रोग उत्पन्न होते हैं। अम्लवर्षा में सल्फर डाइऑक्साइड (SO_2) और नाइट्रोजन डाइऑक्साड (NO_2) प्रमुख है जो रिफायनरीज, खनिज तेलों और कोयला जलने से निकलती है और फसलों, और जीव-जन्तुओं को दुष्प्रभावित करती है पर्यावरण को वायुप्रदूषण द्वारा दुष्प्रभावित करने में मोटर गाडियाँ और उद्योगों की प्रमुख भूमिका है।

पर्यावरण को क्षति पहुचाने में जल प्रदूषण की भूमिका भी कम नहीं है औद्योगिक इकाइयों से निकलने वाले कचरे व अपशिष्ट के रूप में क्लोराइड, सल्फरडाइ, नाइट्राइट्स, नाइट्रेट्स, अमोनिकल, नाइट्रोजन, सीसा, पारा, जस्ता, ताबां इत्यादि प्रमुख है। पारे के प्रभाव से मिनीमाता रोग उत्पन्न हो जाता है एवं समुद्री जीव नष्ट हो जाते हैं। सूती, ऊनी, चमडे, शराब, कागज निर्माण उद्योगों से पर्यावरण को निरन्तर क्षति पहुँच रही है जिसका प्रभाव प्रत्यक्ष अथवा अप्रत्यक्ष रूप से पड़ रहा है। वर्तमान में कई टैंकरों तेल का रिसाव आयात-निर्यात के दौरान समुद्रों में हो रहा है एवं जहाजों का दुर्घटना ग्रस्त होने से प्रत्यक्ष रूप से जल प्रदूषित करते हैं जिससे हजारों समुद्री जीव-जन्तु नष्ट हो जाते है। 1978 में अमरीकी सुपर टेंकर नष्ट होने से 2000 वर्ग किमी. में कच्चे तेल का फैलाव हो गया। जिससे श्रिम्प तथा आयस्टर मछलियां नष्ट हो गई। मानव की बढ़ती आवश्यकता के साथ घरेलू अपर्माजिक, सीवेज व्यवस्था, कचरा निस्तारण व्यवस्था का प्रबंध न होने के कारण रासायनिक क्रियाओं द्वारा पर्यावरण को क्षति पहुँचती है।[2] वर्तमान समय में खाध्य पदार्थो की बढ़ती आवश्यकता के साथ-साथ फसलों तथा बागवानी जैसे कार्यो में विषैले रसायनों जैसे बी.एच.सी. (बैक्जीन हैक्सा क्लोराइड), डी.डी.टी., अमोनिया, यूरिया 2,4-D (2-4, डाइ-क्लोरोफेनाक्सी एसिटिक एसिड) 2,4,5-T (2,4,5- डाइक्लोरोफिनोक्सी एसिटिक एसिड) आदि का उपयोग किया जा रहा है। जिनका दुहरा हानिकारक प्रभाव पडता है प्रथम तो वर्षा के समय जल प्रदूषण द्वारा पर्यावरण को क्षति पहुंचती है। द्वितीय रसायन प्रभावित खाध्य पदार्थो के सेवन करने से अनेक प्रकार की बीमारीयों से ग्रस्त होना।[3]

पर्यावरण क्षरण में कोई एक कारक उत्तरदायी नहीं है, बल्कि बढ़ती जनसंख्या और उनकी बढ़ती आवश्कताऐं पर्यावरण को पूरी तरह नष्ट करने में लगी हुई है। अमेरिका, रूस, जापान, आस्ट्रेलिया, न्यूजीलैण्ड, नार्वे, स्वीडन ऐसे देश है जिन्होंने विश्व की जनसंख्या अनुपात में अपने देश की जनसंख्या प्रतिशत में वृद्धि नहीं होने दी है। परन्तु अफ्रीका, यूरोप और एशिया के देशों में भारत, पाकिस्तान चीन सहित अन्य देशों में निरन्तर जनसंख्या वृद्धि का प्रतिशत बढ़ा है। प्राकृतिक सौन्दर्यता व सुरक्षा का आज दोहन किया जा रहा है कृषि, नगरीकरण, औद्योगिकरण झूमिंग खेती के लिये वनों की अंधाधुंध कटाई की जा रही है जिसका प्रत्यक्ष प्रभाव पर्यावरण पर पड़ रहा है जिससे सूखा, बाढ़, भू-स्खलन इत्यादि प्रत्यक्ष रूप में दिखाई देते है 11 मार्च 2011 को पश्चिमी प्रशान्त महासागर में दैत्याकार सुनामी से जापान फुकुशिमा-डयेची परमाणु रियक्टरों में विस्फोट होने से 10,000 से अधिक लोगों की मृत्यु हो गई, 40,000 व्यक्ति रेडिएशन विशाकन हो गये, हजारों की संख्या में मछलियाँ मारी गई साथ ही जीव-जन्तु नष्ट हो गये। पर्यावरण असन्तुलन के कारण 16-18 जून 2013 को भारत के उत्तराखण्ड में विनाशकारी भू-स्खलन हुआ है। जिसमें 6,000 से अधिक पर्यटक और श्रद्धालुओं की मृत्यु हो गई सैकड़ों लाशों का मंजर देखा गया। इस आपदा के लिए पर्यावरणविदों ने पिछले कई वर्षो से हो रहे वनों की कटाई अथवा दोहन को उत्तरदायी माना था।[4] वैश्विक पर्यावरण पर दुष्प्रभाव डालने में परमाणु विस्फोटों अथवा परीक्षणों का भी योगदान विभिन्न देशों के परमाणु परीक्षणो से तापमान वृद्धि, वनस्पतियों का विनाश और मानव बीमारियाँ उत्पन्न होती हैं। अमेरिका के राबर्ट ओपेनहाइमर ने तो परमाणु हथियार को शैतान का हथियार की संशा दी है। ग्लोबल वार्मिंग वर्तमान में एक बडी समस्या है जिससे ग्लेशियर पिघल रहे हैं जिसे वैज्ञानिकों ने मालदीप और बांग्लादेश के लिए सबसे बड़ा बताया है। मालदीप के राष्ट्रपति मोहम्मद नाशीद ने कहा कि 'हम डूब रहे है।'

पर्यावरण को सुरक्षित और संरक्षित करने के लिए आर्न्तराष्ट्रीय एवं राष्ट्रीय स्तर पर अनेक प्रयास किये जा रहे हैं। मानव पर्यावरण सम्मेलन 1974 (सी.एच.ई.) पर्यावरण पर केन्द्रित यह सबसे पहला अन्तरर्राष्ट्रीय सम्मेलन था जो 1972 में स्वीडन के स्टोकहोम में यू.एन. के तत्वाधान में आयोजित किया गया था इस सम्मेलन में 119 देशों ने भाग लिया जिन्होंने पहली बार 'एक ही पृथ्वी' के सिद्धान्त को स्वीकार किया था पर्यावरण सुरक्षा पर स्टोकहोम घोषणा पत्र को 'विश्व पर्यावरण का मैग्नाकार्टा' कहा जाता है इस सम्मेलन में वर्तमान और भविष्य में पर्यावरण सुधारने व स्वच्छ रखने का संकल्प किया गया। प्राकृतिक परिस्थितिकी तंत्र को वर्तमान और भावी पीढ़ियों के लिए संरक्षण पर जोर दिया गया। हेलसिंकी सम्मेलन 1974 समुद्री पर्यावरण की रक्षा पर प्रथम अन्तर्राष्ट्रीय समझौता था जिसमें प्रदूषण के सभी स्त्रोतों पर विचार करने की बात की गयी। तेल व अन्य जलीय प्रदूषणकारी पदार्थो को नियंत्रित करने व आपसी सहयोग पर बल दिया गया। मांट्रियल प्रोटोकोल 1987 में 47 देशों ने भाग लिया। मांट्रियल प्रोटोकोल विश्व में ओजोन क्षरण की समस्या के समाधान की दिशा में प्रथम प्रयास था जिसमें 33 देशों ने हस्ताक्षर किये सी.एफ.सी. के उत्सर्जन पर नियन्त्रित करने का संकल्प लिया गया। पृथ्वी सम्मेलन 1997 - ब्राजील के रियोडि जेनेरियो में सम्पन्न हुआ। इस सम्मेलन का आयोजन संयुक्त राष्ट्र पर्यावरण एवं विकास सम्मेलन (UNCED) द्वारा किया गया। रियो शहर में आयोजित होने के कारण इसे 'रियो सम्मेलन' भी कहा जाता है इसमें वैश्विक तापमान वृद्धि, प्रदूषण समस्या, जैव विविधता, आदि को मुख्य मुद्दा बनाया गया। कहा गया कि हमारे देश की राजनैतिक सीमाएँ भले ही अलग हों, परन्तु पृथ्वी के बचाने के लिए सभी देशों द्वारा एकीकृत प्रयास करना चाहिए। एक पृथ्वी है। जापान के क्योटो प्रोटोकोल 1997 में कार्बनडाइ ऑक्साइड, मिथेन, नाइट्रस ऑक्साइड, हाइड्रोक्लोरो कार्बन, परक्लोरो कार्बन तथा सल्फर सहित 6 गैसों की कटौती पर अमेरिका सहित 159 देशों ने हस्ताक्षर किये। दक्षिण अफ्रिका के जोहांसवर्ग सम्मेलन 2002 में 104 देशों के शसनाध्यक्षों के अतिरिक्त 9,101 सरकारी प्रतिनिधियों एवं 8,227 गैर सरकारी प्रतिनिधियों ने भाग लिया। इसमें एजेंडा-21 पर विचार-विमर्श किय गया जिसमें टिकाऊ विकास मुख्य विषय रहा। इसके पश्चात् पर्यावरण की चिंता को लेकर मांट्रियल सम्मेलन 2005, बाली सम्मेलन 2007, डेनमार्क में कोपेन हेगेन सममेलन 2009 में सम्पन्न हुऐं। कोपेन हेगेन सम्मेलन में विकासशील देशों पर कार्बन उत्सर्जन सम्बन्धी बाध्यता निर्धारित किए जाने का प्रयास विकसित राष्ट्रों द्वारा किया गया। इसमें तापमान को दो डिग्री तक सीमित करने का लक्ष्य रखा गया। अमेरिका व बेसिक (ब्राजील, साउथ अफ्रीका, इण्डिया, चाइना) के बीच अन्तिम बातचीत हुई। समझौते को सर्वसम्मत नहीं

कहा जा सकता है।[5] इसके बाद कानकुन सम्मेलन 2010, डरबन जलवायु परिवर्तन सम्मेलन 2011 तथा रियो+20 सम्मेलन 2012 में सम्पन्न हुए।

राष्ट्रीय स्तर पर भारत में पर्यावरण संरक्षण हेतु अनेक कानून बनाये गये तथा समय-समय पर आन्दोलन चलाये गये, जिससे पर्यावरण संरक्षण हेतु जन चेतना का प्रचार-प्रसार और विकास हुआ। भारत में राष्ट्रीय स्तर पर जल प्रदूषण एवं नियंत्रण एक्ट 1974, वायु प्रदूषण निवारण एवं नियंत्रण एक्ट 1981, पर्यावरण संरक्षण एक्ट 1986, दोक दायित्व बीमा एक्ट 1991 राष्ट्रीय पर्यावरण ट्रिब्यूनल एक्ट 1992, तथा राष्ट्रीय पर्यावरण अपीलैट ऑथोरिटी एक्ट 1997 प्रभावशील है। इसके अतिरिक्त राष्ट्रीय पर्यावरणीय चेतना अभियान (NEAC) , पर्यावरण वाहनी, आदि कार्यरत है पर्यावरण की सुरक्षा और सुधार हेतु पृथ्वी दिवस (22 अप्रैल), विश्व पर्यावरण दिवस 5 जून, औजोन दिवस 16 सितम्बर, विश्व जल दिवस 22 मार्च को प्रत्येक वर्ष विद्यालय एवं महाविद्यालयों में आयोजित किये जाते हैं जिसके माध्यम से पर्यावरण को हानि पहुँचाने वाले कारकों से जनसाधारण को अवगत कराया जाता है।[6] भारत में राष्ट्रीय स्तर पर पर्यावरण की सुरक्षा हेतु आन्दोलनों ने भी महत्वपूर्ण योगदान दिया है जैसे 1972 में उत्तराखण्ड में चिपको आन्दोलन जिसमें सुन्दरलाल बहुगुणा, सला बेन, मीरा बेन का महत्वपूर्ण योगदान रहा। इसी प्रकार से 1983 में कर्नाटक में अप्पिको आंढोलन चलाया गया जिसमें युवक मंडली ने भूमिका निर्वाह की। 1980 बिहार में जंगल बचाओं आन्दोलन, 1987 में नर्मदा बचाओ आन्दोलन। इन आन्दोलनों द्वारा वृक्षों की कटाई को रोका गया था।

निष्कर्षत: कहा जा सकता है कि कानूनी तौर पर अन्तर्राष्ट्रीय और राष्ट्रीय स्तर पर पर्यावरण को सुरक्षित करने एवं हरियाली बढाने हेतु प्रयास किये जा रहे हैं, परन्तु वर्तमान में शिक्षा के प्रचार-प्रसार द्वारा वैश्विक स्तर पर प्रत्येक व्यक्ति को जागरूक होना होगा और पर्यावरण के महत्व को समझते हुए वृक्षारोपण, प्रदूषण नियंत्रण, प्राकृतिक संसाधनों के हनन को रोकने के साथ साथ अन्य अशिक्षित व्यक्तियों को भी पर्यावरण के प्रति जागरूक करना होगा।

कूडा करकट, गन्दा पानी।
रोगों की करते अगवानी।।
अगर चाहिए लम्बी आयु।
सेवन करें स्वच्छ जल वायु।।
मत लो तुम वृक्षों की जान।
धरती होगी रेगिस्तन।

सन्दर्भ ग्रंथ सूची :-

1. परीक्षा मंथन, पर्यावरण विशेषांक, 2013-14, भाग 6-7, पृ 40-41
2. डॉ.एम.सी. सिंहल, भारत की विदेश नीति, पृ 457-60
3. डॉ. एम. सी. सिंहल, अन्तर्राष्ट्रीय सम्बंध, पृ 363
4. डॉ. सविन्द्र सिंह, आपदा प्रबंधन, पृ. 120-21
5. डॉ. बी.एल. फडिया, अन्तर्राष्ट्रीय संबंध, 582-87
6. डॉ. एम.के.गोयल, पर्यावरण शिक्षा, पृ. 295-302, 315-328

****

Environmental Pollution & its control (Air, Noise, Status of Administrative Control)

Dr. Malika Khan *

Introduction - From our knowledge of Geology, we know that the solid Earth and its interior is known as **lithosphere**, and the gaseous layers surrounding the Earth upto a distance of about 500 km, composes the **atmosphere**. The entire collection of water over the Earth as well as inside the Earth is called the **hydrosphere**.

The four major elements, i.e. (i) land, (ii) water, (iii) air, and (iv) living organisms (plants and animals), together; constitutes what is known as **environment** or **ecosystem**.

Pollution & Pollutants - Human activities directly or indirectly affect the environment adversely. A stone crusher adds a lot of suspended particulate matter and noise into the atmosphere. Automobiles emit from their tail pipes oxides of nitrogen, sulphur dioxide, carbon dioxide, carbon monoxide and a complex mixture of unburnt hydrocarbons and black soot which pollute the atmosphere. Domestic sewage and run off from agricultural fields, laden with pesticides and fertilizers, pollute water bodies. Effluents from tanneries contain many harmful chemicals and emit foul smell. These are only a few examples which show how human activities pollute the environment. Pollution may be defined as addition of undesirable material into the environment as a result of human activities. The agents which cause environmental pollution are called pollutants. A pollutant may be defined as a physical, chemical or biological substance unintentionally released into the environment which is directly or indirectly harmful to humans and other living organisms.

Types of Pollution - Pollution may be of the following types:

• Air pollution • Noise pollution • Water pollution
• Soil pollution • Thermal pollution •Radiation pollution

Air Pollution - Air pollution is a result of industrial and certain domestic activity. An ever increasing use of fossil fuels in power plants, industries, transportation, mining, construction of buildings, stone quarries had led to air pollution. Air pollution may be defined as the presence of any solid, liquid or gaseous substance including noise and radioactive radiation in the atmosphere in such concentration that may be directly and indirectly injurious to humans or other living organisms, plants, property or interferes with the normal environmental processes. Air pollutants are of two types (1) suspended particulate matter, and (2) gaseous pollutants like carbon dioxide (CO_2), NOx etc.

Particulate pollutants - Particulate matters suspended in air are dust and soot released from the industrial chimneys. Their size ranges from 0.001 to 500 µm in diameter. Particles less than 10µm float and move freely with the air current. Particles which are more than 10µm in diameter settle down. Particles less than 0.02 µm form persisent aerosols. Major source of **SPM (suspended particulate matter)** are vehicles, power plants, construction activities, oil refinery, railway yard, market place, industries, etc.

Table: ***Annual average concentration of pollutants in ambient air in residential and industrial areas (year 2000) mg/m3 in 24 hours***

SPM permissible- residential 140 – 200 mg/m3, industrial 360 – 500 mg/m3

City	Residential area	Industrial area
Agra	349	388
Bhopal	185	160
Delhi	368	372
Kanpur	348	444
Kolkata	218	405
Nagpur	140	157

Prevention and control of air pollution -

(i) Indoor air pollution - Poor ventilation due to faulty design of buildings leads to pollution of the confined space. Paints, carpets, furniture, etc. in rooms may give out volatile organic compounds (VOCs). Use of disinfectants, fumigants, etc. may release hazardous gases. In hospitals, pathogens present in waste remain in the air in the form of spores. This can result in hospital acquired infections and is an occupational health hazard. In congested areas, slums and rural areas burning of firewood and biomass results in lot of smoke. Children and ladies exposed to smoke may suffer from acute respiratory problems which include running nose, cough, sore throat, lung infection, asthama, difficulty in breathing, noisy respiration and wheezing.

(ii) Prevention and control of indoor air pollution - Use of wood and dung cakes should be replaced by cleaner fuels such as biogas, kerosene or electricity. But supply of electricity is limited. Similarly kerosene is also limited. Improved stoves for looking like smokeless chullahs have high thermal efficiency and reduced emission of pollutants including smoke. The house designs should incorporate a well ventilated kitchen. Use of biogas and CNG (Compressed

* Head (History) Govt. Girls College, Ratlam (M.P.) INDIA

Natural Gas) need to be encouraged. Charcoal is a comparatively cleaner fuel. Indoor pollution due to decay of exposed kitchen waste can be reduced by covering the waste properly. Segregation of waste, pretreatment at source, sterilization of rooms will help in checking indoor air pollution.

(iii) Control of vehicular pollution - The emission standards for automobiles have been set which if followed will reduce the pollution. Standards have been set for the durability of catalytic converters which reduce vehicular emission.

- In cities like Delhi, motor vehicles need to obtain Pollution Under Control (PUC) certificate at regular intervals. This ensures that levels of pollutants emitted from vehicle exhaust are not beyond the prescribed legal limits.
- The price of diesel is much cheaper than petrol which promotes use of diesel. To reduce emission of sulphurdioxide, sulphur content in diesel has been reduced to 0.05%.
- Earlier lead in the form of tetraethyl lead was added in the petrol to raise octane level for smooth running of engines. Addition of lead in petrol has been banned to prevent emission of lead particles with the vehicular emission.

Alternate fuels like CNG is being encouraged for use in public transport vehicles.

Noise Pollution - Noise is one of the most pervasive pollutant. A musical clock may be nice to listen during the day, but may be an irritant during sleep at night. Noise by definition is “sound without value” or “any noise that is unwanted by the recipient”. Noise in industries such as stone cutting and crushing, steel forgings , loudspeakers, shouting by hawkers selling their wares, movement of heavy transport vehicles, railways and airports leads to irritation and an increased blood pressure, loss of temper, decrease in work efficiency, loss of hearing which may be first temporary but can become permanent in the noise stress continues. It is therefore of utmost importance that excessive noise is controlled. Noise level is measured in terms of decibels (dB). W.H.O. (World Health Organization) has prescribed optimum noise level as 45 dB by day and 35 dB by night. Anything above 80 dB is hazardous.

Sources of Noise Pollution - Noise pollution is a growing problem. All human activities contribute to noise pollution to varying extent. Sources of noise pollution are many and may be located indoors or outdoors.

Indoor sources include noise produced by radio, television, generators, electric fans, air coolers, air conditioners, different home appliances, and family conflict. Noise pollution is more in cities due to a higher concentration of population and industries and activities such as transportation. Noise like other pollutants is a by product of industrialization, urbanization and modern civilization.

Outdoor sources of noise pollution include indiscriminate use of loudspeakers, industrial activities, automobiles, rail traffic, aeroplanes and activities such as those at market place, religious, social, and cultural functions, sports and political rallies. In rural areas farm machines, pump sets are main sources of noise pollution. During festivals, marriage and many other occasions, use of fire crackers contribute to noise pollution.

Prevention & control of noise pollution - Following steps can be taken to control or minimize noise pollution-

- Road traffic noise can be reduced by better designing and proper maintenance of vehicles.
- Noise abatement measures include creating noise mounds, noise attenuation walls and well maintained roads and smooth surfacing of roads.
- Retrofitting of locomotives, continuously welded rail track, use of electric locomotives or deployment of quieter rolling stock will reduce noises emanating from trains.
- Air traffic noise can be reduced by appropriate insulation and introduction of noise regulations for takeoff and landing of aircrafts at the airport.
- Industrial noises can be reduced by sound proofing equipment like generators and areas producing lot of noise.
- A green belt of trees is an efficient noise absorber.

Status of Administrative Control on Environment in India - In our country, no attention was paid for controlling the environmental effects of developmental projects, almost till the year 1968 or so. It was in the 4th five year plan period (1968-1973), when for the first time, environmental aspects were introduced for harmonious development.

The 5th five year plan (1973-77) continued to stress upon the environmental considerations. During this plan period, a central law was enacted, under the name of “**Water (Prevention and control of Pollution) Act, 1974**”. This law was meant for checking and preventing water pollution, which has become quite prominent at the time of enactment of this law, at several places in the country.

Another important Act, called the **Water (Prevention and Control of Pollution) Cess Act , 1977,** was also passed by the parliament. This law has proved quite effective in reducing the quantities of industrial wastes, as the act promotes recycling and reuse of the waste waters.

Protection of environment was further stressed in the 6th five year plan (1980-85), which contained a separate chapter on ‘Environment & Development ’. Air pollution was also recognised, and a central legislation, called **Air (Prevention and Control of Pollution) Act, 1981,** was enacted.

A third act, called **The Environment (Protection) Act, 1986** was subsequently promulgated by the parliament after the occurrence of the Bhopal Gas tragedy. Under section 10 & 11 of this act, Government officers, empowered by the central Government may now enter the premises of the industries and collect samples, and/or carry out any reasonable action deemed fit for environmental protection.

Moreover, in order to check the emitted smokes from badly maintained automobiles, containing too much of lead, carbon monoxide and particulate matter, a fourth legislation, called **Motor Vehicles Act, 1988,** has been passed by the parliament.

भारतीय संगीत के विकास में अमीर खुसरो की भूमिका

डॉ. पूर्णिमा शर्मा *

शोध सारांश – प्रस्तुत शोधपत्र मध्यकालीन भारत के महान कवि और लेखक अमीर खुसरो के संगीत के क्षेत्र में अवदान पर प्रकाश डालता है। उन्होंने शास्त्रीय संगीत और लोक धुनों को मिलाकर जिस महान भारतीय संगीत परंपरा को जन्म दिया वह उनकी अनुपम संगीत प्रतिभा की परिचायक है।

शब्द कुंजी – संगीत, सूफ़ी, राग, ख्याल, तराना, वाद्ययंत्र, ताल ।

प्रस्तावना – सूफ़ी संप्रदाय की एक प्रमुख विशेषता यह है कि, इसमें संगीत को बहुत महत्व प्रदान किया गया है। इस मत के अनुयायी संगीत को परमात्मा तक पहुँचने का माध्यम मानते हैं। सूफ़ी (समा)[1] का आत्मा की शुद्धि के लिए परमावश्यक समझते हैं। मध्यकाल में भारत में सूफ़ी संत संगीत के द्वारा गैर मुस्लिमों के हृदय में स्थान बनाने में सफल हो रहे थे।

डॉ. उदयशंकर श्रीवास्तव के शब्दों में – 'उत्तर भारतीय शास्त्रीय तथा लोक धुनों को मिलाकर जिस विलक्षण हिंदुस्तानी संगीत परंपरा को जन्म दिया वह आज मात्र कला जगत की ही नहीं वरन् जीवन के अन्य स्तरों पर वर्ण गौत्र में उलझे हुए जनों को समष्टि में घुल मिल जाने का निमंत्रण देती है।'

अमीर खुसरो की संगीत में विशेष रूचि थी। अमीर खुसरो के संगीत प्रेम के अनेक कारण थे। मुख्य कारण उनका सूफ़ी अनुयायी होना था। शेख निज़ामुद्दीन औलिया भी आध्यात्मिक शांति हेतु संगीत को महत्वपूर्ण मानते थे। अत: स्वाभाविक ही था कि उनके शिष्य खुसरों का भी संगीत की ओर झुकाव हों।

1. वह संगीत जिसे सूफ़ी ईश्वर की याद में मस्त में रहने के लिए सुना करते हैं। खुसरो जिन सुल्तानों और शहजादों के राज्याश्रय में रहे थे, उनके संगीत प्रेम ने भी खुसरो को संगीत के क्षेत्र में कुछ करने हेतु प्रेरित किया। एस.ए.ए. रिज़वी ने लिखा है –

'उसके समकालीन बादशाहों और अमीरों को भी संगीत तथा नृत्य से बड़ा प्रेम था। कैकुबाद तथा जलालुद्दीन ख़ल्जी के दरबार के संगीत तथा नृत्य का वर्णन जियाउद्दीन बरनी ने बड़े गर्व से किया है अत: अमीर खुसरो ने जो दक्षता संगीत में प्राप्त कर ली थी, उस पर कोई आश्चर्य न होना चाहिए।'[1]

खुसरो की माँ भारतीय और पिता तुर्क थे। अत: मातृपक्ष से भारतीय संस्कार एवं पितृपक्ष से विदेश मुस्लिम संस्कार उन्हें मिले थे। इन दोनों ही तरह के संस्कारों का समावेश उनमें था। भारतीय तथा ईरानी दोनों ही संगीत उन्हें प्रभावित करते थे। भारतीय संगीत का माधुर्य खुसरों को विशेष रूप से आकर्षित करता था। वे हिन्दुस्तानी और विदेशी दोनों संगीत का समन्वय करके भारतीय संगीत में नवीनता लाना चाहते थे। यद्यपि खुसरो के प्रमाणिक संगीत ग्रंथ तो उपलब्ध नहीं हैं परंतु अपनी अन्य साहित्यिक कृतियों में जो संगीत विषयक जानकारी खुसरो ने दी है उससे खुसरो की सांगीतिक प्रतिभा परिलक्षित होती है।

अमीर खुसरो के संगीतज्ञान की प्रशंसा करते हुए जियाउद्दीन बर्नी ने तारीखे फ़ीरोजशाही में लिखा है – 'वह संगीत तथा संगीत की रचना में बड़ा दक्ष था। अनेक कलाओं में, जिनमें मधुर तथा उत्तम स्वभाव की आवश्यकता होती है, भगवान ने उसे दक्ष बनाया था।'[2]

उनका भारतीय संगीत के विकास में महत्वपूर्ण योगदान है जिसे निम्नलिखित बिंदुओं में व्यक्त कर सकते हैं –

1. रागों का वर्गीकरण – खुसरो को अनेक रागों का आविष्कारक माना जाता है। राग दर्पण में अमीर खुसरो को यमन या एमन, उशक, मुआफिक, गनम, मुजीर, सजकरी, फरगना, सरपरदा और अन्य अनेक रागों का आविष्कर्त्ता बताया गया है। इनमें भारतीय और फारसी दोनों शैलियों का सौंदर्य था।

1. आदि तुर्ककालीन भारत – एस.ए.ए. रिज़वी पृ. 283
2. बर्नी– तारीख़े फ़ीरोजशाही पृ. 359

खुसरो ने रागों का वर्गीकरण करके एक महान् उपलब्धि हासिल की, जिसे तत्कालीन समय में लगभग सभी के द्वारा स्वीकार किया गया।

रागों के वर्गीकरण के लिए खुसरो ने ईरानी मुकाम पद्धति को आधार के रूप में लिया। अमीर खुसरो द्वारा प्रतिपादित मुकाम पद्धति के प्रभाव से दो स्वरों के पंचश्रुतिक अंतराल भी प्रयुक्त हो गये। इससे एक लाभ यह भी हुआ कि भारतीय संगीत पर लागू होने वाले कठोर प्रतिबंध हट गए। मुकाम पद्धति के द्वारा अनेक रागों का जन्म हुआ। इसमें प्रथम राग भैरव था जो दक्षिण में 'मालव गौड़ और उत्तर में 'भैरवघाट' के नाम से प्रचलित हुआ। इस परिवर्तन के बारे में आचार्य वृहस्पति ने लिखा –

'यह परिवर्तन ऐसा था कि जिसने भारतीय चिंतन की धारा बदल दी और वर्तमान में भैरव, पूरबी, तोड़ी और मरबा जैसे ठाठों का अस्तित्व भारत में संभव हुआ। जिनकी कल्पना भी मूर्च्छना पद्धति में नहीं की जा सकती थी।'[1]

अमीर खुसरो द्वारा किया गया यह वर्गीकरण इतना प्रामाणिक था कि तत्कालीन प्रसिद्ध भारतीय संगीतज्ञ गोपालनायक[2] ने भी इसे स्वीकार किया था।

अमीर खुसरो के इस प्रयास से ईरानी तथा भारतीय रागों के मिश्रण का मार्ग प्रशस्त हो गया और सांस्कृतिक समन्वय की बुनियाद तैयार हुई। डॉ. वाहिद मिर्जा के मतानुसार –

'यह चीज़ लगभग विश्वनीय है कि अमीर खुसरो ने भारतीय राग में बहुत कुछ सुधार किये थे और इसमें ऐसी क्रांति को जन्म दिया था कि वह नये मार्ग और नयी विधा के जन्मदाता समझे जाते थे।'[2]

* सहायक प्राध्यापक (इतिहास) श्री अटल बिहारी वाजपेयी शासकीय कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय, इन्दौर (म.प्र.) भारत

यह पद्धति कितनी महत्वपूर्ण थी, यह इस तथ्य से भी प्रमाणित होता है कि आज सात सौ वर्षों बाद भी ठाठ या मेल पद्धति के रूप में अमीर ख़ुसरो का राग वर्गीकरण का अस्तित्व विद्यमान है।

1. खुसरो तानसेन तथा अन्य कलाकार-सुलोचना, वृहस्पति पृ. 99
2. मध्यकालीन संगीतज्ञों में गोपालनायक (ई. 1205-1315) का स्थान महत्वपूर्ण है। वे अपने संगीत के बल पर हिरणों को मुग्ध कर देते थे।
3. दी लाइफ एण्ड वर्क्स ऑफ अमीर ख़ुसरो- डॉ. वाहिद मिर्जा पृ. 238

2. ख्याल का आविष्कार – अमीर खुसरो ने ख्याल नामक गायन की एक नई शैली का भी आविष्कार किया। 'ख्याल' शब्द अरबी भाषा का है इसका अर्थ है कल्पना, विचार या तर्क। उस समय तक प्रचलित शैली ध्रुपद थी, जिसमें संगीत रचना का कुछ अंश एक विशेष गति से पहले गाया जाता है और तदंतर गति दुगुनी और फिर चौगुनी और इसी तरह अधिक कर दी जाती है। खुसरो के ख्याल में अलाप, जो राग के ध्वनि संकेत के अनुसार गाया जाता है, स्वयं गीत और फिर ताने, जो स्वर के त्वरित उतार चढ़ाव के साथ दोहरायी जाती है, रहती है। ख्याल आज भी बहुत लोकप्रिय है जबकि ध्रुपद लगभग अत्यवहार्य हो गया है।

3. कौल व तराना का आविष्कार – गोपाल नायक जैसे महान संगीतकार के संपर्क में आने के बाद अमीर खुसरो भारतीय संगीत के महान प्रशंसक बन गए। गोपाल नायक की प्रेरणा और मार्गदर्शन से ही वह 'तराना का आविष्कार करने में सफल हुए। यह महान भारतीय संगीतकार चतुर्दण्डी संप्रदाय का प्रवर्तक का जिसका प्रथम दण्ड आलाप में प्रयुक्त शुष्काक्षरों ने खुसरो को तराने का आविष्कार करने की प्रेरणा दी।

अबुज फ़जल ने लिखा है कि खुसरो ने 'समित और तातार' की सहायता से 'कौल' और 'तराना' का अविष्कार किया।

खुसरो का यह अविष्कार आज भी लोकप्रिय है। तराना का कण्ठ संगीत में वहीं स्थान हैं जो झाला का वाद्य संगीत में है। कैप्टन विलियर्ड लिखते है :-

'.....बादशाह ने अमीर खुसरो को अपने सिंहासन के नीचे छुपकर रहने का आदेश दिया जहाँ से वह अदृश्य रूप में रहकर उस संगीतज्ञ को सुन सके। खुसरो ने उसकी शैली को याद रखने का प्रयत्न किया और एक दिन गोपाल को आश्चर्यचकित करते हुए उस शैली की नकल से उसने कव्वाली और तराना गाया। इस प्रकार शठतापूर्वक उसे प्राप्य सम्मान के एक अंश से वंचित कर दिया।'[1]

4. वाद्य यंत्रों का अविष्कार – सितार शब्द पर्शियन 'सेह-तार' से बना है जिसका अर्थ तीन तंत्री वाली वीणा है। विद्धानों में इस बात को लेकर मतभेद है कि अमीर खुसरो ही सितार तबला व ढोलक का अविष्कारक था या नहीं ? यह एक विवादग्रस्त विषय बन गया है। ऐसा

1. केप्टन विलियर्ड-ट्रीटाइज़ ऑफ द म्युज़िक ऑफ हिन्दुस्तान पृ. 160

कहा जाता है कि अमीर खुसरो ने प्राचीन भारतीय वीणा और ईरानी तंबुरे के मेल से 'सितार' का अविष्कार किया। यह भी कहा जाता है कि भारतीय पुराना वाद्य पखावज था जो अपनी लंबाई के कारण सुविधाजनक नहीं था, अत: खुसरो ने पखावज के दो भाग किये और उसे तबला नाम दिया। पखावज का छोटा रूप कर ढोलक के अविष्कार का श्रेय भी कुछ विद्धान अमीर खुसरो को ही देते है। इस संबंध में उमेश जोशी लिखते है -

'खिल्जी' काल की सबसे अभूतपूर्व घटना सितार वाद्य का जन्म होना है। अमीर खुसरो ने भारतीय वाद्य में एक जबरदस्त क्रांति कर डाली। खुसरो को दक्षिण की वीणा पसंद नहीं आई जिसमें चार तार होते थे। उन्होंने उसमें तीन तार किए और तारों का क्रम उलट दिया और चल परदे लगा दिए। इसके अतिरिक्त द्रुतिलय में बजाना सहज करने के लिए इसकी गर्ते स्थिर कर दी और इन्हें तालबद्ध कर दिया। इस तार लगे पंच का उसने सहवार (सितार) फ़ारसी नाम रखा जो आम सितार बनाया है। इसलिए अमीर खुसरो ने सितार को जन्म दिया।'[1]

रसीद मलिक, वाहिद मिर्जा, आचार्य वृहस्पति आदि विद्धानों के मतों का खंडन के. के. खुल्लर ने किया है। उन्होंने खुसरो को सितार, ढ़ोलक, तबले का अविष्कारक माना है।[2]

5. ताल – जिन विद्धानों ने अमीर खुसरो को ढोलक और तबला का अन्वेशक माना है, उन्हीं का यह मत भी है कि इन वाद्य यंत्रों का बजाने के तरीके भी खुसरो द्धारा ही बनाए गए हैं। उन्होंने भारतीय और ईरानी दोनों संगीत पद्धतियों का सुंदर समन्वय करके इन तरीकों को प्रचलित किया। इनके द्धारा अविष्कृत ताल सत्रह कहे जाते हैं।

ढ़ोलक में किड़ किड़ान, गित झा जैसे बोलों के अविष्कार का श्रेय भी मुहम्मद करम इमाम ने अमीर खुसरो को ही दिया है।

खुसरो भारतीय संगीत से अत्यधिक प्रभावित थे। यद्यपि वह पूर्ण रूपेण भारतीय संगीत शास्त्र से परिचित नहीं थे फिर भी उनका हिंदुस्तानी संगीत के प्रति विशेष लगाव था इस संबंध में उनका यह कथन उल्लेखनीय है -

1. भारतीय संगीत का इतिहास- उमेश जोशी पृ. 187
2. अमीर खुसरो और हमारा मुश्तरका कल्चर - के.के. खुल्लर पृ. 79-80

'भारत के संगीत में वह जादू है जो सुनने वाले को मुग्ध कर देता है। संसार में इतनी अच्छी और श्रेष्ठ संगीत कला कहीं नहीं है। यहाँ पर विदेशी संगीतज्ञ आए और बीसों साल रहने पर भी उन्हें धैर्य नहीं हुआ कि एकाध राग को सीधे ढंग से गा सके।[1]

इसी प्रकार वे आगे कहते हैं -'यहाँ का संगीत न केवल इंसानों बल्कि जानवरों पर भी जादू का सा असर करते हैं। नायक का गीत तीर की भाँति हिरण के दिल में घाव कर देता है और वह मस्त होकर नायक के पास आकर खड़ा हो जाता है। नायक यदि उसे हाँकना चाहे तो भी वह अपनी जगह पर खड़ा रहता है। कभी-कभी तो उसी हालत में तड़पकर अपनी जान भी दे देता है।'

वह ये भी कहते थे कि मुस्लिम संगीतज्ञ भारतीय संगीत की विशिष्टताओं को समझे अत: वे इसके लिए इनकी परस्पर प्रतियोगिताओं का आयोजन करते थे। उन्होंने 'एजाज-ए-खुसकी' में कहा है कि -

'वे ऐसा इसलिए करते हैं कि - 'खुरासानी सिलहरी कबूतर (गायक) यह जान सके कि भारतीय चिड़िया (मधुर गायक) कैसा गाती है।'

निष्कर्ष – भारतीय संगीत के लिए अमीर खुसरो का योगदान अविस्मरणीय है। उनके द्धारा किए गए भारतीय-ईरानी संगीत के समन्वय से भविष्य में संगीत के क्षेत्र में अनेक परिवर्तन हुए। भारतीय गायिकाओं को फ़ारसी का ज्ञान कराया गया था। तथाकथित दास-वंश के अंत होने तक दिल्ली अवध के गायकों का केन्द्र हो गयी थी। ऐसे कलाकारों का वर्ग तैयार हो गया था जो भविष्य में अमीर खुसरो संगीत पद्धति को अपनाकर खुसरो की रचनाओं का प्रचार कर सके। सांगीतिक समन्वय हेतु किया गया उनका कार्य उन्हें उच्च कोटी के संगीत मर्मज्ञों की श्रेणी में शामिल कर देता है। डॉ. के. एस. लाल लिखते है -

'अमीर खुसरो अपने काल का संभवत: महानतम् संगीतज्ञ था वह एक महान गायक एक महान रचयिता और अनेक रागों तथा वाद्य यंत्रों का अन्वेशक था।'[2]

1. अमीर खुसरो और हमारा मुश्तरका कल्चर – के.के. खुल्लर पृ. 79–80
2. डॉ. के.एस. लाल– खलजी वंश का इतिहास, पृ. 335

संदर्भ ग्रंथ सूची –

1. सेन अरूण कुमार (1973) भारतीय तालों का शास्त्रीय विवेचन, प्रकाशन मध्यप्रदेश हिन्दी ग्रंथ अकादमी, भोपाल।
2. रावत चंद्रभान, अमीर खुसरो का संगीतपरक काव्य।
3. खुल्लर के. के. (1983) अमीर खुसरो और हमारा मुश्तरका कल्चर प्रकाशन सीमांत प्रकाशन, नई दिल्ली –2
4. हबीब मुहम्मद (1935) दिल्ली के हजरत अमीर खुसरो मध्यकालीन भारत, संपादन – इरफान हबीब प्रकाशन कलकत्ता।
5. मिर्जा वाहिद मोहम्मद (1974) द लाइफ एण्ड वर्क्स ऑफ अमीर खुसरो, प्रकाशन इदरा–इ–अदबियात–इ–देल्ही 2009 कसीमजान स्ट्रीट देल्ही–6
6. शुक्ल आचार्य रामचन्द्र (संवत 2035) हिन्दी साहित्य का इतिहास, प्रकाशन – नागरी प्रचारिणी सभा, काशी।
7. मलिक रसीद, संगीत और अमीर खुसरो।
8. परांजपे शरच्चंद्र श्रीधर (1972) संगीत बोध, प्रकाशन मध्यप्रदेश हिन्दी ग्रंथ अकादमी, भोपाल।
9. सुलोचना, बृहस्पति तथा अन्य खुसरो तानसेन तथा अन्य कलाकार।
10. उमेश जोशी (1969) भारतीय संगीत का इतिहास।
11. हुसैन युसूफ, मध्ययुगीन भारतीय संस्कृति (एक झलक) प्रकाशन– भारत प्रकाशन मंदिर, अलीगढ़ ।

****

छत्रसाल एवं संत प्राणनाथ

डॉ. प्रेरणा ठाकुर *

शोध सारांश – भारत के इतिहास में महाराणा प्रताप, छत्रपति महाराजा शिवाजी तथा महाराजा छत्रसाल के नाम स्वर्णाक्षरों में लिखे गये हैं। महाराणा छत्रसाल की कर्मभूमि बुंदेलखंड थी।बुंदेलखण्ड के इस वीर प्रतापी शासक का जन्म 4 मई सन् 1649 को महाराज चम्पतराय की वीरांगना धर्मपत्नि लालकुँवर से उस समय हुआ जबकि वे मुगल सेनापति बहादुर खाँ से युद्ध कर रहे थे। अत: वीर दंपति ने अपने पुत्र का नाम 'शत्रुसाल' रखा। कम आयु में ही अस्त्र–शास्त्रों के संचालन में निपुर्ण इस वीर ने 21 वर्ष की आयु में सन् 1671 में मुगल बादशाह औरंगजेब को चुनौती दे डाली।

छत्रपति शिवाजी को योद्धा बनाने में जो श्रेय स्वामी रामदास जी को दिया जाता है वही श्रेय छत्रसाल के संबंध में स्वामी प्राणनाथ जी को दिया जाता है। डॉ यदुनाथ सरकार जैसे चोटी के इतिहासकारों ने भी छत्रसाल के संबंध में यह लिखा है कि – 'आज के संदर्भो में तो हमें महाराजा छत्रसाल को भारतीय एकता का प्रतीक मानकर उनके चरित्र से राष्ट्रीय शिक्षा ग्रहण करना होगी। उनकी सेना में सभी जातियों तथा धर्मो के लोग एक सूत्र में बंधकर जन–आंदोलन के रूप में यु.द्ध लड़ते थे। जिस प्रकार सम्राट अशोक ने बौद्ध के प्रचार हेतु विदेशों में अपने धर्मदूत भेजे थे, ठीक वैसे ही महाराजा छत्रसाल ने विश्व मानव धर्म संस्कृति के प्रणेता श्री प्राणनाथ जी के विश्व शांति संदेश को प्रचार प्रसार के लिये सारे देश में भेजा था।

राष्ट्रपिता महात्मा गॉधी स्वयं संत प्राणनाथ जी व उनके द्वारा स्थापित प्रणामी संप्रदाय से अत्यधिक प्रभावित थे। एक बार गाँधी जी से किसी अंग्रेज पत्रकार ने पूछा था कि आपको 'ईश्वर अल्ला तेरे नाम' की भावना का ज्ञान कहाँ से प्राप्त हुआ, तब उन्होने कहा था कि उनके घर के पास ही प्रणामी धर्म का एक मंदिर है जहाँ भेदभाव के बगैर सभी धर्मो का आदर सम्मान होता है।

महामति श्री प्राणनाथ जी ने अपना संपूर्ण जीवन हिन्दू–मुसलमान एकता के प्रयासों में लगाया था इसीलिये उनकी स्मृति में बनाया गया मंदिर आज भी भारत को एकता के सूत्र में बाँधने का संदेश देता है। मंदिर की दीवारों पर एक और तो कुरान की आयतें हैं और दूसरी ओर वेद तथा उपनिषदों के श्लोंक खुदे हुए हैं।कैसा विचित्र विरोधाभास है कि औरंगजेब जैसे कट्टर शासक के राज्य को ध्वस्त कर देने वाले वीर छत्रसाल ने अपनी फौज में नेक नीयत अच्छे मुसलमानों को महत्वपूर्ण स्थान दे रखे थे और उन्होंने भी बिना किसी धार्मिक रूकावट व कट्टरता के अपने राजा छत्रसाल का सदैव साथ दिया।आजके भारतीय जनतंत्रात्मक संदर्भ में महाराजा छत्रसाल का इतिहास, बहादुरी तथा धर्म परायणता हमे आश्वस्त करती है कि मतलब परस्त नेता कुछ भी करते रहे वे भारतीय एकता, समग्रता तथा भाईचारे को नष्ट नहीं कर पावेंगे।

प्रस्तावना – महाराजा छत्रसाल लगभग 1671 से 1731 तक बुंदेलखण्ड क्षेत्र के शासक थे। छत्रसाल के पूर्वज यद्यपि मुगल बादशाह जहाँगीर के सहयोगी रहे थे तथापि छत्रसाल के पिता चम्पतराय तथा स्वयं राजा छत्रसाल मुगल बादशाह औरंगजेब के विरूद्ध युद्धरत रहे तथा पन्ना, सिरोंज, धामोनी, चंदनपुर, पथरिया, बिजोरी, मउ, नुसरतगढ़, नसीरगढ़ और राजगढ़ आदि क्षेत्रों पर अधिकार किया।

औरंगजेब के पश्चात उत्तरकालीन मुगल शासकों बहादूरशाह तथा फर्रूखसियर के काल में छत्रसाल के मुगलों से संबंध मित्रतापूर्ण रहे किन्तु मोहम्मदशाह का काल आते–आते यह संबंध बिगड़ने लगे, क्योंकि मोहम्मदशाह ने मोहम्मद खां बंगश को बुंदेलखण्ड क्षेत्र का सुबेदार बनाकर उसे छत्रसाल से युद्ध करने के लिए प्रेरित किया। ऐसी परिस्थिति में छत्रसाल ने मराठों से मित्रता कर अपने राज्य की सुरक्षा की व अपनी स्वतंत्रता को बनाये रखा। प्रस्तुत शोध पत्र में हम राजा छत्रसाल के आध्यात्मिक गुरू संत प्राणनाथ एवं प्रणामी संप्रदाय के संबंध में अध्ययन करेंगे।

प्रणामी सम्प्रदाय के संस्थापक तथा छत्रसाल के आध्यात्मिक गुरू स्वामी प्राणनाथ का जन्म 6 सितम्बर 1618 को काठियावाड़ के जामनगर में हुआ था, उनका जन्म का नाम मेहराज था तथा उनके पिता केशव ठाकुर जामनगर दरबार में राज्यमंत्री थे, माताजी का नाम धानबाई था। पिता के देहावसान के पश्चात् मेहराज जी भी अपने पिता के स्थान पर जामनगर के राज्यमंत्री पद पर नियुक्त हुए किन्तु सांसारिक माया मोह तथा बंधन उन्हें अधिक समय तक बांधकर नहीं रख सके।

मेहराज के गुरू देवचंद्रजी का निधन 5 दिसम्बर 1655 को हो गया उन्होंने अपने शिष्य महाराज से अपने संप्रदाय के प्रचार हेतु वचन ले लिया था। अत: उन्होंने दरबार के मंत्री का पद त्याग कर धर्म प्रचार का व्रत ले लिया। मेहराज जी को उनकी पत्नी 'प्राणनाथ' के सम्बोधन से ही पुकारती थी अत: अब वे स्वामी प्राणनाथ कहलाने लगे।[1]

स्वामी प्राणनाथ ने अपने समय के प्रकांड विद्धानों से शास्त्रार्थ किये जिनमें सभी संप्रदायों के प्रचारक थे। संत कबीर, गुरूनानक के अनुयायियों तथा अनेको इस्लाम धर्म के मुल्ला–मौलवियों से उन्होंने कई धार्मिक चर्चाएं की तथा काठियावाड़, कच्छ, सिंध, ईरानी, राजपूताना, उत्तर तथा मध्य भारत के सभी क्षेत्रों का प्रवास किया और बड़ी सफलता के साथ अपने अनुयायियों को प्रणामी पंथ में दीक्षित किया। उनके शिष्यों में महाराज जसवंतसिंह राठौर तथा महाराणा राजसिंह भी थे जिन्हें उन्होंने हिन्दू धर्म की रक्षा के लिए तैयार किया। स्वामी प्राणनाथ ने दिल्ली जाकर औरंगजेब से भी मुलाकात की। वे उदयपुर भी गये और महाराणा राजसिंह को औरंगजेब से लड़ने के लिए भी प्रेरित किया।

* प्राध्यापक (इतिहास) श्री अटल बिहारी वाजपेयी शा. कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय, इन्दौर (म.प्र.) भारत

छत्रसाल की प्रशंसा सुनकर स्वामी प्राणनाथ 1683 में बुंदेलखंड चले गये वहाँ मउगांव में उनकी मुलाकात छत्रसाल से हुई। छत्रसाल द्वारा अपने पुत्र जगतराय को लिखे पत्र से पता चलता है कि छत्रसाल व स्वामी प्राणनाथ की मुलाकात मउ के जंगलों में हुई थी तथा इसके बाद वे मृत्युपर्यन्त अर्थात् 29 जून 1694 तक पन्ना में ही रहे।[2]

जो संबंध स्वामी रामदास तथा छत्रपति शिवाजी में माना जाता है वहीं संबंध स्वामी प्राणनाथ तथा छत्रसाल का था। छत्रसाल पर स्वामी प्राणनाथ का प्रभाव धार्मिक तथा आध्यात्मिक के साथ ही राजनैतिक भी था। उन्होंने औरंगजेब के हिन्दू विरोध का डटकर विरोध किया। उन्होंने औरंगजेब तथा इस्लाम के खिलाफ हिन्दू वीरों को संगठित किया – उनकी भाषण शैली तथा कविता कहने की विद्या ने हिन्दू शूरवीरों को एकजूट करने में कमाल का कार्य किया। उस समय के आपसी द्वंद्वों और झगड़ों से टूटे हुए बुंदेले वीर स्वामी प्राणनाथ की वजह से छत्रसाल के एक छत्र के नीचे आकर मुगलकों से लोहा लेने लगे जैसे –

राजा ने मली रे राजे राय तेनों। धर्म जाता रे कोई थोड़ो।
जागो रे जोधा रे उठ बड़े रहो। नींद निगोड़ी रे छोड़ो।
टूटते हेरे वर्ग छत्रियों से, धर्म जात हिंदुआन।
सतन छोड़ो रे सतवादियो, जोर बढ्यो तुरकान।।
त्रैलोकी मेरे उत्तम खंड भारत की, तामे उत्तम हिंदूर धरम
ताके छत्रपतियों के सिर, आये रही इत सरम।
असुर लगाये रे हिंदुओं पर जजिया, बाकी मिले नहीं पानपान
जो गरीब न दे सके जजिया, ताय मार करें मुसलमान।
बात सुनी रे बुंदेल छत्रसाल ने, आगे आय खड़ारे तरवार
सेवाने लई रे सारी खिर खेंच के, सोईये किया सेन्यापति सरदार।।[3]

स्वामी प्राणनाथ जी के द्विितापूर्ण भाषणों तथा उपदेशों की वजह से अच्छे–अच्छे शक्ति सम्पन्न राजे महाराजे तथा वीर योद्धा छत्रसाल की फौज में शरीक हो गये।

पन्ना की हीरों की खदानों के स्त्रोत भी स्वामी प्राणनाथ ने ही छत्रसाल को बतलाये थे, जिनकी वजह से इतना धन छत्रसाल एकत्रित कर सका कि उसने मुगल सेनाओं के छक्के छुड़ा दिये। इस प्रकार से छत्रसाल को शक्ति सम्पन्न बनाने में स्वामी प्राणनाथ जी की सूझबूझ तथा बुद्धि कौशल ही जिम्मेदार है।

प्रणामी सम्प्रदाय – देवचंद्रजी ने गीता तथा श्रीमद् भागवत का गहन अध्ययन करने के पश्चात् ही प्रणामी पथ के सिद्धांत का प्रतिपादन किया था। वेद और पुराणों के ज्ञान को 'कुलझम' के नाम से सम्बोधित किया है तथा इसे वे 'तारतम्य सागर' भी कहते हैं जिसका अर्थ होता है सीमा हीन सागर अपरम्पार सागर। इन विचारों को स्फुट पद्यो के समान गुजराती, सिंधी तथा हिन्दी में लिखा गया है, बीच–बीच में अरबी, पर्शियन शब्द भी आये हैं। तत्संबंधी चौदह ग्रंथ भी उपलब्ध हैं – (1) रास (2) प्रकाश (3) खात्री (4) कलास (5) सानानंध (6) कीर्तन (7) खुलासा (8) खिलवत (9) पारकर्मा (10) सागर (11) श्रृंगार (12) सिंधी (13) मारफत सागर (14) कयामतनामा [4]

प्रणामी पंथ ने मूर्तिपूजा का घोर विरोध किया है फिर भी वे अपने मंदिरों में बाँसुरी, मुकुट (राधा व कृष्ण के) तथा कुलझाम के ग्रंथ की पूजा करते हैं। पन्ना के प्रणामी मंदिर की दीवालों तथा छतों पर कृष्णलीला के सुरम्य चित्रों को बनाया गया है। सभी हिन्दू मंदिरों के समान पूरी सजावट की जाती है तथा चरणामृत एवं प्रसाद भी बांटा जाता है।

प्रणामी संप्रदाय ऐकेश्वरवाद तथा बहुदेववाद का मिश्रण है उनके मुताबिक विश्व के तीन भाग हैं – (1) क्षर – अर्थात् नाश्वान जिसके अंतर्गत वह सभी कुछ आ जाता है जिसका क्षय होता है, नाश होता है। इसके आगे (2) अक्षर ब्रह्म – यह तीन देवताओं ब्रह्मा – निर्माणकर्ता, विष्णु – पालनकर्ता, महेश – अर्थात् संहारक को मिलकर बनता है। प्रणामी संप्रदाय में परम ब्रह्म परमात्मा को अक्षरातीत माना गया है जो कि इन त्रिगुण स्वामियों से ऊपर माना जाता है। वह परम ब्रह्म परमात्मा एक ऐसा स्त्रोत है जिससे सभी प्राणियों तथा प्रकृत्ति का जन्म हुआ है, उसी परमात्मा ने सारी सृष्टि का निर्माण किया है, वह माया तथा मोह, भ्रम अथवा विभ्रम से परे है वह तो जल कमल वत है, कमल तो जल से बिल्कुल अलग तथा भिन्न है।

'कुलझाम' में कर्म सिद्धांत को मान्यता दी गई है तथा मूर्तिपूजा का खंडन किया गया है – उनके अनुसार तो पूजा का सर्वश्रेष्ठ माध्यम केवल ध्यान ही है।[5]

प्रणामी सम्प्रदाय की दस आज्ञाएं इस प्रकार है –

1. धार्मिक नियमों का पालन किए बिना आत्मिक, मानसिक तथा शारीरिक उन्नति स्थायी नहीं रह सकती। स्थायी उन्नति के बिना देश तथा समाज कभी सुखी नहीं रह सकता। इसलिए धार्मिक नियमों का अवश्य पालन करें।
2. मांसभक्षण, मदिरापान, परस्त्रीगमन, परधन तथा परनिंदा और असत्य भाषण इन षट दोषों से अवश्य बचें।
3. मनुष्य मात्र में बंधुभाव उत्पन्न करते हुए जीवात्मा को सत्पथ पर ले जाना चाहिए जिसमें लोक परलोक सुगम बनें।
4. सत्कर्म और सद्भावना के बिना संसार में सुख और शांति का आनंद प्राप्त नहीं होता, यह अवश्य ध्यान रखे।
5. समाज शोषण और असद्भावना को सबसे बड़ा पाप समझे।
6. अन्य के साथ उपकार तथा न्यायवृत्ति रखना, सबसे बड़ा पुण्य कर्म समझे।
7. अपने लिए कष्ट सहन कर लेना ही तप और दूसरे के प्रति नरम होना ही सबसे बड़ा त्याग है।
8. झूठे आडम्बर में पड़कर साम्प्रदायिक और सैद्धांतिक तथ्यों को छुपाना महान पाप समझे।
9. धार्मिक ज्ञान के प्रचार में किसी से व्यर्थ वाद–विवाद नहीं करना चाहिए। दुराग्रही को समझाने की चेष्टा भी व्यर्थ ही है।
10. धर्म प्रचार का उत्तरदायित्व गृहस्थ और संत दोनों पर है। इसके लिए सदैव तत्पर रहना चाहिए।[6]

स्वामी प्राणनाथ पर कबीर तथा नानक का बहुत अधिक प्रभाव था। उन्होंने मुसलमानों तथा हिन्दुओं के अंधविश्वासों का जोरदार खंडन किया है। उन्होंने कहा है –

जो कतेब सो वेद बताई, या में अंतर नहीं न भाई
एक धनी साहब सब केरी, दूजी मानि चित जब केरी
हिन्दू, तुरक, दीन दी रायि, तिन मिल कै द्वै पंथ चलाये
खेंखा खेंच जगत में होई, एक अरब मिल कहत न कोई
अब मैं वेद कतेब मिला हूं, तिनके अरथ एक ठहराऊ
मेति वरोध जगत जसलेऊ, एक राह परगट कर देऊँ

उन्होंने आगे कहा है –

जो कुछ कहाकते बने, सोई कहया वेद
दोउ बंदे एक साहब के, पर लड़त बिना पाये भेद,

बोली सबी जुदा परी, नाम जुदा घरे सबन
चलन जुदा कर दिया ताथे समझन परी किन
ताथें हुई बड़ी अरक्षन, सो मुरझाऊँ दोए।
नाम निशान जाहिर करूं, ज्यों समझे सब कोएं
नाम सारो जुदा करे, लई सबों जुदी रसम
सब में उमत और दुनियां, सोई खुदा सोई ब्रह्म [7]

स्वामी प्राणनाथ ने किसी भी प्रकार की कट्टरता तथा ब्राह्मणवाद का खुलकर विरोध किया। हर प्रकार के ब्राह्य आडम्बर का उन्होंने खंडन किया है। जबकि विभीषण भगवान राम की शरण में आया था उसने कहा था कि अगर आपकी स्वामी भक्ति में मेरी कोई त्रुटि पाई जाये तो मुझे कलियुग में ब्राह्मण का जन्म मिले। एक स्थान पर प्राणनाथ ने कहा है कि मुझे बतलाओं कि अछूत कौन है ? वह शूद्र जिसकी आत्मा ज्ञान से प्रकाशित तथा व्यवहार मानव तुल्य है अथवा वह ब्राह्मण जो सांसारिक माया मोह से ग्रसित और निष्ठुर हृदय है।

उनके कुछ अनुयायी मुसलमान भी थे, लगभग सभी धर्म को मानने वालों ने उनसे दीक्षा ली थी। प्रणामी संप्रदाय किसी भी संप्रदाय के विरोध में नहीं बना था वरन् इसके बनाने के पीछे उस युग की अर्थात् छत्रसाल एवं प्राणनाथ के युग की आवश्यकता थी।[8]

महाप्रभु प्राणनाथजी ने मुगलों के हिन्दुओं पर बढ़ते हुए अत्याचार को देखकर वह एक ऐसे वीर शिरोमणि की तलाश में थे जो उनके मार्ग पर चलकर मुगल शासक क्रूर अत्याचारी और औरंगजेब की कुटिलनीति का दमन कर हिन्दू, हिन्दुत्व व देश की रक्षा करने में समर्थ हो तथा जन कल्याण कर धर्म की रक्षा कर सके। यह सभी गुण स्वामी प्राणनाथ को छत्रसाल में दिखाई दिये। महाप्रभु प्राणनाथ ने अपना वरद् हस्त छत्रसाल के सिर पर रखा और आशीर्वाद दिया तथा शक्ति सम्पन्न तलवार प्रदान की साथ ही यह वरदान दिया कि आज घोड़े पर सवार होकर जिस क्षेत्र में चक्कर लगा लोगे वही वसुधा हीरा उगलेगी (पन्ना की हीरे की खानें प्राणनाथ द्वारा बताई गई हैं।) इस प्रकार छत्रसाल का धन बढ़ा और आर्थिक रूप से शक्ति सम्पन्न हो गये, सैन्य बल बढ़ाने के लिए महाप्रभु प्राणनाथ स्वयं ही छत्रसाल को साथ लेकर जनता में नये साहस के संचार हेतु निकल पड़े, जिससे लोगों ने उत्साहपूर्वक छत्रसाल की सेना में प्रवेश किया और सेना का विस्तार हुआ।

छत्रप्रकाश में लालकवि ने इसका वर्णन इस प्रकार किया है –

छत्रसाल को ज्ञान सुनायो, परम तत्व प्रगट दरसायो,
त्यों प्रभु प्राणनाथ फरमायो, हुकुमधनी को आगम गायो।
करो राज छत्रसाल मही को, रण में सदा होय जय टीको,
तब कुल नृपति होंहि अनियारे, लैहें समर अरिन तो भारे।
यह विधि सो वरदान दे कुल अखंड बल राखि
राजतिलक छत्रसाल सिर दियो साखिदर साखि।।
महाराज अधिपति भये, महाराज छत्रसाल,
राजन में राजा भये, असुरन फेरे काल।।[9]

इस प्रकार महाप्रभु प्राणनाथ धार्मिक, आर्थिक राजनैतिक प्रत्येक क्षेत्र में छत्रसाल के सहायक हुए। औरंगजेब विरोधी छत्रसाल के प्रयत्नों को उन्होंने जन आंदोलन का रूप दिया। छत्रसाल को गुरू, मित्र और प्रधान सहायक के रूप में प्रोत्साहन दिया। महाप्रभु प्राणनाथ ने हिन्दू–मुस्लिम एकता के लिए बहुत प्रयत्न किये पूरे मध्यकाल में भी प्राणनाथ स्वामी का ही एकमात्र ऐसा उदाहरण है जहाँ एक ओर श्रीमद् भागवत का व दूसरी ओर कुरान का पाठ एक ही प्रार्थना सभा में होता था।

मध्य युगीन भारत के शासकों की धार्मिक संकीर्णता के कारण तत्कालीन भारतीय समाज जो हतोत्साहित एवं उदासीन हो गया था, जिसमें हिन्दू मुसलमान के बीच वैमनस्य की दीवार खड़ी थी ऐसे विषाक्त समाज को महामति प्राणनाथ ने अपनी समन्वयवादी प्रवृत्ति से शुद्ध व प्रेमपूर्ण बनाने का प्रयास किया तथा उनके उदारतापूर्ण विचारों को तत्कालीन समाज ने भी महत्वपूर्ण समझते हुए उनके विचारों को ग्रहण किया।[10]

संदर्भ ग्रंथ सूची :–

1. प्रणामी संप्रदाय की पत्रिका 'दूसरा प्रणाम', पृष्ठ 16
2. लालदास – 'बीतक' प्रकरण 7–17, पृष्ठ 570
3. 'जागनी' – प्राणनाथ मिशन की पत्रिका महामति प्राणनाथ का योगदान – डॉ. नरेश पंड्य, पृष्ठ 49
4. 'दूसरा प्रणाम' – पृष्ठ 14
5. हिन्दूकुल गौरव छत्रसाल – परशुराम गोस्वामी, पृष्ठ 86
6. प्राणनाथ संप्रदाय एवं साहित्य – डॉ नरेश पड्या, पृष्ठ 202
7. मुक्तिपीठ – प्रणामी संप्रदाय की पत्रिका, पृष्ठ 4
8. 'जागनी', पृष्ठ 54
9. छत्रप्रकाश – लालकवि, पृष्ठ 130
10. 'बीतक' – लालदास, पृष्ठ 575

****

स्वतंत्रता संग्राम सेनानी सेठ वरदीचंद जैन का झाबुआ जिलें में जनजागरण में योगदान (झाबुआ रियासत के विशेष संदर्भ में 1930 ई. से 1960 ई.तक)

डॉ. प्रकाश चन्द्र अलंसे *

प्रस्तावना – झाबुआ जिले में आजादी के पूर्व से ही जन जागरण का कार्य चल रहा था ओर आजादी के बाद भी चलता रहा इस जन जागरण के कार्य में कई सेनानियों ने अपनी आहूती दी, जिनमें एक सेठ वरदीचंद जैन भी थे झाबुआ रियासत की 90 प्रतिशत जनता जनजाति समाज की थी ओर वे अपनी वनवासी संस्कृति से बधे हुये थे और ऐसे समाज में जनजागरण की बात करना बड़ा कठिन कार्य था सेनानियों ने सर्वप्रथम अशिक्षा, अंधविश्वास, रूढिवादी परम्पराये, मद्यपान, साहूकारों एवं सूदखोरों द्वारा शोषण, दापा प्रथा,बेगार प्रथा,कन्ट्रोल के अन्न की काला बाजारी, आदि समस्याओं का सामना कर इनका समाधान किया। सेनानियों ने सर्वप्रथम 'देशी लोक राज्य परिषद' का गठन किया, इस परिषद को झाबुआ में स्थापित करने का श्रेय कन्हैयालाल वैध, श्री जैन साहब, मगनीराम जैन को जाता है। आजादी के बाद भी यहॉ 3 प्रतिशत से कम साक्षरता थी यहॉ की जनता की मानसिकता थी 'न कानून न कायदा बस जी हजूरी में फायदा' ओर शासक वर्ग को अंग्रेजो का संरक्षण प्राप्त था। ऐसी विकट परिस्थिति में सेनानियों ने 'देशी लोक राज्य परिषद' की स्थापना करना एक अदभूत घटना थी। इन सेनानियों ने अपना आंदोलन क्षेत्र केवल झाबुआ क्षेत्र ही नहीं रखा बल्कि पूरे मध्य भारत के स्वतंत्रता आन्दोलन में महत्वपूर्ण भूमिका अदा की।

झाबुआ रियासत की स्थापना – झाबुआ म.प्र के दक्षिण पश्चिम छोर पर विन्ध्यांचल पर्वत श्रेणियों के बीच स्थित है यह पूर्ण रूप से वनवासी इलाका था। 16 वीं शताब्दी के उत्तरार्ध में लबाना जाति के झब्बू नायक का प्रभुत्व था झाबुआ राजवंश का सम्बंध जोधपुर राज घराने से था झाबुआ रियासत का प्रारंभिक इतिहास जोधपुर राज्य के संस्थापक जोधाजी के पांचवे पुत्र वीर सिंह (1489 से 1495 ई.) से प्रारंभ होता है। केशवदास द्वारा राजकुमार सलीम(जहॉगीर) के विजय अभियानो में सेवाए दी फलस्वरूप सलीम द्वारा मालवा के कुछ गॉव जागीर के रूप में प्रदान किये जब मुगलों की सेना गुजरात अभियानो के समय झाबुआ होकर निकलती थी तब लबाना जाति के लोग लूट पाट किया करते थे तब जहॉगीर ने 1605 ई. में केशवदास को विशाल सेना लेकर लबानो को दण्ड देने के लिये भेजा केशवदास ने लबानो के प्रमुख सरदार झब्बू नायक को हाथी पावा पहाडी के पीछे मार गिराया ओर झाबुआ पर अधिकार कर लिया 1607 ई. में जहॉगीर ने केशवदास को राजा स्वीकार कर लिया।

वर्तमान झाबुआ जिले का गठन– 24 रियासतों का विलय कर मध्य भारत का निर्माण किया गया उनमें झाबुआ जिले की 5 रियासतें भी थी झाबुआ, आलिराजपुर, जोबट, कठीवाडा, मथवाड जब 1956 में मध्य प्रदेश का गठन किया गया तब इन्ही 5 रियासतों को साथ मिलाकर झाबुआ जिले का निर्माण किया गया।

सेठ वरदीचंद जैन का जीवन परिचय – सेठ श्री वरदीचंद जैन का जन्म झाबुआ रियासत के रानापुर कस्बे में श्री मगनीराम जैन के यहाँ 7 अक्टूबर 1904 को हुआ था। प्राथमिक शिक्षा रानापुर में ही सम्पन्न हुई। सेठ श्री वरदीचंद जैन का झाबुआ रियासत में बहुत बड़ा योगदान है। उन्होंने पहली बार जुल्म के खिलाफ आवाज उठाई और शहीद चन्द्रशेखर आजाद के पदचिन्हों पर चलकर झाबुआ रियासत में क्रांति का बिगुल बजा दिया।क्योंकि किसी भी देश में क्रांति का आधार वहाँ की जनता होती है और जनता में जब जागरूकता पैदा हो जायेगी तब ही वह क्रांति करेगी। अर्थात उन्होंने जनजागरण कर क्षेत्र में पहली बार क्रांति पैदा कर दी। क्रांति की शुरुआत एक चिंगारी के रूप में 1931 – 32 में 'झाबुआ व्यापारी मण्डल' की स्थापना कर की। सेठ वरदीचंद जैन एक व्यापारी के रूप में ख्याति प्राप्त कर चुके थे। वे दोहद तथा झाबुआ (रानापुर) स्थानों पर रहकर व्यापार करते थे, उस समय दोहद (पंचमहल) में ब्रिटिश हुकूमत थी जो बाम्बे प्रेसीडेंसी के अधीन थे, जहां आए दिन ब्रिटिश हुकूमत के खिलाफ संघर्ष हुआ करता था। इन्हीं आन्दोलनों से इन्हें प्रेरणा मिली और झाबुआ राज्य के राजा श्री उदयसिंह के खिलाफ संघर्ष करने की ठान ली। एक व्यक्ति संघर्ष कब तक करेगा, यह सोचकर उन्होंने एक व्यापारी मण्डल की स्थापना के लिए विचार किया ताकि इसके बैनर तले अन्य व्यापारी भी साथ हो जायेंगे। तो राजा के विरोध में माहौल बनाने में आसानी होगी।

झाबुआ की जनता में दोहद में होने वाली गतिविधि का असर पड़ने लग गया था। जिसमें विदेशी माल का बहिष्कार करने के लिए लोगों के मध्य जागरुकता फैलने लग गयी थी, जिसकी पुष्टि दरबार गजट से होती है। उसके अनुसार 'चूंकि कांग्रेस से ताल्लुक रखने वाले तमाम काम कानून व अहकामात के खिलाफ है। इसलिए ऐसे तमाम काम मसलन ब्रिटिश माल का बहिष्कार, प्रीवेंटिग, राजकीय जमाअत खिलाफ कानून बरगलाना–ये दरबार झाबुआ की हद में इस हुक्म के जारी होने की तारीख से छ: माह तक कतई बंद किये जाते हैं, अगर कोई शख्स इस हुक्म को तोड़ेगा या इस हुक्म को तोड़ने की अयानत करेगा तो पुलिस उसका बिना वारन्ट एकदम गिरफ्तार करेगी और उसके गुनहेगार साबित होने पर उसको 2 साल तक की सख्त कैद और 1000 रुपये जुर्माने की सजा दी जा सकेगी।'

व्यापारी मण्डल की स्थापना सन् (1931 – 32 ई.) राजा श्री उदयसिंह के काले कारनामों को अब जनता भी जान चुकी थी। ऐसे समय में सेठ वरदीचंद जैन ने 'व्यापारी मण्डल' की स्थापना प्रतिष्ठित व्यापारियों से मिलकर की। उसके प्रमाण हमें झाबुआ दरबार गजट से मिलते हैं। व्यापारी मण्डल की स्थापना का मुख्य उद्देश्य व्यापारियों पर लगाया गया टैक्स था। इस टैक्स की वसूली के पीछे राजा एशो आराम, व्यभिचार, अत्यधिक विलासिता के खर्चों आदि की पूर्ति करता था।

राजा द्वारा लगाये गये करारोपण पर विचारार्थ एक बैठक जैन नसिया धर्मशाला में (बड़े तालाब के किनारे) रखी गयी। इस बैठक में श्री पन्नालाल भण्डारी का भी विशेष सहयोग रहा। बैठक की अध्यक्षता श्री सेठ वरदीचंद जैन ने की। बैठक चल ही रही थी कि रियासत की पुलिस ने इन पर धावा बोल दिया। तब नागरिकों में अफरा – तफरी मच गयी, कई व्यापारी तालाब में कूदकर तैरकर दूसरे किनारे पर पहुंच गये और अपने पहचान वलो असामियों

* सहायक प्राध्यापक (इतिहास) शासकीय कन्या महाविद्यालय, झाबुआ (म.प्र.) भारत

(कृषकों) के गांव पहुंच कर वहां छिप गये। तब पुलिस प्रशासन ने इन गांवों पर धावा बोलकर इनको गिरफ्तार कर झाबुआ लाये और जेल में बंद कर दिये गये। कुछ व्यापारी बैठक जगह में ही बैठे रहे जिन्हें नजर बंद कर लिया। व्यापारियों में प्रमुख रूप से सेठ वरदीचंद जैन (रानापुर), श्री पन्नालाल भण्डारी, सेठ गोगालालजी शाह, सेठ लालचंद जी शाह, सेठ लालचंदजी शाह, पन्नालाल मोदी, चुन्नीलाल मोडिया पिटोल, श्री गट्टूलालजी पारा, मुंशी सोभागमल मेंहता झाबुआ, श्री रहीम बक्ष पिंजारा झाबुआ आदि थे। इन्हें जेल भेज दिया गया। तब शहर में राजतंत्र के खिलाफ लहर फैल गयी।

श्री हुकमीचन्द्र पोरवाल जो कि वकील थे इस अत्याचार के विरुद्ध शिकायत करने तत्कालीन पोलिटिकल एजेण्ट लेफ्टिनेन्ट कर्नल ए.एस.मीक को सम्बोधित करते हुए एक ज्ञापन तैयार किया जिसमें राजा श्री उदयसिंह के काले कारनामों का पूरा चिट्ठा तैयार कर बड़ी मुश्किलों के साथ बामनिया रेलवे स्टेशन गये वहां से रतलाम रेल द्वारा गये। फिर इन्दौर, मानपुर गये व पुन: इन्दौर जाकर Agent to the Governor General से मिले। उन्होंने उनकी बात को बड़ी गंभीरतापूर्वक सुनी तथा उन्हें हिदायत दी कि राजा के विरुद्ध किसी प्रकार का आन्दोलन नहीं करें तथा मीक ने तत्काल झाबुआ दरबार के दीवान श्री केशवलाल त्रिवेदी को तार द्वारा सूचना दी कि तत्काल व्यापारियों को रिहा करें। तब व्यापारियों को रिहा किया गया।

इस प्रकार पहली बार राजशाही ने इन सेनानियों के हाथों मात खाई। दरबार ने व्यापारी मण्डल पर प्रतिबंध लगा दिया। इसकी पुष्टि झाबुआ दरबार गजटसे इस प्रकार होती है – 'रियासत हाजा में थोड़े अर्से से चन्द मुखातिफ शक्शों ने व्यापारी मण्डल के नाम से एक कमेंटी मुकर्रर करके यह उद्देश्य कायम कर लिया है कि इन्तजाम रियासत के खिलाफ लोगों को बरगला करके तरह – तहर की हरकते पैदा करने की कोशिश करना व अशान्ति फैलाना, वगैरह – जिससे सिवाय खराबी के और कोई नतीजा नहीं निकल सकता। इसलिए ऐसी नाजायज कमेंटी का कायम रहना मुनासिब मालूम नहीं होता लिहाजा तारीख इजरा हुक्म हाजा से 'व्यापारी मण्डल' नाम की कमेंटी को गैर कानूनी करार दी जाती है और आइन्दा कोई ऐसी कमेंटी कायम करेगा या उसमें शरीक होगा या भाग लेगा तो उसके खिलाफ हुक्म अदुली में कायदे से केस चलाया जावेगा।' सेठ वरदीचंद जैन ने इसके अतिरिक्त एक और संस्था के गठन में महती भूमिका निभाई।

झाबुआ देशी राज्य लोक परिषद की स्थापना (1931 – 32 ई.) –

श्री कन्हैयालाल वैद्य जी एवं श्री वरदीचंद जैन ने मिलकर दोहद के कार्यकर्ताओं के मार्गदर्शन में झाबुआ देशी राज्य लोक परिषद की स्थापना की। इस परिषद ने अपनी स्थापना से लेकर देश के आजाद होने के बाद भी झाबुआ में उत्तरदायी शासन के लिए कड़ा संघर्ष किया। इस संस्था के माध्यम से ही झाबुआ की जनता ने अपने दु:ख दर्दों की कहानी ऊपर तक पहुंचायी। मामा बालेश्वर दयाल जी के झाबुआ में आगमन के साथ ही इनके आन्दोलन में गति आ गयी। क्योंकि ये ऐसे लोग थे जो हर तबके को मात्र मानव समझकर उनकी सेवा, दु:ख दर्दों को दूर करने में लगे रहते थे। 1932 के अन्तिम महीनों में मामा बालेश्वर दयाल झाबुआ, खाचरोद से आये थे। इस आदिवासी अंचल के लिए बहुत बड़ी सौभाग्य की बात सिद्ध हुयी जो आज हम चारों तरफ विकास देख रहे हैं उसमें उनका योगदान काफी अधिक है।

श्री वरदीचंद जैन ने श्री बालेश्वर दयाल व श्री कन्हैयालाल वैद्य के नेतृत्व में सामंतशाही के विरोध में काम करना प्रारम्भ कर दिया। 'सन् 1936 में इन पर राजद्रोह का मुकदमा लगाकर जेल में डाल दिया गया, जिसमें उन्हें धारा 124 ए के अन्तर्गत जेल में रखा गया था।' जेल में उनके साथ बहुत दुर्व्यवहार किया गया जेल में उन्होंने 27 दिन का अनशन किया (जिसमें कैदियों को सुविधा नहीं दी जा रही थी इसके विरोध में)। इसी दौरान जेल में इनके पास कई अमानवीय घटना को पुलिस वालों ने अंजाम दिया। उन्होंने स्वयं बताया कि डेढ़ क्विंटल अनाज श्री उदेरामजी को एवं मुझे पीसना पड़ता था साथ में घोड़ों के लिए चेदी पिसवाई जाती थी, जेलर का कहना था कि 'तुम्हारी कब्र यहीं बनवाऊँगा। तब मैंने जवाब दिया कि कोई हर्ज नहीं क्योंकि कम से कम कब्र पर कुत्ते पेशाब तो नहीं करेंगे। 27 दिन के अनशन से उनका वजन 165 पौण्ड से घटकर 108 पौंड रह गया था। जेल अधिकारियों ने अनशन के दिनों में जबरदस्ती मुंह में नली डालकर दूध पिलाने की कोशिश की तब भी मैंने मुह नहीं खोला। तब पुलिस जवानों को दबरदस्ती मुह खुलवाने की कोशिश की तो मेरे तीन दांत उखाड़ दिये और मेरी आंखों की रोशनी चली गयी।'

'सितम्बर 1935 को दोहद में झाबुआ राज्य की प्रजा परिषद का प्रथम अधिवेशन (झाबुआ राज्य की सरहद के बाहर) सम्पन्न हुआ। इस अधिवेशन की अध्यक्षता सेठ कालूरामजी पोरवाल ने की। स्वागताध्यक्ष सेठ वरदीचंद जैन उपस्थित थे। इस अधिवेशन में कुल 18 प्रस्ताव पास किये गये। ये प्रस्ताव झाबुआ स्टेट की जनता की तकलीफों से संबंधित था जो इस बात का परिचायक है कि अब झाबुआ के सेनानियों में जागरुकता आ गयी थी। वे प्रजा परिषद के मंच के माध्यम से जनता की तकलीफों व दु:ख दर्दों को मंच के माध्यम से राजा व पूरे देश के सामने रखने लग गये थे।' झाबुआ राज्य प्रजा परिषद का 'द्वितीय अधिवेशन भैरवगढ़ में 6 मई 1936 को सम्पन्न हुआ जिसकी अध्यक्षता सेठ वरदीचंद जैन ने की।'

निष्कर्ष – इस प्रकार श्री वर्दीचंद जैन ने झाबुआ जिले के स्वतंत्रता संग्राम में बड़ी महत्वपूर्ण भूमिका अदा की। जब उन्होंने व्यापारी मण्डल व झाबुआ राज्य लोक परिषद की नींव रखी तब से ही राजशाही के जुल्मों का शिकार हो गये तथा इनकी समस्त सम्पत्ति व व्यापार चौपट हो गया और जेल में रहकर डेढ़ क्विंटल का अनाज पीसना पड़ा। साथ ही अपने दांतों को पुलिस के हाथों गंवाये जिससे उनकी आंखों की रोशनी चली गयी। ये सब यातनायें जनता की लड़ाइयों को लड़ने के बदले श्री वरदीचंद जैन को मिली।

वर्तमान समय में श्री वरदीचंद जैन हमारे बीच में नहीं हैं लेकिन उनके द्वारा गरीब आदिवासियों के लिए जो सपना देखा था आज के समय में पूरा होता देख उनकी झाँकी दृष्टिगोचर हो रही है। श्री वरदीचंद जैन का निधन 13 फरवरी 1984 को हो गया।

संदर्भ ग्रन्थ सूची:-

1. कर्नल टाड – राजस्थान (कलकत्ता पुन: प्रकाशन) संस्करण – 11 पेज 21
2. मेंमोयर्स ऑफ सेन्ट्रल इंडिया –जान मालकम लंदन प्रकाशन 1924 पेज नं. 47
3. झाबुआ स्टेट गजेटियर एक्स्ट्रा आडनरी नं. 8 र्सकुलर नं. 1370–1 व 1371–1 फरवरी 1932
4. सन् 1936 का झाबुआ जेल से प्राप्त रिकार्ड के अनुसार
5. नई दुनिया समाचार पत्र 9 नवम्बर 1972
6. झाबुआ राज्य प्रजा परिषद का प्रथम दोहद अधिवेशन की कार्यवाही सेठ कालूराम पोरवाल की अध्यक्षता में सम्पन्न सितम्बर 1935
7. झाबुआ राज्य प्रजा परिषद का द्वितीय भैरवगढ़ अधिवेशन की कार्यवाही सेठ श्री वरदीचंद जैन की अध्यक्षता में सम्पन्न मई 1936
8. झाबुआ राज्य प्रजा परिषद का तृतीय दोहद अधिवेशन की कार्यवाही मई 1939
9. झाबुआ राज्य प्रजा परिषद का चर्तुथ एवं पंचम अधिवेशन की कार्यवाही 29 जून 1941 एवं 21 दिसम्बर 1947

****

महात्मा गांधी का नैतिक दर्शन (व्यावहारिक पक्ष)

डॉ. पुष्पा कपूर *

शोध सारांश –महात्मा गाँधी ने मनुष्य को एक नैतिक प्राणी माना है। उनका अहिंसा का सिद्धांत संसार के अस्तित्व को बनाए रखने में अग्रणी भूमिका अदा करता है। उनकी मानवतावादी विचारधारा विश्व धरातल पर आज स्थापित हो रही है। व्यक्ति की आत्मशुद्धि और आत्मोन्नति मानवीय मूल्यों को आत्मसात करने से ही सम्भव है।

प्रस्तावना – महात्मा गाँधी ने नैतिक नियमों को जीवन में अंगीकार कर संसार के सामने एक अनूठा उदाहरण प्रस्तुत किया है। नैतिकता तो मनुष्य की चेतना में अंतर्निहित है। समाज, देश, विश्व इन सभी की चाहे जो समस्या हो, उसके मूल में नैतिकता समाहित होती है। महात्मा गाँधी के अनुसार, 'धार्मिक सहिष्णुता, अहिंसा के सिद्धांत का प्रतिफल है।'[1]

नैतिक शोध की आवश्यकता – वर्तमान समय में जहाँ विश्व के सभी देश आर्थिक विकास में नित नये आयाम छू रहे हैं, वहीं दूसरी ओर अपराध के ग्राफ मानवता को शर्मसार कर रहे हैं। असुरक्षा का भाव हिंसक प्राणियों के कारण नहीं अपितु तथाकथित सभ्य समाज में रहकर, मनुष्य भोग रहा है। पशुतुल्य आचरण कदापि क्षमा योग्य नहीं है। आज मानव की अंतरात्मा को जगाने की आवश्यकता है, जो नैतिक दिशा में आगे बढ़ने से ही सम्भव है।

नैतिक ज्ञान का विस्तार शोध का लक्ष्य – 'मनुष्य एक नैतिक प्राणी है' यह कहकर महात्मा गाँधी मानव में निहित अनन्त सम्भावनाओं का व्यावहारिक पक्ष प्रस्तुत करते हैं। इससे मनुष्य का विवेक जागृत होता है। उन्होंने पंच महाव्रत – सत्य, अहिंसा, अस्तेय, ब्रह्मचर्य और अपरिग्रह भारतीय दर्शन से ग्रहण किये। उन्होंने माना कि अहिंसा मानव बल है। पशु बल से यह कई गुना अधिक है, इससे मानव के हृदय को जीता जा सकता है।

'अहिंसा को साधन और सत्य को साध्य मानना चाहिए।'[2] मनुष्य को समाज में अपने मौलिक अधिकारों को प्राप्त करना हो तब भी उसे अहिंसा का मार्ग अपनाना चाहिये। इसमें आत्मरक्षा के साथ-साथ समाज की भी रक्षा निहित है। अपने लक्ष्य को प्राप्त करने में साधनों की पवित्रता का भी ध्यान रखा जाना चाहिए। महात्मा गाँधी इसे व्यावहारिक उदाहरण से स्पष्ट करते हैं कि जैसा बीज होगा वैसा फल प्राप्त होगा। बबूल को बोने से आम को प्राप्त नहीं किया जा सकता। इसी प्रकार अनुचित साधनों को अपनाकर ऊँचे लक्ष्य को प्राप्त नहीं किया जा सकता। नैतिक ज्ञान मनुष्य के कर्तव्यों का निर्धारण करने में अहम भूमिका निभाता है। नैतिक ज्ञान के द्वारा मनुष्य स्वयं अपने कार्यों और विचारों की समीक्षा कर सकता है। मानवमात्र के प्रति उसके हृदय में सौहार्द्रपूर्ण मैत्रीभाव का जन्म होता है।

विकास के दौर में आगे बढ़ते हुए भी वह पवित्र आचरण रखकर आत्मविकास कर सकता है। मानव जीवन के प्रत्येक क्षेत्र में नीति का समावेश हैं। नीति जनकल्याणकारी बनकर आदर्श को प्राप्त करती है। महात्मा गाँधी का नैतिक चिंतन मानव जीवन की समस्याओं का समाधान करने में सहायक हैं। महात्मा गाँधी के नैतिक चिंतन का आधार भगवद्गीता भी है। वे गीता को माँ के समान मानते हैं। गीता के श्लोकों में उन्हें अपनी समस्याओं का समाधान प्राप्त हो जाता था। नैतिक चिंतन मनुष्य को अंधविश्वास से मुक्त कराता है। भिन्न-भिन्न देश-काल के व्यक्तियों के व्यवहार में नीति के आधार पर एक आदर्श एकरूपता बनाई जा सकती है।

नीति का सम्बन्ध समाज से है, यह समाज में ही सार्थक होती है। अत: उन्होंने सर्वोदय समाज की अवधारणा प्रस्तुत की। समाज के सभी व्यक्तियों का विकास इसका मूल प्राण है। सर्वधर्म समन्वय का आधार भी नैतिकता है। किसी भी धर्म को छोटा कहना या समझना भी हिंसा है। अत: समस्त धर्मों के प्रति आदर का भाव धारण करना चाहिए।

'गाँधीजी के शब्दों में नीति को धर्मनीति अथवा नीतिधर्म कहा गया है। धर्म में नैतिकता निहित है। कोई धर्म नीति-विहीन नहीं है। इसी प्रकार सच्ची नैतिकता, सच्चा धर्म है।'[3]

नैतिकता को आचरण में अपनाकर मनुष्य आत्म विकास तो करता ही है, साथ ही वह अन्य लोगों के लिए उदाहरण बन जाता है, जो एक प्रकार से देखा जाए तो व्यावहारिक शिक्षा है। मन में संतोष होने पर लालच का भाव जागृत नहीं होता।

गाँधीजी गीता के उपदेश को नैतिक कर्तव्य के लिए आवश्यक मानते हैं – 'मनुष्य अपने को कर्ता न मानकर ईश्वर की इच्छा को सर्वोपरि मानते हुए अहंकार-विहीन होकर निमित्त रूप में कार्य करे।'[4] इस प्रकार आचरण में विचारों की छाप व्यावहारिक रूप में दिखाई देती है। विचारों में अहंकार का समावेश न हो, तभी अहिंसक आचरण सम्भव है। विनम्रता का गुण आने पर कर्म पूजा बन जाता है। धीरे-धीरे वह कर्म लोक कल्याण का रूप ले लेता है, जिससे सम्पूर्ण समाज लाभान्वित होता है।

निष्कर्ष – महात्मा गाँधी के नैतिक चिंतन की उपादेयता समाज में सदैव प्रासंगिक बनी रहेगी। उन्होंने मानव के स्वभाव की विलक्षणता को जाँचा-परखा है। आज भौतिक विकास का दौर है, जहाँ मानवीय जीवन की गरिमा को बनाए रखने हेतु महात्मा गाँधी का नैतिक दर्शन अत्यन्त आवश्यक है। मनुष्य स्वयं जैसा भी कार्य-व्यवहार करे, परन्तु वह दूसरों से अच्छे आचरण की अपेक्षा करता है, यह तभी सम्भव है जब सभी मनुष्य नैतिकता को जीवन में आत्मसात करे, आत्म अवलोकन करे, अपने कार्यों और विचारों के परिणाम के बारे में चिंतन-मनन करे।

सन्दर्भ ग्रन्थ :-

1. धर्म दर्शन की रूपरेखा – हरेन्द्रप्रसाद सिन्हा, पृष्ठ संख्या 320
2. नीतिशास्त्र का सर्वेक्षण – डॉ. संगमलाल पाण्डेय
3. नीतिशास्त्र के प्रमुख सिद्धांत – डॉ. हृदयनारायण मिश्र, पृष्ठ संख्या 328
4. नीतिशास्त्र के प्रमुख सिद्धांत – डॉ. हृदयनारायण मिश्र, पृष्ठ संख्या 331
5. गाँधी का दर्शन – डॉ. संगमलाल पाण्डेय
6. गाँधी दर्शन – डॉ. प्रभातकुमार भट्टाचार्य
7. नीतिशास्त्र के प्रमुख सिद्धांत – डॉ. डी.आर. जाटव
8. समकालीन भारतीय दर्शन – बसन्त कुमार लाल
9. नीतिशास्त्र की समकालीन प्रवृत्तियाँ – डॉ. सुरेन्द्र वर्मा
10. नीतिशास्त्र – जे. एन. सिन्हा

* सहायक प्राध्यापक (दर्शनशास्त्र) शासकीय कन्या महाविद्यालय, रतलाम (म.प्र.) भारत

महाराष्ट्र की कीर्तन परम्परा

डॉ. स्नेहा पंडित *

प्रस्तावना – भारतवर्ष में भक्ति मार्ग में संगीत कला का सर्वश्रेष्ठ स्थान है। संतों ने ईश्वर आराधना के लिये संगीत को सीधा मार्ग बताया है। भक्ति भावना से किया गया भजन भगवान को अधिक पसंद है। संतों द्वारा कीर्तन का उपयोग जन जागृति, धर्म जागृति, भक्ति मार्ग तथा समाज को उपदेश देने हेतु किया गया, ऐसा ऐतिहासिक प्रमाण है। समाज को एकत्रित करने के लिये कीर्तन एक अच्छा साधन है, इसमें शिक्षित, अशिक्षित, अमीर, गरीब, छोटे, बड़े, बालक सभी वर्ग के लोग समाविष्ट होते हैं। इसमें सभी आयु वर्ग (वृद्ध, बालक, स्त्री, पुरूष आदि) के लोग होते हैं। वैष्णव सम्प्रदाय का प्रमुख ग्रंथ भगवतगीता है। इस ग्रंथ में श्रीकृष्ण ने सगुण भक्ति एवं निर्गुण भक्ति दोनों को ही प्रधान रूप से बताया है और कहा है कि सगुण भक्ति सर्वसाधारण के लिये तथा निर्गुण भक्ति ज्ञानियों के लिये है।

आराधक अपने इष्ट की सेवा विभिन्न साधनों से करता है। उन्हीं भावों एवं साधनों को भिन्न-भिन्न नामों से जाना जाता है अर्थात् निम्न सभी भाव भक्ति की श्रेणी में आते हैं – श्रवण, कीर्तन, स्मरण, वंदन, पादसेवा, दास्यभाव, सख्यभाव, वंदन, आत्मनिवेदन इस प्रकार वैष्णव सम्प्रदाय में भक्ति के नौ भाव माने जाते हैं। जो नवधा भक्ति के नाम से प्रचलित है। वैष्णव सम्प्रदाय के संगीत को दो भागों में बाँटा जा सकता है – 1) शास्त्रीय संगीत, 2) जनसामान्य संगीत।

वल्लभ सम्प्रदाय, राधावल्लभ सम्प्रदाय, हरिदास सम्प्रदाय, निम्बार्क सम्प्रदाय आदि में शास्त्रीय संगीत का विशेष स्थान रहा है। गौडीय सम्प्रदाय नाम संकीर्तन की दृष्टि से विशेष महत्वपूर्ण है। इसमें हरे राम हरे कृष्ण नाम को विशेष धुन से बाँधकर सर्वसाधारण में प्रसारित किया गया। रामानंदी सम्प्रदाय का संगीत भी जनता के लिये ही है। कीर्तन सामूहिक रूप से किया गया नाम स्मरण है, जिसमें ईश्वर के विभिन्न नामों को संगीत के माध्यम से गाया जाता है। जैसे हरे राम हरे राम राम राम हरे हरे, श्रीराम जय राम जय जय राम, गोविन्द जय जय गोपाल जय जय, विट्ठल रखुमाई विठोबा रखुमाई, विट्ठल विट्ठल, दिगम्बरा दिगम्बरा श्रीपाद वल्लभ दिगम्बरा आदि। सगुण भक्ति में नाम स्मरण के द्वारा सर्वसाधारण जनता भी ईश्वर की भक्ति कर सकती है।

साधारणत: कीर्तनकार अपने प्रवचनों का आरंभ कीर्तन में नाम स्मरण से करता है एवं कथा के बीच-बीच में कीर्तन (नाम स्मरण) गाकर सर्वसाधारण से भी कराता है। इसी प्रकार के कीर्तन से जनमानस ईश्वर भक्ति कीर्तन के अतिरिक्त अन्य समय में भी करता रहता है। इससे श्रोताओं के दोनों उद्देश्य पूर्ण हो जाते हैं। ईश्वर आराधना भी हो जाती है और उसके माध्यम से वह यह महसूस करता है कि उसने ईश्वर को भली-भांति याद कर लिया है। अत: कीर्तन सगुण भक्ति है एवं सभी वर्ग के व्यक्तियों को सुलभ है। इसके लिये वेद, पुराण, शास्त्र आदि की जानकारी आवश्यक नहीं है। इसी संदर्भ में देव ऋषि नारद को कीर्तन का जनक माना जाता है। कीर्तन की परम्परा देवर्षि नारद द्वारा ही शुरू की है, ऐसा उल्लेख है। नारद स्वयं अच्छे कीर्तनकार रहे हैं। वे गायन तथा कीर्तन दोनों ही कलाओं में पारंगत हैं। इसका उल्लेख अनेक ग्रंथों में मिलता है। निम्न श्लोक से देवर्षि नारद के कीर्तनकार होने की पुष्टि होती है –

गायन नारायण कथां सदा पापभयापहम्।
नारदो, नाश्यन्नेति, नृणामज्ञानजं भयम्।
देवदत्ताामियां वीणा स्वर ब्रह्म विभूषितम्
मूर्च्छायित्वा हरिकथा गायमाश्रराम्यहम्।।

कीर्तन के लिये जिन गुणों की आवश्यकता होती है, वह सभी गुण देवर्षि नारद में थे। इनके द्वारा जो कीर्तन परम्परा शुरू हुई उसे नारदीय कीर्तन परम्परा कहा जाने लगा। साधारणत: सम्पूर्ण भारत में कीर्तन की परम्परा प्रचलित है। इसके अतिरिक्त कुछ राज्यों में कीर्तन की परम्परा एक निर्धारित रूप में चली आ रही है, इनमें महाराष्ट्र के कीर्तन, वृंदावन, नाथद्वारा, बंगाल के कीर्तन आदि विशेष उल्लेखनीय है। जहाँ तक महाराष्ट्र के कीर्तन का प्रश्न है, इस भूमि में एक से बढ़कर एक उच्चकोटि के संत हुए हैं, जिन्होंने कीर्तन की परम्परा की प्रथा सदियों पहले से आरंभ की थी जो आज भी चली आ रही है। महाराष्ट्र में कीर्तन के तीन सम्प्रदाय हैं –

1. नारदीय कीर्तन
2. वारकरी कीर्तन
3. रामदासी कीर्तन

नारदीय कीर्तन – नारदीय कीर्तन के प्रवर्तक देवर्षि नारद कहे जाते हैं। इस कीर्तन परम्परा में कीर्तन की शुरूआत मंगलाचरण से होती है। इस कीर्तन के दो भाग होते हैं 1) पूर्वरंग 2) उत्तर्रंग। ये दोनों अंग लगभग सभी कीर्तनकारों ने अपनाए हैं। इसके पूर्व रंग में कीर्तनकार संत नामदेव, तुकाराम, एकनाथ, समर्थ रामदास आदि द्वारा बताए गए अभंग या पद लेकर या संस्कृत श्लोक लेकर कीर्तन की प्रस्तावना करते हैं। इस परम्परा में अनेक अच्छे साहित्य का अधिक से अधिक उपयोग करते हैं। इस कीर्तन परम्परा में लगभग सभी संतों द्वारा बताए गए अभंग एवं पदों का उपयोग किया जाता है। अत: इस परम्परा में कीर्तन करने के लिये विषयों का क्षेत्र बहुत बड़ा है। इसका क्षेत्र विस्तृत होने के कारण सभी पदों को विभिन्न रागों में गाया जाता है।

कीर्तनकार स्वयं गायक भी होते हैं। इस कारण वह संगीत के शास्त्रीय पक्ष को भली-भाँति प्रस्तुत करते हैं। इसमें अनेक कीर्तनकार ठुमरी, ख्याल, ध्रुपद, धमार इत्यादि संगीत के गीत प्रकारों का गायन अपने कीर्तन में करते हैं। कीर्तन के दूसरे भाग अर्थात् उत्तर्रंग में किसी व्यक्ति के चरित्र या किसी सिद्धांत को समझाते हुए पूर्वरंग में लिये अभंग या पद को जोड़कर विषय को

* सहायक प्राध्यापक (संगीत) शासकीय कन्या महाविद्यालय, रतलाम (म.प्र.) भारत

प्रबल बनाते हैं। नारदीय सम्प्रदाय की विशेषता यह है कि हरिकथा को कीर्तनकार खड़े होकर कहते हैं, इसमें मृदंग, झांझ, चिपड़ी, हारमोनियम, तबला इत्यादि वाद्यों के द्वारा संगत की जाती है।

वारकरी कीर्तन – वारकरी सम्प्रदाय परम्परा लगभग 800 वर्ष पुरानी है। आरंभ में संत ज्ञानेश्वर के समस्त शिष्य आषाढ़ी एकादशी से कार्तिकी एकादशी तक आकंदी नामक स्थान से पंढरपुर तक की यात्रा गायन–वादन के साथ नाम स्मरण करते थे। इस क्रिया को मराठी में वाच्या (एक निश्चित समय पर की गई तीर्थ यात्रा) कहते हैं। इसी कारण इस वर्ग को वारकरी कहा गया। वारकरी कीर्तन के प्रवर्तक संत ज्ञानेश्वर हैं एवं इस कीर्तन परम्परा के श्रेष्ठ कीर्तनकार संत नामदेव हुए हैं। इस सम्प्रदाय के लोगों को संत नामदेव के कीर्तन में पांडुरंग (विट्ठल, कृष्ण) स्वयं नृत्य करते हुए दिखते थे। इस कीर्तन सम्प्रदाय में कीर्तन का विशिष्ट नियम था, जिसके अंतर्गत विशिष्ट संतों के साहित्य का ही उपयोग होता था। संत ज्ञानदेव भी संत निकोबा राय द्वारा रचित पद ही कीर्तन में गाते थे। विशेष तथ्य यह है कि वारकरी सम्प्रदाय में विट्ठल के अलावा अन्य किसी भी भगवान का नाम स्मरण नहीं किया जाता। वारकरी सम्प्रदाय में ज्ञानेश्वरी, एकनाथ भागवत्, तुकाराम एवं नामदेव आदि की कथाओं का साहित्य ही कीर्तन का आधार है।

इस सम्प्रदाय में कीर्तन की शुरूआत संत ज्ञानेश्वर द्वारा रचित मंगलाचरण को गाकर की जाती है तथा इसके पश्चात ही प्रस्तावना के लिए कोई अभंग लेकर पूर्व रंग की शुरूआत होती है। इस सम्प्रदाय में मंझीरा बजाने वालों की संख्या अधिक होती है। ये संख्या पच्चीस से लेकर हजार तक भी हो सकती है। बीच–बीच में 'विठोबा रखुमाई' का सामूहिक कीर्तन होता है। इस सम्प्रदाय की भाषा मराठी होती है, जो बहुत सरल होती है एवं सभी को समझ में आती है। इस सम्प्रदाय में कीर्तन को शास्त्रीय पक्ष से देखने का काम श्री विष्णु बुवा जोग ने किया। इस सम्प्रदाय में वीणा तथा पखावज जैसे पारम्परिक वाद्यों को अधिक महत्व दिया है। कालान्तर में इस सम्प्रदाय के भी दो भाग हो गए।

1. आकंदीकर वारकरी सम्प्रदाय
2. देहुकर वारकरी सम्प्रदाय

आकंदीकर सम्प्रदाय में नमन के लिये विशेष पद का उपयोग होता है। इसमें श्री ज्ञानेश्वर महाराज का अभंग 'रूप पाहता लोचनी' का उपयोग होता है। इसके विपरीत देहुकर सम्प्रदाय में 'सुन्दर ते ध्यान' श्री तुकाराम महाराज के अभंग का उपयोग नमन के लिए होता है। यह भेद दोनों सम्प्रदाय को अलग करता है। इसमें वारकरी कीर्तनकार नमन के लिये उपरोक्त पद के अलावा कोई परिवर्तन नहीं करते।

रामदासी कीर्तन – महाराष्ट्र के कीर्तन में रामदासी कीर्तन परम्परा विशेष महत्वपूर्ण है। इसके प्रवर्तक समर्थ श्री स्वामी रामदास थे। रामदास स्वामी ने नारदीय कीर्तन परम्परा का अत्यन्त सूक्ष्म अध्ययन करके कीर्तन परम्परा का ठोस आधार स्थापित किया। इसके साथ ही उन्होंने कीर्तन के लिए आवश्यक विविध गुणों का निर्देश भी बताया है।

'हरिदासी हरि कीर्तनी। राग ज्ञानी ताल ज्ञानी।
वीणे मृदंगाच्या ध्वनि। टाळपोक
संगीत गायन। आलाप मोडी। धातमाता अनेक घारी।
रसाळमुद्रा। जाडकथा। दस्तक टाळी
नृत्य कला मजग प्रबंध सरळी। शब्द मनोहर
सावधपणमज बहु पाठांतर।'

समर्थ श्री स्वामी रामदास ने इस पद में संगीत के शास्त्रोक्त पक्ष के पारिभाषिक लगभग सभी शब्दों को बताते हुए इसमें आलाप तथा गमक का उपयोग दर्शाया है। इनके अनुसार आलाप (रागालाप, रागाल्पति इत्यादि) ताल रहित अर्थात् ताल छोड़कर तथा गमक के सभी प्रकार ताल सहित अर्थात् ताल में बंधे हुए बताए गए हैं। पं. शारंगदेव के अपने ग्रंथ में आलाप को पहले गाने को बताया है। प्रबंध के चार अवयव उद्ग्राह, मेलापक, आभोगी व संचारी हुए। धातु तथा मातु अर्थात् शब्द रचना (कविता बनाना), स्वर रचना (स्वरों या राग में बांधना) अर्थात् कीर्तनकार को वाग्गेयकार भी बताया है। हाथ से ताली देना एवं लय को बांधने का भी उल्लेख किया है।

इसके साथ ही रागों के समय के प्रति विशेष सावधानी बरतने को कहा है। इसके लिये उन्होंने भरपूर पाठांतर करने का उल्लेख भी किया है। इसके अलावा कीर्तनकार के कौन–कौन से गुण आवश्यक होते हैं, इसका उल्लेख श्रेष्ठ कीर्तनकार श्री भागवत बुवा (काशी क्षेत्र) ने अपने ग्रंथ कीर्तनाचार्यक्रम में दिया है –

धैर्य स्वरोंलयस्तालों गानं वक्तृत्वमेव च।
शास्त्रं पुराणमेतानि षष्टांगान्यूदितानिवै।।

अर्थात् धैर्य, उत्त म आवाज, लय–ताल सहित गायन, बोलने की कला (वक्तृत्व), धर्मशास्त्र का ज्ञान, दर्शनशास्त्र, व्याकरण, भक्तिशास्त्र, काव्य तथा छंद शास्त्र इत्यादि शास्त्रों का ज्ञान होना चाहिए। साथ ही रामायण, महाभारत, भागवत पुराण व अन्य पुराणों पर मनन करना आवश्यक है। विभिन्न पुराणों में आए दृष्टांत भी अपने कीर्तन के माध्यम से बताने का प्रयत्न करना चाहिए। इस सम्प्रदाय में समर्थ रामदासजी की प्रार्थना कीर्तन शुरू करने के लिये गायी जाती है। इसके पश्चात समर्थ रामदास द्वारा बताये गए अभंग की ही प्रस्तावना की जाती है। इसके पश्चात रामदास लिखित पुस्तक दासबोध की ही कुछ पंक्तियों को लेकर उसका वर्णन किया जाता है। यह पंक्तियाँ या पद आलाप तथा तानों के साथ गाये जाते हैं। इसके पश्चात उत्तार भाग में संत चरित्र, पौराणिक कथाओं को बताते हुए पूर्व रंग व उत्तर्रंग को जोड़ने का प्रयास किया जाता है।

इन तीनों कीर्तन परम्पराओं का उद्देश्य समाज जागृति, देश भक्ति व देव भक्ति आदि करना है। साथ ही संगीत का प्रसार–प्रचार जनसाधारण के लिये करना है। कीर्तन परम्परा के तीन भेद बताए गए हैं –

1. **नाम संकीर्तन –** भगवान के नाम का वर्णन करते हुए कीर्तन करना नाम संकीर्तन कहा जाता है। इसमें भजन होते हैं।
2. **गुण संकीर्तन –** इस कीर्तन में भगवान के गुणों का वर्णन होता है, इसके अंतर्गत गायन होता है।
3. **लीला संकीर्तन –** इस कीर्तन में भगवन की लीलाओं का वर्णन किया जाता है। इसके अंतर्गत कथा होती है।

समर्थ रामदास स्वामी ने समाज में भक्ति, नीति, धर्म–भावना व राष्ट्र–भावना आदि की शिक्षा देने हेतु मुख्य 'हरिकथा निरूपण' बताया है। कीर्तन की इन तीनों परम्पराओं में कीर्तन शुरू करने का तरीका एक ही है।

1. सर्वप्रथम कीर्तन में गणेश स्तवन कहा जाता है – 'वक्रतुण्ड महाकाय ..'
2. इसके पश्चात सरस्वती स्तवन – 'या कुन्देन्दु तुषारहार .....', 'सर्व मंगल मांगल्ये.....'
3. इसके पश्चात गुरूवंदना – 'गुरूर्ब्रह्मा गुरूर्विष्णु .....', 'ब्रह्मानंदम् परम् सुखदम् .....'

4. तत्पश्चात तीनों कीर्तन परम्पराओं के अपने-अपने नमन के पद हैं, उन्हें गाया जाता है।

नारदीय परम्परा में एकनाथ भागवत् आदि किसी संत का पद गाया जाता है। वारकरी सम्प्रदाय में सिर्फ कृष्ण, विष्णु के पद ही नमन के लिये लिया जाता है। रामदासी सम्प्रदाय में केवल रामदासजी के बताए पद ही लेकर नमन किया जाता है।

इस प्रकार महाराष्ट्र के कीर्तन में विशेष तथ्य उभर कर आता है कि समर्थ रामदास के कीर्तन करने के लिए विशेष नियमों का प्रावधान बताया है। कीर्तनकारों के गुण बताए हैं, साथ ही संगीत रत्नाकर में वर्णित शास्त्रोक्त नियमों के अंतर्गत कीर्तन करने का उल्लेख किया है तथा रागों को निर्धारित समय पर गाने के लिए विशेष रूप से सावधान रहने को कहा गया है। इससे यह प्रमाणित होता है कि सुबह का कीर्तन, सुबह के रागों में किया जाए एवं संध्या कीर्तन या रात्रि कीर्तन सायंकालीन या रात्रिकालीन रागों में किया जाए। चूंकि कीर्तन सामूहिक होता है इसलिये समर्थश्री रामदास ने पदों को रागों में गाने का उल्लेख सिर्फ सावधानी बरतने के लिए बताया है, इसके साथ-साथ जो अभंग गाये जाते हैं, उनमें दादरा, कहरवा, अहाड़ा इत्यादि तालों की संगत की जाती है। इस प्रकार पूर्वरंग की समाप्ति होती है। इसके पश्चात उत्तर्रंग प्रारंभ होता है, जिनमें तीनों ही सम्प्रदायों में विविध कथाओं को लेकर आख्यान के रूप में कथा बताई जाती है तथा बीच-बीच में नाम संकीर्तन किया जाता है और अंत में भगवान की आरती कर कीर्तन का समापन होता है। कई बार कीर्तन की कथाऐं ऐसी भी होती है कि दो-तीन दिन तक कीर्तन एक ही कथा पर आधारित होता है। इस प्रकार महाराष्ट्र की कीर्तन परम्परा पूर्व से आज तक निरंतर निर्बाध गति से चली आ रही है।

संदर्भ ग्रंथ सूची :-

1. चतुरंग - पं. एस.एल.बी. भट्ट।
2. पत्रिका - सनातन धर्म सेवा संघ (कीर्तन पाठ्यक्रम)।
3. समर्थ रामदांसांचे संगीत चिंतन - लेखक डॉ. कमलाकर परलीकर।
4. भारतीय संगीत का इतिहास - पं. शरदचंद परांजपे।
5. संगीत रत्नाकर - पं. शारंगदेव।

****

भारतीय संगीत में मनोवैज्ञानिक दृष्टिकोण

डॉ. नीरज राव*

प्रस्तावना – मनोविज्ञान के वर्तमान स्वरूप को देखा जाए तो यह स्परूप मनोविज्ञान शब्द के शाब्दिक अर्थ से स्पष्ट नहीं होता है। मनोविज्ञान शब्द की उत्पत्ति (Psychologs = psyche + logos) का अर्थ आत्मा से है। Psyche का अर्थ आत्मा से है। Psyche का एक दूसरा अर्थ भी है – एक कुंवारी कन्या, जिसके पंख तितली के समान हो। Logos का अर्थ है ज्ञान अथवा सम्प्रेषण करना। यदि Psychology शब्द का शाब्दिक अर्थ लिया जाये तो इसके अर्थ में आत्मा का ज्ञान ही मनोविज्ञान है। मनोविज्ञान का अर्थ है आत्मा का अध्ययन। ग्रीक दार्शनिकों द्वारा आत्मा का अध्ययन प्रारंभ किया गया। यह आत्मा का अध्ययन सोलहवीं शताब्दी तक प्रचार में रहा। कुछ विद्वानों ने आत्मा के स्थान पर मन (Mind) शब्द को अधिक उपयुक्त बताया। यदि आत्मा के स्थान पर 'मन' शब्द का उपयोग करें तो कहा जा सकता है, मन का अध्ययन। मन का ज्ञान ही मनोविज्ञान है। परन्तु यह कहना अतिशयोक्ति न होगी कि मन के अनेक अर्थ है – आत्मा, चेतना, मानसिक प्रतिक्रियायें, इस सम्बन्ध में मनोवैज्ञानिकों के अनेक मत एक न हो सके।

मनोवैज्ञानिक जेम्स विलियम ने अपनी पुस्तक 'मनोविज्ञान के सिद्धांत' में लिखा है कि चेतना की दशाओं के वर्णन और व्याख्या के रूप में मनोविज्ञान की परिभाषा सर्वोत्तम दी जा सकती है। वुडवर्थ के अनुसार, 'व्यक्ति के पर्यावरण के सम्बन्ध में व्यक्ति की क्रियाओं का विज्ञान ही मनोविज्ञान है। स्किनर के अनुसार, 'जीवन की विभिन्न परिस्थितियों के प्रति प्राणी की प्रतिक्रियाओं या व्यवहार का अध्ययन ही मनोविज्ञान है।'

उपरोक्त परिभाषाओं के सम्बन्ध में उपरोक्त वर्णन को देखने से स्पष्ट होता है कि आधुनिक समय में मनोवैज्ञानिक किसी न किसी रूप में इस बात को स्वीकार करते हैं कि मनोविज्ञान व्यवहार का वैज्ञानिक अध्ययन है। मनोविज्ञान से सभी ज्ञानात्मक प्रतिक्रियाओं (Cognitive Processes), जिनमें संवेदना, प्रत्यक्षीकरण, स्मृति, कल्पना, संवेग, अधिगम आदि मनोविज्ञान में केवल व्यक्ति की केवल बाह्य क्रियाओं और व्यवहारों का अध्ययन ही नहीं किया जाता है, वरन् प्राणी की क्रियाओं और व्यवहारों आदि का अध्ययन मन और शरीर से प्राणी को समझते हुए किया जाता है। सभी अध्ययन प्राणी के विशेष वातावरण के संदर्भ में किये जाते हैं। वातावरण बहुधा दो प्रकार के होते हैं –

1. भौतिक वातावरण (Physical Environment)
2. सामाजिक वातावरण (Social Environment)

मनोविज्ञान में व्यक्ति की क्रियाओं, व्यवहारों और अनुभवों का अध्ययन दोनों प्रकार के वातावरण के संदर्भ में किया जाता है। प्रश्न यह उठता है कि मनोविज्ञान कला (Art) है यह कहना उपयुक्त है मनोविज्ञान विज्ञान है। यह विधायक (Positive) और नियामक (Normative) दोनों प्रकार का विज्ञान है। मनोविज्ञान का अर्थ समझ लेने के बाद यह आवश्यक है कि सामान्य मनोविज्ञान के अर्थ को भी समझ लिया जाए। मनोविज्ञान में किसी व्यक्ति विशेष या वर्ग का अध्ययन नहीं होता। सामान्य मनोविज्ञान का सम्बन्ध मानसिक जीवन के सामान्य सिद्धांतों से है।

मनोविज्ञान की प्रकृति (Nature of Psychology) - मनोविज्ञान विज्ञान तभी मान सकते हैं जब उस विषय की विषय सामग्री में विज्ञान के आवश्यक तत्व उपस्थित हो, ऐसा तभी संभव है, जब मनोविज्ञान में विज्ञान के उपस्थित कुछ आवश्यक तत्व निम्न प्रकार से हो – वैज्ञानिक पद्धति, वस्तुनिष्ठता, भविष्यवाणी की योग्यता, सार्वभौमिकता। इन सभी विशेषताओं के आधार पर यह कहा जा सकता है कि मनोविज्ञान विज्ञान है। संसार में मानवता और संस्कृति के आविर्भाव के साथ ही संगीत का उद्भव और विकास हुआ। इसमें भावपक्ष बाहुल्य रहता है, संगीत में विविध भावों की उच्चता, विचारों की गहनता तथा जीवन की गहन अनुभूति और उसका विश्लेषण विद्यमान रहता है। संगीत के द्वारा मन एवं शरीर की समस्त चिंताओं और पीड़ाओं से मुक्ति मिलती है। वस्तुत: संगीत, शक्ति व तेजपूर्ण केन्द्र है जो रोगग्रस्त मन में अपूर्व शांति व शीतलता का संचार करती है।

संगीत और इतिहास के संदर्भ मानव की उत्पत्ति और सभ्यता के विकास के साथ–साथ पुरातात्विक स्वरूपों में अभिलेख विविध कला, मिट्टी के बर्तन, भित्तिचित्रों, सिक्कों, मूर्तियों, मंदिर, खिलौनों, संगीत का इतिहास विभिन्न कलात्मक नमूनों से विरेचित किये जा सकते हैं। संगीतशास्त्र के अध्ययन की मूल विषयवस्तु सांगीतिक उपादानों का अध्ययन और नानाविधि उपलब्ध ग्रंथों से प्राप्त संगीत साक्ष्यों को अलंकृत करना है। मानव की उत्पत्ति के साथ ही संगीत का प्रादुर्भाव हुआ। प्राचीन भारतीय संस्कृति में सामवेद के शिक्षा ग्रंथ नारदीय शिक्षा ऐतिहासिक दृष्टि से उल्लेखनीय है। स्मृति ग्रंथों में भी संगीत का विविध संदर्भ में उल्लेख उपलब्ध है।

जैन साहित्यों, बौद्ध जातक कथाओं, विविध बौद्ध ग्रंथों में भी संगीत का स्पष्ट उल्लेख है। गायन, वादन, नृत्य का भी एक साथ उल्लेख है, यथा ललित विस्तार नामक ग्रंथ में भी शिक्षा, प्रतिशाख्य, पुराण, स्मृति, महाकाव्य आदि में संगीत का इतिहास सर्वथा लिखित रूप में प्राप्त होता है। हमारे भारतीय हिन्दू धर्म में सोलह संस्कारों में सामाजिक प्रतिपालन में संगीत अंगांगी रूप से युक्त है। संगीत को सार्वभौमिक भाषा या अभिव्यक्ति का सशक्त माध्यम माना जाता है। मनुष्य विधाता की मौलिक रचना है उसी प्रकार कला भी मानव की मौलिक रचना है। प्रकृति के साथ तालमेल करता हुआ मानव निरंतर विकास की दिशा में अग्रसर हो रहा है। प्रकृति का सौंदर्य मानव मन अपने परिवेश में अभिव्यक्त को नाट्य, चित्र वस्तु, काव्य और संगीत के माध्यम से स्पष्ट करता है। काव्य और संगीत के द्वारा ही वह अपने मनोभावों

* सहायक प्राध्यापक (संगीत) शासकीय कन्या महाविद्यालय, रतलाम (म.प्र.) भारत

को व्यक्त करता आ रहा है। उसने प्रकृति से ही सभी क्रियाकलापों को ग्रहण किया और अपनी काल्पनिक कल्पनाओं को मनोरंजन के लिये प्रयोग करने लगा। मन मस्तिष्क पर संगीत के द्वारा अपनी अंतर एवं बाह्यमुखी क्षमताओं का आकलन करने लगा, संगीत के माध्यम से भारतीय दर्शन के चतुर्वर्ग (धर्म, अर्थ, काम और मोक्ष) के साधन में संगीत की महत्वपूर्ण भूमिका है। नाद, श्रुति, स्वर आदि सांगीतिक उपादानों का विविध दार्शनिक, वैचारिक सिद्धांतों के माध्यम से देवी-देवताओं से संयुक्त करना। हिन्दू सनातन धर्मग्रंथों में देवी-देवताओं का संगीत के साथ कल्पना शिव का डमरूधारण, कृष्ण को बांसुरी, सरस्वती को वीणा, विष्णु के साथ शंख, माता पार्वती को लास्य नामक नृत्य और शिव को तांडव नृत्य का अधिष्ठाता माना जाता है। इससे ही 'ता' और 'ल' अर्थात् ताण्डव के 'ता' और लास्य के 'ल' शब्द से ताल का निर्माण हुआ है।

मनुष्य की देह और मन, दो धाराओं में परितुष्ट होती है। अपनी कल्पनाओं के परिशिष्ट विचारों को उकेरना ही संगीत का परम उद्देश्य है। संगीत का सम्बन्ध मनोविज्ञान से है। एक सहृदय श्रोता को अपनी कला से परितुष्ट करने की क्षमता रखता है। इस स्तर पर कल्पना, स्मृति, सीखना यह संगीतशास्त्र की आधारशिला है। मनोचिकित्सा मानसिक चिकित्सा का प्रायोगिक पक्ष रासायनिक विघटन या विकिरण में निहित है। हृदय की अभिव्यक्ति में सिर्फ आनंद की ही स्थापना हो वहीं संगीत है जो मन को आनंद देने वाली है।

सन्दर्भ ग्रंथ सूंची :-

1. प्रयोगात्मक मनोविज्ञान - एम.ए. हाकिम, डॉ. बिपिनचंद्र अस्थाना
2. भारतीय संगीत एवं मनोविज्ञान - डॉ. वसुधा
3. भारतीय संगीत वैज्ञानिक विश्लेषण - डॉ. स्वतंत्र शर्मा
4. भरत का संगीत सिद्धांत - आचार्य बृहस्पति
5. संगीत निबंध - लक्ष्मीनारायण गर्ग, संगीत कार्यालय, हाथरस
6. प्राणी और तंत्रिका तंत्र - मोतीलाल बनारसीदास
7. संगीत रत्नाकर - शारंगदेव
8. नाट्यशास्त्र - भरतमुनि
9. कामसूत्र - वात्सायन

****

भारतीय संगीत में वाद्यों की सुदीर्घ परम्परा एवं उनका भविष्य

डॉ. बी. वर्षा *

प्रस्तावना – संगीत अर्थात् गायन, वादन तथा नृत्य, इन तीनों कलाओं का संगम, संगीत कहलाता है। ये तीनों ही अंग संगीत के मुख्य स्तम्भ हैं, जिसमें प्रत्येक का अपना-अपना विशिष्ट महत्व है। संगीत मुख्य रूप से कितने प्रकार का हो सकता है, यह निम्न तालिका से स्पष्ट होता है –

(तालिका अगले पृष्ठ पर देखे)

तालिका से स्पष्ट होता है कि संगीत विभिन्न रूपों में प्रचलित है जिसमें गायन कला कंठ का जादू तो वादन कला अंगुलियों का चमत्कार तथा नर्तन कला भाव-भंगिमाओं की सम्पूर्ण अभिव्यक्ति है। ये तीनों ही विधायें अपने-अपने प्रयोगों से दर्शकों को मंत्रमुग्ध करती है। इन तीनों कलाओं का सूक्ष्म अध्ययन करने से यह तत्व उभरकर आता है कि तीनों ही कलाओं का मूल आधार स्वर तथा लय है। गान कला में स्वर तथा लय के साथ काव्य पक्ष प्रधान होने से वह मानव मन को ज्यादा प्रभावित करती है। नृत्य कला में लय पक्ष के साथ नाट्य का समावेश होने से वह भाव, अभिनय के माध्यम से दर्शकों को आकर्षित करती है, किन्तु वाद्य कला पूर्णरूपेण एक स्वतंत्र कला है, इसमें स्वर तथा लय का सामंजस्य प्रभावपूर्ण रूप से देखा जा सकता है, जिस कारण यह कला अधिक सूक्ष्म तथा बिना किसी बनावट के सामान्य जन को आकर्षित करती है। वाद्य कला अन्य किसी कला का आश्रय न लेकर श्रोताओं को आनंदित करती है।

भारतीय संगीत के इतिहास का अवलोकन करने पर यह स्पष्ट होता है कि समय तथा जन रूचि के अनुसार संगीत कला में परिवर्तन दिखाई देते हैं। उत्थान और पतन यह सूत्र किसी भी कला के क्षेत्रों में चरितार्थ होता है। पुरानी परम्पराओं में नवीन तत्वों का समावेश होकर एक नया रूप लोगों के सामने आता है। प्राचीनकाल से ही गायन तथा नृत्य आदि में संगत हेतु वाद्यों के माध्यम को महत्वपूर्ण माना गया। वाद्य, गायन तथा नृत्य के बीच की कड़ी होते हैं। संगीत की परिभाषा – गीतं वाद्यं तथा नृत्यं त्रयं संगीतमुच्यते, उसके बिना पूरी नहीं होती। संगीत चाहे, किसी भी प्रकार का हो, वादन की संगत के बिना उसमें आनंद नहीं आता। शास्त्रीय, उप शास्त्रीय, भक्ति संगीत, सुगम संगीत, लोक संगीत, लोक नृत्य, कीर्तन, आरती, कव्वाली किसी भी प्रकार के संगीत में वाद्य संगत आवश्यक है। जिस प्रकार बिना नमक के भोजन रूचिकर नहीं हो सकता, उसी प्रकार बिना वाद्य संगत के किसी भी प्रकार के संगीत का रस पान नहीं किया जा सकता।

वाद्यों की प्राचीन परम्परा – भारतीय वाद्यों की परम्परा अत्यन्त प्राचीन है। वाद्यों की निर्मिती के सम्बन्ध में विद्धानों में मतभेद दिखाई देते हैं, किन्तु ऐसा माना जाता है कि सृष्टि की निर्मिती से ही वाद्यों की निर्मिती हुई है और तदुपरांत इसका धीरे-धीरे विकास होता गया। प्राचीन मंदिरों, सभागृहों, गुफाओं, स्मारकों, दीवारों, शिखरों पर विभिन्न वाद्यों एवं वादकों की आकृतियाँ दिखाई देती है जो इसकी प्राचीन परम्परा की ओर इंगित करती है। बहुत-सी देव मूर्तियों के हाथों में भी वाद्य दिखाई देते हैं, जो देवता और वाद्य का प्राचीन सम्बन्ध स्पष्ट करते हैं। माँ सरस्वती के हाथों में वीणा, श्रीकृष्ण की बांसुरी, शिवजी का डमरू, नारद का इकतारा आदि कई अनगिनत मूर्तियाँ भारतीय संगीत की कला को संहालें हुए है। वैदिककाल के पश्चात रामायण तथा महाभारत काल में वाद्यों एवं वादन शैली का काफी विकास हुआ।

वाद्य और उसका वर्गीकरण – भरत का नाट्यशास्त्र ग्रंथ, भारतीय संगीत में महाग्रंथ माना जाता है, जो अन्य ग्रंथकारों के लिये आदर्श एवं अध्ययनपूर्ण ग्रंथ है। इसके 28 से 33 तक के अध्यायों में भारतीय संगीत के विभिन्न तत्वों का विवेचन किया गया है। विविध आकार वाले, विविध आवाज के, विविध वादन शैली के वाद्यों का वर्गीकरण भी बताया गया है। नाट्यशास्त्र तथा अन्य समवर्ती ग्रंथों में वाद्यों के चार प्रकार के वर्गीकरण का उल्लेख मिलता है। यथा –

'वाद्य तंत्री ततं वाद्य सुषिरं मतम्,
चर्मावनद्ध वदन अवनद्ध तु वाधते,
घनो मूर्ति: साऽभिधाताद्धधते यंत्र तद्धतम्'

(तालिका अगले पृष्ठ पर देखे)

1. तंतु वाद्य (तत/वितत) – भारतीय वाद्य परम्परा में जिन वाद्यों में तार लगे हुए होते हैं और तारों को छेड़कर या आघात करके स्वरों की उत्पत्ति की जाती है, उन्हें तत वाद्य की श्रेणी में रखा जाता है। इसी प्रकार जब तार लगे वाद्यों में तार पर छड़ी, कमान या अन्य किसी तार के घर्षण से स्वरों की उत्पत्ति की जाती है, उन्हें वितत वाद्य की श्रेणी में रखा जाता है। विभिन्न प्रकार की वीणायें, तानपुरा, सरोद, सितार इत्यादि तत वाद्य तथा सारंगी, इसराज, रावण हत्था, रबाब, दिलरूबा आदि वितत वाद्य की श्रेणी में आते हैं।

2. अवनद्ध वाद्य – चमड़े से बनाये गए वाद्य चर्मवाद्य या अवनद्ध वाद्य कहलाते हैं। इसमें दोनों हाथों के पंजों अथवा अंगुलियों से बजाये जाने वाले वाद्य जिसमें पखावज, मृदंग, तबला, ढोलक, नाल, मांदल आदि वाद्य आते हैं। शंकु से बजाये जाने वाले वाद्यों में नगाड़ा, धौसां, दमामा आदि वाद्य आते हैं। ढोल, पटह, डमरू आदि इसी वर्ग के वाद्य हैं।

3. सुषिर वाद्य – हवा द्धारा अथवा फूंकने की क्रिया द्धारा नाद उत्पत्ति करने वाले वाद्य सुषिर वाद्य कहलाते है, जिसमें हारमोनियम, बांसुरी, वेणु, शहनाई, क्लेरोनेट, बीन, शंख आदि वाद्य आते हैं। ये वाद्य मुँह से फूंककर य अन्य किसी साधन से वायु प्रवाह करके बजाये जाते हैं।

4. घन वाद्य – परस्पर टकराकर बजाये जाने वाले, हथौड़ी से प्रहार कर बजाये जाने वाले वाद्य घन वाद्य कहलाते हैं। झांझ, घंटा, जल तरंग, बड़ी झांझ, विजय घंट आदि वाद्य इस श्रेणी में आते हैं।

उपर्युक्त वर्गीकरण के आधार पर हम वाद्यों को अलग-अलग श्रेणी में बाँट सकते हैं, किन्तु परिवर्तन एवं प्राचीन वाद्यों की बनावट के कारण कई नवीन

* सहायक प्राध्यापक (संगीत) शासकीय कन्या महाविद्यालय, रतलाम (म.प्र.) भारत

वाद्यों की संख्या बढ़ती गई, फिल्मों में आर्केस्ट्रा में, वाद्य वृंदों में विदेशी वाद्यों का प्रभाव बढ़ने लगा। सारंगी, संतूर, सिंथेसाइजर, सुर बहार, नाग स्वरम्, घटम्, काष्ठ तरंग, ढोल, नगाड़ा, नाल आदि कई प्रकार के वाद्यों का उपयोग विभिन्न गीत प्रकारों में होने लगा।

वाद्य तथा वादन शैली का विस्तार तथा चर्चा अनेक ग्रंथकारों ने की है। सभी ने वाद्यों का निर्माण, उसका विकास, उसका पतन, वर्गीकरण आदि पर चर्चा की लेकिन सभी ने भगवान शिव को ही वाद्य निर्माण का जनक माना है। इस प्रकार देवों से तथा लोकसंगीत द्वारा चली आ रही इस विशाल परम्परा में समय-समय पर परिवर्तन होता गया, उत्कर्ष भी हुआ, अवनति भी हुई। कुछ वाद्य नाम मात्र के लिये रहे तो कुछ लुप्त हो गए और कुछ वाद्यों ने नया रूप ले लिया।

भारतीय इतिहास के अनुसार वैदिक युग से लेकर रामायण, महाभारत काल, प्राचीन तथा मध्यकाल में भारत में विभिन्न संस्कृतियों का आवागमन चलता रहा। पृथ्वी के अलग-अलग खण्डों से विभिन्न सभ्यतायें भारतवर्ष में आती रही। इसी आवागमन के कारण हमारी संस्कृति को भी नई विचारधारा प्राप्त हुई और इसी नवीनता के कारण भारतीय कलाओं का विकास हुआ, जिसके फलस्वरूप भारतीय वाद्य परम्परा को भी विकसित स्वरूप प्राप्त करने का अवसर मिला। आज ये नवीन तथा प्राचीन वाद्य हमारी सांस्कृतिक धरोहर है, इन्हें सहेजना तथा संवारकर रखने का उत्तारदायित्व हम सभी का है।

संदर्भ ग्रंथ सूची :-

1. संगीत विशारद - बसंत - संगीत कार्यालय, हाथरस
2. भारतीय संगीत वाद्य - प्रो. लालमणि मिश्र - भारतीय ज्ञानपीठ, दिल्ली
3. म.प्र. का लोक संगीत - शरीफ मोहम्मद - म.प्र. हिन्दी ग्रंथ अकादमी, भोपाल
4. संगीतिक निबंधमाला - डॉ. सीमा जौहरी - पीयूष प्रकाशन, दिल्ली
5. भारतीय संगीत का इतिहास - उमेश जोशी - संगीत कार्यालय, हाथरस
6. भारतीय संगीताचे सामान्य ज्ञान - किरण फाटक - संस्कार प्रकाशन, मुम्बई
7. संगीत कला विहार (दिसंबर 2008) - अखिल भारतीय गांधर्व महाविद्यालय मंडल, मिरज
8. संगीत कला विहार (अक्टूबर 2010) - अखिल भारतीय गांधर्व महाविद्यालय मंडल, मिरज





विभिन्न ललित कलाओं में संगीत –कला सर्वोच्च कला

डॉ. नीरज राव *

प्रस्तावना – कला शब्द से आशय संस्कृत में वांड्गमय पाँच ललित कलाओं को स्थान प्राप्त है। इन पाँच कलाओं में संगीत का स्थान अत्यन्त महत्वपूर्ण है। संगीत वह ललित कला है, जिसमें संगीतज्ञ अपने मनोगत भावों एवं कल्पनाओं को स्वर, लय, ताल की सहायता से व्यक्त करता है।

कलाओं की संख्या, वात्स्यायन द्धारा चौसठ मान्य है। 'शुकनीति' में भी इसका उल्लेख है पुरूष कला के रूप में छियासी कलायें तथा चौसठ कामकलायें मान्य है। वात्स्यायन ने मानव जीवन का परम लक्ष्य मोक्ष है। कामसूत्र के प्रणेता वात्स्यायन ने शरीर की स्थिति हेतु से काम आहार के समान धर्म और अर्थ का फलभूत माना है। उन्होंने चौसठ कलाओं का परिगणन किया, जिसमें प्रथम तीन है – गीतम्, वाद्यम्, नृत्यम्।

इस प्रकार वात्स्यायन के मत में चौसठ कलाओं में संगीत का स्थान सर्वोपरि है। कला मानव की चिरसंगिनी है, जबसे मानव पृथ्वी पर अवतीर्ण हुआ तबसे ही कला का उद्भव हुआ। कला को समाज का दर्पण माना गया है।

रविन्द्रनाथ टैगोर के अनुसार, 'विश्वात्मा सदैव रंगों व रेखाओं में बोलती है।' कला की कभी मृत्यु नहीं होती है। इस प्रकार से कला की गति अबाध्य है। कला को मानव की चिरसंगिनी कहना उचित होगा। वास्तव में कला क्या है, टैगोर के अनुसार, 'मानव हृदय के भावों की अभिव्यक्ति कला है।' कला के सम्बन्ध में रस्किन का कथन है, 'प्रत्येक महान कला ईश्वरीय कृति के प्रति मानवीय आल्हाद की अभिव्यक्ति है।' टालस्टाय के अनुसार, 'कला सृजन की प्रेरणा को केवल सौंदर्य बोध की बंदिनी ही माना है।' उस सृष्टि में कला की प्रेरणा भावना सम्प्रेषण की इच्छा में निहित है। शब्द विचारों के वाहक होते हैं, कला, भावना की वाटिका।

ललित कला क्या है। यह समझने के लिये लालित्य क्या है, यह समझना आवश्यक हो जाता है। लालित्य की व्याख्या करना बहुत मुश्किल है। लालित्य को हम अनुभव कर सकते हैं। माधुर्य सौंदर्य सहजता, सरलता, प्रसाद, ओजप्रवाह आदि बातें लालित्य में समाहित हैं, ये सभी बातें जिस कला में होंगी वह ललित कला कहलायेगी। ललित कलायें कई विद्धानों ने निम्न बताई है – संगीत कला, काव्यकला, चित्रकला, वास्तुकला, शिल्पकला। संगीत कला का मूल आधार नाद है। नाद परमब्रह्म है, परमतत्व का अंग माना गया है।

नाद ब्रह्म है महान, पायो ना पायो पार
गाये, गाये थके सब, देव मुनि गंधार

गायन, वादन नृत्यं त्रयं संगीतमुच्यते अर्थात् गायन, वादन, नृत्य तीनों का समावेश संगीत है। कंठ संगीत को परमतत्व के निकट माना गया है। शायद इसी गुण के कारण संगीत सर्वश्रेष्ठ ललितकला कहा गया है। प्लेटो ने काव्यकला को सर्वश्रेष्ठ कला का स्थान माना है। संगीत अपने आप में एक स्वतंत्र, सौंदर्यपूर्ण, भौतिक जगत से परे है। सभी कलायें एक समान है, कला कोई भी हो, लोगों को आत्मानंद, उल्लास प्रदान करने वाली होती है।

कला कोई भी हो मूर्त साधनों का अंश जितना कम होगा वह कला ज्यादा श्रेष्ठ होगी। वास्तु, मूर्ति, चित्र, शिल्प इन कलाओं में भौतिक साधनों की आवश्यकता होती है। वास्तु व मूर्ति में चूना, पत्थर इन भौतिक साधनों का प्रयोग होता है। चित्रकला में और कम तूलिका, कलर, कैनवास, काव्यकला में भी मूर्त पदार्थ का अंश अत्यंत कम है। संगीतकार के पास केवल सात स्वर है यथा सा,रे,ग,म,प,ध,नि, जो अमूर्त है।

कवि, मूर्तिकार, चित्रकार, वास्तुकार के पास प्रकृति का विशाल द्धार खुला है, परंतु संगीत कला अपने ही पैरों पर खड़ी होकर अपने आप को प्रस्थापित करती है। भावों की अभिव्यक्ति का माध्यम स्वर एवं लय है, जिनका सांसारिक वस्तु से किसी प्रकार का कोई सम्बन्ध नहीं है। सभी कलाओं में काव्यकला ज्यादा प्रभावशाली है, काव्यकला में भाषा के द्धारा भावाभिव्यक्ति होती है। यदि व्यक्ति भाषा से अनभिज्ञ हो तो काव्य के माध्यम से साहित्यकार अपना प्रभाव नहीं दिखा सकता है, जबकि संगीत के माध्यम से स्वर, लय, सूक्ष्म होते हुए भी अति प्रचंडमान हैं। आत्मिक और आध्यात्मिक आनंद की प्राप्ति संगीत द्धारा ही हो सकती है। संगीत के अतिरिक्त अन्य कलाओं का विचार हमें आध्यात्मिक आनंद प्राप्त नहीं करा सकते। अन्य कलाओं में तुलना करने पर हमें यह पता चलता है कि अन्य कलाओं की अपेक्षा श्रोताओं पर प्रभाव डालने के लिये संगीत को अधिक संघर्ष करना पड़ता है, जबकि कवि काव्य एवं शब्दों से, चित्रकार कैनवास पर तूलिका व रंगों से, मूर्तिकार मूर्ति के भावों से, अपने भाव जनमानस तक पहुंचा सकता है। सारी कलायें भावों को अभिव्यक्त करने का उद्देश्य रखती है, जिस प्रकार एक परिवार में एक पिता, अपने अन्य सदस्यों में भिन्नता देखता है उसी प्रकार अन्य कलायें भी संगीत से कहीं न कहीं सम्बन्ध रखती है।

संगीत एवं अन्य कलाओं का सम्बन्ध – ललित कलाओं में संगीत का क्या स्थान है। यह जानने के लिये आवश्यक है, हम निम्नलिखित बातों पर विचार करें –

1. अन्य कलाओं की विशेषतायें।
2. संगीत की अपेक्षा उनकी उच्चता या हीनता।
3. संगीत से अन्य कलाओं की निकटता या दूरी।
4. ललित कला नाम के अनुरूप उनमें लालित्य कहा गया है।

स्थापत्य कला एवं संगीत – स्थापत्य कला केवल भौतिक रूप की समृद्धि को ही दर्शाती है, वह पार्थिव सौंदर्य को व्यक्त करती है। भौतिक समृद्धि के साथ–साथ स्थापत्य कला लोकोत्तर जगत का भी प्रतिनिधित्व करती है। संगीत आत्मिक सौंदर्य का प्रतिनिधित्व करती है।

* सहायक प्राध्यापक (संगीत) शासकीय कन्या महाविद्यालय, रतलाम (म.प्र.) भारत

मूर्तिकला एवं संगीत – मूर्तिकला में मूर्त शिल्प रूप में तकनीकि और वस्तु साधन का प्रयोग होता है। साधन की दृष्टि से मूर्तिकला स्थापत्यकला से श्रेष्ठ है, जिसमें कलाकार छैनी, हथोड़ी से काटकर आकृति प्रदान करता है। कलाकार केवल अपनी कला ही नहीं वरन् भावों को भी मूर्ति में सम्प्रेषित करता है।

चित्रकला एवं संगीत – चित्रकला में मानवों की कुंठाओं, संघर्षों व संवेदनाओं की अभिव्यक्ति का सर्वोपरि साधन माना गया है। चित्रकला में ब्रश, कलर, कैनवास का प्रयोग होता है। चित्रकला एवं संगीत में समानतायें इतनी भर है कि चित्रकला में भाव कैनवास, कागज पर उकेरते हैं, जबकि संगीत में भावों एवं कल्पनाओं को स्वर–संयोजन, शब्द संयोजन के माध्यम से संजोया जाता है। हृदयस्पर्शी, आनंददायी एवं आत्मदायी प्रेरणा दोनों प्रदान करते हैं।

काव्य एवं संगीत – यद्यपि संगीत और काव्य का स्थान एक ही है। उत्पत्ति और अभिव्यक्ति के माध्यमों का स्थान एक है। 'नाद' का प्रतीकात्मक रूप शब्द है। 'शब्द' और 'स्वर' दोनों की उत्पत्ति नाद के द्वारा मानी गई है। काव्य में सौंदर्यबोध, भाव कल्पना आदि का संयोजन होता है। संगीत में सौंदर्यबोध, स्वर, लय, ताल संयोजन, गीत रचना, भाव आदि की अभिव्यक्ति होती है। नाद के दो प्रकार हैं – आहत एवं अनाहत। इस प्रकार संगीत एवं काव्य एक ही प्रकार के दो परिष्कृत स्वरूप हैं। दोनों परस्पर एक दूसरे के पूरक है।

सभी ललित कलाओं में संगीत का स्थान सर्वोपरि है। मधुर स्वरलहरियाँ सुनकर पाषणहृदय व्यक्ति भी सुकुमार कोमल हो जाता है। संगीत कला में एक ही कमी है कि वह यह है कि कलाकार के साथ ही उसकी कला का अंत हो जाता है, जबकि अन्य कलाओं में स्मृति ताजा करती है। वैसे यह कहना अतिशयोक्ति न होगी कि रिकार्डिंग सुविधा के अनुसार कलाकार की कला वर्षों तक वर्तमान समय में सुरक्षित व संरक्षित रह सकती है।

ललित कलाओं में संगीत को जो उच्चतम स्थान प्राप्त है। वह किसी और कला को नहीं है। आधार की सूक्ष्मता, आनंद की विपुलता, सार्वभौमिकता के कारण संगीत सभी कलाओं से श्रेष्ठ है। कोई भी प्रगतिशील राष्ट्र व व्यक्ति संगीत की उपेक्षा नहीं कर सकता है। भावना एक रमणीय वनीता है तो काव्य उसका बहुमूल्य वस्त्र है, संगीत उसका अलंकार है।

सन्दर्भ ग्रंथ सूची :–

1. भारतीय संगीतशास्त्र – देवांगन तुलसीराम।
2. भारतीय संगीत का इतिहास – श्रीधर परांजपे।
3. संगीत एवं शोध प्रविधि – मनोरमा शर्मा।
4. भारतीय संगीत का इतिहास – भगवतीशरण शर्मा।
5. भारतीय संगीत में शोध प्रविधि – अलका नागपाल।
6. भारतीय संगीत का इतिहास – उमेश जोशी।
7. निबंध संगीत – लक्ष्मीनारायण गर्ग।

****

सांस्कृतिक ह्रास और रामदरश मिश्र का काव्य

प्रदीप कुमार तम्बोली * डॉ. हुसैनी बोहरा * *

शोध सारांश – कवि रामदरश मिश्र गँवई–चेतना के कवि है। उनकी काव्य यात्रा का प्रारंभ गोर्रा और रास्ती नदियों के कछारांचल से होता हुआ दिल्ली जैसे महानगर तक जा पहुँचा है। उनकी आत्मा उनके गाँव डुसरी में बसी है। उनके काव्य में गँवई–संस्कृति रची बसी हुई है। वे अपनी संस्कृति के वर्णन को बताते–बताते आधुनिक संस्कृति से उनकी तुलना कर पाठक को ठोस प्रमाण देकर संतुष्ट कर देते हैं। समय, जो कभी रुकता नहीं, उसने संस्कृति को भी बदलने का प्रयास किया। मूल्यों और विचारों में भी परिवर्तन आया और कवि की रचनाधर्मिता भी इससे प्रभावित हुई। इस सांस्कृतिक परिवर्तन और विघटन ने मिश्र जी को आहत किया। इस परिवर्तन ने कई मर्यादाएँ तोड़ी, नैतिक मानदंड सुस्त किये और अपनी मूल प्रतिष्ठा को धूमिल किया। कवि की दृष्टि ने समय–समय पर इन सबकी पहचान की, मूल्यांकन किया, सिंहावलोकन किया और अपनी छटपटाहट को शब्द–शब्द, कविता–बद्ध करके नवीन रूप देने का प्रयास किया। स्वयं मिश्र जी का मानना है –**'कविता हो,कोई भी लेखन हो, वह हमारी गहरी और सांस्कृतिक अभिव्यक्ति है।'**[1] इस संदर्भ में उनका लेखन–कर्म गंभीर रहा है।

प्रस्तावना – हमारी नई संस्कृति अनुकरण की संस्कृति है, लेकिन जीवन की गुणवत्ता आलू की चिप्स, वेफर्स आदि खाने से नहीं सुधरी है, न ही बहुविज्ञापित पेय पदार्थों के पान करने से और न ही पिज्जा और बर्गर खाने से। मिश्र जी का मानना है कि मनुष्य को उसकी पहचान कराना परमावश्यक है, उसे अपने कर्तव्यों का बोध कराना होगा। उसे इस सांस्कृतिक ह्रास के बारे में खुलकर बताया जाये और इंसानियत को सहजने का प्रयास किया जाए। हम कई बार इन बातों को अनदेखा कर आगे निकल जाते हैं पर कवि की मूल–चेतना इन विसंगतियों पर खुटकी लगाकर देखती है और उसमें आस्था और विश्वास का मिश्रण कर नई ताजगी का संचार करती है। इस संबंध में मिश्र जी मत है –**'अनेक छोटे–छोटे दीये जल रहे है अंधकार में, उनकी खोज कीजिए, अगर आपके पास दृष्टि है तो।'**[2]

आज विश्वग्राम का नारा देने वाले लोग गाँवों में बाजारवाद खड़ा कर रहे हैं और नगरों में भी। ये हमारी सदियों पुरानी परंपरा और विरासत को क्षति पहुँचा रहे हैं। यह सांस्कृतिक अवमूल्यन चिंता का विषय है। गाँव हमारी पहचान है, संस्कृति है, जो सदियों पुरानी है और हमें पीढ़ियों से प्राप्त है। हम यदि अनुकरण भी करे तो उसमें हमें हमारी अस्मिता बचानी होगी। कार्तिकेसर को दिये साक्षात्कार के संदर्भ में वे बताते हैं–**'इस प्रकार की आँधी में हमारी विरासत बचेगी कि नहीं, हमारी क्षेत्रीय पहचान, हमारी अस्मिता बचेगी की नहीं, कहना कठिन है। हमारे बदलते सामाजिक पारिवारिक रिश्ते बदलाव के किस बिन्दु तक जाएँगे, इसकी कल्पना करके ही चिंतित होता हूँ।'**[3]

मिश्र जी इस संदर्भ में चिंतित तो है लेकिन उनके विचारों में वही आस्था और सकारात्मकता है कि धीरे–धीरे हर परिस्थिति को सह लेगें । वे इस संबंध में कहते है–**'मैं आशावादी हूँ, इसलिए उम्मीद करता हूँ कि हमारी अपनी समृद्ध परंपरा इन भयानक झोंके को झेल जाएगी और संभव है लोग उन सामाजिक प्रभावों से ऊबकर अपनी जड़ों को सींचना शुरु कर दें, क्योंकि अपनी जड़ों, अपनी पहचान की चिन्ता भी उतनी ही तीव्रता से प्रकट हो रही है जितनी तीव्रता से ग्लोबल प्रभाव अपना फन फैला रहे हैं।'**[4]

सांस्कृतिक पतन के विषय में 'पक गई है धूप' काव्य–संग्रह में उनके विचार इस प्रकार प्रकट होते हैं –

'टूटे त्योहारों के बंदनवार
टाँगे खड़ा है एक पूरा सांस्कृतिक नगर
उसके माथे पर रोली है
कलाई में राखी के धागे
पीठ पर सर्वास्तिक की सिंदूरी छाप
हाँ, खड़ा है एक सांस्कृतिक नगर
और भीतर की रंगीन गुफाओं में
ज़ाज की धुन पर
लड़खड़ा रहा है
एक नंगा प्यासा जंगल
जिसके पौधे पेरिस और न्यूयार्क से मँगाये गए थे।'[5]

इस कविता के संदर्भ में डॉ. सविता मिश्र जी के विचार उल्लेखनीय हैं–

'इस कविता में मिश्र जी ट्विस्ट की धुन पर भरतनाट्म को थिरकते हुए, सतीत्व को पेटीकोट–सा सरकाते हुए तथा रेषमी साड़ी की स्कर्ट बनाते हुए दिखाते हैं।पाश्चात्य सभ्यता के अंधानुकरण के प्रति कवि की यह वितृष्णा क्षणिक नहीं है। मिश्र जी का मूल्यवादी व्यक्तित्व इस परिदृश्य से टकराता है, आहत होता है और फिर उसकी चिंता काव्यात्मक अभिव्यक्ति के माध्यम से फूट पड़ती है। मिश्र जी ने स्वयं को एक खास जमीन में उगा हुआ पेड़ माना है जो हर बार अपने में लौट आता है। कहने का अभिप्राय है कि कितनी भी प्रतिकूल स्थितियाँ क्यों न आयें, अपनी संस्कृति के प्रति उनकी आस्था कभी नहीं डिगती है।'[6]

* शोधार्थी, पेसेफिक विश्वविद्यालय, उदयपुर (राज.) भारत
** शोध निर्देशक, पेसेफिक विश्वविद्यालय, उदयपुर (राज.) भारत

वैष्वीकरण के युग में संस्कृति और उसके मूल्यों दया, प्रेम, ममता, करुणा, अहिंसा, त्याग आदि का विघटन हुआ है। ये मूल्य हमारी संस्कृति के पहचान है, जो लुप्त-से होते जा रहे हैं। इसी कारण कवि 'विरासत (1)' और 'विरासत (2)' कविता में इसके बीज को लेकर घूम रहे हैं, दीपक को लेकर घूम रहे हैं। कवि माँ को सम्बोधित करते हुए कह उठता है-

'मैंने उसका एक बीज बचाकर रख लिया है माँ
और उसे लिये-लिये घूम रहा हूँ कि
किसी के भीतर थोड़ी मिट्टी दिखाई पड़े
तो रोपूँ इसे।'[7]
'अब तो मेरे पास
एक छोटा-सा दिया रह गया है
जिसे बचाये-बचाये घूम रहा हूँ।'[8]

आम के पत्तों की पहचान से दूर आधुनिक पीढ़ी कवि को आहत करती है। वह चौंक जाता है कि ये आधुनिक जगत पूजा, पाठ, धर्म आदि के बारे में भी इस देवता-वृक्ष की पहचान नहीं कर सका तो भविष्य में हमारी संस्कृति का क्या होगा? कविता देखिए-

' मैं सोचने लगा-
अब हमारी सांस्कृतिक वस्तुएँ
वस्तुएँ न रहकर
जड़ धार्मिक प्रतिक बन गयी है
जो हमारे पूजा पाठ में तो है
किन्तु हमारी पहचान से गायब हो रही है।'[9]

एक वसंत और कविता में मौसम-ऋतुओं आदि से अनभिज्ञता का चित्रण हुआ है। वसंत आता है, खिलखिलाता है और चुपचाप चला जाता है। पर ये लोग कितने अनभिज्ञ है?

'वसंत तो इस महानगर से भी आता है
अदृश्य रूप से,
आते-आते कभी-कभी दिखाई पड़ जाता है
किसी उद्यान में
अकेले ही हँसता-खिलखिलाता हुआ
कोई उसकी हँसी में हँसी नहीं मिलाता।'[10]

'कभी-कभी इन दिनों' कविता में दुनिया की भाग दौड़, आपा-धापी, भागमभाग का वर्णन है पर कवि आज भी डुसरी गाँव में जी रहा है। ये यंत्रों की दुनिया कैसी है?

'हाँ, आज कम्प्यूटर, सूचनातंत्र और मिडिया के नये राजमार्ग पर
नये ज्ञान के आधुनिक रथ दौड़ रहे हैं'
विश्वग्राम के इस युग में भी
अपने डुसरी गाँव को याद कर रहा हूँ।'[11]

सूचना तंत्रों के फैलाव पर कवि मोबाइल-संस्कृति और चिट्ठियों के दर्द को अभिव्यक्त है-

'चिट्ठियाँ कागज का टुकड़ा न रहकर
आदमी का व्यक्तित्व बन जाती हैं,
चिट्ठियाँ एक बार बोलकर चुप नहीं हो जातीं
वे रह रह कर बतियाती है।'[12]

'आग की हँसी' काव्य संग्रह की कविता 'विश्वग्राम' में गाँवों का बाजारीकरण हुआ है। आज गाँवों की संस्कृति को तार-तार किया जा रहा है और एक रंगीन दुनिया को थोपा जा रहा है-

'धीरे-धीरे भेद खुलता गया कि
विश्वग्राम का मोहक महल
ग्राम संवेदना पर नहीं, बाजारवाद पर खड़ा है।'[13]

'उस ज्योति को खोजता हूँ' कविता में दीवाली त्योहार पर ग्रामीण व शहरी संस्कृति के अन्तर को स्पष्ट किया गया है। शहरी संस्कृति रोशनी की जगमगाहट, कानफोडू पटाखों की क्रूर ध्वनियों और धुएँ के गंध से ही मनायी जाती है जबकि गाँव में दीप से दीप जलाकर, प्रणाम-आशीर्वाद की मंगल ध्वनि में-

'लेकिन शहरों में इन दिव्य ज्योति की अनुभुति कहाँ होती है?
यहाँ तो लक्ष्मी के स्वागत में
रंग-बिरंगे बल्बों की लड़ियाँ जगमगाती है'
और पूरा गाँव
प्रणाम-आशीर्वाद की मंगल ध्वनि से, गुँजित हो उठता है।[14]

निष्कर्ष - सारांश रूप में कहे तो मिश्र जी के काव्य में सामाजिकता के भाव है, वे इन्हीं से सरोकार रखते हैं और जहाँ उन्हें विसंगतियाँ दिखाई देती है, वे उन पर लिखते हैं, खूब लिखते है। उनका लिखना अनुभवों को बाँटना है, भावी पीढ़ियों के मन में सजगता पैदा करना है। वे शासन की अव्यवस्था, अमानवीयता, सांस्कृतिक विघटन, मूल्यों के पतन पर चिंतित है और कविता में इसी रूप को आकार देते है, साकार करते है। वे हमेशा सकारात्मकता के साथ उपस्थित हुए है और उनकी आषावादिता सदा बनी रही है।

संदर्भ ग्रंथ सूची :-

1. 'अंतरंग', सं. स्मिता मिश्र पृ. 59
2. 'अंतरंग', सं. स्मिता मिश्र पृ. 61
3. 'अंतरंग', सं. स्मिता मिश्र पृ. 139
4. 'अंतरंग', सं. स्मिता मिश्र पृ. 139
5. रामदरश मिश्र, 'रचनावली' भाग 1, पृ. 365
6. 'समकालीन काव्य परिदृष्य और रामदरश मिश्र का काव्य', सं. सविता मिश्र, पृ. 153
7. रामदरश मिश्र, रचनावली भाग 2 पृ. 35
8. रामदरश मिश्र, रचनावली भाग 2 पृ. 352
9. 'आम के पत्ते' रामदरश मिश्र, पृ. 79
10. 'कभी-कभी इन दिनों' रामदरश मिश्र, पृ. 23
11. 'कभी-कभी इन दिनों' रामदरश मिश्र, पृ. 98
12. 'आग की हँसी', रामदरश मिश्र पृ.10
13. 'आग की हँसी', रामदरश मिश्र पृ. 19
14. 'आग की हँसी', रामदरश मिश्र पृ. 68

****

अद्दहमाण का संदेश रासक-एक नज़र

डॉ. रशीदा खान *

प्रस्तावना – धार्मिक दृष्टिकोण से रहित एहलौकिक भावना युक्त खण्ड काव्य के रूप में संदेश रासक अपनी पूर्ण महत्ता लिये हुए है। लोक की इस विवेच्य कृति में लोक जगत की परंपराओं, रूढ़ियों एवं शैलियों की जो गहन गूढ़ तथा रंगबिरंगी चित्रशाला सजाई है उससे यह लोक साहित्य के मर्मज्ञों के लिये अनुपेक्षणीय बन गई। काव्य की दृष्टि से 'संदेश रासक' का अपभ्रंश सहित में विशेष स्थान है।

इस काव्य में कथा का तत्व अत्यल्प है। इसमें कवि ने लोक जीवन से उद्भूत स्वच्छंद और अकृत्रिम कथा के आधार पर अपने काव्य की रचना की है।

संदेश रासक विरह का खण्ड काव्य है जो कि एक कल्पित लोकजीवन कथा पर आधृत है। इस काव्य की विशेषता यह है कि छंद एक ओर तो मुक्तक के गुणों से युक्त है और दूसरी ओर वो कथा सूत्र में भी ग्रथित है। इस तरह 'मानव ने जो यह कहा कि पहले मुक्तक की सिद्धि होती है, वह संदेशरासक के लिये पूर्णत: लागू है। अत: गीतात्मक कलेवर में यह एक सुन्दर खण्ड काव्य है।'

संदेश रासक को कवि ने तीन प्रक्रमों में विभाजित किया है तथा यह 223 छंदों से युक्त है। अपभ्रंश के अद्यावधि उपलब्ध काव्यों में यही एक काव्य है जो एक मुसलमान कवि द्वारा लिखा हुआ है। मुस्लिम होते हुए भी कवि अद्दहमाण भारतीय संस्कृति और सभ्यता के पूर्ण ज्ञाता थे।

संदेश रासक अद्दहमाण की एकमात्र अमर कृति है। इस महत्वपूर्ण ग्रंथ का पता सर्वप्रथम अनेक दुर्लभ ग्रंथों के उद्धारकर्ता और अपभ्रंश भाषा के प्रसिद्ध पंडित श्री मुनिजिनविजय को सन् 1912 में लगा। जिस समय वे पाटन में स्थित हस्तलिखित ग्रंथों की खोज कर रहे थे। उसी समय उन्हें इस ग्रन्थ की एक प्रति प्राप्त हुई। मुनि जी की कुशल दृष्टि ने इस पुस्तक का महत्व तुरंत भांप लिया।

सन 1918 ई. में पूना स्थित 'भाण्डारकर' रिसर्च इंस्टीट्यूट के अंतर्गत राजकीय हस्तलेख संग्रह के जैन विभाग की जांच करते समय उन्हें संदेश रासक की दूसरी प्रति मिली, सौभाग्यवश इस प्रति में मूलपाठ की संस्कृत छाया भी 'अवचूरिक' नाम से दी हुई थी।

सन 1938 के आसपास मुनि जी दोनों प्रतियों के आधार पर संदेश रासक का संपादन करने के लिये सन्नद्ध हो चुके थे और हिन्दी गुजराती में निकलने वाली 'भारतीय विधा नामक पत्रिका में इसका संपादित रूप क्रमश: प्रकाशित करने वाले थे। इसी समय उन्हें मारवाड़ स्थित लोहावत के आचार्य श्री जिनहिर सागर जी के भण्डार से 'संदेश रासक' की तीसरी प्रति प्राप्त हुई। इसमें मूलपाठ के अतिरिक्त किसी अन्य व्यक्ति की लिखी टिपपण रूप में संस्कृत टीका भी दी हुई थी। इस प्रकार तीनों हस्तलिखित प्रतियों के आधार पर मुनि जी ने इसका सम्पादन प्रारंभ किया और अपभ्रंष भाषा के एक अन्य विद्धान श्री हरिवल्लभ भायाणी की विशद विवेचना सहित 'संदेश रासक' सिंधी जैन ग्रंथमाला के अंतर्गत सन् 1945 में प्रकाशित हुआ। सन्देश रासक के कुछ प्रमुख अंशों को पण्डित राहुल सांकृत्यायन ने अपनी हिन्दी व्यकारण में संकलित किया है।

इसके अतिरिक्त एक महत्वपूर्ण संस्करण द्विवेदी जीव विश्वनाथ त्रिपाठी का तथा एक और महत्वपूर्ण संस्करण डॉ. हजारी प्रसाद द्विवेदी तथा विश्वनाथ त्रिपाठी के सम्पादकत्व में हिन्दी ग्रन्थकार मुम्बई में प्रकाशित हुआ। कई दृष्टिकोणों से इस संस्करण का अत्यधिक महत्व है।

इधर सन्देश रासक के पाठ और अर्थ संशोधन संबंधी कुछ सुझाव डॉ. माता प्रसाद गुप्त ने दिये हैं जो उनकी नवीन पुस्तक 'रासो-साहित्य-विमर्श' में संकलित है। निश्चित रूप से पाठ और अर्थ संशोधन संबंधी इन मौलिक सुझावों से भी संदेश रासक के अंधकारमय पक्षोंके उद्घाटन तथा इसके पुनर्परीक्षण में विशेष सहायता मिलती है।

संदेश रासक का कवि – अन्य कवियों की भांति काव्य में अपना नाम देने की परंपरा का पालन कवि अद्दहमाण ने भी किया है। किन्तु यत्र-तत्र छंदों में नहीं बल्कि काव्यारंभ में ही और वह भी विश्वसनीय परिचय के साथ।

संदेश रासक की प्रारंभिक पंक्तियां कवि के बारे में जानकारी दे रही हैं –

'पच्चाएसि पहूओ पुत्वपसिद्धो य मिच्छदेसोरिथ।
तह विसए संभूओ आरद्दो मीरसेणस्स' ॥

कवि ने रचना में अपना नाम 'अद्दहमाण' बताया है जिसका सांस्कृतिक रूप 'अब्दुल रहमान समझा जाता है। यह परिचय दिशा में स्थित पूर्व काल से प्रसिद्ध म्लेच्छ देश में उत्पन्न तथा पिता 'मीरसेन आरद्द' के पुत्र थे तथा प्राकृत काव्य और गीत/काव्य विध्या में निपुण थे।

म्लेच्छ देश के संबंध में निश्चित रूप से कुछ कहना कठिन है, कहीं-कहीं मुल्तान को ही म्लेच्छ देश कहा गया है। यथा –

करतोयांस समारभ्य हिंगुलाजान्तकं शिवे।
मुलतान देशो देवोशि। महा म्लेच्छपरायण: ॥

पंडित राहुल सांकृत्यायन कवि की जन्मभूमि 'मुल्तान' ही मानते हैं। मुनिजिनविजय जी के अनुसार अब्दुल रहमान उत्तर पश्चिम सीमा के ही निवासी थे। संभवत: उत्तर पश्चिम सीमा के भूखण्ड को कभी 'म्लेच्छ देश' कहने की परंपरा रही होगी, क्योंकि मुसलमानों का आगमन भी उसी क्षेत्र में हुआ। कवि का आशय संभवत: उसी क्षेत्र से है, क्योंकि काव्य में वर्णित सभी नगर उसी क्षेत्र में पड़ते हैं।

कवि अद्दहमाण काव्य के आरंभ और अन्त में मुस्लिम धर्म का पालन करते दिखाई पड़ते हैं। स्पष्ट है कि कवि मुस्लिम धर्मानुयायी थे। वे जायसी

* सहायक प्राध्यापक (हिन्दी) माता जीजाबाई शासकीय कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय, इन्दौर (म.प्र.) भारत

की भांति प्रारंभ में 'आदिकरतार' को नमस्कार करते हैं तथा अन्त में अनागत अन्त (कयामत का दिन) की जय बोलते हैं। कवि में भारतीय साहित्य और संस्कृति के संस्कार पूरी मात्रा में विद्यमान थे।

अद्दहमाण के रचनाकाल के संबंध में विद्धानों में मतभेद है। संदेश रासक का उल्लेख अब तक अन्यत्र प्राप्त नहीं हुआ है। इसके रचनाकाल के संबंध में विभिन्न विद्धानों ने इसे ग्यारहवीं सदी से लेकर चौदहवीं सदी तक की रचना माना है।

कवि अद्दहमाण मुस्लिम होते हुए भी संस्कृत, पालि, प्राकृत एवं अपभ्रंश के अच्छे ज्ञाता थे। अपने काव्य में कवि ने सर्वप्रथम कवि धर्म का पालन किया है। यदि बड़े कवि रचना करते हैं तो क्या अन्य छोटे कवि कविता करना ही छोड़ दें? क्या पवित्र गंगा बहती है तो अन्य नदियां बहना छोड़ दें ? क्या रात्रि में चन्द्रमा उदित होता है तो घरों में प्रकाशित होने वाले दिये जलाना ही छोड़ दें ?

उक्त कथन कवि का कवित्व में अटूट विश्वास ही कहा जा सकता है। इस प्रकार का दृढ़ विश्वास कवि को महान कवि सिद्ध करता है। संदेश रासक की मधुर, सरल, प्रवाह युक्त तथा मंजी हुई भाषा इस तथ्य को स्पष्ट सिद्ध करती है।

कवि से प्रभावित होकर डॉ. शम्भूनाथ पाण्डेय कहते हैं, 'किसी कवि की प्रथम और एकमात्र रचना इतनी सरस और प्रौढ़ कम ही देखने को मिलती है। यह बड़े अफसोस की बात है कि इतने सुंदर कवि की हमें इतनी कम कविता प्राप्त है।'

संदेश रासक का कथानक – संदेश रासक एक संदेश काव्य है। इसमें अन्य खण्ड काव्यों के समान कथानक संधियों में विभक्त नहीं है, अपितु कथा तीन भागों में विभक्त है जिन्हेकं प्रक्रम का नाम दिया गया है। संस्कृत में 'मेघदूत' के पूर्व 'मेघ और 'उत्तरमेघ के समान प्रत्येक प्रक्रम कथा प्रवाह की गति का सूचक है। प्रथम प्रक्रम प्रस्तावना रूप में है, द्वितीय प्रक्रम से वास्तविक कथा प्रारंभ होती है और तृतीय प्रक्रम में षट्ऋतु वर्णन है।

संदेश रासक काव्य रूप की विशेषताओं से संयुक्त 223 छंदों का एक छोटा सा विरह काव्य है। संदेश रासक की विशेषता उसके कथानक में नहीं उसकी अभिव्यक्ति और कथन शैली में है। अद्दहमाण ने अपने काव्य में जिस मार्मिकता, संयम और सहृदयता का परिचय दिया है वह उनकी कवित्व शक्ति, पांडित्य, परंपरा, ज्ञान और लोकवादिता की पूर्ण प्रतिष्ठा पाठक के हृदय में कर देती है।

प्रथम प्रक्रम में अद्दहमाण सर्वप्रथम भारतीय काव्य परंपरा के अनुसार ईशवंदना एवं आत्म परिचय देते हैं तथा वंशनाम का उल्लेख करते हैं। कवि कर्म के लिये वे अपने अधिकार की घोषणा भी करते हैं। वे कहते हैं – 'तरू शिखरों पर बैठकर कोयलें मधुर आवाज करती हैं तो क्या घर की मुंडेरों पर बैठकर कौए न करकराएँ।' इससे स्पष्ट होता है कि उनका काव्य सामान्य जन का काव्य है।

द्वितीय प्रकृम से कवि कथा का आरंभ करता है। विजय नगर की कोई सुन्दरी पति के प्रवासी हो जाने से विरह कातर होकर पथनिहार रही है तभी तीव्र गति से जाते हुए पथिक को देखकर विरहिणी अपनी वेदना को रोक नहीं पाती और सोचती है कि प्रिय के पास से संदेशा नहीं आया तो क्या ? वही प्रिय के पास संदेश भेज दे। विरहिणी की विरह वेदना ऐसी लगती है मानो उसने संदेश के माध्यम से पथिक के सामने अपना हृदय ही उंडेल दिया हो।

तृतीय प्रक्रम में कवि ने विरहिणी की विरह वेदना को परऋतु के माध्यम से चित्रित किया है।

विरहिणी का पति ग्रीष्म ऋतु में प्रवासी हुआ था। प्रिय की प्रतीक्षा में उसने वर्षा, शरद, हेमंत, शिशिर एवं बसंत सभी ऋतुएँ बिता दी किन्तु प्रिय नहीं आया। ये सभी ऋतुएं विरहिणी के लिये दुखदायिनी सिद्ध हुई।

'काव्य के इस छोटे से कथानक में अलौकिक घटनाओं का अभाव है। ग्राम्य जीवन का चित्र काव्य में दिखाई देता है, काव्यगत वर्णनों से प्रतीत होता है कि कवि का हृदय लौकिक भावनाओं से प्रभावित था।'

निष्कर्ष यह कि संदेश रासक मात्र एहलौकिक भावनाओं से गर्भित खण्ड काव्य ही नहीं है अपितु वह ऐसा लोकधर्मी खण्ड काव्य है जिसका मूल विषय विप्रलंभ श्रृंगार होने से वह विरह काव्य है, प्रेम काव्य है, संदेश के मर्म से संविलत संदेश काव्य है। अपभ्रंश के समस्त साहित्य में संदेश रासक ही सम्प्रदाय निरपेक्ष काव्य है। जो अपभ्रंश के एकमात्र मुसलमान रचनाकार अद्दहमाण की लोकानुरागिता एवं भारतीयता को व्यक्त करता है और यही हेतु है कि 'संदेश रासक काव्य रसिकों एवं काव्य मर्मज्ञों का समान रूप से कण्ठहार बना हुआ है।

संदर्भ ग्रंथ सूची :-

1. हिन्दी के मध्यकालीन खण्ड काव्य – डॉ. सियाराम तिवारी – पृ. 65
2. आदिकालीन साहित्य – डॉ. शम्भूनाथ पाण्डेय – पृ. 104
3. आदिकालीन साहित्य – डॉ. शम्भूनाथ पाण्डेय – पृ. 106
4. हिन्दी साहित्य का विवेचनात्मक इतिहास – श्री राजनाथ शर्मा – पृ. 49
5. आदिकालीन साहित्य – डॉ. शम्भूनाथ पाण्डेय – पृ. 109
6. अपभ्रंश साहित्य – डॉ. हरिवंश कोछड़ – पृ. 251

****

भीली लोक संस्कृति - विविध उपादान

डॉ. मीरा जामोद *

प्रस्तावना – भील नाम द्रविड़ भाषा परिवार के अन्तर्गत कन्नड़ के 'बील' से लिया गया है। जिसका अर्थ है - धनुष। यह सच है कि आदिम विश्वासों में जीने वाली इस सरल स्वभाव की जाति के लोग अपने धनुष कोशल के धनी है इसलिए इनका नामकरण भी इनके गुण के आधार पर हुआ।

लोक संस्कृति व्यक्ति के उठने-बैठने, चलने-फिरने, खेलकूद एवं समाज के साथ निर्वाह किये गये नाना प्रकार के व्यवहारों का एकीकृत नाम है। भीली संस्कृति भी समृद्ध है जो अपनी अलग पहचान रखती है। भीली लोक संस्कृति के निम्नलिखित उपादानों के अध्ययन से हमें इसे समझने में सरलता होगी।

वेशभूषा एवं रहन-सहन -भीलों का रहन-सहन बहुत ही सादा है। शारीरिक दृष्टि से देखा जाय तो भील देखने में सुगठित, सुन्दर व ताम्रवर्णी होते हैं, परन्तु जंगलों में रहने के कारण इनका रंग काला होता है। निर्धन भील एक लंगोटी में ही अपने वस्त्रों की पूर्ति कर लेता है। सम्पन्न भील सिर पर लाल, हरे या सफेद रंग के साफे एवं रंग बिरगी कमीज व धोती पहनते हैं। स्त्रियाँ चोली, घाघरा, लुगड़ा या ओढ़नी पहनती है। पहनने के दैनिक वस्त्रों के अतिरिक्त इनके घर में अनाज पीसने के लिए घट्टी, अनाज झाड़ने के लिए सूपड़ा, बांस से बनी टोपली, मिट्टी का तवा, मिट्टी की कड़ाई होती है। लौकी की ओलखी भी रहती है जिससे पानी पीते हैं भोजन पीतल या काँसे की थाली में करते हैं। पानी के बर्तन लकड़ी के माच पर रखते है। जिसे मुहल्दा कहते हैं। भील स्वावलम्बी और परिश्रमी होते है, इसलिए सम्मान पूर्वक जीवन उन्हें पसंद है।

आभूषण – भील स्त्री-पुरूष विभिन्न प्रकार के गहने पहनते हैं। ये गहने चाँदी के, कथीर चाँदी के और काँसे के बनते है कथीर चाँदी का प्रचलन सर्वाधिक है।

भील पुरूष कानों में मूँदड़े, कर्णबालियाँ (टोखा) गले में बजलजारी या साँकल, हाथ में नाहर-मुखी कड़े, भुजा में हटके तथा पाँव में बेड़ी पहनते है। भील स्त्रियाँ सिर पर बोर, राखड़ी, छिवरा, झेला, बस्का, कान में टोकरी, नाक में काँटा या नथ, गले में तागली, हार, गलशन, जरबन्द, हाथ में हटका, करोंदी, काँच की चुडियाँ, बाजूबंद, अंगुठी, पैरों में बाकड़िया, रमझोल, लंगर, तोड़ा, पावलिया, बिछिया आदि पहनतीं है। सभी आभूषण भीली महिलाओं के सौभाग्य के प्रतीक है।

खानपान – भील मक्का, ज्वार, बाजरा, गेहूँ, चना, कोदरया आदि उपयोग में लाते हैं। राबड़ी भीलों का मुख्य भोजन हैं। राबड़ी मक्का की थुली होती है जिसमें छाछ मिलाकर बड़े स्वाद से खाते हैं। पर्व-त्यौहारों पर चावल, गुड़, घी मिलाकर गुड़भात्या खाते-खिलाते है।

अनाज व सब्जियों के अतिरिक्त अन्य आहार जैसे जंगल के कंदमूल, नदी-तालाबों से पकड़ी मछलियाँ, मुर्गी, बकरा तथा अन्य शिकार खरगोश, तीतर, केकड़ा, हिरण, आदि पर निर्भर रहते हैं।

मद्यपान भीलों की सामाजिक एवं धार्मिक आवश्यकता है। भील मदीरा-प्रेमी होते है और उनके उत्सवों में शराब होना अत्यंत आवश्यक है। मदिरापान से संबंधित एक कहावत है – **'भीलों दसमठा हरो, बीजाये करवानू हूँ काम'** अर्थात शराब ही भील का शत्रु है, दूसरे दुश्मन की आवश्यकता नहीं। ताड़ी भी भीलों का मौसमी सर्वप्रिय पेय है।

भूखा भील इधर-उधर भटक सकता है पर भीख नहीं मांगता।

अंधिवास – भील पहाड़ी, टेकरियों पर झोपड़ियाँ बनाना पसंद करते हैं। अलग-अलग झोपड़ियों को मिलाकर फलिया बनता है और फलिया मिलाकर गाँव बनता है। भीलों का गृह निर्माण अत्यंत साधारण होता है। भीलों के गाँव में एक सुदृढ़ एकता का आधार मिलता है। विवाह व मृत्यु के अवसरों पर प्रत्येक परिवार सम्मिलित होता है।

हथियार व अस्त्र-शस्त्र – भील सदैव अपने साथ धनुष-बाण रखते है। धनुष-बाण भीलों की प्रमुख पहचान है। अंधेरे में भी तीर का निशाना लगाने में वे कुशल होते हैं। फालिया या धारिया लोहे का धारदार दरातीनुमा हथियार है इनके अलावा कुल्हाड़ी, तलवार, लट्ठा, फरसा, आदि हथियार तथा आजकल भीलों के पास बन्दुके भी देखने को मिलती है। पगड़ी पर चमड़े या रस्सी से गुँथी हुई गोफन बाँधकर रखते हैं।

रीति-रिवाज एवं प्रथाएँ – भील जनजाति में अन्य समाज की भाँति विभिन्न रीति-रिवाज एवं प्रथाएँ प्रचलित है। विवाह से संबंधित मंगनी, वधु मूल्य अथवा दापा, हल्दी-पीठी, बाना बिठाना, पहरावणी, झोल्या-चोली, बेड़ा भरना, चवरी, कन्यादान, बवड़ा आदि रीति-रिवाज है। घर जँवाई, भगोरिया विवाह, लगुड़ालाड़ी, धारणा विवाह, नातरा विवाह, तलाक, घुँघट प्रथा प्रचलित है। भीलों में समान गौत्र विवाह नहीं होता है तथा विवाह संबंध तय करने एवं सम्पन्न करने के जातिगत नियम है जिनका पालन करना प्रत्येक भील के लिये अनिवार्य है। पालन न करने पर आर्थिक दण्ड दिया जाता है।

व्रत, पर्व एवं उत्सव – भीलों में प्रत्येक पर्व एवं उत्सव बड़े ही उत्साह से मनाये जाते हैं तथा व्रत भी किये जाते हैं। व्रत के अन्तर्गत इंदलव्रत जो केवल पानी व दूध ग्रहण करके किया जाता है। गल व्रत में मन्नतधारी दिनभर निराहार रहकर व्रत करता है। पाटला व्रत में दिनभर निराहार रहकर पाटला बाबा की पूजा करके रात के 12 बजे पश्चात् उड़द की दाल के बड़े तथा बाजरे के चिलों से व्रत खोला जाता है। पर्व एवं उत्सव के अन्तर्गत फागुन के अंतिम सप्ताह में भगोरिया तथा इसके पश्चात् होली का त्यौहार मनाते हैं। होली के दूसरे दिन गल पर्व मनाया जाता है। यह सबसे बड़ा मनौती पर्व है। होली के बारहवें-तेरहवें दिन गढ़ का आयोजन किया जाता है। जातर, ढोडी, नवई, दिवासा, पिथौरा, नवणी, बाबाईद, इंदल, डोहा, दीपावली आदि पर्व बडे उत्साह से मनाते है।

लोक देवता -भील जनजाति के अपनी मान्यताओं के अनुसार अलग-अलग देवी-देवता है। बाबदेव भील के प्रमुख देवता है जिसे इन्द्रदेव भी

* सहायक प्राध्यापक (हिन्दी) महाराजा भोज शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, धार (म.प्र.)भारत

कहते हैं। भीलों की मान्यता है कि बाबदेव की आराधना करने से वर्षा अच्छी होती है और धन-धन्य की कमी नहीं रहती हैं। गल देव को भगवान नरसिंह के रूप में पूजते हैं। जस्मादेवी अर्थात लक्ष्मीमाता की पूजा दीवाली के दिन की जाती है। सोवन माता पशुओं की रक्षा करती है, शीतलामाता शारीरिक विकार व बिमारियों की रोकथाम करती है। विकलांग अपनी मनोकामना पूर्ण करने के लिये खोड़ियाल माता से प्रार्थना करते हैं तथा पूर्ण होने पर लकड़ी के हाथ-पैर मंदिर में चढ़ाते हैं। कुहाजादेव सम्पन्नता के प्रतीक है, होवणमाता दैनिक व प्राकृतिक प्रकोपों से रक्षा करती है इसलिए भील वर्ष में एक बार गाँव की सीमा पर एकत्रित होकर होवणमाता की आराधना करते हैं। सावनमाता कृषि व वन उपजों की रक्षा करती है। कहीं युद्ध में जाते समय भील अपनी जीत के लिए भेरूदेव से प्रार्थना करते है। धारणदेव या गृह देव की पूजा त्यौहारों या विवाह के अवसर पर करते हैं।

लोक विश्वास -भील जनजाति में आज भी विभिन्न प्रकार के विश्वास व्याप्त है जो कई पीढ़ियों से चले आ रहे है। तंत्र-मंत्र में अधिक विश्वास करते हैं घर में यदि कोई सदस्य या पशु बिमार हो जाये तो वे देवी-देवताओं या भूत-प्रेम का प्रकोप समझकर बड़वा के पास जाकर तंत्र-मंत्र करवाते हैं।

भील किसी भी कार्य के लिए मुहुर्त और शकुन-अपशकुन को बहुत मानते हैं। घर से निकलते समय या रास्ते में कुछ अपशकुन हो जाए तो वापस लौट जाते है। कौआ, उल्लु या काली चिड़िया दाहिनी तरफ बोले तो शकुन एवं बायीं तरफ बोले तो अपशकुन माना जाता है। बिल्ली एवं साँप रास्ता काट जाये तो अपशकुन , लौमड़ी का चिल्लाना अपशकुन माना जाता है। यात्रा के समय दाहिनी और बछड़े को दूध पिलाती हुई गाय दिख जाए तो शुभ माना जाता हैं। विवाह संबंध तय करने जाते समय वृक्ष पर या दीमक के घर पर काली चिड़िया बैठी दिख जाये तो ये माना जाता है कि लड़की जादू-टोना जानती है। शुभ कार्य के लिये घर से निकलते समय पानी भरने वाली स्त्री खाली बर्तन लेकर आ रही हो तो अपशकुन तथा भरे बर्तन लेकर आ रही हो तो शकुन माना जाता है। भील टोने-टोटके में भी विश्वास करते हैं।

निष्कर्ष -उपर्युक्त वर्णन से स्पष्ट है कि भील जनजाति हर परिस्थिति से लड़ने वाली है। उनकी वेश-भूषा, रहन-सहन, अत्यंत सादा है भील गरीब होते हुए भी आनंद व खुशी से रहते है। प्रत्येक रीति-रिवाज पर्व, उत्सव, प्रथा व देवी-देवताओं की परंपरागत पूजा, उनके विश्वास आदि से भीली लोक संस्कृति का स्पष्ट स्वरूप उद्घाटित होता हैं। अत: भीली लोक संस्कृति अत्यन्त समृद्ध एवं प्रदेश में ही नहीं बल्कि देश में भी अपनी एक अलग पहचान रखती हैं।

संदर्भ ग्रंथ सूची :-

1. डॉ. शिवकुमार तिवारी/ डॉ. श्रीकमल शर्मा - म.प्र. की जनजातियाँ समाज एवं व्यवस्था, म.प्र. हिन्दी ग्रंथ अकादमी, भोपाल
2. डॉ. नेमीचन्द्र जैन- आदिवासी के बीच।
3. वसन्त निरगुणे - लोकसंस्कृति, म.प्र. हिन्दी ग्रंथ अकादमी, भोपाल
4. ए.आर.एप. श्रीवास्तव - जनजातीय संस्कृति, म.प्र. हिन्दी ग्रंथ अकादमी, भोपाल।
5. चौड़ावत एवं पगारे - आदिवासी के देवी-देवता एवं तीज त्यौहार आजाद प्रकाशन
6. नेमीचन्द्र जैन - भील-भाषा, साहित्य और संस्कृति हिराभैया प्रकाशन, इन्दौर
7. अशोक डी. पाटिल - भल जनजीवन और संस्कृति म.प्र. हिन्दी ग्रंथ अकादमी भोपला
8. संपदा।

****

हिन्दी के आँचलिक उपन्यास

डॉ. सरोज यादव *

प्रस्तावना – सन् 1936 के बाद स्वतंत्रता आंदोलन देशव्यापी बन चुका था। इस अंदोलन का नेतृत्व महात्मा गांधी के हाथों में था। जिनकी विचारधारा न केवल राजनीति को ही बल्कि साहित्य को भी प्रभावित करने में सफल रही। सारा प्रेमचंद साहित्य गांधीवाद से अभिभूत रहा। स्वतंत्रता के बाद जिस युग परिस्थितियों ने उपन्यासों की संरचनाओं को प्रभावित किया वह हिन्दू-मुस्लिम दंगों और गांधीजी की हत्या के रूप में विकसित हुई। स्वतंत्र भारत में स्वतंत्रता संग्राम का जननेता ही शासक बन गया। इसलिए जनतंत्र अनेक आंतरिक असफलताओं का शिकार बना। आज का उपन्यास वैयक्तिकता से निकलकर सामाजिकता की ओर बढ़ रहा है। इस व्यक्तिवाद के विरोध में और विद्रोह के फलस्वरूप ही हिन्दी उपन्यास में एक ऐसी चेतना लहरा उठी जो जीवन की स्वाभाविक दुर्बलता एवं सबलता के साथ देश के नवोन्मेश के स्वागतार्थ उत्सुक थी। नवीनता के इस आग्रह ने लेखकों का ध्यान नागरिक जीवन से हटाकर दूरवर्ती विलक्षण समाज की ओर आकर्षित किया। इन्हीं उपन्यासों ने आगे चलकर आंचलिक उपन्यासों की संज्ञा ग्रहण की। बीसवीं सदी के उत्तरार्द्ध में हिन्दी उपन्यास में आंचलिकता का अभ्युदय हुआ। यह उस राष्ट्रीय चेतना के परिणामस्वरूप हुआ जो विश्वमंच पर अपनी विशिष्टता को प्रतिष्ठापित करने को समुत्सुक थी। यो तो हिन्दी उपन्यास में आंचलिकता का पुट पहले भी रहा है। उसके कुछ तत्व बीज रूप में विद्यमान रहे हैं किन्तु उसका पूर्ण विकास हिन्दी उपन्यास की अभिनव सिद्धि है। यह जनवादी विचारधारा का ही एक रूप था, जो यह स्वीकार करती थी कि सबसे अधिक उत्पीड़ित उपेक्षित और शोषित को ही कलाकार की सहानुभूति नहीं चाहिए। भारतीय जनजीवन का सच्चा चित्रण करने के लिए उसे निश्चित रूप से सभ्यता से दूर अनदेखे अंचलों और अल्पज्ञान जातियों के बीच पहुंचना होगा, जहां भारतीय संस्कृति मूलत: एक होते हुए भी अपने विशिष्ट रूप में दृष्टव्य है।

आंचलिक उपन्यास में प्रेमचंद की परंपरा सुदृढ़ एवं भिन्न रूप में विकसित हुई जिसमें अपने सीमित परिवेश में व्यापक दृष्टि की अभिव्यक्ति हुई है, जबकि प्रेमचंद ने भारतीय ग्रामीण जीवन की कृषक जीवन की वास्तविकताओं को अभिव्यक्त किया है। इस तरह प्रेमचंद पूर्व उपन्यास उपदेशात्मकता एवं मनोरंजकता से परिपूर्ण है और प्रेमचंद युगीन उपन्यासकारों में समाजिक एवं राजनीतिक समस्याओं की अभिव्यक्ति है। यही धारा प्रेमचंद युग में विविध मुखी होकर विकसित हुई। मानव मूल्य बदले, परिस्थितियां बदली और आवश्यकताएं बदली, अंचल या स्थानीयता के स्पर्श से उपन्यासों को एक नवीन परिवेश मिला, जिसने लोक जीवन को लोकभाषा में आंचलिकता को नवीन स्वरों से संजोकर नवीन औपन्यासिक विधा को जन्म दिया।

स्वातंत्र्योत्तर हिन्दी कथा साहित्य का यह नव्य प्रयोग मिट्टी की सोंधी महक और लोक जीवन से उद्भुत तत्वों से परिपूर्ण है। हिन्दी उपन्यास साहित्य में आंचलिक उपन्यासों ने उपेक्षित एवं विस्मृत जनजीवन को पून: प्राणवान बनाकर उन्हें मूलधारा से जोड़ने का स्तुत्य प्रयास किया। लोक जीवन के दु:ख-दर्द से रची बसी यह लोककथाऐं आकर्षक एवं जीवन्त हैं, साथ ही शैलीशिल्प की नवीनता के कारण आंचलिकता के नवीन तथ्यों के कारण नए साहित्य को पुराने साहित्य से पृथक करती है। प्रत्येक आंचलिक कृतिकार ने अपने व्यक्तित्व के अनुरूप अंचल के प्रति अपनी धारणा को पृथक-पृथक रूप से अभिव्यक्त किया है। इस तरह से अंचल की समग्रता जिस रूप में अर्थ में अभिव्यक्त होना चाहिए, उन अर्थो में उन रूपों में भिन्नता आ गई है, क्योंकि कृतिकार अंचल की अभिव्यक्ति विभिन्न मार्गो से करना चाहता है, वह मार्ग शिल्प की नवीनता का है, तो कहीं वस्तु तत्व की अभिव्यक्ति का है, तो कहीं भाषा की नवीनता का है। किसी रचना में आदर्शवादी तो किसी में आदर्शन्मुख यथार्थवादी किसी रचना में प्रगतिवादी तो किसी में सामाजिक यथार्थवादी प्रवृत्ति प्रमुख रही है।

pollution. Turn off the TV, video player, stereo, computer if they are not in use. Use of LED's should increase. Initially we may feel that they are costly but their long life span and low energy use can save money of consumers.

3. **Recycling -**
   a. Recycling is a better option than dumping all non biodegradable waste like plastic as they are finally burnt and give out harmful gases on burning.
   b. Also buy recycled products to save energy and r esources.
   c. Start a compost pile for organic materials (egg shell, newspapers and food scraps) in to manure to enrich the soil.
   d. Reuse plastic bags for shopping and storage.
   e. Choose products that come with light weight packaging.

4. **Reduce the use of hot water -** Wash clothes in cold water. Pay attention on type of washing machines as front load washing machines use less water compare to top load. Choose a proper sized washer according to the size of family. Choose a dryer that uses less energy. Try to dry up the clothes in sunlight.

Water heaters - Old heaters use largest energy wasters in home, so try to purchase the unit which consumes less energy.

5. **Recycle Electronics -** Computers, monitors, its other parts, TV's, mobiles should be taken to the recycling centers where they may find new life instead of adding to piles of E-Waste. Due to a new invention daily the e-waste is increasing which is hazardous for human being.

6. Tissue paper is a major source of waste.

It takes 60,000 trees to make one year's worth of tissue papers for the world. So it should be avoided and new trees should be grown and should be cared properly.

7. Encourage "Green building" concept: New buildings should be designed and constructed in such a way that energy consumption is reduced by manipulating heating, cooling, lighting and water use factors. The plantation of evergreen trees reduces heating and also provides beautiful landscapes. Trees give out oxygen and store carbon (by CO_2) help in reducing global warming. The steps should be taken to reduce carbon footprint.

Buildings should be well equipped with solar heating systems. In passive solar building design, windows, walls and floors are made to collect, store and distribute solar energy in the form of heat in winter and reject solar heat in summer. This system does not involve the use of mechanical and electrical devices like active solar heating systems and is proved to promote green building concepts.

8. **Air conditioners -** While buying an A.C, the unit should have higher efficiency compressors, fan motors and heat transfer surfaces as it reduces the energy consumption. Try to use ceiling fans instead of AC's which are proved to be bad for health. Always buy the ones which have earned energy stars. The most important thing is to reduce the use of A.C's at all.

9. **Follow the Kyoto protocol -** This protocol is made by united nations framework convention on climate change (UNFCCC) and aimed to fight against global warming. With the goal of achieving the stabilization of green house gas concentration in the atmosphere at a level that would prevent dangerous anthropogenic interference with the climate change.

10. **Promoting environmental awareness -** The best way to reduce the global warming, write letters to editors of local and national newspapers for environmental concerns participate in local radio talk show, join a group on local, then national level and remain active against the global warming to solve the problems, stay alert and informed. Remain up to date by knowing latest newspapers and TV's. Try to separate the organic garbage and other garbage and develop the methods which are very easy and simple to make fertilizer that can be used to grow plants around.

Conclusion - The environment has to be viewed in a wider perspective where human and non human living beings are also important along with the nature. There is an urgent need to take measures for environmental protection and so several ways to save environment through conservation of energy. The danger is alarming. The clock is ticking and the time is running out. Above all it can be said that "Either we act quickly or be ready for extinction".

So in the end we conclude that if we wish to live properly and keep some environmental treasure for our next generation, we should take the steps to reduce global warming by always following the ways in our day to day life. So think globally and act locally.

References :-

1. Natural resources defense council (NRDC) www.nrdc.org/globalwarming
2. World commission on the environment and development (WCED). Our common future oxford, oxford university press p.(43) 1987
3. Omer, A.M chapter 3: energy use, environment and sustainable development, In: environmental cost management, Editors Randi Taylor mancuso, NOVA science publishers, Inc., p. (129-166), NewYork USA 2009.
4. Omer, A M, Energy use and environmental impacts: a general review. Journal of renewable and sustainable energy. Vol 1 No. 053101 P. (1-29) USA September 2009
5. Energy Conservation vs. Energy Efficiency. Natural resources Canada Retrieved 13 May 2014
6. The Times of India, December 13, 2007
7. Battisti; David; Naylor "Historical warnings of future food insecurity with unprecedented seasonal heat" Science 323 (5911) 240-4, 2009.

****

घरेलू हिंसा और महिला सुरक्षा कानून के तहत पुलिस की भूमिका

डॉ. अंजना जैन*

शोध सारांश – भारत अघोषित रूप से पुरूष प्रधान देश माना जाता है। आर्थिक सत्ता पुरूष के हाथ में होने से पत्नी, बहन, बेटी, माँ के रूप में महिला घरेलू हिंसा का शिकार होती रहती है। महिला हिंसा को रोकने के लिए देश में कई कानून बनाये गये हैं। 2005 में महिला हिंसा संरक्षण कानून बनने के बावजूद महिला हिंसा के प्रकरण बढ़ते जा रहे हैं और पुलिस प्रकरण दर्ज नहीं करती और करती है तो अपराधी छूट जाते हैं। प्रस्तुत अध्ययन में यह जानने का प्रयास किया गया है है, इतने महिला सुरक्षा कानून के बावजूद महिला घरेलू हिंसा की शिकार क्यों होती है? क्या पुलिस महिला हिंसा रोक पा रही है? आदि बातों को जानने का प्रयास किया गया है।

प्रस्तावना – एक पुरानी कहावत है ' ... गंवार, पशु और नारी ये सब ताड़न के अधिकारी हैं।' नारी को एक ओर माता का दर्जा देकर ऊपर रखा गया है वहीं दूसरी ओर हिंसा और प्रताड़ना का अधिकारी बनाया गया है। आज देश में घर के ही लोगों द्वारा हत्या, हत्या के प्रयास, महिला के साथ मारपीट, दहेज प्रताड़ना, आग से जलना, धमकी देना, बलात्कार, आत्महत्या के लिए प्रेरित करना जैसे लाखो मुकदमे कोर्ट में लम्बित है।

दिल्ली की एक समाज सेवी संस्था के सर्वेक्षण अध्ययन की रिपोर्ट के अनुसार भारत में प्रतिवर्ष 5 करोड़ महिला अपने ही घरों में हिंसा का शिकार होती है। इनमें से मात्र 0.1 प्रतिशत ही हिंसा के खिलाफ रिपोर्ट लिखवाने जाती है। और आश्यचर्यजनक है कि आज भी अधिकांश महिला घरेलू हिंसा से बचने के लिए सरकार द्वारा बनाए गए अधिनियम से परिचित नहीं है। यही वजह है कि इस अधिकार के बारे में जानकारी न होने के चलते पीड़िताओं की संख्या बढ़ती जा रही है।

अध्ययन का उद्देश्य –

1. महिला संरक्षण अधिनियम के तहत घरेलू हिंसा के कारणों को जानना।
2. घरेलू हिंसा के केस में पुलिस की भूमिका का अध्ययन करना।

आंकड़ों व तथ्यों का संकलन – प्रस्तुत शोध पत्र प्राथमिक व द्वितीयक तथ्यों पर आधारित है जिसमें द्वितीयक तथ्य पत्र पत्रिकाओं में प्रकाशित लेख से तथा प्राथमिक तथ्य व आंकड़े प्रत्यक्ष साक्षात्कार, समूह चर्चा द्वारा एकत्र किये गये हैं। इस हेतु 200 परिवार की महिलाओं को शामिल किया गया है जो स्वयं या उनके परिवार की पड़ोसी महिला को हिंसा का शिकार होते देखा या सुना है। इससे प्राप्त जानकारी के आधार पर निष्कर्ष निकाले गये हैं।

अध्ययन से प्राप्त तथ्यों का विश्लेषण –प्रस्तूत अध्ययन के माध्यम से उद्देश्य के अनुसार म.प्र. के परिवार की महिला सदस्यों से उनके स्वयं के साथ, परिवार के सदस्य के साथ, परिचितों, पड़ोसियों के साथ हुई घरेलू हिंसा की शिकार, हिंसा के लिए उत्तरदायी कारण, घरेलू हिंसा की शिकार महिलाओं के आयु, हिंसा की शिकायत पुलिस थाने में दर्ज करवाई व घरेलू हिंसा प्रकरण में पुलिस की भूमिका आदि तालिकाओं द्वारा विश्लेषण किया गया है।

सम्बन्धित साहित्य का अध्ययन – सचिव भारत सरकार के अनुसार भारत में जो महिलाएं कुटुम्ब में रहती हैं जिनके प्रति घरेलू हिंसा होती है, उनकी सुरक्षा के लिए देश में 14 सितम्बर 2005 को महिला हिंसा संरक्षण अधिनियम लागू किया गया।[1]

संयुक्त राष्ट्र संघ ने इसे (1979) में अन्तर्राष्ट्रीय कानून का रूप दिया।[2] (2006) के अध्ययन के अनुसार अपशब्द, रोक टोक करने, मारपीट करने को घरेलू हिंसा माना गया है और इसमें माँ, भाभी, बहन, पत्नी, किशोरियों के प्रकरण को शामिल किया जाता है।[3] (2007) के अध्ययन के अनुसार महिला हिंसा संरक्षण अधिनियम के अन्तर्गत प्रताड़ित महिला किसी भी वयस्क पुरूष को अभियोजित कर सकती है अर्थात उसके विरूद्ध प्रकरण दर्ज करवा सकती है।[4] (2006) गोहर के अनुसार परिवार का कोई भी पुरूष महिला को मारता, उसके साथ अभ्रद भाषा में बात करता या उससे किसी कार्य को करने के लिए विवश करता है तो वह घरेलू हिंसा अधिनियम के तहत मामला दर्ज करवा सकती है।[5]

अध्ययन में शामिल 200 परिवार की महिलाएं जो स्वयं उनके परिवार या पड़ोसी या जान पहचान वाली महिला जो घरेलू हिंसा का शिकार हुई का अध्ययन किया गया है।

तालिका क्रमांक – 1
घरेलू हिंसा का शिकार

क्र.	हिंसा का शिकार	उत्तरदाता	प्रतिशत
1.	हिंसा का शिकार हुई	151	75.50
2.	हिंसा का शिकार नहीं हुई	49	24.50
	कुल	**200**	**100**

स्त्रोत – सर्वेक्षण पर आधारित 2014

तालिका क्रमांक – 2
घरेलू हिंसा घटित हुई

क्र.	घटना घटी	उत्तरदाता	प्रतिशत
1.	स्वयं के साथ	95	62.91
2.	परिवार में	47	31.13
3.	पड़ोसी/अन्य	09	5.96
	कुल	**151**	**100**

स्त्रोत – सर्वेक्षण पर आधारित 2014

* प्राध्यापक (अर्थशास्त्र) शासकीय महारानी लक्ष्मीबाई स्नातकोत्तर कन्या महाविद्यालय, किला भवन, इन्दौर (म.प्र.) भारत

तालिका क्रमांक – 3
आधार पर वर्गीकरण

क्र.	उम्र वर्ष में	हिंसा का शिकार	प्रतिशत
1.	15–20	23	15.23
2.	20–25	48	31.79
3.	25–30	41	27.15
4.	30–35	29	19.21
5.	30–40	08	5.29
6.	40–50	02	1.33
7.	50 से अधिक	–	–
	कुल	151	100

स्त्रोत – सर्वेक्षण पर आधारित 2014

तालिका क्रमांक – 4
हिंसा के लिए उत्तरदायी कारण

क्र.	कारण	उत्तरदाता	प्रतिशत
1.	हत्या या हत्या का प्रयास	08	2.83
2.	मारपीट	101	35.70
3.	गहरी चोट	03	1.06
4.	छेड़छाड़	01	0.35
5.	बलात्कार	03	1.06
6.	आत्म हत्या	03	1.06
7.	दहेज प्रकरण	11	3.89
8.	धमकी	151	53.40
9.	आगजनी	02	0.71

स्त्रोत – सर्वेक्षण पर आधारित 2014

तालिका क्रमांक – 5
घरेलू हिंसा प्रकरण पुलिस रिपोर्ट

क्रमांक	पुलिस रिपोर्ट दर्ज	उत्तरदाता	प्रतिशत
01	दर्ज करवाई	41	27.15
02	दर्ज नहीं करवाई	110	72.85
	कुल	**200**	**100**

स्त्रोत – सर्वेक्षण पर आधारित 2014

तालिका क्रमांक – 6
घरेलू हिंसा प्रकरण में पुलिस की भूमिका

क्र.	पुलिस की भूमिका	उत्तरदाता	प्रतिशत
1.	सहयोगात्मक	05	12.20
2.	असहयोगात्मक	24	58.54
3.	सन्देह पूर्ण	12	29.27
4.	कह नहीं सकते	00	00
	कुल	**41**	**100**

स्त्रोत – सर्वेक्षण पर आधारित 2014

तथ्यों का विश्लेषण – तालिका क्रमांक–1 के विश्लेषण से स्पष्ट है कि अधिकांश महिला स्वयं या उनके परिवार की, पड़ोसी या जान पहचान वाली महिलाएं घरेलू हिंसा का शिकार रही हैं जिसमें मारपीट, चरित्र सन्देह, पति का शराब पीना, दहेज धमकी और हत्या, आत्महत्या के प्रयास शामिल हैं।

तालिका क्र.–2 के विश्लेषण से स्पष्ट होता है कि – अधिकांश उत्तरदाता महिला स्वयं हिंसा का शिकार हुई हैं। परिवार में सामाजिक प्रतिष्ठा के भय से व पड़ोसी अपने साथ घटित घटना को भय या अन्य कारणों से घर की बात बाहर बताना नहीं चाहती।

तालिका क्र.–3 के विश्लेषण से स्पष्ट होता है कि – घरेलू हिंसा का शिकार 15 से लगाकर 40 वर्ष तक की महिलाएं अधिक होती हैं।

तालिका क्र.–4 के विश्लेषण से स्पष्ट होता है कि – हिंसा के लिए उत्तरदायी भावनात्मक कारण, चरित्र शंका, पुत्र न देना, दहेज, नौकरी करना या छोड़ने के लिए बाध्य करना, आत्महत्या के लिए उकसाना, आर्थिक कारण – बच्चों की पढ़ाई, कपड़ा, दवाई के लिए खर्च मांगने पर, रोजगार का पैसा लेने देने आदि के कारण हिंसा, लैंगिक हिंसा के कारण –बलात्कार, अश्लील साहित्य, नीचा दिखाना आदि। शरीरिक हिंसा – मारपीट, थप्पड़, धक्का देना, ठोकर मारना, हत्या आदि हैं।

तालिका क्र.–5 के विश्लेषण से स्पष्ट होता है कि, अधिकांश हिंसा की शिकार महिलाएं पारिवारिक दबाव, डर, आर्थिक मजबूरी व अज्ञानता की वजह से प्रकरण दर्ज नहीं करवाती हैं।

तालिका क्र.–6 के विश्लेषण से स्पष्ट होता है कि, भ्रष्टाचार, राजनैतिक दबाव के चलते महिला पुलिस की सीमित संख्या तथा पुलिस की संवेदनहीनता के कारण यदि हिंसा की शिकार महिलाओं के प्रकरण दर्ज नहीं करती।

निष्कर्ष –देश में महिलाओं को हिंसा से सुरक्षित रखने के लिए कानून की कमी नहीं है। कमी है स्वंय महिला में जिसमें आत्म विश्वास व आत्मरक्षी उपायों की कमी है, समाज का डर, कानून की जानकारी और शिक्षा की कमी, परावलम्बन इसके लिए उत्तरदायी है। पुलिस की संवेदनशीलता भ्रष्टाचार और राजनैतिक दबाव से मुक्त पुलिस व्यवस्था ही नारी हिंसा के विरूद्ध सुरक्षा की ग्यारन्टी बन सकती है। केवल कानून बनाने से महिला हिंसा नहीं रूकेगी बल्कि स्वयं महिला को बदलना होगा। समाज को सुधारना होगा, न्याय प्रणाली को त्वरित न्यायशील बनना होगा। और सरकार को कानून के ढेर लगाने की बजाय जो कानून है उनकी लचरता को कम करते हुए उसे कठोरता से लागू करना होगा तभी माँ, बेटी, बहु, सास, पत्नी पर होने वाली महिला हिंसा रूक पाएगी।

सन्दर्भ ग्रंथ सूची :–

1. नारायणी प्रकाश नारायण – कन्या भ्रूण हत्या और महिलाओं के प्रति घरेलू हिंसा – बुक एनक्लेव, जयपुर, पृ. 184 से 198, वर्ष 2007
2. लवानियत एम.एम. – भारतीय महिलाओं का समाजशास्त्र – रिसर्च पब्लिकेशन, जयपुर, पृ.सं. 105 (2009)
3. वोहरा आसारानी – भारतीय नारी अस्मिता और अधिकार – नेशनल पब्लिशिंग हाउस, दरियागंज, नई दिल्ली, पृ.सं. 87 (2008)
4. निशांत सिंह मीनाक्षी – आधुनिकता और महिला उत्पीड़न – ओमगा पब्लिकेशन, दरियागंज, नई दिल्ली, पृ. 32, 49 (2008)
5. निशांत सिंह मीनाक्षी – आधुनिकता और महिला उत्पीड़न – ओमगा पब्लिकेशन, दरियागंज, नई दिल्ली, पृ. 68, 140 (2008)
6. निशांत सिंह मीनाक्षी – आधुनिकता और महिला उत्पीड़न – ओमगा पब्लिकेशन, दरियागंज, नई दिल्ली, पृ. 148 (2008)

****

महिला सशक्तिकरण के संदर्भ में महिला कानूनों की व्यवहारिकता

डॉ. सुदीप छाबड़ा *

शोध सारांश –वर्तमान समय में भारत में महिलाओं ने उन्नति के नये शिखरों को छुआ है। साथ ही संपूर्ण विश्व में भारत को गरिमा प्रदान करवाई है। लेकिन आज भी देश में जनसंख्या का एक बड़ा प्रतिशत उन्हीं पुरातन विचारधाराओं से जीवन व्यतीत कर रहा है जिसमें महिलाओं के लिए शोषण है। उस तबके को संरक्षण के लिए केवल कानून ही नहीं बल्कि सामाजिक जागृति की भी आवश्यकता है। कानून को किताबों के दायरों से बाहर निकालने तथा उसे समाज में संरक्षण हेतु लागू करने के लिए जागरूकता की आवश्यता होती है जिससे कि आम महिला का संरक्षण हो सके, उसका शैक्षणिक, आर्थिक, राजनैतिक और सामाजिक विकास हो सके और देश की आम महिलाओं के प्रति भी महिला सशक्तिकरण का भाव सकारात्मक रूप से प्रकट हो सके।

प्रस्तावना – समाज के निर्माण में महिलाओं की भूमिका अहम एवं अग्रणी होती है। केवल भारत में ही नहीं बल्कि संपूर्ण दुनिया में प्रत्येक समाज के निर्माण में महिलाओं ने महत्वपूर्ण भूमिका अदा की है, महिलाओं की सक्रियता ने स्वयं राजनैतिक, सामाजिक, प्रशासनिक दृष्टि से अग्रणी बनकर स्वयं का लोहा मनवाया है। लेकिन पुरुष प्रधान समाज ने आदिकाल से महिलाओं को केवल पुरुष के सहयोगी अथवा उसके अधीन व्यक्तित्व के रुप में स्थापित करने का प्रयास किया है। इन्हीं प्रयासों के कारण महिला सामाजिक रुप से पिछड़ी तथा उसे पुरुष प्रधान समाज की प्रताड़ना को सहन करना पड़ा।

सदियों पूर्व भी महिलाओं के शोषण के कारण महिला की स्थिति दयनीय रही है और आज भी नारी को पुरुष के समान स्तर प्राप्त नहीं हुआ है। संयुक्त राष्ट्र संघ के प्रतिवेदन के अनुसार विश्व की संपूर्ण जनसंख्या में आधा भाग महिलाओं का है और विश्व की संपूर्ण जनसंख्या द्वारा किए जाने वाले कार्य का दो तिहाई (2/3) भाग कार्य महिलाएं करती हैं, किन्तु विश्व की कुल आय का ख़ भाग ही महिलाएं प्राप्त करती है और विश्व की कुल संपत्ति का 1/100 भाग ही नारी स्वामित्तव में है।

स्वतंत्र भारत का संविधान 26 जनवरी 1950 को लागू हुआ। संविधान किसी भी देश की सर्वोच्च विधि होती है। भारत में इसको स्वीकार करना, इसका आदर करना सभी भारतीय नागरिकों के लिए अनिवार्य है। भारतीय संविधान की प्रस्तावना में निहित उद्देश्यो में वर्णित विचार देश के सभी नागरिकों को समाजिक, आर्थिक और राजनैतिक न्याय, विचार अभिव्यक्ति, विश्वास और धर्म की स्वतंत्रता, प्रतिष्ठा और अवसर की समानता प्रदान करने के लिए पूर्णतरू कटिबद्ध है।

भारतीय संविधान देश के सर्वोच्च नीति निर्धारक स्तर पर ही स्त्री-पुरुष समानता के प्रति संकल्प को दृढ़ता से अभिव्यक्त करता है। लेकिन इसमें स्तर की समानता, अवसर की समानता, विधि के समझ समानता, विधि द्वारा समान सुरक्षा का आदर्श होते हुए भी भारतीय महिला को उसका उचित स्थान आज भी प्राप्त नहीं है। अन्तर्राष्ट्रीय समुदाय के समक्ष नारी के शोषण से संबधित, उसके मानव मूल अधिकारों, स्वतंत्रता से संबंधित प्रश्नों को संयुक्त राष्ट्र कमीशन के समक्ष बियना सम्मेलन जो सन् 1993 में हुआ था, में उठाया गया था जिसमें नारी के अधिकारों को मानवाधिकार होना स्वीकार किया गया। महिला के सशक्तिकरण हेतु भारतीय संविधान तथा भारतीय कानून में बहुत से प्रावधान दिए गए हैं जिनका उल्लेख किया जाना आवश्यक है –

- अनुच्छेद 14 राजनैतिक, आर्थिक और सामाजिक क्षेत्रों में विधि के समक्ष समानता का अधिकार और अवसर देता है।
- अनुच्छेद 15 लिंग के आधार पर भेदभावों को वर्जित करता है। इसके अनुसार जाति, धर्म, लिंग, मूलवंश या जन्म स्थल के आधार पर किसी नागरिक के साथ किसी भी प्रकार का कोई विभेद नहीं कर सकते चाहे वह महिला हो या पुरुष।
- अनुच्छेद 15(3) में महिलाओं के लिए विशेष प्रावधान है जो महिलाओं के पक्ष में सकारात्मक पक्षपात हेतु सहायक है जो राज्यों के महिला विकास हेतु विशेष कानून निर्माण के प्रावधान की छूट देता है। इसी के आधार पर देश में राज्यों ने अनेक कानूनों को बनाकर समाज में व्याप्त महिला कुरीतियों जैसे बालविवाह, बहुविवाह से सुरक्षा प्रदान की है।
- अनुच्छेद 16 लोक नियोजन में नियुक्ति हेतु महिलाओं को समान अवसर प्रदान करता है। इसमें समान कार्य के लिए समान व्यवस्था की गई है।
- अनुच्छेद 23 व 24 में देवदासी प्रथा, बांदी प्रथा आदि को कानूनी रुप में अपराध घोषित किया गया है। यह महिला के क्रय-विक्रय पर भी प्रतिबंध लगाता है ।
- अनुच्छेद 30 में राज्य से यह अपेक्षा की गई है कि वह पुरुषों के साथ-साथ स्त्रियों को भी आजीविका के पर्याप्त साधन उपलब्ध कराएगा।
- भारतीय संविधान भाग 4 में नीति निर्देशित तत्वों का समावेश किया गया है जिसका अनुच्छेद 39(घ) समान कार्य के लिए समान वेतन और समान जीविकोपार्जन के साधन अपनाने की बात करता है साथ ही स्त्री पुरुष के साथ समानता से व्यवहार करने का निर्देश देता है।
- अनुच्छेद 42 काम की न्यायोचित मानवीय दशाओं का और मातृत्व सहायता को उपलब्ध कराने का निर्देश देता है। इस निर्देश को क्रियान्वित करते हुए ही प्रसूति अधिनियम 1961 पारित हुआ है। यह अधिनियम

* सहायक प्राध्यापक (अर्थशास्त्र) श्री अटल बिहारी वाजपेयी शासकीय कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय, इन्दौर (म.प्र.) भारत

विभिन्न महत्वपूर्ण महिला सुविधाओं की व्यवस्था करता है जैसे गर्भपात की दशा में छुट्टी, गर्भपात से पैदा होने वाली रुग्णता के लिए छुट्टी तथा पोषणार्थ विराम की सुविधा आदि।

- अनुच्छेद 43 स्त्री एवं पुरुष कामगारों के लिए निर्वाह योग्य मजदूरी आदि की व्यवस्था करने का निर्देश देता है। राष्ट्र के आर्थिक विकास में भागीदार स्त्री-पुरुष श्रमिक की गरिमा एवं उनके व्यक्तित्व को बनाए रखने के लिए उन्हें जीवन-निर्वाह योग्य मजदूरी दिया जाना एवं उन्हें सामाजिक सुरक्षा प्रदान करना अपरिहार्य है। इस अनुच्छेद के क्रियान्वयन हेतु न्युनतम मजदूरी अधिनियम 1948 पारित किया गया है।
- अनुच्छेद 51(क) महिलाओं के सम्मान के प्रति अपमानजनक, अशोभनीय कार्य, व्यवहार को त्यागने का मौलिक कर्तव्य है अर्थात संविधान में समाविष्ट मूल कर्तव्यों में 'महिला की गरिमा' का सम्मान करना भी निहित है। यह अनुच्छेद नागरिकों के लिए यह कर्तव्य अधिरोपित करता है कि ऐसी प्रथाओं का त्याग करें जो स्त्रियों के सम्मान के विरूद्ध हैं।
- अनुच्छेद 325 एवं 326 सभी नागरिकों को अर्थात स्त्री एवं पुरुष दोनों को व्यस्कता के आधार पर मताधिकार देकर निर्वाचन प्रणाली में लिंग भेद का निषेध करता है।
- अनुच्छेद 243(घ), भारतीय संविधान में 73वें एवं 74वें संशोधन 1992 के द्वारा महिलाओं के लिए स्थानीय निकायों अर्थात पंचायत राज व्यवस्था में 33 प्रतिशत आरक्षण का प्रावधान करता है। इस संवैधानिक प्रयास के सकारात्मक परिणाम हमारे सामने है जो स्थानीय शासन संस्थाओं एवं निर्णय निर्माण प्रक्रिया में महिलाओं पर केंद्रित हुए हैं।

भारतीय संवैधानिक प्रावधानों को एक कानूनी ढांचे के तहत प्रभावी बनाया गया है। इस विषय पर कुछ कानून और विधान बनाए गए जो महिला अधिकारों को संरक्षण प्रदान करने के प्रयास हेतु है उदाहरण के लिए महिलाओं के आर्थिक क्षेत्र संबंधी विधान (जैसे कारखाना अधिनियम 1948, न्यूनतम वेतन अधिनियम 1948 समान पारिश्रमिक अधिनियम 1976 आदि), सामाजिक विधान (जैसे परिवार न्यायालय अधिनियम 1984, बाल विवाह नियंत्रण अधिनियम 1929, गर्भपात अधिनियम 1971 एवं 1994 में संशोधन, वेश्यावृति निवारण अधिनियम 1956 एवं 1986 में संशोधन भारतीय तलाक अधिनियम 1969 आदि), विशिष्ट विधान (जैसे अनैतिक व्यापार निवारण अधिनियम 1956 एवं 1986 में संशोधन दहेज निषेध अधिनियम 1961 एवं 1986 में संशोधित , घरेलू हिंसा से महिलाओं की सुरक्षा अधिनियम 2005 आदि) एवं सरंक्षणात्मक प्रावधान।

भारतीय संविधान में किए गए उक्त प्रावधानों के अतिरिक्त अन्य भारतीय विधियों में भी महिलाओं के अधिकारों व सुरक्षा के संबंध में अनेकों विधिक प्रावधान किए गए हैं, जिनका विवेचना निम्न प्रकार है-

भारतीय नारी एवं उत्तराधिकार - नारी के उत्तधिकार के अधिकारों के संबंध में ऐसा नही कहा जा सकता है कि वर्तमान विधिवेताओं ने ही इस बिंदु पर ध्यान दिया हो अपितु आदिकाल से नारी के साम्पतिक अधिकारों को मान्यता दी जाती रही है। मनुस्मृति के अध्याय-9 में यह लेख किया गया है कि -

- माता के विवाह के समय आभूषणादिक जो उसके पिता इत्यादि से मिले है वह संपूर्ण धन उन अविवाहित कन्याओं को मिलना चाहिए और पुत्रहीन नाना का संपूर्ण धन उसके दौहित्र (लड़की के लड़को) को लेना चाहिए। अपुत्रवान पिता का भी संपूर्ण धन उसके दौहित्र को मिलना चाहिए और वही दौहित्र पिता और माता दोनों को पिंड देवें।
- दो पिता से एक ही माता के उत्पत्र दो पुत्र यदि माता के धन के लिए आपस में विवाद करें तो जिसके पिता का धन हो उसके लड़के को दे देना चाहिए। माता के मरने के बाद सभी सहोदर भाई और कुंवारी बहनें माता के धन को बराबर बांट लें।
- जो पुत्र निःसंतान मर जाता है उसका हिस्सा उसकी माता को मिलना चाहिए। माता भी मर गई तो उसके पिता की माता (दादी) को धन मिलेगा। सभी ऋण और धन यथोचित विधि से बांटे जाने के पीछे से यदि पिता का ऋण दिखाई दे तो उसे भी सभी अंशों में बांट लेना चाहिए।
- वर्तमान संहिताबद्ध विधियों के रूप में प्रथमतरू ब्रिटिश शासन काल में सन् 1937 में दा हिंदु वूमैन्स राईट टू प्रोपर्टी एक्ट पारित किया गया जो हिंदु स्त्रियों के साम्पतिक अधिकारों को निश्चित करने हेतु एक अच्छा प्रयास था किंतु उक्त अधिनियम में कुछ खामियां होने के कारणवश इसको सन् 1938 में पुन: संशोधित किया गया। तत्पश्चात सन् 1956 में हिंदू उत्तराधिकार अधिनियम, 1956 प्रभाव में आया।

महिला एवं दाण्डिक विधि - प्राथमिक रूप से दाण्डिक विधि महिलाओं के प्रति किसी प्रकार का भेदभाव करती हो ऐसा प्रतीत नहीं होता जैसे भारतीय दंड संहिता, भारतीय दंड प्रक्रिया संहिता या अन्य सुसंगत विधि अर्थात भारतीय साक्ष्य अधिनियम आदि। किंतु महिलाओं से संबंधित आपराधिक प्रकरणों में, उनसे संबंधित अभियोजन के प्रावधानों के उदाहरणार्थ बालातसंग के मामलों में भारतीय दंड संहिता की धारा 375 के प्रावधानों मंत वैवाहिक संभोग के हेतु दंड से बचाव किया गया है। इसी प्रकार दंड प्रक्रिया संहिता की धारा 198(2) के अंतर्गत जारकर्मी पुरुष की पत्नी जारकर्म के अपराध के लिए पति के विरुद्ध परिवादी के रूप मे परिवाद प्रस्तुत नहीं कर सकती जबकि कोई पुरुष अपनी पत्नी द्वारा की गई जारता हेतु परिवाद प्रस्तुत कर सकता है। यह भेद अपराधिक विधि में भी दृष्टिगत होता है।

इसी प्रकार विस्तृत रूप से इस संबंध में विधियों का अध्ययन व विश्लेषण किया जाये तो अनेकों छिद्र दृष्टिगत होते हैं जैसे कि कामकाजी महिलाओं के साथ पारिवारिक हिंसा तथा लैंगिक अपराधों के संबंध में कोई विशिष्ट विधि निर्मित नहीं की गई है। इसी प्रकार बालातसंग से पीड़ित महिलाओं के लिए शारीरिक और मानसिक त्रास हेतु क्षतिपूर्ति प्रदत्त करने के संबंध में कोई विशिष्ट प्रावधान नहीं किए गए है, जबकि इस प्रकार के प्रावधानों की अत्यधिक आवश्यकता है।

इसी प्रकार कुछ सामाजिक अपराधों यथा किसी स्त्री के पति या पति के नातेदारों द्वारा उसके प्रति की गई क्रूरता जिसमें दहेज विषयक 498(क) में दंड के प्रावधान किए गए हैं। इसी प्रकार दहेज के कारण हुई नारी मृत्यु के संबंध में धारा 304(ख) में दंड का प्रावधान किए गए है। उक्त अपराध सामाजिक अपराध की प्रकृति के होते हुए भी उनके लिए दंड का प्रावधान केवल महिलाओं की सुरक्षा व सम्मान के आशय से किया जाना प्रतीत होता है।

महिला एवं सामाजिक विधियां - हमारे समाज में प्राचीन समय से अनेकों सामाजिक बुराईयां चली आ रही है जिसमें से मुख्यतः सतीप्रथा, दहेज प्रथा, बाल-विवाह प्रथा, देवदासी प्रथा तथा महिलाओं के क्रय-विक्रय आदि का चलन होना सम्मिलित है। इन प्रथाओं के विरुद्ध प्राचीन समय से ही आवाज उठाई जाती रही है और भारतीय संसद व राज्यों की विधायिकाओं द्वारा कुछ अधिनियम व नियम बनाए गए हैं जिसमें से मुख्यतः दहेज प्रतिरोध अधिनियम 1961, बाल-विवाह प्रतिरोध अधिनियम 1929 है।

वास्तविक स्थिति – किंतु उक्त सभी विधियां कमियों से परिपूर्ण होने के कारण व्यवहार रूप से प्रभावशील नहीं हो पाई है, केवल किताबी विधियां बनकर रह गई है जैसे कि बाल–विवाह निषेध अधिनियम में बाल–विवाह के दोनों पक्षकरों अर्थात पति व पत्नी को बाल्यावस्था के कारण दोषी नहीं ठहराया जा सकता। इसी प्रकार मुस्लिम विधि के अनुसार मुस्लिम समाज अपने बच्चों का विवाह यौवन आगमन पर कर सकते है और यह यौवन आगमन की आयु लगभग 12 वर्ष मानी जा सकती है। वास्तव में बाल–विवाह पर पूर्ण प्रतिबंध हेतु एक सामान्य विधि जो कि एकरूपता से लागू हो, की आवश्यकता है।

जहां तक दहेज प्रतिरोध अधिनियम 1961 के प्रावधानों तथा उससे संबंधित भारतीय दंड संहिता की धारा 304(ख) व 498(क) का प्रश्न है ये सभी प्रावधान पूर्ण व्यवहारिक रूप से प्रयोग नहीं होते हैं। भारतीय दंड सहिंता के प्रावधानों का सुदपयोग की तुलना में दुरूपयोग अधिक हो रहा है। हमें ऐसे कई उदाहरण मिल जायेगें जिनमें महिलाएं इन कानूनों की आड़ में अपने फायदे के लिए निर्दोष पति एवं उनके परिजनों के विरुद्ध कोर्ट चली जाती है।

दहेज प्रतिरोध अधिनियम के प्रावधान भी व्यवहार रूप से प्रभावी नहीं है। इसका एक कारण यह भी है कि यह अपराध न होकर सामाजिक दोष है। दहेज प्रथा को समाप्त करने हेतु विधि की विरचना से अधिक समाज की जागरूकता अधिक महत्तव रखती है। श्री जवाहर लाल नेहरू ने एक स्थान पर कहा था कि 'दहेज प्रथा केवल विधि से समाप्त नहीं की जा सकती' इसी क्रम में दृष्टि डालें तो वर्तमान में भी समाज में लड़की की अपेक्षा लड़को को अधिक महत्व दिया जाता है। इसी के फलस्वरूप भ्रूण के लिंग निर्धारण की वैज्ञानिक प्रक्रिया का जन्म हुआ है। इस वैज्ञानिक प्रक्रिया के दुष्परिणाम समाज के समक्ष है जैसे कि हम सबको ज्ञात है कि दिनों दिन लड़कियों की संख्या में लड़कों की अनुपात में तीव्रता से कम हुई है। इसने समाज को दहलाकर रख दिया है और यह केवल समाजशास्त्रियों के लिए ही नहीं बल्कि विधायिका और कार्यपालिका के लिए भी चुनौती का विषय बन गया है।

निष्कर्ष –महिलाओं के सशक्तिकरण का मूल मंत्र महिलाओं को आर्थिक सुदढ़िकरण और आर्थिक आजादी है जिसके अभाव में महिलाओं के सशक्तिकरण की परिकल्पना अधूरी है। कानून नहीं बल्कि महिला का आर्थिक रूप से स्वावलम्बी होना उसे एक सशक्त महिला की पहचान दे सकता है और आम महिला भी इंदिरा गांधी, सरोजनी नायडू, प्रतिभा पाटिल, कल्पना चावला, सुनिता विलियम्स, इंदिरा नूयी, चंदा कोचर, रेणु खरोड बन सकती है।

संदर्भ ग्रंथ सूची :–

1. स्वामी भगवती, किशोर सविता, महिला सशक्तिकरण : क्यों और कैसे, आर.बी.एस.ए. पब्लिर्शस, जयपुर, 2008
2. बाबेल बसन्तीलाल, पारिवारिक विधि, द लायर्स होम इंदौर, 1988
3. श्रीवास्तव सुधारानी, भारत में महिलाओं की वैधानिक स्थिति, कॉमनवेल्थ पब्लिर्शस, दिल्ली, 2010
4. मिश्रा डॉ. महेन्द्र कुमार, सामाजिक न्याय, मानवाधिकार और पुलिस, ऐजुकेशनल पब्लिर्शस एण्ड डिस्ट्रीब्यूटर्स, दिल्ली, 2011
5. श्रीवास्तव सुषमा, वूमन एम्पावरमेंट, कॉमनवेल्थ पब्लिर्शस, दिल्ली, 2008
6. तिवारी रामचन्द्र, दाभाड़े महेश, करेन्ट इश्यूस इन सोशल साइसेंस, कॉमनवेल्थ पब्लिर्शस दिल्ली, 2008

****

उच्च शिक्षा में गुणवत्ता विकास के प्रयास और प्रभाव

डॉ. प्रभाकर मिश्र *

प्रस्तावना – शिक्षा सदैव से श्रेष्ठतम मानवीय गुणों के विकास का आधार है। उच्च शिक्षा अपने पात्रताधारी की सकल क्षमताओं में वृद्धि करके उसे अन्य के सापेक्ष तुलनात्मक रूप से अधिक सक्षम और कार्यशील बनाती है। उच्च शिक्षित से यह भी अपेक्षित है कि वह उच्च वैचारिक पृष्ठभूमि के अतिरिक्त कार्यकुशलता एवं जीवन यापन के स्तर पर भी अपनी श्रेष्ठता बनाए रख सकेगा। उच्च शिक्षित व्यक्तित्व अपनी विचारणा को कार्यरूप में परिणत करने एवं उसे लोकोपयोगी बनाने में तभी समर्थ हो सकता है जब उसने अपनी श्रेष्ठताओं को कुशलता के साथ प्रशिक्षित किया हो। उच्च शिक्षा के क्षेत्र में श्रेष्ठताओं को परिणामोन्मुखी या उद्देश्य साध्य बनाने की यह कुशलता ही शिक्षा की गुणवत्ता है।

उच्च शिक्षा मानव संसाधन विकास का महत्वपूर्ण आयाम है और उच्च शिक्षण संस्थान इसके उद्गम स्थल हैं जहां से शैक्षणिक एवं कौशल विकास का निर्धारण और निर्गम होता है। अतएव हमें अपनी ही नहीं वरन् विश्व की भावी आवश्यकताओं एवं अपेक्षाओं की पूर्ति के लिए अपने मानव संसाधन तथा भौतिक संसाधनों की कार्य कुशलता एवं क्षमता को श्रेष्ठता के उच्च स्तर तक विकसित करने के प्रयासों को निरंतर जारी रखना है। शैक्षणिक गुणवत्ता विकास की इस महती आवश्यकता को दृष्टिगत रखते हुए प्रस्तुत शोध पत्र में तकनीकी एवं व्यावसायिक संस्थानों को छोड़कर परम्परागत उच्च शिक्षा के क्षेत्र में विभिन्न स्तरों पर किये जा रहे प्रयासों और तत्संबंधी समस्याओं के विश्लेषण और मूल्यांकन का प्रयास किया गया है।

उच्च शिक्षा में गुणवत्ता विकास की आवश्यकता – वर्तमान वैश्विक परिदृश्य में निरंतर घटते संसाधनों, बढ़ती लालसा और उपभोगवादी संस्कृति को श्रेष्ठ मान लेने के विचार ने उच्च शिक्षित समाज पर संसाधनों को और अधिक संभाव्य, कार्यक्षम और दीर्घकालिक बनाने के साथ – साथ जीवन को उच्च स्तरीय सुविधा सम्पन्न बनाये रखने का अतिरिक्त दायित्व भी अपेक्षित ही नहीं लगभग सुनिश्चित जैसा ही कर दिया है। इस महती उच्च आकांक्षा की आपूर्ति उच्च स्तरीय ज्ञान एवं कुशलता के बिना संभव नहीं हो सकती। आज संचार साधनों की प्रबलता ने विश्व समुदाय की दूरियों को कम करने के साथ ही मानव जीवन की श्रेष्ठताओं, कुशलताओं, आवश्यताओं और आपूर्तियों को भी सामूहिक ही नहीं वैश्विक पटल का विषय बना दिया है जहां सफलता के लिए सार्वदेषिक मानवीय श्रेष्ठता और कुशलता की तुलना की जाना अवश्यंभावी है। हमारे आसपास एक विश्वव्यापी प्रतियोगी वातावरण बन गया है जो हमें अन्यों के समक्ष अपने संसाधनों को श्रेष्ठतर से श्रेष्ठतम बनने की ओर प्रेरित करता है। उपभोक्ता को उसकी आवश्यकतानुसार सेवा या संतुष्टि प्रदान करना, श्रेष्ठता के स्तर का संपोषण करना, विश्व मंच पर अपनी भूमिका के दायित्व का निर्वहन, स्थापित प्रतिष्ठा के स्तर को बनाए रखना तथा अपने उत्कृष्ट प्रदर्शन के माध्यम से अपनी योग्यता की मांग विश्व पटल पर सतत् बनाए रखना ऐसे कारण हैं जो हमें उच्च स्तरीय गुणवत्तायुक्त शैक्षणिक उत्पाद बनने की ओर अग्रसर करते हैं।

यह तथ्य अनेक माध्यमों से बहुश्रुत और प्रचारित है कि हमारे सर्वश्रेष्ठ उच्च शिक्षण संस्थान विश्व स्तरीय शिक्षण संस्थानों की तुलना में शीर्ष स्थान पर नहीं हैं। आज उच्च शिक्षा के क्षेत्र में समरसता, सर्वजनीनता के साथ शैक्षणिक गुणवत्ता की उपलब्धि भी केन्द्रीय साध्य है। अत: मानव संसाधन और शिक्षण संसाधनों की गुणवत्ता विकास संबंधी दक्षता की स्थिति का मूल्यांकन आवश्यक है।

उच्च शिक्षा में गुणवत्ता विकास के प्रयास – वर्तमान संदर्भ में कालक्रमानुसार बदलते शैक्षणिक परिदृश्य में प्राचीन भारतीय जीवन मूल्य केन्द्रित शिक्षा आज की उपभोगवादी आवश्यकता के अनुसार लक्ष्यों को पूरा करने में असहज है वहीं आदर्श जीवन मूल्य, भारतीय शैक्षणिक परम्परा और जीवन के नैतिक दायित्वों का निर्वहन कराने का आत्मबल प्राप्त कराने की क्षमता प्रदान करने वाली शिक्षा और शिक्षण परम्परा का ताना बाना बुनना दुष्कर है। भारतीय जीवन मूल्यों के साथ शिक्षण परम्परा को विश्वस्तरीय बनाने तथा शैक्षणिक गुणवत्ता के स्तर का निर्धारण करना जटिल प्रक्रिया है क्योंकि शैक्षणिक उत्कृष्टता के निष्पादन में अनेक प्रकार के भौतिक एवं मानवीय तत्वों का योगदान होता है। फिर भी शैक्षणिक गुणवत्ता के स्तर को सुधारने के लिए अनेक स्तरों पर प्रयास जारी हैं।

विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के प्रयास – स्वतंत्रता के पश्चात् देश में विश्वविद्यालयीन शिक्षा के मानकों का समन्वय, निधारण एवं अनुरक्षण करने के लिए भारत सरकार के सांविधिक निकाय के रूप में विश्वविद्यालय अनुदान आयोग(1956) की स्थापना की गयी। विश्वविद्यालय अनुदान आयोग ने अपनी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु अपने समस्त क्रियाकलापों को देश के सभी छ: क्षेत्रीय कार्यालयों में विकेन्द्रित कर दिया है। क्षेत्रीय कार्यालयों के माध्यम से सभी योजनाओं का सम्यक प्रसार किया जा रहा है। विश्वविद्यालयों एवं महाविद्यालयों में शैक्षणिक उन्नयन एवं प्रसार के लिए यह संस्था विभिन्न शैक्षणिक संस्थानों को योजनानुसार संसाधन उपलब्ध कराती है। विश्वविद्यालयों एवं महाविद्यालयों में उच्च शिक्षा से सम्बन्धित लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए विश्वविद्यालय अनुदान आयोग द्वारा प्रस्तुत विभिन्न योजनाएं निम्नानुसार हैं –

1. विश्वविद्यालय स्तरीय योजनाएं
2. महाविद्यालय स्तरीय योजनाएं
3. विश्वविद्यालय एवं महाविद्यालय स्तरीय योजनाएं
4. विश्वविद्यालय एवं महाविद्यालय के विभिन्न शैक्षणिक विभागों लिए योजनाएं
5. वैयक्तिक योजनाएं

उच्च शिक्षा संस्थानों की देश व्यापी विविधता तथा क्षेत्रीय विषमता के अनुरूप विश्वविद्यालय अनुदान आयोग द्वारा अपनी विकासात्मक योजनाओं को उद्देश्यपूरक और लचीला बनाया गया है। योजनाओं के माध्यम से संस्थागत स्तर से वैयक्तिक स्तर तक तथा आधारभूत संरचना के विकास से

* सहायक प्राध्यापक (भूगोल) शासकीय महाविद्यालय, महिदपुर (म.प्र.) भारत

लेकर अनुसंधान और नवोन्मेशी गतिविधियों के संचालन एवं संधारण तक शैक्षणिक गुणवत्ता विकसित करने तथा बनाए रखने के प्रयास निरंतर जारी हैं।

शिक्षण और अनुसंधान में उत्कृष्टता प्राप्त करने के लिए विश्वविद्यालय अनुदान आयोग, अभिज्ञात विश्वविद्यालयों को 'उत्कृष्टता की संभाव्यता वाले विश्वविद्यालय' का दर्जा प्रदान करने के लिए सहायता प्रदान कर रहा है। इस योजना के अंतर्गत प्रत्येक विश्वविद्यालय को किसी भी एक योजना अवधि के दौरान 30.00 करोड़ रुपये उपलब्धा कराया जाता है। वर्ष 2012-13 में उत्कृष्टता की संभाव्यता वाले 15 विश्वविद्यालयों को 14.26 करोड़ रुपये की राशि जारी की गयी है। इसी प्रकार उत्कृष्टता की संभाव्यता वाले 284 महाविद्यालयों को 46.73 करोड़ रूपये की सहायता प्रदान की गयी है।

नये विचारों एवं नवोन्मेश को प्रोत्साहन देने और अन्तर्विषयी क्षेत्रों में विशेषज्ञता वाले पाठ्यक्रमों को आरंभ करने के लिए शत प्रतिशत अनुदान एवं विकास सहायता प्रदान की जा रही है। साथ ही विश्व विद्यालय अनुदान आयोग अधिनियम की धारा 2(च) और 12(ख) के अन्तर्गत मान्यता प्राप्त शैक्षणिक उत्कृष्टता की संभाव्यता वाले महाविद्यालयों को स्वशासी संस्थान के रूप में विकसित किया जा रहा है। 12 वीं योजना (2012-2017) के लिए निर्धारित महत्वपूर्ण लक्ष्यों में गुणवत्ता और उत्कृष्टता को विकसित करने का लक्ष्य निरंतर सम्मिलित किया गया है।

राष्ट्रीय मूल्यांकन एवं प्रत्यायन परिषद् के प्रयास – देश में उच्च शिक्षा के स्तर को गुणवत्तापूर्ण एवं विश्व स्तरीय बनाने के लिए 11 वीं योजना में विश्व विद्यालय अनुदान आयोग उच्च षिक्षण संस्थानों की वास्तविक प्रगति ज्ञात करने के लिए राष्ट्रीय मूल्यांकन एवं प्रत्यायन परिषद् - 1994 (NAAC) जो कि विश्व विद्यालय अनुदान आयोग के अधीन एक स्वायत्तशासी संस्था है, के माध्यम से संस्थानों का मूल्यांकन देश के अन्य प्रगत संस्थानों की भांति किया जा रहा है।

भौतिक एवं मानव संसाधनों की गुणवत्ता के स्तर का मात्राकरण करना– शैक्षणिक मूल्यांकन के लिए परिषद् द्वारा उच्च शिक्षण संस्थानों को तीन वर्गों यथा - विश्वविद्यालय, स्वशासी महाविद्यालय तथा संबद्ध महाविद्यालय में विभक्त किया गया है। शैक्षणिक निष्पादन के आधार पर संस्था की शैक्षणिक व्यवस्था के मूल्यांकन के लिए 07 मुख्य आधार (पाठ्यक्रम पक्ष, शिक्षण अधिगम तथा मूल्यांकन, शोध, अनुवीक्षण एवं विस्तार, अधोसंरचना एवं अधिगम संसाधन, छात्र सहायता प्रगति, प्रशासन, नेतृत्व एवं प्रबंधन तथा नवाचार एवं स्वस्थ परंपराएं) 36 उपविभाग तथा 196 प्रमापी संकेतक निर्धारित किये गये हैं। इन संकेतकों में से 25 संकेतक अति महत्वपूर्ण हैं जिनके संबंध में विस्तृत सूचनाएं प्राप्त की जाती हैं। संस्थाओं के संचालन एवं संगठन की प्रकृति के आधार पर 07 मुख्य आधारों के 36 उपविभागों को निर्धारित रूप से अधिभारित करके प्रक्रियानुसार श्रेणीकरण (ए, बी, सी तथा डी) प्रदान करके संस्थान के गुणवत्ता स्तर का मूल्यांकन किया जाता है।

प्रदेश के 04 विश्वविद्यालयों को सितारा मूल्यांकन के अनुसार ए सितारा ग्रेड प्रदान किया गया है वहीं षेष 03 विश्वविद्यालयों अवधेश प्रताप विश्वविद्यालय, रीवा, बरकतुल्लाह विश्वविद्यालय, भोपाल तथा रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय, जबलपुर को नवीन मूल्यांकन पद्धति के अनुसार क्रमश: सी++,बी तथा बी++ ग्रेड दिया गया है। ये विश्वविद्यालय प्रत्यायन की वैधता समाप्ति के पश्चात् अगले चरण को पूरा करने के लिए उदासीन हैं। संबद्ध संस्थानों, महाविद्यालयों की स्थिति मूल्यांकन एवं प्रत्यायन के दृष्टिकोंण से उत्साहजनक नहीं कही जा सकती। अभी तक 790 में से केवल 42 महाविद्यालयों द्वारा मूल्यांकन कार्य करवाया गया है जो कुल का केवल 05.5 प्रतिशत ही है। जिनमें 64 प्रतिशत महाविद्यालय नगरीय क्षेत्र से तथा 36 प्रतिशत ग्रामीण क्षेत्र से संबंधित हैं। 42 महाविद्यालयों में से 08 महाविद्यालयों को ए श्रेणी, 28 को बी तथा षेष 06 महाविद्यालयों को सी श्रेणी प्राप्त हुई है। अब तक किये मूल्यांकन में प्रशासकीय दृष्टि से 69 प्रतिशत षासकीय महाविद्यालय तथा 31 प्रतिशत निजी महाविद्यालयों ने मूल्यांकन कार्य सम्पन्न कराया है जो महाराष्ट्र, हरियाणा तथा पंजाब जैसे राज्यों की तुलना में अत्यल्प है।

प्रदेश में उच्च शिक्षा विभाग के प्रयास –

1. **शैक्षणिक गुणवत्ता विकास कार्यक्रम –** इसके महत्व का आंकलन इस तथ्य से और स्पष्ट हो जाता है कि मध्यप्रदेश उच्चशिक्षा विभाग द्वारा गुणवत्ता वर्ष (2011-12), गुणवत्ता विस्तार वर्ष (2012-13) एवं सतत् गुणवत्ता विस्तार वर्ष (2013-14) के रूप में लगातार तीन शैक्षणिक सत्रों को शैक्षणिक गुणवत्ता विकास के लिए समर्पित कर दिया है। विभाग द्वारा जारी गुणवत्ता दृष्टिपत्र के दिशा निर्देशों में शैक्षणिक गतिविधि से सम्बद्ध प्राचार्य, शिक्षक, ग्रन्थपाल तथा विद्यार्थियों के लिए अपने अपने दायित्व निर्वहन के सूत्र दिये गये हैं जो गुणवत्ता प्राप्ति की दिशा में संस्थान को अग्रगामी बनाने में सहायक हैं।

2. **आंतरिक गुणवत्ता प्रकोष्ठ का गठन –** महाविद्यालयों में गुणवत्ता सुनिष्चित करने तथा इसके सतत् विकास के लिए संस्था में एक पूर्णकालिक प्रकोष्ठ प्रभारी के मार्गदर्शन में आंतरिक गुणवत्ता प्रकोष्ठ का गठन किया गया है जो गुणवत्ता सम्बन्धी कार्य के लिए उत्तरदायी है।

3. **स्वामी विवेकानन्द कैरियर मार्गदर्शन योजना –** इस योजना का उद्देष्य छात्रों को स्वरोजगार के लिए प्रशिक्षित करने के साथ-साथ उन्हें रोजगार के अवसर उपलब्ध कराना है। सत्र 2012-13 में प्रदेश के 100 शासकीय महाविद्यालयों के 10000 छात्रों को उनकी अभिरूचि के अनुसार कौशल विकास के लिए प्रशिक्षित करना है ताकि वे अध्ययन के पश्चात् अपने कौशल से स्वरोजगार स्थापित कर सकें।

4. **न्यूज लेटर का प्रकाशन –** विद्यार्थियों में रचनात्मकता के विकास एवं अपने आसपास के वातावरण में घटित हो रही घटनाओं के प्रति संवेदनशील बनाने के लिए गुणवत्ता वर्ष में महाविद्यालय स्तर पर न्यूज लेटर के प्रकाशन की व्यवस्था करने का सूत्रपात किया गया था जो आज विभागीय बेवसाइट पर प्रदर्शित होकर नवाचार के समाचार को संप्रेषित कर रहा है।

5. **वर्चुअल कक्षाओं का आयोजन –** महाविद्यालयों में शिक्षकों की कमी एवं विद्यार्थियों को उत्कृष्ट शिक्षकों के अध्यापन से लाभान्वित कराने के लिए प्रदेश के 100 महाविद्यालयों को चयनित कर इस योजना से जोड़ा गया है। योजनानुसार सम्प्रेषण तकनीकी का उपयोग करके संचालित कक्षा के प्रसारण को चयनित महाविद्यालयों में बैठे छात्रों को उपलब्ध कराया जाता है। यहां छात्र अपनी जिज्ञासा का समाधान दूरस्थ क्षेत्र से संचालित कर रहे शिक्षक से तत्काल कर सकता है जैसे कि वह सामान्य कक्षा में करता है।

6. **एम्बेसडर प्राध्यापक योजना –** प्रदेश के ग्रामीण क्षेत्रों में स्थित महाविद्यालयों में शिक्षकों की कमी से होने वाली छात्रों की समस्या को त्वरित रूप से हल करने के उद्देश्य से एम्बेसडर प्राध्यापक कार्ययोजना लागू है। एम्बेसडर प्राध्यापक योजना से सम्बद्ध प्राध्यापक अपने आबंटित जिले के महाविद्यालयों में दौरा करके विद्यार्थियों की विषय सम्बन्धी समस्याओं के समाधान के साथ उनकी आवश्यकतानुसार पाठ्यक्रम के महत्वपूर्ण भाग के लिए प्रस्तुतिकरण करना और विद्यार्थियों से फीडबैक प्राप्त करके आगामी दौरे सुनिश्चित करना दायित्व में सम्मिलित है।

महाविद्यालय स्तर पर प्रयास –

1. **शून्य व सेतु कक्षाओं का आयोजन –** भाषा, सामान्य गणितीय क्षमताओं एवं सामान्य ज्ञान संबर्द्धन के लिए नियमित कक्षाओं के पूर्व एक सप्ताह तक आयोजित होने वाली शून्य कक्षाओं से नवप्रवेशित विद्यार्थियों के लिए जहां महाविद्यालय में उन्मुखीकरण आसान होता है वहीं सामान्य अध्ययन अध्यापन से अलग ये कक्षाएं उनमें आत्मविश्वास जाग्रत करती हैं।

विद्यार्थियों को शिक्षा की अन्य धाराओं से परिचित कराने तथा उनमें निहित मूलभूत जीवनोपयोगी जानकारियों से परिचित कराने के उद्देश्य को ध्यान में रखते हुए सेतु कक्षाओं के आयोजन की व्यवस्था की गयी है। इस आयोजन से कला संकाय के विद्यार्थियों को विज्ञान और वाणिज्य, वाणिज्य के विद्यार्थियों को कला और विज्ञान तथा विज्ञान के विद्यार्थियों को कला और वाणिज्य के विषयों का जीवनोपयोगी सामान्य ज्ञान मिलने के साथ उनकी विषय सम्बन्धी जिज्ञासाओं का समाधान हो जाता है।

2. कैरियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ की स्थापना – गुणवत्ता प्रकोष्ठ के दिषा निर्देशों के आलोक में विद्यार्थियों के रोजगार सम्बन्धी समस्याओं के समाधान के लिए स्थापना की गयी है।

3. प्रतिभा बैंक का गठन – समाज में कार्य कर रहे विभिन्न कार्यकुषल और छात्रों को उपयोगी मार्गदर्शन देने में सक्षम पूर्वछात्रों, व्यवसाियों, कलाकारों और अन्य क्षेत्रों में प्रतिभा सम्पन्न नागरिकों को सम्मिलित करके प्रतिभा बैंक का गठन किया गया है जो आवश्यकतानुसार यथा समय छात्रों का मार्गदर्शन करने लिए आमंत्रित कर लिए जाते हैं।

4. स्मार्ट क्लास रूम – शिक्षण में तकनीकी प्रयोग करके ज्ञान को सुग्राह्य बनाने के लिए महाविद्यालयों में स्मार्ट क्लासरूम की व्यवस्था की गयी है।

5. भाषा सुधार कार्यक्रम – छात्रों का सम्प्रेषण कौशल विकसित करने एवं भाषा परिमार्जन के लिए भाषा सुधार कार्यक्रम लागू है। कार्यक्रम में छात्र – छात्राएं अपने भाषागत ज्ञान को निरंतर सुधारकर संम्प्रेषण में कुशलता प्राप्त कर रहे हैं।

6. राष्ट्रीय एवं नैतिक मूल्याधारित कार्यक्रमों का आयोजन – छात्रों में लुप्त होते नैतिक मूल्यों के विकास के लिए एवं उन्हें अपनी समृद्ध परम्पराओं से परिचित कराने के लिए तथा मूल्याधारित शिक्षा के प्रसार के लिए संस्था में समय- समय पर जयंती मनाने, महत्वपूर्ण दिवसों का सामूहिक आयोजन करने में छात्र सहभागिता सुनिश्चित करके कार्यक्रम के उद्देश्य को सार्थक बनाया जा रहा है।

7. स्टूडेण्ट चार्टर – यह प्रदेश के उच्च शिक्षण संस्थानों में अध्ययनरत विद्यार्थियों को उनके अधिकार एवं कर्त्तव्यों की जानकारी प्रदान करने वाली नियमावली है। विद्यार्थियों से अपेक्षा की जाती है कि वे अपने अध्ययन काल में महाविद्यालय या विश्वविद्यालय द्वारा बनाए गये नियमों का पालन करेंगे तथा नियमों में सामयिक संशोधन होने पर उसकी अद्यतन जानकारी रखकर तदनुरूप आचरण करेंगे। नियमों की जानकारी के अभाव में होने वाली क्षति के लिए वे स्वयं उत्तरदायी होंगे। विद्यार्थियों में जागरूकता की भावना के विकास के लिए चार्टर महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।

उच्च शिक्षा में गुणवत्ता विकास की समस्याएं –

1. अधोसंरचना की कमी गुणवत्ता के विकास की बड़ी समस्या है। सत्र 2012-13 में प्रदेश के 85 महाविद्यालयों के पास भवन नहीं है। भवन विहीन महाविद्यालय में शैक्षणिक दायित्वों का निर्वहन कर गुणवत्ता प्राप्ति कठिन लक्ष्य है।
2. शिक्षण प्रत्यक्ष मार्गदर्शन में अधिक प्रभावी भूमिका निभाता है। तकनीकी माध्यमों से सूचनाएं तो विद्यार्थियों तक पहुँचायी जा सकती हैं संस्कार नहीं जो कि शिक्षा का आंतरिक सौन्दर्य है। शिक्षकों की कमी के साथ अन्य संवर्गों यथा स्नातक प्राचार्य के 59 प्रतिशत, प्राध्यापक के 64 प्रतिशत, ग्रन्थपाल के 48 प्रतिशत, क्रीड़ाधिकारी के 60 प्रतिशत, मुख्य लिपिक के 52 प्रतिशत, लेखापाल के 77 प्रतिशत रिक्त पद इसे और दुरूह बना रहे हैं।
3. व्यक्तित्व विकास की कक्षाएं, प्रशिक्षण केन्द्रों एवं कुशल प्रशिक्षकों के अभाव में प्रभावी नहीं हैं।
4. सेमेस्टर प्रणाली के लागू होने से परीक्षा अंतराल कम हुआ है। परिणामस्वरूप विश्वविद्यालय में वार्षिक परीक्षा संचालित कराने वाले उसी स्टाफ को वर्ष में दो बार होने वाली सेमेस्टर परीक्षा ने अस्त व्यस्त कर दिया है और पहले सेमेस्टर की परीक्षा का परिणाम आने से पूर्व अगले सेमेस्टर की परीक्षा आ जाती है जिसके नकारात्मक परिणाम छात्र समुदाय के हितों को प्रभावित करते हैं।
5. ग्रामीण पृष्ठभूमि में स्थित ग्रामीण महाविद्यालय में संसाधनों का अभाव और छात्रों का जीविकोपार्जन के कार्यों में अपने पारिवारिक सदस्यों का सहयोग के लिए अक्सर कक्षाओं से अनुपस्थित रहना उनकी शैक्षणिक गुणवत्ता के विकास में बाधक है।
6. ऑनलाइन प्रवेश प्रक्रिया का प्रारंभ छात्रों की सुविधा के लिए किया गया है लेकिन इसकी प्रक्रियागत जटिलता जिसमें विवरण के सत्यापन, संशोधन, सीट आबंटन, रीच्वाइस फिलिंग की प्रकिया आदि ने छात्रों तथा अभिभावकों की कठिनाइयां बढा दी हैं।
7. संस्था की गुणवत्ता मूल्यांकन प्रक्रिया को सम्पन्न कराने में उदासीनता होने से संस्था में किये जाने वाले सुधारों का आंकलन स्पष्ट नहीं हो पाता, जिससे विकास की प्रक्रिया में भी विलम्ब होता है।

सुझाव –

1. उच्च गुणवत्ता के मानक को प्राप्त करने के लिए अतिथि एवं एम्बेसडर प्राध्यापक व्यवस्था अपर्याप्त है। अत: पूर्णकालिक शैक्षणिक एवं अशैक्षणिक स्टाफ की व्यवस्था की जाना उचित है।
2. व्यक्तित्व विकास के लिए विषय विशेषज्ञों से मार्गदर्शन की व्यवस्था के प्रयास किये जायें।
3. सेमेस्टर प्रणाली के पुनरीक्षण की आवश्यकता है।
4. ग्रामीण क्षेत्र में स्थित महाविद्यालयों के छात्रों के लिए अतिरिक्त संसाधन उपलब्ध कराके उनकी आवश्कताओं की पूर्ति की जाय।
5. ऑनलाइन प्रवेश प्रक्रिया को सरल बनाने की आवष्यकता है।
6. ग्रामीण क्षेत्रों में स्थित महाविद्यालयों एवं षिक्षण संसाधनों के लिए विश्वविद्यालय अनुदान आयोग द्वारा संचालित पिछड़े क्षेत्र से संबंधित अनुदान योजना के माध्यम से अतिरिक्त अनुदान प्राप्त करके आधारभूत संरचना और संसाधनों का विकास किया जाय।
7. सभी शैक्षणिक संस्थानों के लिए मूल्यांकन अनिवार्य करके इसके लिए समय सीमा तय करनी चाहिए ताकि मूल्यांकन कार्य को शीघ्र पूरा किया जा सके।

निष्कर्ष – उच्च शिक्षा में गुणवत्ता प्राप्ति की दिशा में व्यापक परिवर्तन किये जा रहे हैं। शिक्षण व्यवस्था में विचारों की सामयिकता, प्रयोगधर्मिता, वैचारिक उदारता, नवीनता, कार्यकुशलता, मौलिकता तथा समर्पण एवं समन्वय को सम्मिलित करके लक्ष्य प्राप्ति के लिए समन्वित प्रयास करने होंगे। मध्य प्रदेष में उच्च शिक्षा विभाग ने यद्यपि समसामयिक नवाचारों को स्थान देकर व्यवस्था को प्रगत करने का सराहनीय प्रयास किया है फिर भी विभिन्न शिक्षण संस्थानों के मूल्यांकन कार्य में अपेक्षित शीघ्रता की आवश्यकता है। सामयिक मूल्यांकन और परिमार्जन की प्रगति के आधार पर गुणवत्ता विकास की संभावनाओं को सार्थक किया जा सकता है।

संदर्भ ग्रंथ सूची :-

1. उच्च शिक्षा, म.प्र. शासन भोपाल, वार्षिक प्रतिवेदन, 2012-13
2. परिप्रेक्ष्य, राष्ट्रीय शैक्षिक योजना एवं प्रशासन विश्वविद्यालय, नई दिल्ली, नव. 2008
3. Higher Education in India : Issues related to expansion ,inclusiveness , quality and finance, UGC pub. 2008.
4. Annual Report. NAAC pub. 2011.\
5. Quality and excellence in higher education , State report – MP, NAAC pub. 2009

शोध पत्र तैयार की विधि
Method of Preparing of Research Paper

1. शीर्षक – Title
2. शोध सारांश – Abstract
3. शब्द कुंजी – Key words
4. प्रस्तावना – Introduction
5. उद्देश्य – Object
6. शोध परिकल्पना – Research Hypothesis
7. शोध प्रविधि एवं क्षेत्र – Research Methods & Area
8. शोध उपकरण – Research Tools
9. सांख्यिकी तकनीक – Statistics Technics
10. शोध व्याख्या – Description
11. निष्कर्ष – Conclusion
12. सुझाव – Suggestion
13. संदर्भ ग्रंथ सूची – References
    - a. अन्तर्राष्ट्रीय पुस्तक – Kotler, Philip : Marketing Management, 2007 P. 196
    - b. राष्ट्रीय पुस्तक – कुमार, वि. : जनांकिकीय 2006, पृष्ठ 42
    - c. अन्तर्राष्ट्रीय शोध जर्नल – नवीन शोध संसार, ISSN 2320-8767 जुलाई से सितम्बर 2014, पृष्ठ क्र. 81
    - d. राष्ट्रीय शोध जर्नल – नवीन शोध संसार, ISSN 2320-8767 जुलाई से सितम्बर 2013, पृष्ठ क्र. 222
    - e. अप्रकाशित शोध ग्रंथ – शर्मा लक्ष्मीनारायण : मन्दसौर जिले का जनांकिकीय अध्ययन1971 से 1991 अप्रकाशित पीएच.डी. शोध प्रबन्ध विक्रम विश्वविद्यालय उज्जैन 1995, पृष्ठ क्र.132
    - f. पत्रिकाऐं – रचना, हिन्दी ग्रंथ अकादमी, भोपाल फरवरी 2014 पृ. क्र.84
    - g. समाचार पत्र – दैनिक भास्कर, रतलाम संस्करण, 5 सित. 2014, पृ. क्र. 6
    - h. वेबसाईट – www.nssresearchjournal.com
    - i. अन्य – व्यक्तिगत सर्वे एवं विभागों से प्राप्त जानकारियां
14. शब्द सीमा – Word Limit - 2000
15. व्यक्तिगत जानकारी – नाम,
    पद,
    महाविद्यालय का नाम,
    निवास का पता,
    मोबाइल नं. व
    ईमेल एड्रेस आदि ।